2 राजधानी
बसपा ने जारी की 51 प्रत्याशियों की सूची

9 विदेश
रूस ने यूक्रेन तनाव के बीच अपना रुख कड़ा किया

10 स्वास्थ्य
इन मिथकों को दें मात

11 विविध
सांपों को शत्रु न समझें

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 95
लखनऊ, रविवार, 23 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



दानिल मेदवेदेव ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में
स्पोर्ट्स-12

# रैली-रोड शो पर 31 तक प्रतिबंध

## घर-घर प्रचार के तहत अब दस व्यक्तियों को अनुमति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/नई दिल्ली

देश में कोरोना की तीसरी लहर के बीच चुनाव आयोग ने रैली, रोड शो, पदयात्रा, साइकिल-बाइक रैली और जुलूस निकालने पर लगा प्रतिबंध 31 जनवरी तक बढ़ा दिया है। हालांकि राजनीतिक दलों को बड़ी राहत देते हुए प्रत्येक चरण में प्रत्याशियों को छोटी सभाएं करने की अनुमति दे दी है। शर्त यह रहेगी कि इन सभाओं में अधिकतम 500 लोग ही शामिल हो सकेंगे। घर-घर संपर्क के दौरान पांच लोगों की सीमा को बढ़ाकर भी दस कर दिया गया है।

आयोग ने दूसरी बार रैली आदि पर लगे प्रतिबंध को आगे बढ़ाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव, मुख्य चुनाव अधिकारियों, मुख्य सचिवों और पांच चुनावी राज्यों के राज्य स्वास्थ्य सचिवों सहित सभी हितधारकों के साथ कोविड 19 स्थिति का जायजा लेने के लिए आभासी बैठक में प्रतिबंध आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बाद में चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 31 जनवरी तक रोड शो, पदयात्रा, साइकिल/





बाइक/ वाहन रैली और जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी। चूंकि पहले चरण के चुनाव के लिए उम्मीदवारों को 28 जनवरी को अंतिम रूप दिया जाएगा, इसलिए आयोग ने 28 जनवरी से 8 फरवरी तक राजनीतिक दलों या चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को अधिकतम 500 व्यक्तियों या 50 प्रतिशत क्षमता के साथ निर्दिष्ट खुले स्थानों पर सार्वजनिक बैठकें करने की अनुमति दे दी है। इसकी सीमा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित की जाएगी। दूसरे चरण के चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को 31 जनवरी को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसलिए प्रत्याशी या राजनीतिक दल 1 से 12 फरवरी तक छोटी सभाएं कर सकेंगे। चुनाव आयोग ने कहा कि कोविड प्रतिबंधों के साथ निर्दिष्ट खुले स्थानों पर प्रचार के लिए सुरक्षा कर्मियों और वीडियो वैन को छोड़कर, डोर टू डोर अभियान के लिए पांच व्यक्तियों की सीमा को 10 तक बढ़ा दिया है। डोर-टू-डोर अभियान के लिए अन्य निर्देश जारी रहेंगे। चुनाव आयोग ने पहले ही राजनीतिक दलों को अधिकतम 300 व्यक्तियों की इनडोर बैठकें या हॉल की क्षमता का 50 प्रतिशत तक सभा करने की अनुमति दे दी है।

तेजी से फैल रहे कोविड-19 मामलों के मद्देनजर, चुनाव नियामक निकाय ने पहले 15 जनवरी तक भौतिक रोड शो और रैलियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। इसके बाद 22 जनवरी तक इसे बढ़ा दिया गया था। पश्चिमी यूपी के 11 जिलों में 58 विधानसभा क्षेत्रों के लिए पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। इसके बाद अब आयोग ने प्रतिबंधों को नए सिरे से जारी किया है। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से चुनाव से जुड़ी गतिविधियों के दौरान सभी अवसरों पर कोविड उपयुक्त व्यवहार और आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। आयोग ने मतदान कर्मियों को पहली, दूसरी और बूस्टर खुराक के लिए टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा भी की। जहां तक टीकाकरण का संबंध है, उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 98,238 सक्रिय कोविड मामले हैं, जिसमें 18 प्लस श्रेणी में पहली खुराक के साथ 96 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण किया गया है। उत्तराखंड ने अपनी 99 प्रतिशत आबादी को पहली खुराक और 84 प्रतिशत को दूसरी खुराक दे दी है। गोवा ने अपनी 18 वर्ष से अधिक आयु की 98 प्रतिशत आबादी को वैक्सीन की दूसरी खुराक लगा दी है।

## चुनाव आयोग ने तीन डीएम व दो एसपी हटाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

चुनाव आयोग ने शनिवार को यूपी के तीन जिलों के डीएम और दो जिलों के एसपी को हटा दिया है और उनकी जगह नए अधिकारियों की तैनाती कर दी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि हटाये गये अधिकारियों के स्थान पर अब फिरोजाबाद जनपद के नये जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, बरेली के जिला निर्वाचन अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी तथा कानपुर नगर के जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में नेहा शर्मा को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार दो जनपदों फिरोजाबाद एवं कौशांबी के पुलिस अधीक्षकों को भी बदल दिया गया है। अब फिरोजाबाद के पुलिस अधीक्षक आशीष त्रिपाठी एवं कौशांबी के पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा होंगे। फिरोजाबाद एसपी रहे अशोक कुमार और कौशांबी एसपी रहे राधेश्याम को पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से अटैच किया गया है।

### फिरोजाबाद के डीएम व एसपी दोनों का तबादला

## सभी शैक्षिक संस्थान 30 जनवरी तक बंद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राज्य सरकार ने कोविड-19 के चलते यूपी के सभी शैक्षिक संस्थान 30 जनवरी तक बंद रखने का फैसला किया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्कूलों की बंदी 30 जनवरी तक बढ़ा दी गई है और ऑनलाइन कक्षाएं चलती रहेंगी। इससे पहले सरकार ने 30 दिसंबर से 15 जनवरी तक पहली से 8 वीं तक के स्कूलों को बंद रखने का ऐलान किया था। फिर 15 जनवरी को यूपी सरकार ने मौजूदा हालात को देखते हुए 23 जनवरी तक सभी स्कूल, कॉलेज बंद रखने का फैसला किया था।

# आईटी क्षेत्र में 22 लाख नौजवानों को देंगे नौकरी : अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने घोषणा की है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर 'नौकरी-रोजगार संकल्प श्रृंखला' में आईटी सेक्टर में 22 लाख नौजवानों को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लखनऊ से आगे कानपुर, आगरा, बरेली, झांसी, वाराणसी और पूर्वांचल में भी आईटी का हब बनाएगी और 22 लाख से अधिक नौजवानों को आईटी सेक्टर में नौकरी दिलाने का वायदा पूरा करेगी। समाजवादी पार्टी मुख्यालय में शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि यह 22 लाख नौकरियां पुलिस, शिक्षक एवं अन्य सरकारी विभागों में भर्ती के अलावा होंगी।

उन्होंने कहा कि पहले आईटी सेक्टर नोएडा और गाजियाबाद के आस पास ही था लेकिन समाजवादी सरकार ने पहली बार लखनऊ में आईटी सिटी का निर्माण कराया। एचसीएल जैसी कंपनी यहां आई जिसमें आईटी सेक्टर के 5 हजार इंजीनियरों को नौकरी मिली। समाजवादी सरकार इसे और आगे बढ़ाना चाहती थी लेकिन भाजपा सरकार ने इस पर कोई काम नहीं किया। विकास कार्यों को रोका है। यादव ने कहा कि लखनऊ आईटी सिटी में युवाओं को क्वालिटी जॉब मिलाए कई बड़ी-बड़ी कंपनियों को छोड़कर इंजीनियर लखनऊ आए। 12वीं पास युवाओं को प्रशिक्षण देकर ट्रेनिंग देंगे। साढ़े तीन हजार बी-टेक करके ( शेष पेज 8 )

## शिवपाल यादव सपा के सिंबल पर जसवंतनगर सीट से लड़ेंगे चुनाव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव जसवंतनगर सीट से समाजवादी पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शिवपाल सिंह यादव को बी फार्म दे दिया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ ही यादव बाहुल्य सीटों पर शिवपाल यादव की अच्छी पैठ है। शिवपाल सिंह यादव को सपा गठबंधन द्वारा जसवंत नगर सीट से प्रत्याशी बनाए जाने से सपा के आधार ( शेष पेज 8 )

# अब पलायन कराने वाले खुद पलायन कर गए: अमित शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री ने पश्चिमी उप्र में घर-घर प्रचार शुरू किया, कैराना में पलायन प्रभावित परिवारों से की मुलाकात

भाषा। कैराना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कैराना से 2017 से पहले हिंदुओं के कथित पलायन के मुद्दे का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि यही कैराना है, जहां पलायन होता था, लेकिन अब पलायन कराने वाले खुद पलायन कर गए हैं। शाह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना घर-घर चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया और इसके तहत उन परिवारों के घर पहुंचे, जो कथित पलायन के बाद वहां लौट आए हैं।

उन्होंने कहा कि कैराना के लोग अब डर में नहीं रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की संतोषजनक



कैराना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का माला पहना कर स्वागत करती एक बच्ची

स्थिति विकास की प्राथमिक शर्त है और योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश में इसे सुनिश्चित किया है।

कड़ाके की ठंड के बीच बारिश से भीगी गलियों में शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ घर-घर प्रचार किया। इस दौरान उनके साथ कैराना से भाजपा प्रत्याशी मृगांका सिंह, गन्ना मंत्री सुरेश राणा व सांसद प्रदीप चौधरी भी मौजूद थे। शाह के साथ जो भाजपा कार्यकर्ता थे उन्होंने भगवा टोपी पहन रखी थी और भाजपा का चुनाव चिन्ह लिया हुआ था। भाजपा कार्यकर्ता जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। शाह ने इस दौरान लोगों को भाजपा सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए पर्चे बांटे। शाह ने घर-घर जाकर लोगों से आगामी दस फरवरी को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विधानसभा चुनाव की ( शेष पेज 8 )

# सबका विकास किया, तुष्टीकरण किसी का नहीं: मुख्यमंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीजेपी मुख्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश के सह चुनाव प्रभारी अनुराग ठाकुर ने भाजपा का झंडा दिखाकर चुनाव प्रचार के लिए एलईडी रथों को रवाना किया।

पार्टी सभी 403 विधानसभाओं में चुनाव वैन के जरिये चुनाव प्रचार का शुभारंभ कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जो कहाकि उसे पूरा किया। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से प्रदेश की जनता का विकास कर रही है। 25 करोड़ जनता ने देखा कि 2017 से पहले व्यापारी और संभ्रांत नागरिक पलायन करते थे, इससे प्रदेश की प्रगति अवरुद्ध हो गयी थी।

2017 के बाद अपराधी पलायन कर रहे हैं और प्रदेश आज प्रगति के नये-नये प्रतिमान स्थापित कर देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। इससे पहले उन्होंने कहा कि आज ( शेष पेज 8 )

### भाजपा के चुनाव रथ का योगी ने पार्टी ध्वज दिखाकर किया शुभारंभ

## बरेली कैंट से कांग्रेस प्रत्याशी सुप्रिया ऐरन और उनके पति प्रवीण सपा में आए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी की नीतियों व नेतृत्व पर आस्था जताते हुए शनिवार को बरेली के पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, बरेली की पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन और हरदोई सण्डीला से पूर्व विधायक स्व. महावीर सिंह की पत्नी रीता सिंह ने सपा की सदस्यता ग्रहण किया। सुप्रिया ऐरन को कांग्रेस ने इस बार बरेली कैंट से विधानसभा का टिकट दिया था। सपा में शामिल होने वाले नेताओं ने कहा कि 2022 में सपा ऐतिहासिक मतों से जीत हासिल करेगी। इसके साथ ही सपा की नीतियों एवं अखिलेश यादव के नेतृत्व पर आस्था जताते हुए प्रतापगढ़ के धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने धर्मेन्द्र प्रताप सिंह को पार्टी में शामिल करते हुए उम्मीद जताई कि इनके आने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी। धर्मेन्द्र प्रताप सिंह (46 वर्ष) भारत के सबसे लम्बे कद (8 फुट दो इंच) के व्यक्ति हैं। इस अवसर पर प्रतापगढ़ के सौरभ सिंह भी उपस्थित थे।

# आकांक्षी जिले अब गतिवर्धक बन रहे हैं: प्रधानमंत्री

भाषा। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकास के मामले में पिछड़े जिले पहले देश की प्रगति के आंकड़ों को भी नीचे कर देते थे लेकिन पिछले सात साल में जब से उन पर विशेष ध्यान दिया गया और उन्हें आकांक्षी जिलों के रूप में पेश किया गया, तो यही जिले आज गतिरोध की बजाए गतिवर्धक बन रहे हैं। विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने यह बात कही।

इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न मानकों पर पिछड़े देश के 142 जिलों का उल्लेख किया और वहां भी अब सामूहिक जिम्मेदारी से आकांक्षी जिलों की तर्ज पर विकास करने का जिलाधिकारियों से आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने जिलों में केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति और जिलों के प्रदर्शन की समीक्षा की और उनके सामने पेश आ रही चुनौतियों पर भी विचार विमर्श किया। असम, छत्तीसगढ़, गुजरात और कर्नाटक सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भी इस संवाद कार्यक्रम में मौजूद थे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, आजादी के 75 साल की लंबी यात्रा के बाद भी देश में कई जिले पीछे ही रह गए। समय के साथ इन जिलों पर पिछड़े जिलों का तमगा लगा दिया गया।

एक तरफ देश के सैकड़ों जिले प्रगति करते रहे तो दूसरी तरफ ए पिछड़े जिले और पीछे होते चले गए। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के आंकड़ों को भी ए जिले नीचे कर देते थे और इसकी वजह से जो जिले अच्छा भी कर रहे होते थे, उनमें भी निराशा आती है। उन्होंने कहा, देश में पीछे रह ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,037 | |
| निफ्टी | 17,617 | |
| सोना | 48,340 | /10g |
| चांदी | 65,112 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जम्मू कश्मीर में दो आतंकवादी मारे गए

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा के दो आतंकी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जिले के किल्बाल इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर कर तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के जवान जब इलाके में तलाशी अभियान चला रहे थे, उसी दौरान छिपे आतंकवादियों ने उनपर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई और दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारी ने बताया कि जो लोग मारे गए हैं वो द रेजिस्टेंस फ्रंट के स्थानीय लोग थे।

# विहिप के एजेण्डे में शामिल हैं काशी व मथुरा के मुद्देः चंपत राय

भाषा। मथुरा

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता एवं श्रीराम मंदिर निर्माण करा रहे जन्मभूमि न्यास के महासचिव चंपत राय ने शनिवार को कहा कि काशी व मथुरा के मुद्दे विहिप के एजेण्डे में शामिल अवश्य हैं, परंतु पहले पूरा ध्यान अयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना का उद्देश्य पूरा करने पर है, उसके बाद किसी और मुद्दे पर ध्यान दिया जाएगा।

राय ने वृन्दावन के दो दिवसीय प्रवास के दौरान अनेक संतों व धर्माचार्यों से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि वे एक बार अयोध्या आकर निर्माणाधीन मंदिर का दर्शन करें। इस बीच उन्होंने कई बैठकों में भाग लेकर अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर के संबंध में जानकारी साझा की। राय ने वृन्दावन के कृष्ण कृपा धाम आश्रम में संवाददाताओं से



बातचीत में राममंदिर निर्माण की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि न्यास का लक्ष्य अगले वर्ष के अंत (दिसम्बर 2023) तक भगवान श्रीराम को भव्य मंदिर में स्थापित करने का है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े सवाल पर राय ने कहा कि पहला पैर मजबूती से जमने (यानि श्रीराम मंदिर निर्माण का उद्देश्य पूरा हो जाने) के बाद ही दूसरा कदम उठाया जाएगा। उन्होंने काशी और मथुरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह दोनों मुद्दे विहिप के एजेण्डे में हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस ओर शीघ्र कदम बढ़ाया जाएगा।

# तीसरी लहर में अधिकांश मौतें टीके न लगवाने वालों की

भाषा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी की मौजूदा लहर के दौरान मरने वालों में 60 प्रतिशत लोग ऐसे थे जिन्होंने या तो बिलकुल टीकाकरण नहीं कराया था या फिर आंशिक टीकाकरण ही कराया था। यह बात एक निजी अस्पताल के एक अध्ययन में कही गई है। मैक्स हेल्थकेयर द्वारा किए गए अध्ययन में कहा गया है कि दर्ज की गई मौतों के मामले में ज्यादातर लोग 70 वर्ष से अधिक उम्र के थे या वे गुर्दे की बीमारियों, हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर जैसी कई अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे।

इसने एक बयान में कहा, हमारे अस्पतालों में अब तक हुई 82 लोगों की मौत के मामले में 60 प्रतिशत ऐसे लोग थे जिन्होंने या तो आंशिक टीकाकरण कराया था या फिर बिलकुल भी टीकाकरण नहीं कराया था। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन भी इस बात पर जोर देते रहे हैं कि

## मरने वालों में 60% लोग ऐसे थे जिन्होंने या तो बिलकुल टीकाकरण नहीं कराया था या फिर एक ही बार टीकाकरण कराया था

मृत्यु उन रोगियों की हो रही है जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है और जिन्हें अन्य बीमारियां भी हैं। महामारी की तीन लहरों के तुलनात्मक अध्ययन में यह भी कहा गया है कि महामारी की तीसरी लहर के दौरान केवल 23.4 प्रतिशत रोगियों को ऑक्सीजन देने की आवश्यकता पड़ी है, जबकि दूसरी लहर के दौरान 74 प्रतिशत और पहली लहर के दौरान 63 प्रतिशत रोगियों को ऑक्सीजन देने की आवश्यकता पड़ी थी। अध्ययन में कहा गया है कि मैक्स नेटवर्क के सभी



महाराष्ट्र के ठाणे में कोरोना रोधी टीकाकरण करवाती युवतियां

अस्पतालों में कोविड-19 के चलते 41 बच्चे भर्ती हुए। इसने कहा, हालांकि, इस आयु वर्ग में कोई मौत नहीं हुई है। सात को बाल गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती करने की आवश्यकता पड़ी जबकि दो को वेंटिलेटर पर रखने की। अस्पताल ने कहा कि जब दिल्ली में अप्रैल में दूसरी लहर के दौरान 28,000 मामले आए थे तो अस्पतालों में आईसीयू बिस्तर उपलब्धता शून्य थी, जबकि मौजूदा लहर के दौरान जब पिछले सप्ताह अधिक संख्या में मामले सामने आए थे तो बिस्तर उपलब्धता का कोई संकट नहीं था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पहली, दूसरी और तीसरी लहर के दौरान अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या क्रमश: 20,883, 12,444 और 1378 रही। पहली लहर में समग्र मृत्यु दर 7.2 प्रतिशत थी जो दूसरी लहर के दौरान बढ़कर 10.5 प्रतिशत हो गई। मैक्स अस्पतालों में मौजूदा लहर के दौरान छह प्रतिशत मृत्यु दर दर्ज की गई है। अध्ययन में कहा गया है, यद्यपि भर्ती होने वाले रोगियों की संख्या पिछले 10 दिनों में तेजी से बढ़ी है और रोजाना अधिक से अधिक मौतों की सूचना आ रही है, अच्छी खबर यह है कि ओमीक्रोन स्वरूप से मामूली बीमारी हो रही है। इसने कहा कि अस्पतालों में भर्ती होने वालों की संख्या कम रहने का कारण कोविड रोधी टीकाकरण है और इसी की वजह से बड़े पैमाने पर ऑक्सीजन देने की जरूरत नहीं पड़ रही है। अस्पताल श्रृंखला ने कोविड-19 की तीसरी लहर की शुरुआत से लेकर 20 जनवरी 2022 तक अध्ययन किया। यह अध्ययन मैक्स हेल्थकेयर के समूह चिकित्सा निदेशक डॉक्टर संदीप बुद्धिराजा के निर्देशन में किया गया। दिल्ली में शुक्रवार को संक्रमण के 10,756 नए मामले और ( शेष पेज 8 )

## भूल सुधार



मन-मन भावे मुंडी हिलावे। पीढ़ी-दर पीढ़ी से चली आ रही यह कहावत भाजपा के एक सफेद दाढ़ी वाले विधायक जी पर एकदम सटीक बैठती है। जोश में आकर विधायकी का चुनाव न लड़ने की बात कहने वाले राजधानी लखनऊ से भाजपा के इस पुराने विधायक की सीट पर कई दिग्गजों ने अपनी गिद्ध दृष्टि लगा दी है। हाल में भाजपा के कारवे में शामिल हुई मुलायम सिंह यादव की बहू से लेकर योगी सरकार के कई मंत्रियों की विधायक जी की सीट पर नजर है। सारे के सारे इस सीट से चुनाव लडना चाहते हैं। अपनी सीट पर दिग्गजों की लगी होड़ को देखकर विधायक जी को अपनी गल्ती का अहसास हुआ है और अब उन्होंने सबके सामने आकर ताजा बयान देकर अपनी गल्ती को सुधारने की कोशिश की है। पार्टी को अपना संदेश देने के लिये भाजपा के इस विधायक ने कहा है कि हमारी कई पीढ़ियां भाजपा की सेवा करती आ रही हैं और मै भी पार्टी का सिपाही हूं। उन्होंने आगे यह भी कहा कि मरते दम तक भाजपा का सिपाही रहूंगा। पार्टी अगर उन्हें टिकट देगी तो चुनाव से पीछे नहीं हटेंगे और अगर किसी अन्य को मिलता है तो पार्टी को जिताने की मुहिम में लगे रहेंगे। बहरहाल विधायक जी को अपनी गल्ती का अहसास हुआ और उन्होंने उसे सुधारने की कोशिश जरूर की है लेकिन अब देखना होगा कि उनकी सीट बचती है या नहीं।

## घालमेल की सूची

सूबे में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद सभी दलों ने पहले व दूसरे चरण को लेकर अपने पत्ते खोल दिये हैं। गठबंधन के तहत लड़ रही समाजवादी पार्टी रालोद की तरफ से जो सूची जारी की जा रही है उसमें बड़ा घालमेल नजर आ रहा है। पता नहीं चल रहा है कि किस दल का प्रत्याशी अमुक सीट पर लड़ रहा है। कुछ सीटों पर बहुत ही असमंजस की स्थिति है। जैसे लग रहा प्रत्याशी किसी और दल का और सीट किसी और के खाते में नजर आ रही है। फिलहाल अभी इसको लेकर पार्टी के नेता भी स्थिति साफ नहीं कर पा रहे हैं कि उनके कितने प्रत्याशी मैदान में हैं। हैण्डपम्प वाली पार्टी के एक नेता जी ने बताया कि अभी 33 सीटें मिली हैं। उनका अपना अनुमान है कि 45 सीटें मिलेंगी। फिलहाल उनका कहना था कि यह तो सिर्फ दो लोगों के बीच की बात है। इसलिए हम भी केवल अनुमान ही लगा रहे।




## हम नहीं सुधरेंगे

जिन्दगी की हॉफ सेंचुरी लगा चुकने के बाद भी अपने को युवा कहलवाने वाले देश की सबसे पुरानी पार्टी के एक शीर्ष नेता बे- सिर-पैर के बयानों को लेकर अक्सर उपहास का पात्र बनते हैं। सोशल मीडिया पर तो लोग अब उनके नाम पर चुटकले बनाने लगे हैं मगर उन पर शायद इसका कोई असर नहीं पड़ता तभी तो वह अपनी बयानबाजी से बाज नहीं आते। यूपी के विधानसभा चुनाव में युवाओं के लिए अपनी पार्टी का घोषणा पत्र जारी करने के मौके पर एक बार फिर उन्होंने ऐसा ही एक बयान दे दिया जिसके बाद से लोग खूब चटकारे ले रहे हैं। हुआ यह कि मीडिया के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि केंद्र की भगवा सरकार की नोटबंदी, गलत जीएसटी और कोरोना के दौरान लिए गलत फैसलों से पांच साल में 16 लाख युवाओं ने अपना रोजगार खोया है। पांच मिनट बाद ही एक दूसरे सवाल के जवाब में कहा कि पांच साल के दौरान 14 करोड़ युवाओं ने अपना रोजगार खोया है। उनकी इस आंकड़ेबाजी को लेकर अब विरोधी दलों के नेता खूब उनकी खिल्ली उड़ा रहे हैं।

## बाहर आए मुसीबत लाए

समाजवाद के लिए साहबजादे सिर दर्द बन गए हैं। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि साहबजादे इस समय समाजवाद के गले की हड्डी बन गए हैं। न तो उन्हें निगला जा रहा है और न ही उन्हें उगला जा रहा है। जब साहबजादे जेल से छूट कर आए थे तो लगा था अब कुछ नया आंदोलन होगा। पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी लेकिन हुआ उसका उल्टा। साहबजादे आए तो आए साथ में एक लिस्ट भी लेते आए। साहबजादे ने आते ही समाजवाद के मुखिया से कहा कि एक लिस्ट लाया हूं जो कि अब्बा जान ने दी है। लिस्ट देखते ही समाजवाद के मुखिया के होश उड़ गए। जेल में बैठे अब्बा जान रूपी आका ने उस लिस्ट में निर्देश दिया था कि जिनके नाम भेज रहा हूं सभी को निर्धारित सीट दे दी जाए। जब से समाजवाद के मुखिया ने यह लिस्ट देखी है तब से वह डिस्टर्ब हो गए हैं। अब समझ नहीं पा रहे हैं कि साहबजादे का स्वागत करें या फिर उनका तिरस्कार।



## सस्पेंस कायम

भगवा दल ने विधान सभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को प्रत्याशियों की सूची जारी की लेकिन प्रदेश की राजधानी का सस्पेंस अभी बरकारार है। लखनऊ की सीटों पर कई उलटफर की बात सामने आ रही है तो कई बाहरी जो अब भगवाधारी हो गए हैं उनकी इंट्री से कई लोगों के समीकरण बिगड़ गए हैं। कुछ हैं जो कि पुत्र मोह में राजनीति से सन्यास लेने की बात कर रहे हैं तो कुछ हैं जो पहले कह रहे थे कि यह मेरा अंतिम चुनाव है लेकिन चुनावी संग्राम में फिर से कुर्ता झाड़कर टिकट के लिए पैरवी में जुट गए हैं। संगठन ने भी सभी बड़े चेहरों को मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। दो बड़े चेहरों का चुनाव मैदान तो घोषित हो गया है लेकिन अभी कुछ बड़े चेहरे ऐसे हैं जिनका नाम घोषित होना बाकी है। यह बड़े चेहरे लखनऊ की सुरक्षित सीट को तलाश रहे हैं जिसकी तलाश तो पूरी हो गई है लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने अभी उन सीटों पर सस्पेंस बनाए रखा है।

# अखिलेश यादव की आईटी का मतलब है इनकम फ्रॉम टेररः अनुराग ठाकुर

- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री ने शुरू किया भाजपा का प्लेकार्ड प्रचार अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण मंत्री व भाजपा के प्रदेश चुनाव सहप्रभारी अनुराग ठाकुर ने शनिवार को हजरतगंज चौराहे पर प्लेकार्ड प्रचार अभियान शुरू किया। हजरतगंज चौराहे पर अलग-अलग स्थानों पर हुए कार्यक्रम में 5-5 कार्यकर्ता भाजपा सरकार के काम के बारे में जानकारी देती हुई तख्तियां लेकर खड़े थे। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि अखिलेश यादव के आईटी का मतलब इनकम फ्रॉम टेरर आतंक से कमाई है और मुख्तार अंसारी, यूनुस अंसारी, अतीक अहमद और नाहिद हसन जैसे माफिया इसके ब्रांड एंबेसेडर थे। इनका आतंक ही था कि सपा शासनकाल में असली आईटी यानी इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सेक्टर की कंपनियां यूपी नहीं आती थीं। यह योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार है कि बीते 5 साल में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी क्षेत्र में लाखों युवाओं को बिना भेदभाव नौकरी मिली है और यूपी आईटी हब के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधियों, माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हुई और अखिलेश के इनकम फ्रॉम टेरर वाली आईटी को बाहर भगा दिया। हमने पिछले पांच वर्ष में मोदी-योगी की सरकार में बिना भेदभाव, बगैर भ्रष्टाचार के लाखों युवाओं को रोज़गार दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की टीम व यहां के फ्रंट लाइन वर्कर्स ने जो काम किया आज पूरी दुनिया उसकी सराहना कर रही है। कई देशों की जितनी आबादी नहीं, उससे ज्यादा कोविड टीके उत्तर प्रदेश में लगे हैं। वास्तव में यूपी की जनता बधाई की पात्र है। भाजपा कार्यकर्ता कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अपनी बात जनता तक पहुंचाएंगे। शनिवार शाम को हजरतगंज स्थित अटल चौक पर प्लेकार्ड अभियान की शुरुआत हुई। अभियान की शुरुआत करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि यूपी की जनता एक बार फिर भाजपा सरकार लाने के लिए तैयार है।

# 10 मार्च के बाद भी जारी रहेगा गुंडों, माफियाओं-दंगाइयों का पलायन

- चुनाव लड़ने से घबराने वाले अखिलेश अब सूची जारी करने में घबरा रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डिप्टी** सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी को पहले चरण के चुनावों में ही अपनी हार नजर आने लगी हौ। यही कारण है कि अखिलश यादव पहले चुनाव लड़ने से घबरा रहे थे और अब सूची जारी करने में भी घबरा रहे है। उन्होंने कहा कि 10 मार्च के बाद भी प्रदेश से दंगाइयों, माफियाओं, गुंडों, भ्रष्टाचारियों का पलायन जारी रहेगा। क्योंकि उत्तर प्रदेश को तरक्की पसंद है जो भाजपा की सरकार ही दे सकती है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को पहले चरण के चुनावों में ही अपनी हार नजर आने लगी हे। समय का तक़ाज़ा है कि उनको अपने घर की चौखट के अंदर ही रहना चाहिए। अखिलश यादव पहले चुनाव लड़ने से मैदान से भाग रहे थे लेकिन अब उम्मीदवारों की सूची जारी करने में भी घबरा रहे हैं। भाजपा सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव को समझ आ जाना चाहिये कि अब यूपी में उनकी दाल नहीं गलने वाली है। डिप्टी सीएम ने कहा कि जन-जन की है यही पुकार, यूपी फिर मांगे भाजपा सरकार। राज्य में भाजपा की बयार चल रही है। इसलिए ठगने व छलावे की राजनीति करने वाले राजनैतिक दलों को अभी से अपना बोरिया-बिस्तर बांधने की तैयारी कर लेनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कि समाजवादी पार्टी की पूंजी ही गुंडा, अपराधी, माफिया, भ्रष्टाचारी और दंगाई रहे हैं। अपने कार्यकाल में सरकार न चलाकर उन्होंने संगठित अपराध की पाठशाला चलाई। इसलिए अब वह अपने उम्मीदवारों की सूची जारी से घबरा रहे हैं। अपनी सरकार में उन्होंने यूपी की जनता को केवल ठगने और भ्रष्टाचार को संरक्षण दिया। किसानों को अन्न देने के बजाय उनकी जमीनों पर अपने तंबू और खूंटे गाड़े। लगातार लूट व अपराध को संरक्षण दिया। सरकारी कर्मियों की पेंशन और पीएफ घोटाला का शुमार उनकी उपलब्धियों में होता था। उनका कार्यकाल जनता क़तई भूल नहीं सकती। उन्होंने कहा कि सपा शासन में यूपी में पलायन हुआ था जिसे भाजपा ने रोक दिया है। अब पलायन बीते दिनों की बात है। डिप्टी सीएम ने कहा कि 2017 से पहले यूपी में किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे। लेकिन उसके बाद भाजपा सरकार उनके साथ खड़ी रही है। अब यूपी गेहूए आलूए सब्जीए फल और तिलहन उत्पादन में नंबर.वन है। आजादी के बाद किसानों को भाजपा सरकार में ही पहली बार किसान सम्मान निधि को तोहफा मिला है। उन्नत खेती करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। तोहफे में उनके ट्रैक्टर दिए गए। सरकार ने धान और गेहूं की सीधी ख़रीद की जिसका भुगतान सीधे उनके खातों में किया गया। पिछली सरकारों की तुलना में उनको दोगुना लाभ दिया गया। ऐसे मामलों में पूरी तरह पारदर्शिता बरती गई। यह बताने के लिए काफ़ी है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव को समझ जाना चाहिये कि यूपी में उनके दिन अब लद चुके हैं और घर की चौखट के अंदर ही अपनी समाजवादी धूनी रमानी चाहिए।

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

सूच्य हो कि मेरे वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मेरा नाम हुमैरा खातून दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरा सही नाम हुमैरा सुब्हानी है जो कि मेरे आधार कार्ड में भी दर्ज है। अतः अब से समस्त अभिलेखों में मेरा नाम हुमैरा सुब्हानी ही पढ़ा व समझा जाये। हुमैरा सुब्हानी पत्नी मो0 इम्तियाज पता-19/1, थाना तहसील बिसवां, जनपद-सीतापुर

### सूचना

सूच्य हो कि मेरे एनटीपीसी सेवा अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम रेखा और उनकी जन्मतिथि 29/01/ 1972 दर्ज है जो अपूर्ण व असत्य है । जबकि अन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम रेखा सिंह व उनकी जन्मतिथि 29/01/1971 दर्ज है। जो सत्य व पूर्ण है। अतः मेरी पत्नी को रेखा सिंह व उनकी जन्मतिथि 29/01/1971 के रूप में जाना, पहचाना व समझा जाए। महिपाल सिंह राठौर पुत्र स्व रामसिंह राठौर निवासी – टाईप तृतीय –203 एनटीपीसी कालोनी ऊंचाहार – रायबरेली

### NOTICE

NOTICE

We Imtiyaz Ahmad And Parvin R/o Aakmol, Galib Saheed, Sultanpur-228118, have booked a plot no. B-187 in DLF Garden City, these receipts are misplaced GDN/CRB/00210/0213, GDN/CRB/00186/0413, GDN/ CRB/00220/0613, GDN/ CRB/00020/0214 issued by DLF LTD. 9415077435

### सूचना

सूचना

- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लखनऊ इन्फ्रास्ट्रक्चर्स का पुराना पता 106 /12, नजरबाग, लखनऊ बदल कर नया पता एल-1/191, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 हो गया है।
- अनुप्रिया सिंह, 4/540, विभव खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 को तृतीय पार्टनर के रूप में लखनऊ इन्फ्रास्ट्रक्चर्स में शामिल किया गया है।
- संतोष द्विवेदी, 2/189, विराट खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 द्वारा अपनी स्वेच्छा से लखनऊ इन्फ्रास्ट्रक्चर्स में द्वितीय पार्टनर के पद से हक त्याग-पत्र दिया गया है जिनका कार्यकाल 31 मार्च 2022 तक रहेगा।

(अरविन्द द्विवेदी)
लखनऊ इन्फ्रास्ट्रक्चर्स
पता :-एल-1/191,
विनीत खण्ड, गोमती नगर,
लखनऊ-226010

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बेरोजगार युवाओं से रोजगार फॉर्म भरवाएगी कांग्रेस



- योगी सरकार के शासनकाल में 12 परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैंः नसीमुद्दीन सिद्दीकी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** द्वारा जारी किए गए भर्ती विधान को आधार बनाते हुए कांग्रेस पार्टी 'स्पीक अप' अभियान शुरू करने जा रही हैं। रविवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस का सोशल मीडिया विभाग प्रदेशव्यापी 'स्पीक अपष् अभियान चलाएगा। जिसमें सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश के बेरोज़गार युवा फेसबुक और ट्विटर पर युवा विधान पर उनके विश्वास और पिछली सरकारों के साथ अपने ठगे हुए अनुभव साझा करेंगे। साथ ही कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदेश में जगह जगह स्टाल लगाकर बेरोज़गार युवाओं से फार्म भरवाएंगे और उन्हें रोज़गार पंजीयन क्रमांक भी आवंटित करेंगे।

भर्ती विधान में लिखे वादों और कार्ययोजनाओं पर आज कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेसवार्ता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भर्ती विधान के बारे में विधिवत जानकारी दी। कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ में प्रेसवार्ता करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया एंड कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस का भर्ती विधान उत्तर प्रदेश के 7 करोड़ युवाओं की आशाओं, आकांक्षाओं का दस्तावेज है। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर 20 लाख सरकारी नौकरियों की गारंटी होगी, जिनमें 8 लाख सरकारी पद महिलाओं के लिए होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, मेरठ और झांसी जैसे शहरों में रहकर युवा मेहनत से तैयारी करते हैं, परीक्षा देते हैं लेकिन इसके बाद पता चलता है कि पर्चा आउट हो गया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के शासनकाल में 12 परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। किसी तरह परीक्षा हो भी जाती है, तो परीक्षार्थी रिजल्ट, नियुक्ति के लिए संघर्ष करते हैं।

# अमर जवान ज्योति को हटाना अक्षम्य अपराधः प्रमोद तिवारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**वरिष्ठ** कांग्रेस नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस तरह 'अमर जवान ज्योति' को उस स्थल पर जहां उसकी 'लौ ' प्रज्ज्वलित थी उसे वहां से हटाना अत्यंत अक्षम्य अपराध है और अमर शहीदों की शहादत का अपमान है।

उन्होंने कहा कि यह वही सरकार कर सकती है जिसके नेताओं ने आजादी के आन्दोलन में महात्मा गांधी के 'अंग्रेजों भारत छोंड़ों आन्दोलन' का साथ देने की जगह अंग्रेजों की सेना में भर्ती होने के लिए पत्र लिखकर आह्वान किया था। आज इस मर्मान्तक पीड़ा को वे परिजन झेल रहे होंगे जिनके पिता, पुत्र, पति या भाई ने अपने प्राणों की आहुति देकर वर्ष 1971 की 'विजय गाथा' अपने खून से लिखी थी । मेरे सहित देश के कई करोड़ देशवासियों की समझ में यह नहीं आ रहा होगा कि जिस पार्टी के प्रधानमंत्री अपने लिए 17 हजार करोड़ रुपये के विमान खरीद सकते हैं, जो अपने लिए कई करोड़ रुपये की कार खरीद सकते हैं, और जो लगभग 20 हजार करोड़ रुपए लगाकर नया संसद भवन (सेण्ट्रल विस्टा))के नाम पर अपना आवास और कार्यालय बनवा रहे हैं क्या वह दो जगह शहीदों के सम्मान में दीप प्रज्ज्वलित नहीं कर सकते, जो मात्र कुछ हजार या एक लाख में हो सकता है। तिवारी ने कहा है कि यदि 2 जगह दीप प्रज्ज्वलित होता तो वर्ष 1971 या उसके पहले जिन भारतीय जॉबॉजों ने अपने शौर्य को प्रदर्शित किया था उनके सम्मान में जलने वाली यह अमर जवान ज्योति क्या करोड़ों भारतीयों को अनुप्रेरित नहीं करती। यह भारत माता के अमर शहीदों की शहादत के सम्मान के विरुद्ध अक्षम्य अपराध है। अमर शहीदों के शहादत के सम्मान में चीजें जोड़ी जानी चाहिए, मिटाना नहीं चाहिए।

# योगी सरकार में अपराधी खेल रहे हैं क्रिकेटः लल्लू

- अपराधियों को बढ़ावा देकर इस सरकार ने कई मौकों पर पुलिस का मनोबल तोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी दावा करते हैं कि पुलिस के डर से माफिया भाग रहा हैं लेकिन हकीकत यह है कि इस सरकार में अपराधी पुलिस पर भारी पड़ते हैं और पुलिस को भागना पड़ता है। अपराधियों को बढ़ावा देकर इस सरकार ने कई मौकों पर पुलिस का मनोबल तोड़ा है।

उन्होंने कहा इसी सरकार में उत्तर प्रदेश के मोस्ट वॉन्टेड और हत्यारोपी निलंबित आईपीएस अधिकारी मणिलाल पाटीदार अभी तक फरार हैं। कुछ ही महीने पहले जौनपुर में पुलिस टीम पर दबंगों ने हमला किया। मुख्यमंत्री के गृहक्षेत्र गोरखपुर में ही कानपुर के कारोबारी की हत्या पुलिस वालों ने कर दी। यह कुछ घटनाएं सामने हैं, मुख्यमंत्री सिर्फ कागजी दावे करते हैं लेकिन जमीनी सच यही है कि इस सरकार में दबंग और माफिया से लोग परेशान रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पांच साल में प्रदेश में हुए क्राइम को देखें तो पता चलता है कि देश में आज भी सबसे ज्यादा हत्याएं यूपी में ही हो रहीं हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक 2016 से 2020 तक उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा हत्याएं हुईं। इस दौरान अलग-अलग शहरों में वारदातों में 20 हजार से अधिक लोगों का कत्ल हुआ। जबकि 2017 से 2019 तक यहां अपहरण के 58 हजार से अधिक मामले दर्ज हुए हैं।

# गुड्डू राजा बुंदेला ने दिया समाजवादी पार्टी से इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बुंदेलखंड** में समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। बुंदेलखंड के चर्चित समाजवादी युवा नेता चंद्र भूषण सिंह बुंदेला उर्फ गुड्डू राजा ने समाजवादी पार्टी से अपना त्यागपत्र दे दिया है। गुड्डू राजा बुंदेला के मुताबिक वह समाजवादी पार्टी छोड़ कर बसपा में शामिल हो रहे हैं और ललितपुर विधानसभा क्षेत्र से बसपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। गुड्डू राजा बुंदेला के पिता सुजान सिंह बुंदेला कांग्रेस से दो बार सांसद रह चुके हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव को दिए त्यागपत्र में गुड्डू राजा ने कहा कि समाजवादी पार्टी में उन्हें व उनके कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं मिल रहा है जिससे व्यथित होकर वह समाजवादी पार्टी को छोड़ रहे हैं। बता दें कि गुड्डू राजा बुंदेला अखिलेश यादव के काफी करीबी रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया में दोनों ने साथ पढ़ाई की है। गुड्डू राजा बुंदेला का बुंदेलखंड में काफ ी प्रभाव माना जाता है। सपा से त्यागपत्र देने के संबंध में जब गुड्डू राजा बुंदेला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में सामान्य जाति के साथ ही साथ दलितों व पिछड़ों काफी जबरदस्त अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सिर्फ एक विशेष वर्ग व जाति की पार्टी बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी गुड्डू राजा बुंदेला के समाजवादी पार्टी के छोड़े जाने पर सपा मुखिया अखिलेश यादव से प्रश्न किया गया तो उन्होंने कहा कि यह चुनाव का समय है लोगों को कहीं भी जाने-आने की स्वतंत्रता है।

# इस बार फिर यूपी में बनाएंगे पूर्ण बहुमत की सरकारः मायावती

## नए नारे के साथ बसपा ने जारी की 51 प्रत्याशियों की दूसरी सूची

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**बसपा** अध्यक्ष मायवती ने 'हर पोलिंग बूथ को जिताना है बीएसपी को सत्ता में लाना है' के नए नारे के साथ यूपी विधानसभा आमचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि 9 जनवरी को पार्टी के यूपी स्टेट के सभी छोट- बड़े पदाधिकारियों की लखनऊ बैठक में उन्हें दिए गये सभी ज़रूरी दिशा . निर्देशों पर वे अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से अमल करते हुए इस बार सन् 2007 की तरह ही फि र से यूपी में अपनी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार जरूर बनाएंगे। यूपी के साथ ही साथ उत्तराखण्ड स्टेट में भी बीएसपी तथा पंजाब स्टेट में शिरोमणि अकाली दल के साथ हमारा बना गठबन्धन जरूर अच्छा रिजल्ट दिखाएगा। लखनऊ में शनिवार को प्रेस कांफ्रेस के दौरान मायावती ने कहा कि बीएसपी उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड स्टेट में विधानसभा का आमचुनाव बिना किसी पार्टी व संगठन आदि से गठबन्धन किए हुए अकेले ही अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है लेकिन पंजाब स्टेट में हमारी पार्टी शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबन्धन करके यह चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड स्टेट में यहां हमारी पार्टी तथा पंजाब स्टेट में भी हमारा बना यह गठबन्धन जरूर अच्छा रिजल्ट दिखाएगा । हालांकि इस बार यह चुनाव कोरोना प्रकोप के चलते ही हो रहे हैं, ऐसे में पार्टी के लोगों से मेरी यही अपील है कि वे चुनाव आयोग द्वारा जारी किये गये कोरोना नियमों का पालन करते हुये अपनी पार्टी के सभी चरणों के उम्मीदवारों को जरूर जितायें तभी फिर खासकर यूपी में बीएसपी की अपनी सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की 15 जनवरी को सरकार बन सकती है और तभी फिर यहां बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं कांशीराम आदि का भी सपना जरूर सही मायने में साकार हो सकता है।

मायावती ने पहले चरण की सूची अपने जन्मदिन के मौके पर ि जारी की थी। इसके बाद दूसरे चरण के तहत 55 विधानसभा की सीटों पर चुनाव होंगे। जिसमें आज उन्होंने 51 विधानसभा की सीटों पर बीएसपी के उम्मीदवारों की सूची जारी की।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# पारा में गोली मारकर प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● सलेमपुर पतौरा के पास हुई घटना, विभिन्न पहलुओं पर पुलिस कर रही छानबीन**

**राजधानी** में कभी दिनदहाड़े बीच बीच सड़क पर भाजपा नेता के चाचा की हत्या कर दी जाती है तो कभी सरेशाम व्यापारी को पेड़ में बांधकर लूटपाट होती है। ध्वस्त कानून-व्यवस्था का आलम यह है कि अब पारा थाना क्षेत्र में प्रापर्टी डीलर संदीप पाल (30) को गोली मारकर मौत की नींद सुला दिया गया। उनका शनिवार की सुबह खून से लथपथ सलेमपुर पतौरा गांव के पास पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डीसीपी उत्तरी आरके चौधरी, एसीपी आशुतोष कुमार व इंस्पेक्टर पारा दधिबल तिवारी ने डॉग स्क्वायड व फिंगर प्रिंट दस्ते के साथ छानबीन की लेकिन यह पता नहीं चल पाया कि संदीप की जान किसने और क्यों ली। घरवालों ने संदीप को अगवा कर हत्या किए जाने की बात पुलिस से कही। जांच-पड़ताल के दौरान मृतक की मोटरसाइकिल घटनास्थल से कुछ दूरी खड़ी मिली। इससे आशंका जताई जा रही है कि किसी जानने वालों ने बहाने से बुलाया फिर उसके सीने में गोलियों की बौछार कर मौत के घाट उतार दिया और मौके से भाग निकले। जांच में जुटे पुलिस अफसरों का कहना है कि इससे नकारा नहीं जा सकता। लिहाजा कई बिंदुओं पर मामले की छानबीन की जा रही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

काकोरी थाना क्षेत्र स्थित नरौरा गांव निवासी संदीप कुमार पाल परिवार के साथ रहता था। डीसीपी उत्तरी आरके चौधरी के मुताबिक


मृतक की फाइल फोटो

जांच-पड़ताल के बाद जानकारी हुई है कि संदीप पाल शुक्रवार को घर से अपनी मोटरसाइकिल से किसी जानने वाले के यहां जाने की बात कहकर निकला था। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा तो घर वाले उसकी तलाश में जुटे। सफ लता न मिलने के बाद घरवालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी लेकिन काकोरी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। पारा क्षेत्र में रहने वाले कुछ लोगों ने शुक्रवार सुबह सलेमपुर पतौरा गांव के पास एक युवक की खून से लथपथ पड़ी लाश देख इसकी सूचना पुलिस को दी।

डीसीपी के मुताबिक मामले की पड़ताल की जा रही थी कि इसी दौरान घर वाले भी मौके पर पहुंच गए और मृतक की पहचान काकोरी के नरौरा गांव निवासी संदीप कुमार पाल के रूप में की।

पुलिस अफसरों का कहना है कि जांच-पड़ताल में कुछ सुराग मिले हैं और उम्मीद है कि जल्द ही इस घटना का राजफाश कर दिया जाएगा।

घटनास्थल से कुछ दूरी पर संदीप की बाइक मिलने से आशंका जताई जा रही है कि संदीप को बुलाया गया फिर उसकी जान ले ली गई। वहीं यह भी बताया जा रहा है कि घर से किसी जानने वाले के यहां बर्थडे में शामिल होने की बात कहकर घर से निकला था। वहीं जांच में जुटे एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि संदीप के साथ जो भी वारदात हुई है उसमें किसी परिचित का हाथ है। संदीप के शरीर में गन शॉट के निशान मिले हैं। पुलिस की टीमें कई बिंदुओं को जोड़कर मामले की छानबीन कर रही हैं।


विधानभवन के सामने गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर रिहर्सल करतीं महिला पुलिस जवान

## पहली पत्नी के साथ मिलकर यासीन ने किया था सोफिया का कत्ल, दोनों गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पारा के** कांशीराम कॉलोनी में दो दिन पहले 27 वर्षीय सोफि या उर्फ जारा ख़ान की हत्या उसी के पति यासीन खान ने अपनी पहली पत्नी शहर बानो के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने इसका राजफ ाश कर दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर किया है।

पुलिस के मुताबिक यासीन पत्नी रहते हुए भी दूसरी शादी सोफि या से किया था, जिससे एक तीन साल की बेटी सारा है। सनद रहे कि पारा क्षेत्र स्थित कांशी राम कालोनी में रहने वाला यासीन मूल रूप से जनपद बहराइच का रहने वाला है। यहां रहकर यासीन एक फार्मास्युटिकल कंपनी में आयुर्वेद दव सप्लाई का काम करता है। गुरुवार की देर रात किसी बात को लेकर बेरहम यासीन ने सोफ़िया की गला दबाकर बेरहमी से मौत की नींद सुलाने के बाद भाग निकला था। अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी राजेश श्रीवास्तव के मुताबिक इस मामले की गहनता से छानबीन की गई तो पता चला कि फरार यासीन ने अपनी पहली पत्नी शहर बानो के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। सुबूत मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और शनिवार को दूसरी पत्नी सोफ़िया का कत्ल करने वाले यासीन और उसकी पहली पत्नी शहर बानो को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया।

## अवैध स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चिनहट** पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25 ग्राम अवैध स्मैक व 430 रुपए की नकदी बरामद की है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार को मटियारी चौराहे के पास संदिग्ध लोगों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के हाथों अवैध स्मैक बेच रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने वहां पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों तस्करों गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए दोनों तस्करों ने पूछताछ में अपना नाम श्रावस्ती जिले के भिनगा थाना क्षेत्र स्थित श्रीनगर निवासी राम उजागर व दूसरे ने अपना नाम बहराइच जिले के सोनवा थाना क्षेत्र के लक्षण नगर निवासी मोहित कुमार बताया।

## अवैध असलहे के साथ एक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● बंदूक व दो कारतूस बरामद**

**चुनाव** आयोग के सख्त निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पारा पुलिस ने अवैध असलहे के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक अवैध देशी बंदूक व दो कारतूस बरामद हुए हैं।

अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी राजेश श्रीवास्तव के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर पारा थाना क्षेत्र स्थित मुन्नू खेड़ा गांव निवासी ब्रजेश यादव उर्फ टिल्लू को गिरफ्तार किया गया है। ब्रजेश काफ ी दिनों से अवैध असलहा रखकर क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम रखना चाहता था।

इंस्पेक्टर पारा दधिबल तिवारी के मुताबिक पकड़ा गया ब्रजेश यादव मनबढ़ किस्म का व्यक्ति है उसके खिलाफ पूर्व में भी जानलेवा सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है। ब्रजेश के पास से एक अवैध देशी बंदूक व दो कारतूस मिले हैं।

## प्रदेश में कोरोना के 16740 नए मामले

**● एक दिन में 237109 सैम्पल की जांच की गई**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर मुख्य** सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 237109 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 16740 नए मामले आए हैं। प्रदेश में अब तक कुल 97698ए882 सैम्पल की जांच की गयी हैं। कल विभिन्न जनपदों से आरटीपीसीआर के लिए 117262 सैम्पल भेजे गये है। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 15757 तथा अब तक 1813485 लोग कोविड-19 से ठीक हुए हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल 96642 एक्टिव मामले हैं, जिनमें 94002 लोग होम आइसोलेशन में है। लगभग 1.5 प्रतिशत लोग ही अस्पताल में भर्ती है।

प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 21 जनवरी को एक दिन में कुल 2228668 डोज दी गयी हैं, जिनमें 15 से 18 वर्ष के बच्चों को 336373 डोज दी गई। प्रदेश में कल 18



वर्ष से अधिक लोंगों को पहली डोज 142987142 दी गई जो उनकी जनसंख्या का 97 प्रतिशत है। 18 वर्ष से अधिक लोंगों को दूसरी डोज 94233071 दी गयी जो उनकी जनसंख्या का 63.92 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि 15 से 18 वर्ष के बच्चों को अब तक 7459772 वैक्सीन की प्रथम डोज दी गयी है, जो उनकी जनसंख्या का 53.23 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि अब तक 711288 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। प्रसाद ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रीकॉशन डोज के संबंध में गाइडलाइन्स दी गई है, जिसके अनुसार प्रीकॉशन डोज लेने वाले लोगों को यदि हाल ही में कोविड का संक्रमण हुआ हो तो, वे स्वस्थ होने के तीन महीने के बाद प्रीकॉशन डोज ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन में लगें कर्मियों को भी फ्रंटलाइन वर्कर्स में रखते हुए उन्हें भी प्रीकॉशन डोज दी जा रही है।


राजधानी के चारबाग रेलवे स्टेशन के बाहर हल्की-फुल्की बरसात के बाद ही हो गया जलभराव


रूमी गेट के पास छाई रही धुंध, कभी तेज तो कभी धीमी बरसात ने लोगों को परेशान किया

## फिल्म 'प्यार में थोड़ा ट्विस्ट' में दिखेगा लखनऊ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● 25 फरवरी को अखिल भारतीय स्तर पर होगी रिलीज**

**विवेक** फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म 'प्यार में थोड़ा ट्विस्ट' आगामी 25 फरवरी को अखिल भारतीय स्तर पर रिलीज होगी। इस बात की जानकारी कुर्सी रोड स्थित एक होटल में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान फि ल्म के सहनिर्माता विजय सिंह भदौरिया ने दी। उन्होंने आगे कहा कि इस फि ल्म में पूरा लखनऊ देखने को मिलेगा । इस फिल्म की शूटिंग हजरतगंज, इमामबाड़ा, चारबाग, आलमबाग, गोमती नगर, पुराना लखनऊ, बक्शी का तालाब, इटौंजा सहित सीतापुर के ग्रामीण क्षेत्रों में हुई है। फिल्म 'प्यार में थोड़ा ट्विस्ट' की निर्माता मंजू भारती ने बताया कि यह फिल्म एक्शन कॉमेडी है, जिसमें बहुत सारा मनोरंजन होगा और दर्शकों को काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस फि ल्म का निर्माण उत्तर प्रदेश सरकर की फिल्म बंधु की फिल्म नीति के अंतर्गत किया गया है। इस फि ल्म में बहुत सारे कलाकार लखनऊ और आसपास के जिलों के हैं। उन्होंने बताया कि इस फि ल्म में लखनऊ ,आगरा, बनारस, मुरादाबाद के कलाकार हैं। मंजू भारती ने बताया कि इस फिल्म का निर्देशन मशहूर फिल्मकार पार्थो घोष ने किया है। उन्होंने बताया कि फि ल्म में 2 गाने हैं जिसको नेहा कक्कर और बप्पी लहरी ने अपनी आवाज मे गाया है और संगीतकार हैं बप्पी लहरी।

मंजू भारती ने आगे बताया कि इस फिल्म के सह निर्माता हैं विजय सिंह भदौरियाए अजीता भदौरिया और नूर फातिमा। उन्होंने आगे बताया कि फि ल्म प्यार में थोड़ा ट्विस्ट में मुकेश भारतीए संतोष शुक्ला, रिचा मुखर्जी, राजेश शर्मा, अतुल श्रीवास्तव, गोविंद नामदेव, अलका आमीन, सोमा राठौड़, अर्पित भदौरिया जैसे अन्य कलाकार अपनी दमदार भूमिका से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस अवसर पर फि ल्म अभिनेता मुकेश भारती ने बताया कि इस फिल्म में उनका कैरेक्टर एक ऐसे युवक का है जो सभी की मदद करता है लेकिन मार से नहीं प्यार से डरता है।

## पति चाहिए नाटक ने खूब गुदगुदाया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● संस्था के कलाकारों ने जबरदस्त हास्य नाटक को मंच पर उतरा**

**●सशक्त अभिनय ने दर्शकों की तालियां बटोरी**

**सूर्या** थिएटर कल्चरल आर्ट्स सोसाइटी रंगमंडल लखनऊ द्वारा शनिवार को आयोजित रंगारंग संगीतमय हास्य नाट्य पति चाहिये में खूब ठहाके गूंजे। नाटक का निर्देशन कर रहे विवेक मिश्रा, सह निर्देशक, आयोजिका रमा जायसवाल एवं संस्था के कलाकारों ने जबरदस्त हास्य नाटक को मंच पर उतरा।

राजेंद्र तिवारी द्वारा लिखित नाटक में हुआ कुछ ऐसा की प्रात: काल का समय मन्दू अपने पति के साथ सो रही है और सपने में देखती है की उसने पति चाहिये का विज्ञापन दिया है। इसके बाद घर में पति बनने के दवावेदारों की झड़ी लग जाती है, कभी घर में गुंडा घुस आता है तो कभी उस गुंडे के पीछे पड़ी पुलिस, इन सब में मन्दू को अपना होने वाला पति दिखता है। उसे यही लगता है की सब उससे शादी करने के लिए ही आये है। मन्दू को पति बनने के आए दावेदार पसंद न आने पर वो उनकी झाड़ू से पिटाई करती, इस क्रिया में चंदू उसका भरपूर साथ देता है। नाटक में मन्दू द्वारा जरा झाड़ू तो लाना, तकिया कलाम का निरंतर और हास्यास्पद प्रयोग होता है।

मंदू की गैरमौजूदगी में आए इच्छुक पति, मंदू की बड़ी बेहन सरला को मंदू समझ लेते है, चाहे वह किसी अकबर का पत्रकार हो या तो नाबालिग बच्चा और रही कसर बूढ़े नवाब पूरी कर देते है। हद्द तो तब होती है जब घर में भिखारी, बेहरा और हकले भी पति बनने के लिए आने लगते है और घर में ऐसी भ्रामक परन्तु हास्यास्पद परिस्थातियां बनती है की सभी लोटपोट हो जाते है। नाटक में मु य भूमिका में चंदू रविंद्र यादव, मन्दू मानसी त्रिपाठी, सनी. राम अभि, सरला पीहू गुप्ता।

वही पति का इंटरव्यू देने आये दावेदारों की भूमिका में पत्रकार, नवाब. राहुल मिश्रा, पेपरवाला. अवनिश, सत्तू. रवि शंकर, प्ल बर, मोहन. आर्यन, सोहन, सौरव सिंह, बच्चा. देव, शायर अवनीश ने निभाई। मंच परे में वेशभूषा रुचिका, सूर्य, वर्षा, मंच सज्जा ज्ञानवती, मुन्नी, सत्यनारायण, मुखसज्जा सचिन, संगीत ऋ षभ, प्रकाश तमाल बोस, प्रेक्षाग्रह सुशीला, सत्यनारायण और मंच संचालन हिमांशु ने किया। चुटीले संवाद और संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शकों को लोटपोट कर दियाए प्रेक्षाग्रह में ठहाकों की झड़ी लग गयी।

## सोशल मीडिया पर दर्द बयां करने के बाद भी बेवा फरियादी को नहीं मिला न्याय

**मोहनलालगंज।** एसडीएम कोर्ट से आदेश के बाद भी जमीन की पैमाइश के लिए तीन साल से भटक रही बेवा महिला को सोशल मीडिया पर पीड़ा बयां करने के बाद भी न्याय नहीं मिल सका है। तहसील अधिकारी भी पीड़िता को न्याय दिलाने के बजाए मातहतों की सफाई पर भरोसा करके चुप्पी साधकर बैठ गए हैं। मोहनलालगंज के रायभानखेड़ा गांव की रामरती ने एसडीएम कोर्ट में जमीन की नापजोख के लिए मुकदमा दाखिल कर रखा है। रामरती का आरोप है कि दिसम्बर.2018 को कोर्ट से पैमाइश का आदेश हो चुका है। लेकिन तीन साल बाद भी कानूनगो जमीन की पैमाइश के लिए तारीखें देकर टरका रहे हैं। रामरती के मुताबिक इस माह भी दो बार तारीख दे चुके हैं। लेकिन दोनों बार सारा दिन इंतजार के बाद भी राजस्व टीम नदारद रही। न्याय की उम्मीद खोती देख रामरती ने अपने वकील के जरिए सोशल मीडिया पर राजस्वकर्मियों की लापरवाही का खुलासा किया फिर भी अब तक उसके जमीन की पैमाइश नहीं हो सकी है। रामरती का आरोप है कि अधिकारी भी उसकी मदद के बजाए मातहतों की मनगढ़ंत सफाई पर भरोसा कर रहे हैं। एसडीएम शुभी सिंह ने बताया लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजस्व निरीक्षक को पैमाइश करने के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत का शीघ्र ही समाधान कराया जाएगा।

## आस्ट्रेलिया के दो विश्वविद्यालयों ने दिया सीएमएस छात्र को उच्चशिक्षा के लिए पढ़ाई का ऑफर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आस्ट्रेलिया** के दो प्रख्यात विश्वविद्यालयों यूनिवर्सिटी एवं मेलबर्न एवं आर.एम.आई.टी. यूनिवर्सिटी ने सिटी मान्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) के मेधावी छात्र अर्जुन टंडन को उच्च शिक्षा के लिए हेतु पढ़ाई का ऑफर दिया है। इस प्रकार, सी.एम.एस. के इस होनहार छात्र ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं बहुमुखी प्रतिभा से लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि अर्जुन ने अपनी इस सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गांधी ने विद्यालय के इस प्रतिभाशाली छात्र को हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विदित हो कि सी.एम.एस. प्रदेश में



एकमात्र एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

शर्मा ने बताया कि वर्ष 2021 में सी.एम.एस. के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। इस वर्ष भी अभी तक 35 से अधिक छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित हो चुके हैं। श्री शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी सी.एम.एस. छात्र रिकार्ड संख्या में विदेश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ायेंगे।

# गरीबों के आंसू पोंछना ही समाजवाद: शिवपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी ने समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर शनिवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर जनेश्वर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी व्यवस्था लागू करना ही जनेश्वर को सच्ची श्रंद्धाजलि है। जनेश्वर ने हमें सिखाया है कि गरीबों के आंसू पोंछना ही असली समाजवाद है। प्रसपा जनेश्वर जी के विचारों पर चलते हुए सार्थक व समावेशी परिवर्तन के लिए अभियान चलायेगी। भाजपा को लोहिया व जनेश्वर की वैचारिकी से ही हराया जा सकता है । शिवपाल ने कहा कि जिस तरह जनेश्वर जी ने भाजपा को हराकर नेताजी की सरकार बनाई थी उसी तरह हम एक बार पुनः भाजपा को पराजित कर अखिलेश की सरकार बनायेंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शादाब फ ातिमा ने कहा कि जनेश्वर ऐसी अर्थव्यस्था चाहते थे जिसमें आर्थिक विषमता घटे। मुख्य प्रवक्ता दीपक मिश्र ने कहा कि जनेश्वर के अभियानों को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। समाजवाद की प्रासंगिकता सदैव रहेगी। आज़मगढ़ के जिला पंचायत सदस्य रहे इमरान अहमद, समाजसेवी नफीस समेत कई लोगों ने प्रसपा की सदस्यता ग्रहण की। संगोष्ठी को नीरज सिंह गुड्डू, अभिषेक आशू, वसी सिद्दीक़ी, प्रोफेसर अल्पना बाजपेई, सत्यजीत अतवारा, ब्रजेश सौरभ, प्रखर सिंह, मनीष मिश्रए जावेद आदि ने संबोधित किया।

## जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुख्यालय तथा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में शनिवार को वरिष्ठ समाजवादी नेता, पार्टी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा पूर्व मंत्री रहे जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं सांसद प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित तमाम नेताओं ने जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और नमन किया। अखिलेश यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने जो समाजवादी रास्ता दिखाया उसे मजबूत करेंगे। समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा था। हम सब उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण एवं समाजवादी साहित्य के अध्ययन पर बहुत जोर देते थे। प्रशिक्षण शिविरों में उनके भाषण बहुत प्रेरणाप्रद होते थे। उनसे हम सबको बहुत सीखने का मौका मिलता था। वे गम्भीर से गम्भीर विषय को बहुत सरलता से समझाते थे। वे पार्टी के समर्पित नेता थे।

## गन्ने की कालाबाजारी में लिप्त लोगों पर होगी सख्त कार्रवाई



- जांच के दौरान अनेकों ऐसे प्रकरण सामने आए जिनमें किसानों ने अवगत कराया कि उनकी पर्चियों पर अन्य किसानों ने गन्ना तौल करा ली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयुक्त** गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि प्रायः ऐसा देखने में आ रहा है कि कतिपय अवांछनीय तत्वों द्वारा गन्ने की कालाबाजारी करने की दृष्टि से एक ही मोबाइल नम्बर पर अपने परिवार के सदस्यों से इतर अन्य गन्ना किसानों की एसएमएस गन्ना पर्चिया प्राप्त कर गन्ना आपूर्ति कर दिया जाता है। जिससे गरीब गन्ना किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। इसके समाधान के लिए विभाग द्वारा एक ही मोबाइल नम्बर पर 10 या उससे अधिक सट्टों के लिए जारी एसएसएस गन्ना पर्चियों के चिन्हांकन हेतु युद्ध स्तर पर जांच करायी जा रही है, जिससे अनियमित रूप से चल रहे सट्टों को बन्द करा कर दोषियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जा सके।

इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए गन्ना आयुक्त ने बताया कि कतिपय अवांछनीय तत्व गन्ने की कालाबाजारी करने की दृष्टि से छोटे गन्ना किसानों के खेत में खड़े गन्ने को खरीद कर उनके सट्टों पर अपना मोबाईल नम्बर फीड कर देते हैं, जिससे गन्ना आपूर्ति हेतु पर्चियों उनके मोबाईल पर प्राप्त हो जाती हैं। इसके अतिरिक्त गन्ने की कालाबाजारी करने वाले लोगों द्वारा किसानों के त्रुटिपूर्ण मोबाईल नम्बर फीड करा दिये जाते है, जिससे गन्ना पर्ची का एसएमएस वास्तविक किसान तक नहीं पहुंच पाता तथा इसका लाभ उठाकर गन्ना माफियाओं द्वारा एकनॉलेजमेण्ट शीट के आधार पर गन्ने की आपूर्ति कर दी जाती है। गन्ना आयुक्त ने बताया कि जांच के दौरान अनेको ऐसे प्रकरण सामने आये जिनमें किसानों द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी पचियों पर किन्ही अन्य किसानों द्वारा गन्ना तौल करा ली जा रही है, जिससे वह गन्ना तौल नहीं करा पा रहे है। इसके निवारण हेतु एक ही मोबाईल नम्बर पर 10 या उससे अधिक सट्टों हेतु लिंक होने पर जांच कराकर सही कराने एवं बोगस त्रुटिपूर्ण एवं डमी मोबाईल नम्बरों में सुधार हेतु परिक्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बोगस, त्रुटिपूर्ण एवं डमी मोबाईल नम्बरों पर चल रहे सट्टों पर यदि आपूर्ति नहीं हो रही है तो नियमानुसार ऐसे सट्टों को बन्द कराते हुए सिस्टम से डिलीट कराने हेतु भी परिक्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। गन्ना आयुक्त ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई अवांछनीय तत्व अथवा गन्ना माफिया जानबूझकर गन्ने की कालाबाजारी करने हेतु एक ही नम्बर पर अनियमित रूप से विभिन्न सट्टों की एसएमएस गन्ना पर्चियां प्राप्त करते हुए पाया जायेगा तो उसके विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति की कोर ग्रुप की बैठक आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आरक्षण** बचाओ संघर्ष समिति संयोजक मंडल ने कल 23 जनवरी को अपने कोर ग्रुप की आवश्यक बैठक बुलाई है। जिसमें पदोन्नति में आरक्षण की व्यवस्था को बहाल कराने को लेकर पूरे प्रदेश के 86 सुरक्षित विधान सभाओ में आरक्षण समर्थकों द्वारा चलाये जा रहे जागरुकता अभियान की समीक्षा की जाएगी। संघर्ष समिति लगातार विधान सभा की सुरक्षित सीटों पर आरक्षण समर्थक जनप्रतिनिध चुनने के लिए 100 प्रतिशत एक जुट होकर वोट की चोट दे कर आरक्षण समर्थक सरकार बनवाने के लिए अभियान चला रही है। जिसके लिए प्रदेश के 86 सुरक्षित सीटों पर संघर्ष समिति ने कमेटिया गठित कर जागरुकता अभियान चला रखा हो तीन चुनवों का इतिहास बताता है जिस पार्टी में सबसे ज्यादा सुरक्षित सीटों पर कब्जा किया उसी पार्टी की सरकार बनी लेकिन आरक्षण समर्थक जनप्रतिनिध न चुने जाने की वजह से जीत कर आने वाले जनप्रतिनिध पार्टी लाइन से ऊपर उठकर आरक्षण पर हो रहे कुठाराघात को रोकने में असफ ल साबित रहे लेकिन इस बार ऐसा कदापि नहीं होगा वही जीतेगा जो आरक्षण की बात करेगा।

## जनसम्पर्क कर ममता चौधरी ने गिनाई कांग्रेस की उपलब्धियां

संवाददाता। निगोहां

**विधानसभा** 176 मोहनलालगंज कांग्रेस से महिला प्रत्याशी ने शनिवार को विधानसभा मोहनलालगंज के कई गाँवो मे जनसंपर्क कर 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' नारे के साथ आजादी से बाद से देश के लिए कांग्रेस की उपलब्धियां जनता के सामने रखी ममता चौधरी ने कहा कि पिछले कई सालों में प्रदेश में विकास की गति बहुत धीमी रही है, वहीं बेरोजगारी बढ़ती ही जा रही है।

कांग्रेस महिला प्रत्यासी ममता चौधरी ने शनिवार को मोहनलालगंज, निगोहां भावाखेड़ा, समेसी हरिखेडा, गौतम खेड़ा, सिसेंडी समेत कई गांवों मे पहुंचकर जनसंपर्क किया व लोगों को आजादी के बाद से अब तक देश के लिए कांग्रेस की उपलब्धियां जनता के सामने रखी। ममता चौधरी ने कहा कि योगी सरकार ने अपने साढ़े चार साल के कार्यकाल में प्रदेश की तस्वीर को बदल दिया है। प्रदेश में गुंडा राज है। गुंडा माफि या खुले आम घूम रहे हैं या फिर प्रदेश भाजपा से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि साढ़े चार साल में प्रदेश की बेरोजगारी की दर बढ़ी है। प्रदेश के सभी ग्रामीण इलाकों में बिजली दर को बढ़ा दिया गया है प्रदेश में सरकार बनते ही 300 यूनिट तक मेरी सरकार मुफ्त बिजली देगी। शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश सरकार ने बहुत कम काम किया है।



### प्रधान समेत कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

**शनिवार** को जब कांग्रेस प्रत्याशी अपने साथियों के साथ जनसंपर्क में निकली जब इनका काफिला निगोहां कस्बा पहुंचा। इसी दौरान भावाखेड़ा ग्राम प्रधान अवधेश कुमार ने अपने साथियों के साथ ममता चौधरी से मिलकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## फेरों से पहले पुलिस थाने और तहसील के लगाने पड़ रहे चक्कर

संवाददाता। मोहनलालगंज

**कोरोना** के बढ़ते संक्रमण की वजह से वैवाहिक और मांगलिक आयोजनों की बुकिंग के लिए गेस्ट हाउस संचालकों ने परमीशन की शर्त तय कर रखी है। लिहाजा परमीशन के लिए फेरों से पहले वर-वधू पक्ष को पुलिस थाने और तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

कोविड प्रोटोकॉल पर अमल के जरिए ही कोरोना संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। लिहाजा प्रशासन और पुलिस ने गेस्ट हाउस संचालकों को हॉल की क्षमता का पचास फीसदी अथवा एक सौ लोगों की भीड़ ही अनुमन्य करने को कह रखा है। ऐसे में प्रशासन और पुलिस की परमीशन के बिना गेस्ट हाउस संचालक वैवाहिक और मांगलिक आयोजनों के लिए बुकिंग नहीं कर रहे हैं। लिहाजा वर-वधू पक्ष को ग्रामीण थाना क्षेत्र में एसडीएम और पुलिस कमिश्नरेट में डीसीपी आफिस से लेकर पुलिस थानों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। आनलाइन आवेदन की सुविधा नहीं होने से वैवाहिक कामकाज की व्यस्तता में परमीशन की शर्त ने लोगों की परेशानी बढ़ा रखी है।

### क्या कहती हैं एसडीएम

एसडीएम शुभी सिंह ने बताया निगोहां थानाक्षेत्र से अब तक एक परमीशन ही ली गई है। कोरोना संक्रमण फैलने से रोंकने के लिए कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन बेहद आवश्यक है। लेकिन किसी को भी बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा।

### क्या कहते हैं एसीपी

एसीपी विजयराज सिंह ने बताया वैवाहिक आयोजनों में भीड़ सीमित रखने और कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने के लिए ही परमीशन दी जा रही है। डीसीपी आफिस में प्राप्त हो रहे आवेदनों पर थाने की रिपोर्ट के आधार पर परमीशन जारी की जा रही है। कोरोना को हराने के लिए जरुरी सावधानी बरतना बेहद आवश्यक है।

## लवल एकादश को हराकर निगोहां ने खिताब पर कब्जा जमाया



संवाददाता। निगोहां

**निगोहां** में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में निगोहा राजा एकादश ने लवलगांव को हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में पहले लवल गांव ने जीता और निगोहा राजा एकादश को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। निगोहां की टीम ने निर्धारित 18 ओवर में 254 रनों का विशाल लक्ष्य रखा ए जिसमें शिवम ने 72 रनों की बेहतरीन पारी खेली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए लवल की टीम ने 14 ओवर में 155 रन ही बनाए और पूरी टीम आउट हो गई। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शिवम को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया और पूरे टूर्नामेंट में इनके बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए मैन ऑफद सीरीज से भी इन्हें नवाजा गया।

## बड़े बाबा मंदिर पर हवन-पूजन के साथ भंडारे का आयोजन

- यूपीसीएलडीएफ चेयरमैन ने कन्याओं को भोजन कराकर किया भंडारे का शुभारम्भ

संवाददाता। निगोहां



**निगोहां** के सैदापुर ग्राम में स्थित बड़े बाबा मंदिर पर शनिवार को सुंदरकांड पाठ व हवन-पूजन के साथ कोविड नियमों का पालन करते हुए भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे यूपीसीएलडीएफ के चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने बड़े बाबा के दरबार में मत्था टेकने के बाद कन्याओं को भोजन कराकर भंडारे का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि यूपीसीएलडीएफ चेयरमैन को पुष्पगुच्छ व शाल भेंटकर आयोजक रामकुमार मिश्रा, अश्वनी मिश्रा, विनीत मिश्रा ने स्वागत किया। जिसके बाद भंडारे में उपजिलाधिकारी डॉ.शुभी सिंह, तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा, मोहनलालगंज इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्रा, निगोहां थाना प्रभारी जीतेन्द्र प्रताप सिहं, नगराम इंस्पेक्टर मो.शमीम खान, ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, समाजसेवी अमित तिवारी,भाजपा नेता हंसराज, यूपीएल फैक्ट्री के महाप्रबंधक जीएन श्रीवास्तव, मैनेजर अरूण द्विवेदी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला एसमाजसेवी अनिल त्रिपाठी, सुरेन्द्र दीक्षित, बसपा नेता नागेश्वर द्विवेदी, अशोक तिवारी, अखिलेश द्विवेदी, प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी, अभय दीक्षित, यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवम त्रिपाठी सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भंडारे में पहुंचकर बड़े बाबा के दरबार में मत्था टेक कर पूड़ी-सब्जी व बूंदी का प्रसाद ग्रहण ग्रहण किया।

उत्तर प्रदेश पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई–निविदा सूचना निम्नलिखित ई–निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई–निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है :– ई–निविदा संख्या– T-87/ETC-II(K)/2021-22, विद्युत पारेषण खण्ड–इटावा के अन्तर्गत 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र जसवन्तनगर पर वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0 1180 /–(रू0 एक हजार एक सौ अस्सी मात्र)। धरोहर राशि रू0 15000 /– (रू0 पन्द्रह हजार मात्र)। ई–निविदा संख्या–T-88/ETC-II(K) /2021-22, विद्युत पारेषण खण्ड–इटावा के अन्तर्गत 220 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र भरथना पर वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0 1534 /–(रू0 एक हजार पाँच सौ चौंतीस मात्र)। धरोहर राशि रू0 20000 /–(रू0 बीस हजार मात्र) । ई–निविदा संख्या– T-89/ETC-II(K)/2021-22, विद्युत पारेषण खण्ड–इटावा के अन्तर्गत 132 के0वी0 विभिन्न पारेषण लाइनों के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0 2360 /–(रू0 दो हजार तीन सौ साठ मात्र)। धरोहर राशि रू0 25000/– (रू0 पच्चीस हजार मात्र)। ई–निविदा संख्या– T-90/ETC-II(K)/2021-22, विद्युत पारेषण खण्ड–इटावा के अन्तर्गत 400के0वी0 द्विपरिपथ उरई–मैनपुरी पारेषण लाइन के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0 3068 /– (रू0 तीन हजार अड़सठ मात्र)। धरोहर राशि रू0 30000 /–(रू0 तीस हजार मात्र) उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध हैं सभी सक्षम आपूर्ति/ कार्यदायी संस्थाएं तद्नुसार निविदा में भाग ले सकती हैं। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल द्वितीय, पनकी, कानपुर पत्रांक– 1132/वि0प्रे०मं0 द्वि0प0(का0)/टी0–1 दिनांक–22.01.2022''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

## ट्रेनों का स्टापेज न होने से क्षेत्रीय लोगों को नहीं मिल पा रहा लाभ

चुनावी मुद्दा

संवाददाता। मोहनलालगंज




**ट्रेनों का** स्टापेज न होने की की वजह से लाखों की लागत से संवरने के बाद भी मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन का लाभ क्षेत्रीय लोगों को नहीं मिल पा रहा है। तकरीबन दो दर्जन से अधिक पैसेन्जर और एक्सप्रेस ट्रेनें गुजरने के बावजूद भी स्टापेज के अभाव में जनता को रेल परिवहन सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लिहाजा जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाकर थक चुके क्षेत्रीय लोगों को ट्रेनों के स्टापेज की सौगात मिलने का इंतजार है।

मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन को संवारकर रेल मंत्रालय ने उसकी सूरत बदल कर रख दी है। रेलवे स्टेशन पर बेहतर प्लेटफार्म से लेकर आवागमन के लिए उपरगामी पुल तक की सुविधा भी मुहैया कराई गई है। लेकिन ट्रेनों का स्टापेज नहीं होने से आम जनमानस के लिए यह तमाम सुविधाएं बेमतलब साबित हो रही हैं। मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन से 12 पैसेन्जर और 16 एक्सप्रेस ट्रेनों का आवागमन निर्धारित है। लेकिन स्टापेज के अभाव में क्षेत्रीय लोगों को बेहद किफायती रेल परिवहन सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**प्रयागराज और काशी की पैसेन्जर भी तीन साल से कैंसिल:** मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन से बरेली व प्रयागराज और वाराणसी समेत एक दर्जन पैसेन्जर ट्रेनों के आवागमन का रुट निर्धारित है। जो कि रेल यात्रियों के लिए बेहद किफायती और आसान आवागमन सुविधा मुहैया करा सकती हैं। लेकिन अधिकारियों की मानें तो तीन साल से ये पैसेन्जर ट्रेनें भी कैंसिल चल रही हैं। लिहाजा परेशानहाल यात्रियों को सड़क परिवहन के जरिए जेब ढ़ीली करनी पड़ रही है।

### क्या कहते हैं विधायक



**सपा** विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने बताया मोहनलालगंज और निगोहां रेलवे स्टेशन पर जन उपयोगी ट्रेनों के स्टापेज बेहद आवश्यक है। रेल मंत्रालय को इस समस्या के निवारण के लिए पत्र लिखा गया है। लेकिन समाधान नहीं हो सका। सत्ता पक्ष के सांसद केन्द्रीय मंत्री भी हैं उन्हें इसके लिए पैरवी करनी चाहिए। मेरी उनसे अपील है कि जनता की सुविधा के लिए उन्हें इस मामले को रेल मंत्री के सामने उठाना चाहिए।

### क्या कहती हैं पूर्व विधायक



**भाजपा** अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक चन्द्रा रावत ने बताया मोहनलालगंज निगोहां व उतरठिया और मलिहाबाद में रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के स्टापेज का मुद्दा क्षेत्रीय सांसद और केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर जी रेल मंत्री को पत्र सौंपकर उठा चुके हैं। उनके प्रयासों से रेलवे स्टेशनों को लाखों की लागत से संवारा भी जा चुका है। उम्मीद है जल्द ही क्षेत्रीय रेल यात्रियों के लिए उपयुक्त ट्रेनों का स्टापेज भी शुरु हो जाएगा।

**धार्मिक यात्राओं का भी नहीं मिल रहा लाभ:** मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन से वैष्णों देवी के लिए जम्मू तवी एक्सप्रेस एवं विन्ध्यवासिनी धाम और पूर्णागिरी के लिए त्रिवेणी एक्सप्रेस का आवागमन रहता है। जबकि देहरादून के लिए दून एक्सप्रेस भी गुजरती है। लेकिन इन एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज नहीं होने से क्षेत्रीय लोगों को इन धार्मिक यात्राओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। परेशान हाल यात्री शहर जाकर इन ट्रेनों को पकड़ने के लिए मजबूर रहते हैं।

## शीतला माता मंदिर पर भी हुआ भंडारा

लोगों ने शीतला माता मंदिर में मत्था टेकने के बाद प्रसाद ग्रहण किया

संवाददाता। मोहनलालगंज

**कस्बे** के शिवाला वाली गली में स्थित शीतला माता मंदिर पर शनिवार को हवन-पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मोहनलालगंज के शिवाला वाली गली में स्थित शीतला माता मंदिर पर बीते वर्षो की भांति शुक्रवार को हवन-पूजन के साथ कन्या भोज के बाद आयोजित विशाल भंडारे में पूड़ी सब्जी के प्रसाद का वितरण किया गया। क्षेत्रीय लोगो ने शीतला माता मंदिर में मत्था टेकने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में यूपीसीएलडीएफ चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी सहित काफ ी सख्या में क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन वरिष्ठ अधिवक्ता ललित मिश्रा द्वारा किया गया।

## वंदन-पूजन कर प्रचार अभियान पर निकले केशव मौर्य

# फिर खिलेगा सुशासन का कमल

### खराब मौसम के चलते दो घंटे देर से गृहनगर पहुंचे डिप्टी सीएम, पत्नी राजकुमारी संग शक्तिपीठ माँ शीतला का दर्शन किया

### सपा प्रमुख अखिलेश पर बोला बड़ा जुबानी हमला



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज/कौशांबी

**उत्तर प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को विधानसभा सिराथू मे चुनाव प्रचार की शुरुआत कर दी है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य खराब मौसम के चलते हवाई मार्ग के स्थान पर सड़क मार्ग से गृह नगर सिराथू पहुचे। यहा उन्होने सबसे पहले जगत जननी माँ शीतला के दर्शन पूजन पत्नी राजकुमारी संग किया। केशव मौर्य मंदिर से निकल सीधा पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं माँ धनपती देवी से आशीर्वाद लेने पहुचे। पत्रकार वार्ता करते हुये उन्होने कहा कि अखिलेश उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर यह छिपा रहे है कि उन्होने कितने गुण्डे माफ्यिा भ्रष्टाचारी व्यभिचारी को टिकट दे रखा है वह जनता जनता चाहती है। उन्होने दावा किया कि प्रदेश मे कमल हर हाल मे खिलेगा। साल 2022 के चुनावी समर मे डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने सिराथू से अपने दूसरी पारी कि शुरुआत का बिगुल शनिवार को शक्ति व जन्म दात्री माँ के चरण वंदन कर कर दिया है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य के कार्यक्रम मे पहला विघ्न मौसम ने डाल उन्हे 2 घंटे विलंब कर दिया। वह हेलीकाप्टर से 11 बजे पहुचने वाले थे। लेकिन खराब मौसम एवं बूदा.बाँदी के चलते वह लखनऊ से उड़ान नहीं भर सके। मजबूरन डिप्टी सीएम केशव मौर्य व उनकी पत्नी राजकुमारी सड़क मार्ग से होते हुये 1 बजे सिराथू के माँ शीतला धाम पहुचे। डिप्टी सीएम केशव मौर्य व उनकी पत्नी राजकुमारी सहित जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठीए विधायक लाल बहादुरए विधायक संजय गुप्ताए विधायक शीतला पटेल सहित दर्शन पूजन किया। डिप्टी सीएम केशव को शक्ति पीठ माँ शीतला के गर्भगृह मे उनके पैतृक पुरोहित बैरागी बाबा सहित अन्य पंडा समाज के लोगो ने वैदिक मत्रों के बीच पूजा सम्पन्न कराई। इस दौरान माँ शीतला के बीज मंत्र का उच्चारण करा कर प्रचार अभियान का श्रीगणेश कराया गया। मंदिर से निकल केशव मौर्य ने सिराथूए कौशांबी सहित प्रदेश की 300 से अधिक सीट पर कमल खिलाने का दावा किया।

डिप्टी सीएम केशव मौर्य इसके पश्चात पार्टी पदाधिकारी आढ़या प्रसाद के घर पर उनसे मिलने पहुचेए करीब 15 मिनट रुकने के बाद वह प्रवीण गुप्ता की बेटी के वैवाहिक कार्यक्रम मे शिरकत कर उसे आशीर्वाद देने गए। फरीदागंज स्थित दिरगज मौर्य से मिलकर वह सीधे अपने पैतृक आवास पहुचे। यहा उन्होने माँ धनपती देवी के चरण छूकर चुनावी समर मे जीत का आशीर्वाद लिया। तय कार्यक्रम के तहत डिप्टी सीएम केशव मौर्य सिराथू के केसरवानी धर्मशाला मे आयोजित पार्टी कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों से बैठक कर चुनाव अभियान को नई दिशा दशा देने पर चर्चा की। पत्रकारों से बात करते हुये डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर बड़ा जुबानी हमला बोला। उन्होने कहा कि अखिलेश उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर यह छिपा रहे है कि उन्होने कितने गुण्डे माफ्यिा भ्रष्टाचारी व्यभिचारी को टिकट दे रखा है वह जनता जनता चाहती है।

## वैष्णो धाम मंदिर में लाखों की मूर्ति और नगदी चोरी

**हापुड़।** हापुड़ में सपनावत के प्रसिद्ध मंदिर वैष्णो धाम में शुक्रवार रात चोरों ने सोने चांदी की मूर्ति सहित अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। उन्होंने कहा कि चोरों को जल्द ही गिरफ्तार करके सामान बरामद कर लिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात चोरों ने सपनावत के वैष्णो धाम मंदिर में घुसकर लाखों रुपए की मूर्ती, स्वर्ण मुकुट और दानपात्र से रुपए चुरा ले गए। चोरों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। शनिवार सुबह मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पुजारी श्याम वशिष्ठ पहुंचे, तो मंदिर में चोरी की जानकारी हुई।

**चुनाव की चर्चाओं में मशगूल हैं ग्रामीणः** बीजपुर/सोनभद्र। स्थानीय थानाक्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं के चट्टी चौराहों पर ग्रामीण सुबह से लेकर शाम तक विधान सभा 2022 के चर्चाओं में मशगूल देखे जा रहे हैं। कही विभिन्न पार्टी के प्रत्यशियों को लेकर गांव के युवा व बुजुर्ग द्वारा तरह तरह के अटकलों का बाजार गर्म देखा जा रहा है तो कहीं भाजपा, सपा, बसपा व कांग्रेस दल के पार्टी समर्थक अभी से अपने पार्टी का बखान करते हुए उसे ही जिताने का दावा करते हुए ताल ठोक रहे है।

## मथुरा में मालगाड़ी पटरी से उतरी, रेल यातायात ठप



**मथुरा।** जनपद स्थित दिल्ली-मथुरा रेल खंड पर शुक्रवार रात भूतेश्वर एवं वृन्दावन रोड स्टेशन के बीच मालगाड़ी के पटरी से उतरने के बाद रेल यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। आगरा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के जन सम्पर्क अधिकारी (पीआरओ) एसके श्रीवास्तव ने बताया, यह मालगाड़ी चित्तूर निंबा स्टेशन से सीमेंट से लदे डिब्बों के साथ मथुरा होते हुए गाजियाबाद जा रही थी। दुर्घटना रात करीब 11.30 बजे हुई। इस दुघर्टना से अप और डाउन लाइन सहित मथुरा से पलवल तक की तीसरी रेल लाइन भी बाधित हो गई है। उन्होंने बताया कि सीमेंट के डिब्बों को हटाने के लिए 300 से अधिक कर्मचारी युद्ध स्तर पर लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेन के 15 डिब्बे उतरने से तीनों रेलवे लाइन बाधित हो गई जिसे जल्द से जल्द साफ करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने शाम तक यातायात बहाल होने की उम्मीद जताई। श्रीवास्तव ने बताया, दुर्घटना के कारण मुंबई से मथुरा होकर जाने वाली राजधानी, शताब्दी, साप्ताहिक ट्रेन, युवा स्पेशल सहित आदि 10 महत्वपूर्ण गाड़ियों का दिल्ली जाने के लिए मार्ग परिवर्तित किया गया है। इसके अलावा 10 अन्य गाड़ियों को रद्द कर दिया गया है।

**तीन भाषाओं को लेकर प्रदर्शन की तैयारीः** प्रयागराज। पोकेमॉन कंपनी ने अपने यूट्यूब के दर्शक और सब्स्क्राइबर की संख्या बढ़ाने के लिए भारत केंद्रित कंटेंट स्ट्रैटजी की घोषणा की है। अपने हिन्दी यूट्यूब चैनल की बड़ी सफलता के बाद कंपनी अपनी नई पोकेमॉन ऐनिम सीरीज पोकेमोन कंपनी तेलुगू तमिल और बंगाली इन तीन भाषाओं में भी लांच करने वाली है।

## महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण पहुंचे माघमेला, स्वागत

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी शुक्रवार को माघमेला स्थित ओल्ड जीटी रोड संगम लोवर मार्ग स्थित शिविर पर पहुंचे। जहां उनका संत महात्माओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने शिविर का शुभार भ फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि तीर्थराज प्रयाग विश्व का कल्याण करें। क्योकि जिस तरह से विश्व में कोविड तेजी से फैल रहा है। इससे बच्चे महिलाएं और लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कोविड को लेकर गंभीर है और सभी को वैक्सीन लगवायी जा रही है। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा कि सबसे जरुरी है कि सभी लोग स्वयं और परिवार को सुरक्षित रखें। जिससे कि वह वैश्विक बीमारी से सुरक्षित रहें। क्योंकि बचाव ही सुरक्षित रहने का उपाय है। उन्होंने माघमेले में आने वाले कल्पवासियों संत महात्माओं की सराहना किया। कहा कि कोविड जैसी महामारी में भी सनातन संस्कृति और परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। इसके पूर्व महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि ने आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के शिविर में पहुंचने पर भव्य पुष्प वर्षा और पांव पखारकर करके स्वागत किया। इस दौरान किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष किन्नर वेलफेयर बोर्ड की सदस्य महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि पीठाधीश्वर स्वामी मतंगीनंद गिरि महंत वैष्णवीनंद गिरि राहुल विकास सहित अन्य शिष्य शामिल रहे। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने माघमेला क्षेत्र के खाक चौक के महामंडलेश्वर स्वामी संतोष दास सतुआ बाबा स्वामी गोपाल महराज और स्वामी हिटलर बाबा सहित अन्य संत महात्माओं से मिलकर कुशलक्षेम पूछा और कई पहलुओं पर चर्चा की।

## बिजनौर पहुंचे भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की

**बिजनौर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने शनिवार को यहां प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। यह जानकारी भाजपा सूत्रों ने दी। सूत्रों ने बताया कि नड्डा शनिवार दोपहर बाद हेलीकॉप्टर से बिजनौर पहुंचे। उन्होने बताया कि नड्डा का हेलीकॉप्टर यहां पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर उतरा। सूत्रों ने बताया कि नड्डा ने यहां पहुंचने के बाद एक वैंक्वेट हॉल में बिजनौर और मुजफ्फरनगर की 15 विधानसभा सीटों के प्रत्याशियो और वरिष्ठ कार्यकर्ताओ के साथ पार्टी की स्थिति की समीक्षा की और चुनावी रणनीति समझाते हुए जीत का मंत्र दिया। उल्लेखनीय है कि शनिवार को हुई नड्डा की इस समीक्षा बैठक के बारे में मीडिया को आधिकारिक रूप से जानकारी नही दी गई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का मिला शव

**मुग़लसराय/चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-16 जीटी रोड पर एक पेट्रोल पंप के शौचालय में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर युवक की मौत होने से आक्रोशित लोगों ने मुगलसराय पचफेड़वा जीटी रोड जाम कर दिया। अलीनगर मुगलचक वार्ड नंबर 9 निवासी मटुकधारी उर्फ ढिल्लू चौहान 35 शुक्रवार की देर शाम घर से निकला। शनिवार की सुबह 4:00 बजे अपनी माता शांति देवी से फोन कर बताया कि मैं इलाहाबाद जा रहा हूं 2 दिन में आ जाऊंगा। लेकिन लगभग सात बजे अलीनगर लवे जीटी रोड पर एक पेट्रोल पंप के शौचालय मैं संदिग्ध परिस्थितियों में गमछे के फंदे लटकता शव उस समय मिला जब एक मुन्ना नामक मिस्त्री शौचालय में शौच के लिए गया। यह दृश्य देख इसकी सूचना पेट्रोल पंप मालिक के साथ पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मामले की जांच पड़ताल में छूट गई। लेकिन इससे आक्रोशित लोगों ने पेट्रोल पंप पर तोड़फोड़ के साथ मुगलसराय पचफेड़वा मार्ग जाम कर दिया। घटना की जानकारी होते ही मटुकधारी के पिता गिरजा शंकर दादी चमेली देवी माता शांति देवी पत्नी बेबी के साथ परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। दो मासूम बच्चों की आंखों में पिता का खोने का गम साफझलक रहा था। वहीं इस स बंध में सीओ रघुराज ने बताया की अलीनगर थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप के शौचालय में एक युवक का शव मिलने की सूचना पर अलीनगर पुलिस मौके पर पहुँचीं। जहाँ परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों के साथ मिलकर जीटी रोड जाम कर दिया था। परिजनों को समझाकर चक्का जाम समाप्त कर दिया गया।

## कैल्शियम-विटामिन डी की अधिकता से हो सकती है किडनी में पथरी

**लखनऊ।** कैल्शियम और विटामिन डी का अधिक सेवन आपकी किडनी के लिए हानिकारक हो सकता है और दीर्घावधि में किडनी में पथरी की समस्या पैदा कर सकता है। इस सम्बंध में ह्यूस्टन में एंडोक्राइन सोसाइटी में एक रिसर्च में पता चला कि कैल्शियम और विटामिन डी की डोज रक्त और मूत्र में कैल्शियम के उच्च स्तर को बढ़ा देता है, जो किडनी की पथरी होने के खतरे को बढ़ा सकता है। इसमें यह भी सुझाव दिया गया कि लोगों को मेडिसिन इंस्टीट्यूट द्वारा सुझाए गए दिशानिर्देशों से ज्यादा इनका सेवन नहीं करना चाहिए। विटामिन डी की सुझाई गई खुराक़ 800 अंतर्राष्ट्रीय यूनिट हैं और कैल्शियम की प्रति दिन की खुराक 800.1, 200 मिलीग्राम हैं। डॉ रोहित जैन कंसलटेंट ऑर्थोपेडिक्स ए स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट ने कहा कि देश में अधिकांश लोगों में विशेष रूप से महिलाओं में विटामिन डी और कैल्शियम की कमी रहती है। कुछ लोग बिना परामर्श के कैल्शियम और विटामिन डी सप्लीमेंट्स सिर्फइसलिए लेते हैं क्योंकि उनकी हड्डियों में दर्द हो सकता है या कमजोरी महसूस होती है। हालांकि यह कोई अन्य समस्या भी हो सकती है। विटामिन डी टॉक्सिटी ;विषाक्तताद्ध हाइपरलकसीमिया और हड्डियों के साथ कई समस्याओं को जन्म दे सकती है। बिना डॉक्टरी सलाह के भी कैल्शियम और विटामिन डी की गोलियां खाना आज के समय मे एक आम बात हो गई है। रीजेंसी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने इस मुद्दे पर अपनी चिंता जताई है ।

## पर्यावरण के अनुकूल समाधान की जरूरत

**प्रयागराज।** लोगों की बेहतरी को ध्यान में रखते हुए एएमए हर्बल ने में हर्बल जैविक और पर्यावरण के अनुकूल समाधान लाने और इनोवेशन करने के अपने मिशन को कायम रखते हुए वेजिटल वेलनेस ब्रांड ह्यूमैरी को लॉन्च किया है। ह्यूमैरी दुनिया की पहली व्यापक हर्बल प्राकृतिक फ्रूट वॉश रेंज है। जिसका उद्देश्य लोगों और उनके प्रियजनों को उन संभावित हानिकारक प्रभावों से बचाना है। कीटनाशकों कीटाणुओं बैक्टीरिया कृत्रिम कोटिंग आदि को हटाने में मदद करने वाले सौ प्रतिशत हर्बल प्राकृतिक समाधान खोजने की हमारी खोज के साथ एएमए हर्बल के नए ब्रांड ह्यूमैरी को आज लांच किया है। विभिन्न कीटनाशकों कीटाणुओं बैक्टीरिया कृत्रिम कोटिंग आदि से होने की संभावना है। एएमए हर्बल के सह संस्थापक और सीईओ यावर अली शाह ने कहा एक समूह के रूप में लोगों के लिए अधिक उद्देश्यपूर्ण और टिकाऊ तरीके से प्रकृतिक गुणों के लिए वचनबद्ध हैं।



## पंडित बिरजू महाराज की अस्थियां पहुंचीं काशी

**वाराणसी।** वरिष्ट कांग्रेस नेता,पूर्व मंत्री उप्र सरकार अजय राय ने कहा कि पंडित बिरजू महाराज का निधन भारतीय नृत्य कला में अपूरणीय क्षति वह स्वम् में नटराज थे। वह जहां खड़े हो जाते हैं वहां स्वयं नटराज खड़े हो जाते थे।उन्होंने भारतीय नृत्य कला को एक नया आयाम दिया व विश्व भर में भारतीय कला नृत्य को स्थापित किये।बढ़ती उम्र में भी महाराज विविध भावों और हाथों की अनूठी मुद्राओं में प्रस्तुतियों करते थे।उनकी यही कला सदैव जीवंत रहेगी।उनका जाना भारतीय नृत्य कला क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है काशी घराना से उनका लगाव था उनका जाना स पूर्ण संगीत प्रेमियी,हम बनारसियों के लिए क्षति है।शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। अस्थि कलश काशी आने पर श्रद्धांजलि देने वालो में पूर्व मंत्री अजय राय, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, महानगर कोषाध्यक्ष मनीष मोरोलिया, चंचल शर्मा,रोहित दुबे,विनय राय आदि लोग उपस्थिति रहे।

## अलीगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी जिला बदर

**अलीगढ़।** अलीगढ़ शहर से कांग्रेस उम्मीदवार सलमान इम्तियाज को जिले से बाहर रहने (जिला बदर) का आदेश दिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इम्तियाज के घर पर शुक्रवार को 14 जनवरी का यह आदेश चस्पा किया गया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को अपना नामांकन दाखिल किया था। अपर जिला मजिस्ट्रेट (शहर) राकेश कुमार पटेल ने बताया, "उन पर गुंडा अधिनियम के तहत मामला होने के आधार पर प्रतिबंध लगाया गया था क्योंकि वह शहर की शांति के लिए खतरा थे" इम्तियाज एएमयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष भी रहे हैं और उनपर पहले भी मार्च 2020 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में सीएए विरोधी आंदोलन के मद्देनजर प्रतिबंध लगाया गया था। एएमयू के कई अन्य छात्र नेताओं को भी इस तरह के प्रतिबंध आदेश जारी किए गए थे। इम्तियाज ने कहा कि उन्होंने 2020 में प्रतिबंध के आदेश का जवाब दिया था और तब से उनकी याचिका पर कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला है। उन्होंने बताया, "अचानक नामांकन दाखिल करने के बाद, मुझे शहर छोड़ने और कासगंज जिले के एक पुलिस थाने में रिपोर्ट करने को कहा गया है" गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में इम्तियाज ने भारत के राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजकर हरिद्वार में दिए गए कथित घृणा भाषणों के खिलाफ कार्वाई की मांग की थी। उन्होंने अलीगढ़ में प्रस्तावित धर्म संसद का भी विरोध किया था जिसे बाद में स्थगित कर दिया गया।

## अब अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विवि से संबद्ध नहीं होगा मेरठ मेडिकल कॉलेज

### चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की बैठक में लिया गया निर्णय, इसके लिए ली जाएगी एनओसी

### परिषद ने कई अहम फैसले भी किए



संवाददाता। मेरठ

**चौधरी** चरण सिंह विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज को अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा लखनऊ को स्थानांतरित नही किया जायेगा। इसके लिए चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ से एनओसी ली जायेगी। इसके अतिरिक्त बैठक में और भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

शनिवार को बृहस्पति भवन में कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला के अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में विवि की पिछ्ले दिनों हुई विद्वत परिषद की बैठक परीक्षा समिति की बैठक तथा वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत की संपुष्टि कार्य परिषद द्वारा की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन फैसीलिटी केंद्र का नाम प्रो0 वी0 पुरी के नाम पर करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज को शासन द्वारा स्थापित अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय को स्थानांतरित न करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए लखनऊ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय से अनापत्ति प्रमाणपत्र लिया जायेगा। गौरतलब है कि शासन स्तर पर अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना करके प्रदेश भर में संचालित मेडिकल व पैरा मेडिकल कॉलेजों को इससे संबंद्ध करने का निर्णय लिया गया था। इस संबंध में संबंधित चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा एक पत्र भी जारी किया गया था ए जिसमें कहा गया था कि यदि कोई राज्य विश्वविद्यालय अपने से संबद्ध मेडिकल कॉलेज को अटल बिहार वाजपेयी विश्वविद्यालय में स्थानांतरित नहीं करना चाहता है तो उसके लिए वह चिकित्सा विश्वविद्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र ले ले।। इस संबंध में कार्य परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज को स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। कार्य परिषद की बैठक में यह भी संज्ञान लिया गया कि समय समय पर प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय के बाहर एवं शहर के अन्य स्थानों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी होते रहे हैं। इस संबंध में कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय परिसर के पास बाह हो रहे अतिक्रमण को हटाने व इन स्थानों में रह रहे लोगों को कहीं ओर स्थानांतरित करने हेतु शासन एवं जिला प्रशासन को पत्र लिखा जाएगा। कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला द्वारा प्रो. वाई विमला को विवि का प्रति कुलपति नियुक्त करने के निर्णय को भी कार्य परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा डॉ0 राजीव सिजेरिया की नियुक्ति जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालयए दिल्ली में प्रोफेसर के पद पर हो गई थी। डॉ0 राजीव सिजेरिया द्वारा त्याग पत्र दिया गया था जिसको कार्य परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। आईटीएस इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ एंड एप्लाइड साइंसेज ग्रेटर नोएडा द्वारा संस्थान में संचालित बीएससी बायोटैक्नोलॉजी एवं एमएससी बायोटैक्नोलॉजी पाठयक्रम की संबंद्धता समाप्त किए जाने का आग्रह किया गया था जिसको कार्य परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में प्रति कुलपति प्रो0 वाई विमलाए कुलसचिव धीरेंद्र वर्माए वित्त अधिकारी सुशील कुमार गुप्ताए परीक्षा नियंत्रक डॉ. अश्वनी शर्माए कार्य परिषद सदस्य न्यायाधीश जम्मू.कश्मीर, पंकज मित्तल,डॉ. दर्शन लाल अरोडा आदि मौजूद रहे।

## पीडब्लूडी में एक और तमाशा, फिर फर्जी टेंडर का हुआ खुलासा

संवाददाता। बस्ती

- एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के शिकायत पर बैठाई गई जांच
- प्रहरी एप बना टेंडर को मैनेज करने का अड्डा
- बस्ती और गोरखपुर के चीफइंजीनियर पर एमएलसी ने लगाया गुमराह करने का आरोप

**बस्ती** और गोरखपुर मंडलों में पीडब्लूडी में भारी पैमाने पर फर्जी अनुभव प्रमाण-पत्र और टेंडर मैनेज करने का खेल हो रहा है। ऐसे ठेकेदारों के 30-30 करोड़ का टेंडर पास कर दिया, जिनके पास एक करोड़ के काम करने का अनुभव नहीं, मगर अधिकारियों ने कमीशन के लालच में न सिर्फ करोड़ों का टेंडर पास किया, बल्कि ठेकेदार को फर्जी अनुभव प्रमाण-पत्र बनाकर दे दिया। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह जो कि वित्तीय एवं प्रशासकीय बिलंब समिति के चेयरमैन भी हैं ने इसका खुलासा करते हुए चीफ इंजीनियर पर ही गुमराह का आरोप जड़ दिया। हालांकि शासन ने एमएलसी की शिकायत पर जांच के आदेश दे दिएं हैं। मगर इससे प्रहरी एप का सच सामने आ गया। ठेकेदारों का कहना है, कि अगर इसे यही समाप्त नहीं किया गया तो पीडब्लूडी कंगाल हो जाएगा। यही वह प्रहरी एप हैं, जिसे समाप्त करने के लिए पूर्वांचल आदर्श ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह पिछले दो साल से लड़ाई लड़ रहे हैं। मगर उनकी सुनी ही नहीं जा रही, धरना प्रदर्शन तक कर डाला, बावजूद शासन में बैठे आलाअधिकारी खामोश है। प्रहरी एप का दुरुपयोग करने का आरोप इससे पहले भी कई सांसद और आधा दर्जन से अधिक विधायक लगा चुके हैं, इन माननीयों के लिखने के बाद भी प्रहरी एप को अभी तक समाप्त नहीं किया गया।

### 20 फीसद बिलो टेंडर फेल, दो फीसद का पास

**पीडब्लूडी** बस्ती के बड़े ठेकेदार अशोक कुमार सिंह ने प्रहरी एप में हो रहे भ्रष्टाचार और टेंडर को मैनेज करने का खुलासा कमरते हुए प्रमुख सचिव पीडब्लूडी से जांच कराने की मांग की है। लिखा कि 17 दिसंबर 21 को लाट नंबर दो स्पेशल रिपेयर आफ'मुंडेरवा लालगंज से गौरा नेवारी मार्ग' का टेंडर निकला। लिखा विभाग ने उनके टेंडर को यह कहते हुए अपात्र कर दिया कि प्लांट का पेपर नहीं लगा, जबकि प्रमुख अभियंता शासन और अधीक्षण अभियंता पीडब्लूडी बस्ती का आदेश है, कि 75 लाख के नीचे के किसी भी टेंडर पर प्लांट या मशीनरी का कागजात न मांगा जाए। इसी के चलते उनका टेंडर निरस्त कर दिया, जबकि उन्होंने 20 फीसद बिलो का दर डाला था, मगर वहीं पर उस टेंडर को मैनेज करके रिस्पांसिव करने का प्रयास हो रहा है, जिसने दो फीसद बिलो कम दर डाला था। लिखा कि प्रहरी एप में भ्रष्टाचार चरम पर है। लखनफमें बैठे अधिकारी लाखों कमाने के चक्कर में सरकार का करोड़ों का नुकसान कर रहे है। इस पूरे मामले में निविदा लिपिक की भूमिका संदेह के घेरें में बताई गई है। टेंडर को निरस्त एवं दोषी अधिकारियों के विरुद्व कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

ठेकेदारों का कहना है, प्रहरी एप ने प्रदेश के छोटे ठेकेदारों के रोजगार को छीन लिया हैं, संगठन के पदाधिकारी इसे बंद करने के लिए चिल्लाते आ रहे हैं, मगर उनकी आवाज ही नहीं सुनी जा रही है, यहां तक कि मुख्यमंत्री ने भी नहीं सुनी, जबकि पूर्वाचल के ठेकेदार इस मामले में कई बार मुख्यमंत्री से गोरखपुर में मुलाकात भी कर चुके है। यहां तक कि ठेकेदारों की ओर से स्पष्ट कहा गया कि अगर इस एप को समाप्त नहीं किया गया तो चुनाव में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। मगर सब कुछ जानते भी मुख्यमंत्री खामोश है, इसका सीधा अर्थ सूबे के मुखिया ही नहीं चाहते थे प्रहरी एप बंद हो। इसी प्रहरी एप के जरिए प्रदेश के बड़े ठेकेदार और अधिकारी सरकारी धन का दुरुपयोग करके मालामाल होते जा रहे हैं, और वहीं पर छोटे ठेकेदार मुफलिसी में जी रहे है। प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग को लिखे पत्र में एके इंजीयिरिगं वर्कस तिवारीपुर गोरखपुर के उस टेंडर को निरस्त करने कहा जिसमें इस फर्म के द्वारा फर्जी अनुभव प्रमाण-पत्र, फर्जी बैलेंस शीट व अधिक टर्न ओवर दिखा कर 30 करोड़ का टेंडर हासिल कर लिया गया। एमएलसी की ओर से स्पष्ट लिखा गया है, कि यह सब जिला और मंडल के अधिकारियों की मिली भगत से हुआ। कहा कि अधिकारियों की मिली भगत और आपराधिक दुर्भिसंध से रिस्पांसिव यानि पास कर दिया गया। बस्ती और गोरखपुर के चीफ इंजीनियरों के क्रियाकलापों पर अगुंली उठाते हुए कहा कि इन्होंने एक एमएलसी को गुमराह किया। कहा कि शिकायत वही ठेकेदार कर सकता है, जिसने टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया, वह भी शिकायत 72 घंटे के भीतर करना होगा। इसपर एमएलसी ने कहा कि कोई भी शिकायत कर सकता है, और इसकी जांच मुख्य अभियंता को अधीक्षण अभियंता और दो एक्सईएन से कराए जाने का प्राविधान है। मगर अधिकारी गुमराह करते हुए नान-रिस्पोसिव को शासन का हवाला देते हुए रिस्पांसिव कर दिया। पता चला कि उक्त फर्जी अनुभव प्रमाण-पत्र गोरखपुर के निर्माण खंड भवन के एक्सईएन ने जारी किया। एमएलसी ने लिखा है, कि निविदा की अग्रेसर कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोक दिया जाए और संलग्न प्रपत्रों एवं धांधली की निष्पक्ष जांच कराकर फर्म एवं दोषी अधिकारियों के विरुद्व कड़ी कार्रवाई की जाए। नियम यह भी है, कि अगर प्रहरी एप में कोई भी कागजात गलत पाया जाता है, तो ठेकेदार के फर्म को हमेशा के लिए डिबार करने और उसे ब्लैक लिस्ट की सूची में डाला जाए।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 23 जनवरी, 2022



# गोवा में बीते पांच साल में 60 प्रतिशत विधायकों ने किया दलबदल

**भाषा।** पणजी

**गोवा** में बीते पांच साल में लगभग 24 विधायकों ने एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी का दामन थामा है, जो 40 सदस्ईय राज्य विधानसभा में विधायकों की कुल संख्या का 60 प्रतिशत है। एक संगठन की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस मामले में गोवा ने एक विचित्र रिकॉर्ड कायम किया है, जिसकी भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। गोवा में 14 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। रिपोर्ट में कहा गया है, मौजूदा विधानसभा (2017-2022) के पांच साल के कार्यकाल के दौरान लगभग 24 विधायकों ने दल बदला, जो सदन में विधायकों की कुल संख्या का 60 प्रतिशत हिस्सा है। भारत में इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ। इससे जनादेश के घोर अनादर की बात बिल्कुल साफ नजर आती है और अनियंत्रित लालच नैतिक दृष्टिकोण व अनुशासन पर भारी पड़ता दिखाई देता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 24 विधायकों की सूची में विश्वजीत राणे, सुभाष शिरोडकर और दयानंद सोपटे के नाम शामिल नहीं हैं, जिन्होंने 2017 में कांग्रेस विधायकों के रूप में

## ● बना देशव्यापी रिकॉर्डः एडीआर रिपोर्ट

विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। वे सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए थे और उसके टिकट पर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस के 10 विधायक 2019 में पार्टी का दामन छोड़ भाजपा में शामिल हो गए थे। इनमें नेता प्रतिपक्ष चंद्रकांत कावलेकर भी शामिल थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में जाने वाले कांग्रेस के अन्य विधायकों में जेनिफर मोनसेरेट (तालिगाओ), फ्रांसिस्को सिल्वरिया (सेंट आंद्रे), फिलिप नेरी रोड्रिग्स (वेलिम), विल्फ्रेड नाजरेथ मेनिनो डी सा (नुवेम), क्लैफसियो डायस (कनकोलिम), एंटोनियो कारानो फर्नांडीस (सेंट क्रूज़), नीलकंठ हलर्नकर (टिविम), इसिडोर फर्नांडीस (कैनकोना), अतानासियो मोनसेरेट (जिन्होंने मनोहर पर्रिकर के निधन के बाद 2019 में पणजी उपचुनाव जीता था) शामिल हैं। महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) के विधायक दीपक पौस्कर (संवोर्डेम) और मनोहर अजगांवकर (पेरनेम) भी इसी अवधि के दौरान भाजपा में शामिल हो गए थे। सालिगांव से गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) के विधायक जएश सालगांवकर भी भाजपा में शामिल हो गए थे। हाल में गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री तथा पोंडा से कांग्रेस विधायक रवि नाइक सत्तारूढ़ भगवा पार्टी में शामिल हुए। एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता लुइजिन्हो फलेरियो (नावेलिम) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का दामन थामा और वह 14 फरवरी के विधानसभा चुनावों में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। साल 2017 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के टिकट पर जीतने वाले पूर्व मुख्यमंत्री चर्चिल अलेमाओ ने भी हाल में टीएमसी का रुख किया। साल 2017 के चुनावों में, कांग्रेस 40 सदस्ईय सदन में 17 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी, लेकिन सरकार नहीं बना सकी, क्योंकि 13 सीटें जीतने वाली भाजपा ने कुछ निर्दलीय विधायकों और क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन कर सरकार बना ली थी।

## यदि भाजपा पणजी से अच्छा उम्मीदवार खड़ा करती है, तो चुनाव नहीं लड़ूंगा: उत्पल

**भाषा।** पणजी

**गोवा** के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़ना उनके लिए सबसे मुश्किल फैसला था और यदि भगवा दल पणजी से किसी अच्छे उम्मीदवार को खड़ा करता है, तो वह चुनाव नहीं लड़ेंगे।

उत्पल ने शुक्रवार को भाजपा छोड़ दी थी और घोषणा की कि वह राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव पणजी से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ेंगे। भाजपा ने उत्पल को टिकट न देकर मौजूदा विधायक अतानासियो मॉन्सेरेट को पणजी सीट से मैदान में उतारा है, जिसका प्रतिनिधित्व लंबे समय तक मनोहर पर्रिकर ने किया था। मनोहर पर्रिकर के बड़े बेटे उत्पल पर्रिकर ने शनिवार को कहा कि भाजपा हमेशा उनके दिल में है। उन्होंने कहा कि पार्टी छोड़ने का फैसला आसान नहीं



था। उत्पल ने कहा, यह सबसे मुश्किल फैसला था। इस दौरान मैं यही उम्मीद करता रहा कि मुझे यह फैसला नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा, मैं इस बात से नाखुश हूं कि मुझे यह फैसला (पार्टी छोड़ने और निर्दलीय चुनाव लड़ने का) करना पड़ा, लेकिन आपको कभी-कभी मुश्किल फैसले करने पड़ते हैं। यदि पार्टी पणजी से किसी अच्छे उम्मीदवार को खड़ा करती है तो मैं फैसला वापस लेने के लिए तैयार हूं। उत्पल ने अधिक विस्तार से बात किए बिना दावा किया कि उन्हें टिकट नहीं दिया जाना 1994 की उस स्थिति के समान है, जब उनके पिता को पार्टी से बाहर निकालने की कोशिश की गई थी। उन्होंने कहा, उस समय मनोहर पर्रिकर को बाहर इसलिए निकाला नहीं जा सका था, क्योंकि उनके पास लोगों का समर्थन था। उन्होंने कहा वे (उनके पिता के विरोधी) लोग अब भी पार्टी में ऊंचे पदों पर बैठे हैं, जबकि उनके जैसा व्यक्ति लोगों के साथ है। उत्पल ने 2019 पणजी उपचुनाव का जिक्र किया, जो उनके पिता के निधन के बाद हुआ था। उन्होंने कहा कि उन्हें उस समय भी टिकट नहीं दिया गया था, जबकि उनके पास समर्थ था। उत्पल ने कहा, जब (भाजपा प्रमुख जे पी नड्डा) नड्डा जी गोवा आए थे, तो पांच दंपत्तियों ने (अगले महीने होने वाले चुनाव के लिए) पार्टी का टिकट मांगा था। यदि मनोहर पर्रिकर जीवित होते, तो एक भी पुरुष नेता अपनी पत्नी के लिए टिकट मांगने की हिम्मत नहीं कर पाता।

## टिकट नहीं मिलने से नाराज गोवा के पूर्व सीएम लक्ष्मीकांत पार्रसेकर भाजपा छोड़ेंगे

**भाषा।** पणजी

**अगले** महीने के राज्य विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा टिकट नहीं देने से नाराज, गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीकांत पारसेकर ने शनिवार को कहा कि वह सत्तारूढ़ पार्टी से इस्तीफा दे देंगे।

पीटीआई-भाषा से बातचीत में, 65 वर्षीय नेता ने कहा कि वह पार्टी में नहीं रहना चाहते हैं और आज शाम तक अपना त्यागपत्र औपचारिक रूप से सौंप देंगे। पारसेकर फिलहाल आगामी गोवा चुनाव के लिए भाजपा की घोषणा-पत्र समिति के प्रमुख हैं और पार्टी को कोर समिति के भी सदस्य हैं। भाजपा ने मांद्रेम विधानसभा सीट के लिए मौजूदा विधायक दयानंद सोपते को नामांकित किया है। इस सीट का पारसेकर ने 2002 से 2017 के बीच प्रतिनिधित्व किया था। सोपते ने 2017 के राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर पारसेकर को हराया था लेकिन 2019 में नौ अन्य नेताओं के साथ सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए थे। पारसेकर ने कहा, फिलहाल, मैंने इस्तीफा देने का फैसला किया है। मैं आगे क्या करूंगा, इसका फैसला बाद में करूंगा।

उन्होंने कहा कि सोपते मांद्रेम में मूल भाजपा कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर रहे हैं जिससे उनके भीतर व्यापक असंतोष है। पारसेकर 2014 से 2017 के बीच गोवा के मुख्यमंत्री थे। उन्हें तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद राज्य का मुख्यमंत्री चुना गया था। भाजपा ने 14 फरवरी के गोवा विधानसभा चुनाव के लिए 34 प्रत्याशियों की पहली सूची की घोषणा कर दी है। राज्य में विधानसभा की 40 सीट हैं।

## लता मंगेशकर के स्वास्थ्य में आ रहा है सुधार, लेकिन अब भी आईसीयू में हैं: डॉक्टर

**मुंबई।** महान गायिका लता मंगेशकर अभी आईसीयू में ही हैं लेकिन उनके स्वास्थ्य में सुधार आ रहा है। उनका उपचार कर रहे डॉक्टरों ने शनिवार यह जानकारी दी। मंगेशकर (92) को कोरोना वायरस संक्रमण हो गया था और उन्हें हल्के संक्रमण के साथ आठ जनवरी दक्षिण मुम्बई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ब्रीच कैंडी अस्पताल की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रतित समदानी ने पीटीआई-भाषा से कहा, उनकी स्थिति में सुधार नजर आ रहा है। वह आईसीयू में हैं। यह कहना मुश्किल है कि वह कितने दिन अस्पताल में रहेंगी। परिवार की करीबी दोस्त अनुषा श्रीनिवासन अय्यर ने एक बयान में कहा , लता दीदी में पहले की तुलना में सुधार नजर आ रहा है और डॉ. प्रतित की अगुवाई में डॉक्टरों की शानदार टीम की निगरानी में आईसीयू में उनका उपचार चल रहा है। हम आशाभरी निगाहों से देख रहे हैं तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होकर घर वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैलने लगी थी कि मंगेशकर का स्वास्थ्य बिगड़ गया है। अय्यर ने अफवाहों का खंडन करते हुए कहा, दिल से अनुरोध है। किसी गलत खबर को हवा न दें ....परिवार एवं डॉक्टरों को निजता की जरूरत है। हम ईश्वर से दीदी के शीघ्र स्वस्थ होकर घर वापस आने की प्रार्थना करें।

## उप्र की झांकी में काशी विश्वनाथ धाम, स्थानीय शिल्प की झलक होगी

**नई दिल्ली।** इस साल गणतंत्र दिवस परेड में उप्र की झांकी में काशी विश्वनाथ धाम की प्रतिकृति होगी, जो प्राचीन शहर के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को प्रदर्शित करेगी। अधिकारियों ने बताया कि भारत की आजादी के 75 साल की थीम पर आधारित उप्र की यह झांकी राज्य के एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम को भी प्रदर्शित करेगी, जो कौशल विकास कार्यक्रम के जरिए स्वदेशी उत्पादों, कला और हस्तशिल्प को संरक्षित, विकसित और बढ़ावा देने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी पैदा करती है। देश की आजादी के 75 साल होने पर आधारित झांकी को तैयार करने में कोलकाता के कलाकारों की संवाएं ली गई। प्रतिकूल मौसम के बावजूद कलाकारों ने 20 दिनों के भीतर झांकी तैयार की। उत्तर प्रदेश की झांकी में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति तथा औद्योगिक विकास नीति पर आधारित ओडीओपी कार्यक्रम के तहत कौशल विकास एवं रोजगार से प्राप्त उपलब्धियों को दिखाया जाएगा। उत्तर प्रदेश की झांकी पर एक नोट में लिखा है, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में हुए विकास को प्रदर्शित किया गया है। उत्तर प्रदेश की झांकी में गोरखपुर के प्रसिद्ध टेराकोटा सिरेमिक शिल्प का भी प्रदर्शन होगा। झांकी के शीर्ष पर ओडीओपी कार्यक्रम के तहत पीतल से बनी गाय मुरादाबाद के धातु शिल्प का प्रतिनिधित्व करेगी। अधिकारियों ने कहा कि झांकी का मध्य भाग वाराणसी के घाटों पर हिंदू संतों द्वारा सूर्य को अर्घ्य देने और सुबह की प्रार्थना की संस्कृति को प्रदर्शित करेगा।

## करोड़ों सूर्य नमस्कार के साथ होगी राष्ट्र वंदना

**लखनऊ।** देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव पर्व मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत वैश्विक स्तर पर 75 करोड़ सूर्य नमस्कार अभियान द्वारा आजादी के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाले वीर शहीदों के सम्मान में राष्ट्र वंदना की जा रही है। योगगुरु स्वामी रामदेव महाराज और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय व खेल मंत्रालय के संयुक्त प्रयास में इस अभियान को ऐतिहासिक बनाने के लिए पतंजलि योगपीठ हरिद्वार, राष्ट्रीय योगासन खेल संघ (एनवाईएसएफ), गायत्री परिवार, क्रीड़ा भारती और हार्टफुलनेस महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राष्ट्रीय योगासन खेल संघ की राजकीय इकाई उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की जिला समन्वयक प्रीति कटियार ने बताया कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर 75 करोड़ सूर्य नमस्कार अभियान का

### ● गणतंत्र दिवस को संगीत की लय पर होगा योगाभ्यास

विश्व कीर्तिमान बनने जा रहा है। कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से चलाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस पर संगीत की लय पर सूर्य नमस्क ार का आयोजन होगा साथ ही 7 फरवरी रथ सप्तमी (सूर्य जयंती) व 12 फरवरी स्वामी दयानंद सरस्वती जी जयंती पर विशेष आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत प्रदेशभर में उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा बड़े स्तर पर पंजीकरण प्रक्रिया चलाई जा रही है। जिसके लिए हर जिले में समन्वयक भी नियुक्त किए गए हैं जिनके सहयोग से लोग इस महापर्व में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें। एसोसिशन की तरफ से अधिक से अधिक स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालयों को पंजीकरण प्रक्रिया का वीडियो भी उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि पंजीकरण करने में असुविधा न हो। अपनी राष्ट्रभक्ति दर्ज कराने के लिए कोई भी व्यक्ति, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, सभी सरकार व गैर सरकारी, गैर शैक्षणिक संस्थाएं व संस्थान www.75suryanamaskar.com पर जाकर स्वयं को 30 जनवरी तक पंजीकृत सकते हैं। पंजीकरण के बाद कोई भी 21 दिन तक हर दिन 13 राउंड सूर्यनमस्कार करके हर दिन प्रतिभागी को अपना प्रोफाइल लॉग इन करके योग कलैंडर पर टिक करना होगा। 21 दिन पूरे होने के बाद प्रतिभागी को प्रोत्साहन ई सर्टिफिकेट भी प्राप्त होगा। यह अभियान एक जनवरी से शुरू हुआ है और 20 फरवरी तक चलेगा।



नई दिल्ली में सीपीडब्ल्यूडी कार्यकर्ताओं ने गणतंत्र दिवस परेड से पहले कनॉट प्लेस इलाके में राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किया

## पश्चिम बंगाल: दवा दुकान में पार्सल बम विस्फोट में चार लोग घायल

**हेमताबाद (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल में उत्तरी दिनाजपुर जिला स्थित एक दवा दुकान में पार्सल बम विस्फोट होने से कम से कम चार लोग घायल हो गए। पुलिसने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार दोपहर हेमताबाद के बहरैल में हुई। उन्होंने बताया कि दो घायलों की स्थिति नाजुक है और दो अन्य की हालत स्थिर है। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि घटना के सिलसिले में एक इलेक्ट्रिक रिक्शा चालक और एक महिला की पहचान की गई है। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रिक रिक्शा चालक ने यह पार्सल बम दवा दुकान पर पहुंचाया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि इसमें महिला भी संलिप्त थी। दोनों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया है। बम एवं पार्सल बॉक्स के अवशेष के नमूने फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं।

## वे कैराना के जरिए यहां कश्मीर बनाने का सपना देख रहे थे : योगी आदित्यनाथ

**भाषा।** बुलंदशहर, आगरा

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सुरक्षा और विकास के मुद्दे पर समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपराधियों को अपना प्रत्याशी घोषित कर विनाश की सूची जारी की है। उन्होंने कहा, वह कैराना के जरिए यहां कश्मीर बनाने का सपना देख रहे थे। ऐसे तत्वों को हमने कहा है- कश्मीर अब स्वर्ग बन रहा है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 10 फरवरी को होगा और इसके लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उन जिलों में घर-घर जाकर प्रचार किया जहां पहले चरण में वोट पड़ेंगे।



शनिवार को शाह शामली जिले के कैराना में थे जहां भाजपा के अनुसार, समाजवादी पार्टी के शासनकाल में हिन्दुओं को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा। शाह ने कुछ प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया और दंगाइयों को पहले संरक्षण मिलता था लेकिन अब वह कानून के शिंकजे में हैं। उन्होंने कहा, इसके लिए इरादा सही होना जरूरी है और यह केवल भाजपा के पास है। आदित्यनाथ ने कहा कि केवल उनकी पार्टी कानून का राज और सबका विकास सुनिश्चित कर सकती है जिससे तुष्टिकरण की राजनीति खत्म हो सकती है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने आगरा में मतदाताओं से मुलाकात की और कहा कि अगले 20-25 साल तक भाजपा सत्ता में रहेगी। कौशाम्बी में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने अपराधियों और गुंडों को टिकट दिया है। मुख्यमंत्री ने कहाकि भाजपा समाज के हर वर्ग के हितों का ध्यान रखती है।

## ओवैसी, कुशवाहा और मेश्राम ने बनाया भागीदारी परिवर्तन मोर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में विधानसभा चुनाव के लिए आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और जन अधिकार पार्टी के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा ने बैकवर्ड एंड माइनॉरिटी कम्युनिटी इंप्लाई फेडरेशन के अध्यक्ष वामन मेश्राम के साथ मिलकर शनिवार को नया गठबंधन भागीदारी परिवर्तन मोर्चा बनाने का ऐलान किया और सत्ता में आने पर दो मुख्यमंत्री बनाने का दावा किया। तीनों नेताओं ने शनिवार को यहां आयोजित एक पत्रकार वार्ता में नए गठबंधन की घोषणा की और दावा किया कि भागीदारी परिवर्तन मोर्चा राज्य की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा। भागीदारी परिवर्तन मोर्चा का संयोजक बाबू सिंह कुशवाहा को बनाया गया है। इस नए मोर्चे की शुरुआत करते हुए ओवैसी ने पत्रकारों

### ● सत्ता में आने पर दो मुख्यमंत्री बनाने का दावा

से कहा कि उनके गठबंधन को बहुमत मिलने पर राज्य में दो मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे जिनमें एक दलित समुदाय से होगा जबकि दूसरा ओबीसी (पिछड़ी जाति) समुदाय से होगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा तीन उप मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे जिनमें एक मुस्लिम समुदाय से होगा। जब ओवैसी से पूछा गया कि दो मुख्यमंत्री कब बनेंगे तो उन्होंने कहा कि ढाई-ढाई साल के लिए एक दलित और एक पिछड़े वर्ग का मुख्यमंत्री होगा।

बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि उनके गठबंधन के दरवाजे बंद नहीं हैं और अभी दूसरे दल भी आ सकते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच जो लड़ाई है वह अब भागीदारी परिवर्तन मोर्चा के बीच होगी और सपा गठबंधन तीसरे स्थान पर चला जाएगा। कुशवाहा ने कहा कि वह राज्य में पिछले चार माह से लगातार सम्मेलन कर रहे हैं। वामन मेश्राम ने कहा कि सरकार बनने पर तीन उप मुख्यमंत्री होंगे जिनमें एक मुस्लिम समुदाय से होगा और बाकी दो समुदाय के नाम जल्द घोषित कर दिए जाएंगे। नेताओं ने जिसकी जितनी संख्या भारी-उसकी उतनी हिस्सेदारी , नारा दोहराते हुए वादा किया कि सरकार बनने पर जातीय जनगणना कराई जाएगी और एक समान अनिवार्य व नि:शुल्क शिक्षा व्यवस्था लागू होगी। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानून बनाने का वादा करते हुए मोर्चा की ओर से पुरानी पेंशन बहाल करने का भी दावा किया गया। मोर्चा ने पिछड़ों को मेडिकल सहित सभी क्षेत्रों में आरक्षण लागू करने, किसानों को गन्ने मूल्य का भुगतान, छोटे, मझोले किसानों, दुकानदारों, व्यापारियों का कर्ज व बिजली का बिल माफ करने के वादे के साथ कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने का भी संकल्प दोहराया। भागीदारी परिवर्तन मोर्चा के नेताओं ने नई शिक्षा नीति का विरोध करते हुए यह भी कहा कि ऐसे कानून जो देश के पिछड़े, दलित, किसान, मजदूर एवं अल्पसंख्यकों को शिक्षा से वंचित करते हों, उन्हें तुरंत समाप्त किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा का वादा करते हुए उनके साथ हुए अन्याय व अत्याचार के निवारण के लिए नेताओं ने सरकार बनने पर विशेष अदालत का गठन करने की घोषणा की। पेट्रोल-डीजल पर अधिरोपित कर समाप्त करने के साथ ही कई और वादे दोहराए। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष ओमप्रकाश राजभर की अगुवाई में भागीदारी संकल्प मोर्चा का गठन हुआ था जिसमें ओवैसी और कुशवाहा के अलावा कई छोटे दल शामिल हुए थे। बाद में राजभर समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो गए। 2017 में राजभर ने भारतीय जनता पार्टी से गठबंधन किया था और उनकी पार्टी को चार सीटों पर जीत मिली थी।



हैदराबाद में विजय खेल के मैदान में कोविड-19 होम आइसोलेशन किट पैक करते कार्यकर्ता

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने गोपनीय सैनिक की हत्या की, वाहनों में लगाई आग

**भाषा।** बीजापुर

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक गोपनीय सैनिक की हत्या कर दी। वहीं, एक अन्य घटना में नक्सलियों ने तीन वाहनों में आग लगा दी। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के बीजापुर थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने शुक्रवार को गोपनीय सैनिक एंडो राम (45) की हत्या कर दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सलियों ने एंडो राम की हत्या कर शव को गंगालूर मार्ग पर फेंक दिया है, जिसके बाद पुलिस दल को रवाना किया गया और शव को बरामद कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावर नक्सलियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में नक्सलियों ने बीजापुर जिले के ही चेरकंटी पटेलपारा गांव के करीब एक ट्रक, एक हाइवा और एक जेसीबी मशीन में आग लगा दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि शुक्रवार को हथियारबंद नक्सली चेरकंटी गांव पहुंचे और वहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहे सड़क का काम रुकवा दिया, बाद में नक्सलियों ने वाहनों में आग लगा दी। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

## गिरिडीह में नक्सलियों ने दो मोबाइल टावर उड़ाए

**भाषा।** गिरिडीह (झारखंड)

**गिरिडीह** में नक्सलियों ने अपने शीर्ष कमांडर प्रशांत बोस की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित प्रतिरोध सप्ताह के पहले दिन जिले के खुखरा थाना और मधुवन थाना क्षेत्र के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुवन में दो मोबाइल फोन टावरों को जलाकर एवं बम से उड़ा कर नष्ट कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। डुमरी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ)मनोज कुमार ने बताया कि बीती रात करीब साढ़े दस बजे दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए भाकपा (माओवादी) के सदस्यों ने खुखरा स्थित एक मोबाइल टावर में आग लगा दी। उन्होंने बताया कि दूसरी घटना में नक्सलियों ने मधुवन में देर रात करीब एक बजे एक मोबाइल टावर को विस्फोटक से उड़ा दिया। पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद गिरिडीह जिले में नक्सलियों की धड़पकड़ के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अपने शीर्ष कमांडर प्रशांत बोस की गिरफ्तारी के विरोध में नक्सलियों ने पूरे राज्य में एक सप्ताह का प्रतिरोध सप्ताह मनाने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने 27 जनवरी को बिहार-झारखंड बन्द की भी घोषणा की है।

## नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे 11 ट्रैक्टरों एवं मशीनरी में आग लगाई

**नागपुर।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सलियों के एक समूह ने सड़क निर्माण के कार्य में लगे 11 ट्रैक्टरों एवं दो जेसीबी मशीनों में कथित रूप से आग लगा दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार दोपहर दो बजे भामरगढ़ तहसील के इरापनगर गांव में नकसलियों ने एक पोक्लेन (मिट्टी खुदाई) मशीन भी फूंक दी। उन्होंने कहा, करीब 40-50 नक्सली इस घटना में शामिल थे। वे दलम और मिलिशिया सदस्य थे। उन्होंने बताया कि जला दिए गए वाहन एवं मशीनरी सड़क निर्माण के काम में लगे ठेकेदारों के थे।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 23 जनवरी, 2022



# सिद्धू के सलाहकार मुस्तफा के बयान पर भाजपा और आप भड़के

**भाषा।** चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के प्रधान रणनीतिक सलाहकार एवं भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी मोहम्मद मुस्तफा पर मालेरकोटला में एक जनसभा में कथित रूप से एक समुदाय के खिलाफ भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया। हालांकि, राज्य की मंत्री एवं कांग्रेस उम्मीदवार रजिया सुल्ताना के पति मुस्तफा ने इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। मुस्तफा का एक कथित वीडियो भाजपा नेताओं, संबित पात्रा एवं शाजिया इल्मी ने अपने ट्विटर हैंडल पर साझा किया। प्रदेश भाजपा महासचिव सुभाष शर्मा ने कहा कि उनकी पार्टी मुस्तफा के विरूद्ध



मामला दर्ज करने की मांग करते हुए चुनाव आयोग के पास उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराएगी। आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने भी मुस्तफा की कथित टिप्पणी को लेकर उनकी निंदा की और आरोप लगाया कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव के करीब राज्य का माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता इल्मी ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि

● मालेरकोटला में दिए को भाषण की निंदा की

मुस्तफा ने अपने बयान में हिंदू शब्द का इस्तेमाल किया। मुस्तफा की पत्नी रजिया सुल्ताना, मालेरकोटला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी हैं। मालेरकोटला, पंजाब में एक मुस्लिम बहुल जिला है। भाजपा ने संवाददाता सम्मेलन में कथित वीडियो क्लिप दिखाया, जिसमें मुस्तफा 20 जनवरी को मालेरकोटला में एक जनसभा में यह कहते हुए सुने जा सकते हैं, मैं अल्लाह की कसम खाता हूं कि मैं उन्हें कोई कार्यक्रम नहीं करने दूंगा। मैं कौमी फौजी हूं...मैं आरएसएस का एजेंट नहीं हूं जो डर के मारे घर में छिप जाएगा। उन्होंने कथित रूप से वीडियो में कहा, यदि



वे फिर से ऐसा करने का प्रयास करेंगे तो मैं अल्लाह की कसम खाता हूं कि मैं उन्हें उनके घर में पीटूंगा। हालांकि, मुस्तफा ने हिंदू शब्द का इस्तेमाल करने से इनकार किया है और कहा कि उन्होंने बस आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया था क्योंकि उनमें से कुछ ने उनका पीछा किया था और उनके साथ दुर्व्यवहार करने का प्रयास किया था।

## शिवसेना विधायक की मदद करने पर सरकार को बर्खास्त किया जाए : महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख

**भाषा।** मुम्बई

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने शनिवार को राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से भेंट की और उनसे राज्य की उद्धव ठाकरे नीत सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। पाटिल ने राज्यपाल से भेंट के बाद जारी एक बयान में कहा कि शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस की महाविकास आघाडी (एमवीए) सरकार ने शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक से जुड़ी एक आवासीय परियोजना के लिए जुर्माना एवं ब्याज राशि माफ कर दी, जो पदभार संभालने के समय ली गई शपथ का उल्लंघन है। पाटिल ने कहा, राज्य के वित्त विभाग ने पहले ऐसे किसी प्रस्ताव पर ऐतराज किया था, लेकिन राज्य सरकार ने उसे दरकिनार कर दिया। हम इस संबंध में लोकायुक्त से संपर्क करेंगे।




गणतंत्र दिवस परेड 2022 से पहले एक प्रेस पूर्वावलोकन के दौरान रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की झांकी

## गणतंत्र दिवस : डीआरडीओ की झांकियों में दिखेंगे तेजस के हथियार, पनडुब्बी के लिए प्रणोदन प्रणाली

**भाषा।** नई दिल्ली

**गणतंत्र दिवस** परेड में इस साल रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की दो झांकियां शामिल की जाएंगी। इनमें हल्के लड़ाकू विमान तेजस के लिए स्वदेश में विकसित सेंसर, हथियार और इलेक्ट्रॉनिक युद्धक प्रणालियों तथा भारतीय पनडुब्बियों के लिए एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन प्रणालियों को प्रदर्शित किया जाएगा। डीआरडीओ की पहली झांकी में, चौथी पीढ़ी के एलसीए तेजस की क्षमता बढ़ाने वाले, स्वदेश में निर्मित उन्नत इलेक्ट्रॉनिक स्कैन ऐरे रडार उत्तम, आसमान से निशाना साधे जा सकने वाले पांच विभिन्न हथियारों और एक इलेक्ट्रॉनिक युद्धक जैमर को प्रदर्शित किया जाएगा। दूसरी झांकी में भारतीय नौसेना की पनडुब्बियों के लिए स्वदेश में विकसित एआईपी प्रणाली को प्रदर्शित किया जाएगा।

### जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में पाकिस्तान का झंडा बरामद

**जम्मू।** गणतंत्र दिवस से पहले कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शनिवार को पाकिस्तान का एक छोटा झंडा बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि एक गुब्बारे से बंधा झंडा घागवाल सेक्टर के रागुचक गांव में भारतीय क्षेत्र के अंदर गिरा। उन्होंने कहा कि झंडा स्पष्ट रूप से सीमा पार से इस ओर भेजा गया था और गुब्बारा नीचे गिरने पर यह कांटेदार तार में फंस गया। अधिकारियों ने कहा कि एक पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और वहां से झंडा बरामद कर लिया। उन्होंने कहा कि झंडे के साथ एक कागज पर कुछ पाकिस्तानी मोबाइल फोन नंबर लिखे मिले। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। गणतंत्र दिवस समारोह का शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के लिए केंद्रशासित प्रदेश में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा कोविड-19 संक्रमित हुए

**चंडीगढ़।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शनिवार को कहा कि वह कोविड-19 संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं का अपने घर में पृथकवास कर लिया है। हरियाणा में विपक्ष के नेता हुड्डा ने ट्वीट किया, कोविड जैसे कुछ लक्षण महसूस करने के बाद मैंने अपनी जांच करवाई। डॉक्टरों की सलाह पर मैंने घर में अपने आपको को अलग-थलग कर लिया है। पिछले कुछ दिनों में मेरी संपर्क में आए सभी व्यक्तियों से मैं उपयुक्त एहतियात बरतने एवं अपनी जांच करवाने का अनुरोध करूंगा। उल्लेखनीय है कि तीन हफ्ते पहले हुड्डा के बेटे और कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह भी कोविड-19 संक्रमित हुए थे। दोनों पिछले साल भी कोरोना वायरस की चपेट में आए थे।

### लोगों के संघर्ष को मजबूत करने पर काम करेगी माकपा : एचुरी

**हैदराबाद।** माकपा महासचिव सीताराम एचुरी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए लोगों के संघर्ष को मजबूत करने की दिशा में काम करेगी, क्योंकि मौजूदा केंद्र सरकार में संविधान, लोकतंत्र, सांप्रदायिक सौहार्द और अन्य चीजें खतरे में है। एचुरी ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की तेलंगाना इकाई को अपने डिजिटल संबोधन में कहा, आने वाले दिनों में देश के संविधान, लोकतंत्र, सांप्रदायिक सौहार्द, सामाजिक न्याय, केंद्र-राज्य संबंधो के लिए इस तरह का खतरा, इन सबका जवाब जनसंघर्षों को मजबूत करना है। हमारे अनुभव ने यह दिखाया है।

### तमिलनाडु में कोविड-19 से मौत के कम मामले : स्वास्थ्य मंत्री

**चेन्नई।** तमिलनाडु के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री एम. सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में तमिलनाडु में कोविड-19 के कारण होने वाली मौतों की संख्या कम है, क्योंकि 65 प्रतिशत आबादी को टीके की दोनों खुराक दी जा चुकी है। मंत्री ने कहा कि कोविड-19 के कारण इसलिए मौतें हुईं, क्योंकि लोगों ने टीके की एक भी खुराक नहीं ली थी और 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग पहले से कई रोगों से ग्रस्त थे। सुब्रमण्यम ने संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि 89 प्रतिशत लोग टीके की पहली खुराक ले चुके हैं, जबकि 65 प्रतिशत लोगों को दूसरी खुराक मिल चुकी है।

## कांग्रेस ने बीटिंग रिट्रीट से बापू के स्तुति गीत हटाने को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** महात्मा गांधी के पसंदीदा ईसाई स्तुति गीतों में से एक अबाइड विद मी की धुन को इस साल के बीटिंग रिट्रीट समारोह से हटाए जाने को लेकर शनिवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह राष्ट्रपिता की विरासत को मिटाने का एक और प्रयास है। पार्टी प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने ट्वीट किया, महात्मा गांधी के पसंदीदा स्तुति गीत को इस बार के बीटिंग रिट्रीट समारोह से हटा दिया गया। यह बापू की विरासत को मिटाने का भाजपा सरकार का एक और प्रयास है। उन्होंने यह भी कहा,



गांधी जी के खिलाफ टिप्पणी करने वाली साध्वी प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई। यह भाजपा का गोडसे प्रेम है। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने भी इस मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इस समय गांधी जी और उनके हत्यारे नाथूराम गोडसे के विचारों को माननों वालों के बीच वैचारिक युद्ध चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, मौजूदा समय में केंद्र में जो सरकार है वह गोडसे के विचारों को मानने वाली है। वह गांधी जी के खिलाफ टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध कोई कार्वाई नहीं करती। महात्मा गांधी के पसंदीदा ईसाई स्तुति गीतों में से एक अबाइड विद मी की धुन को इस साल 29 जनवरी को होने वाले बीटिंग रिट्रीट समारोह से हटा दिया गया है। भारतीय सेना द्वारा शनिवार को जारी एक विवरण पुस्तिका से इसकी जानकारी मिली। स्कॉटलैंड के एंग्लिकन कवि हेनरी फ्रांसिस लाइट द्वारा 1847 में लिखित अबाइड विद मी 1950 से बीटिंग रिट्रीट समारोह का हिस्सा रहा है।

## देश को कट्टर हिंदू राष्ट्र बनाने संकल्प लेते का लोगों का वीडियो वायरल, मामला दर्ज

**भाषा।** कोरबा

**छत्तीसगढ़ के** कोरबा जिले में पुलिस ने भारत को कट्टर हिंदू राष्ट्र बनाने और सिर्फ हिंदुओं के साथ ही संबंध रखने संबंधी वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह जानकारी पुलिस ने दी। कोरबा जिले के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने शनिवार को यहां बताया कि जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र की पुलिस ने प्रमोद अग्रवाल समेत अन्य लोगों के खिलाफ सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने का मामला दर्ज किया है। जिले में सोशल मीडिया में एक वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस ने यह मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि इस वीडियो में अग्रवाल की पहचान हुई है जबकि अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। वीडियो की जांच की गई तब पाया गया कि वीडियो की भाषा सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने वाली है जिसके बाद पुलिस ने अग्रवाल और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 153 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया। वीडियो में कुछ लोग अग्नि को साक्षी मानकर कथित तौर पर यह संकल्प लेते दिख रहे हैं कि यहां बांकीमोंगरा के निवासी भारत को कट्टर हिंदू राष्ट्र बनाएंगे, अपने घरों और प्रतिष्ठानों में केवल हिंदू धर्म के लोगों को नौकरी पर रखेंगे और हिंदू धर्म के लोगों के साथ संबंध रखेंगे। वीडियो के अंत में वहां मौजूद लोग जय श्री राम और राम राज की करो तैयारी आ रहे हैं भगवा धारी का कथित तौर पर नारा लगाते दिख रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास चिनाब में पंजाब के दो लोगों के डूबने की आशंका

**बनिहाल-जम्मू।** मूल रूप से पंजाब के रहने वाले दो लोगों के जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास चिनाब नदी में डूबने की आशंका है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। खराब मौसम के बावजूद दोनों व्यक्तियों की खोज के लिए तलाशी अभियान जारी है। दोनों अमृतसर निवासी हैं। रामबन की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहिता शर्मा ने कहा कि मंजीत सिंह (50) और उनके रिश्तेदार जितेंद्र सिंह (28) शुक्रवार को मेहर के पास नदी में उस वक्त फिसल गए, जब वे तस्वीरें ले रहे थे। वे एक ट्रक से कश्मीर जा रहे थे। इस यात्रा के दौरान ट्रक को सड़क किनारे खड़ा किया गया था और वे दोनों पर्यटन का आनंद लेने के लिए ट्रक से उतर गए थे। एसएसपी ने कहा कि मंजीत के बेटे सुमीर सहित दो अन्य रिश्तेदारों ने पुलिस को घटना की सूचना दी और तुरंत तलाशी व बचाव अभियान शुरू किया गया। तलाशी अभियान शुक्रवार देर रात तक जारी रहा और भारी बारिश के बावजूद शनिवार की सुबह फिर से शुरू कर दिया गया। जम्मू क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में बारिश हुई है, जबकि उंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा हिमपात हुआ।

### अंतरराष्ट्रीय कानून की अवहेलना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता: जर्मनी के राजदूत ने कहा

**मुंबई।** दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच भारत में जर्मनी के राजदूत वाल्टर लिंडनर ने शनिवार को कहा कि उनका देश अंतरराष्ट्रीय कानून की अवहेलना को नजरअंदाज नहीं कर सकता। यूक्रेन-रूस गतिरोध के बारे में उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिक आक्रामकता की स्थिति में परिणाम प्रतिकूल होंगे। इसी ऑनलाइन चर्चा में जर्मन नौसेना के युद्धपोत बायर्न के कप्तान कमांडर तिलो कल्स्की ने कहा कि भारत तथा जर्मनी अपने सैन्य सहयोग को और तेज करेंगे। यूक्रेन के खिलाफ संभावित रूसी सैन्य कार्वाई के बारे में बढ़ती चिंताओं पर, राजदूत लिंडनर ने कहा, यूक्रेन में हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है कि सीमाएं हैं ...यदि अधिक आक्रामकता होती है (तब) परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से दक्षिण चीन सागर में चीनी मुखरता बढ़ रही है और 2020 में जर्मनी ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र से संबंधित अपनी दिशानिर्देश नीति का अनावरण किया। राजदूत ने एक सवाल के जवाब में कहा, दिशानिर्देश किसी भी राष्ट्र के खिलाफ निर्देशित नहीं हैं। वे समावेशी हैं। लेकिन, निश्चित रूप सीमाओं के बीच ... हम उस व्यवहार पर आंखें नहीं मूंदते हैं जिससे अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान को खतरा हो। हम नियम-आधारित व्यवस्था के सम्मान के पक्ष में हैं। जब ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से निपटने की बात आती है तो चीन एक भागीदार है और एक आर्थिक प्रतियोगी तथा व्यवस्थित प्रतिद्वंद्वी भी है। लिंडनर ने कहा कि चीन की सरकार की एक अलग प्रणाली है, जबकि हम भारत और कई अन्य देशों की तरह एक लोकतांत्रिक प्रणाली हैं।

### अवैध रेत खनन में शामिल हैं मुख्यमंत्री : मजीठिया, चन्नी आरोपों को आधारहीन बताया

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता पंजाब बिक्रम सिंह मजीठिया ने प्रवर्तन निदेशालय के छापे में पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भतीजे के घर से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने के बाद मुख्यमंत्री और कांग्रेस पर शनिवार को हमला बोला। मजीठिया ने मुख्यमंत्री चन्नी पर अपने निर्वाचन क्षेत्र चमकौर साहिब में अवैध रेत खनन में शामिल होने का आरोप लगाते हुए मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की। इस बीच, चन्नी ने मजीठिया के आरोपों को आधारहीन और ओछा करार दिया और शिअद नेता को ऐसा भी साक्ष्य प्रस्तुत करने की चुनौती दी जो पूरे पंजाब में कहीं भी अवैध रेत खनन में उनकी संलिप्तता को उजागर करता हो।प्रवर्तन निदेशालय द्वारा हनी के धन शोधन जांच से किसी प्रकार का संबंध होने से इंकार करते हुए चन्नी ने कहा, मैंने अपने भतीजे भूपिंदर सिंह हनी के साथ अपने संबंधों से कभी इनकार नहीं किया है और रिश्तेदार होने के नाते वह मेरे कुछ कार्यक्रमों में उपस्थित हो सकता है। अगर मैं अपने बेटे की शादी या किसी अन्य समारोह में अपने रिश्तेदारों के साथ खिंचवाता हूं तो यह कोई अपराध नहीं है। मजीठिया ने चन्नी के विधानसभा क्षेत्र चमकौर साहिब में वन भूमि सहित अवैध रेत खनन की जांच की मांग की।



श्रीनगर के पास तंगमर्ग में ताजा बर्फबारी के दौरान सड़क से बर्फहटाने का काम करती मशीन

## खामपुर गांव के निवासी 120 साल पुराने पवित्र वृक्ष की 24 घंटे कर रहे रखवाली

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली के** अलीपुर के खामपुर गांव के निवासी इलाके में कथित रूप से करीब 120 साल पुराने बरगद के पवित्र वृक्ष की कड़ी निगरानी कर रहे हैं क्योंकि अज्ञात लोगों ने चोरी छिपे इसकी कुछ शाखाएं काट दी। स्थानीय लोगों ने कहा कि उनका इस वृक्ष से भावनात्मक लगाव है और वे त्योहारों के दौरान इसकी पूजा करते हैं। जबकि उनमें से कुछ ने वृक्ष की कुछ शाखाओं को काटे जाने घटना के



लिए स्थानीय भू-माफिया को दोषी ठहराया है। शुक्रवार को मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस से संपर्क किया। इलाके के निवासी अजय कुमार ने कहा, मेरे पिता का निधन हो गया और हम अंतिम संस्कार में व्यस्त थे। इस बीच, हमें पता चला कि पेड़ की कुछ शाखाएं काट दी गई हैं। पेड़ की करीब छह इंच चौड़ी लगभग पांच से छह शाखाएं काट दी गई हैं। कुमार ने कहा कि खामपुर उनका पुश्तैनी गांव है और उनके परिवार की कई पीढ़ियां वहां रही हैं।

### थाने लाकर व्यापारी से मारपीट के आरोपी थानाधिकारी निलंबित

**जयपुर।** प्रतापगढ़ के धरियावद में एक व्यापारी को थाने में लाकर मारपीट करने के आरोपी थानाधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। वहीं इस मामले में दो कांस्टेबल को लाइन हाजिर किया गया है। प्रतापगढ़ की पुलिस अधीक्षक डॉ अमृता दुहन ने बताया कि एक व्यापारी को धरियावद थाने में लाकर मारपीट करने के मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस उदयपुर कुंदन सिंह कावरिया को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच चल रही है। उदयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने आरोपी थानाधिकारी, को तुरन्त प्रभाव से निलंबित किया है।

## देश में अब तक कोविड रोधी टीके की 161.81 करोड़ से ज्यादा खुराक दी गई : सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश में अब** तक कोविड-19 रोधी टीके की 161.81 करोड़ से ज्यादा खुराक दी जा चुकी है। इसमें शनिवार को दी गई 61 लाख से अधिक खुराक शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि अब तक 92,69,16,256 लोगों को कोविड-रोधी टीके की पहली खुराक दी गई है, जबकि 68,32,71,219 लोगों को दोनों खुराकें दी जा चुकी हैं।स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकडे के



अनुसार, शनिवार को शाम सात बजे तक टीके की 61,62,171 खुराकें दी गईं। मंत्रालय के मुताबिक चिह्नित लाभार्थियों को अब तक 79,78,438 एहतियाती खुराक दी गई है। पिछले साल 16 जनवरी को देश में स्वास्थ्यकर्मियों को टीके दिए जाने के साथ टीकाकरण की शुरुआत हुई थी। इसके बाद दो फरवरी 2021 से अग्रिम मोर्चे के कर्मियों का टीकाकरण शुरू किया गया। बाद के चरणों में अन्य समूहों को टीका देने की शुरुआत की गई। इस साल तीन जनवरी को 15-18 वर्ष के किशोरों को टीका देने का अभियान शुरू हुआ। इस आयु वर्ग में अब तक 4,14,36,237 खुराकें दी जा चुकी हैं।

### रिश्वत का वीडियो वायरल होने के बाद जनपद पंचायत अधिकारी निलंबित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में एक जनपद पंचायत अधिकारी को सोशल मीडिया पर रुपए लेते हुए कथित वीडियो वायरल होने के बाद निलंबित कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि भोपाल के संभागीय आयुक्त गुलशन बामरा ने शनिवार शाम को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डी एन पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वीडियो बना रहा एक व्यक्ति एक दराज में कुछ रुपए डालते दिख रहा है और कुर्सी पर बैठा अधिकारी पूछता है कि कितना और किस लिए है।

## पुनर्विकसित सेंट्रल विस्टा में लाल ग्रेनाइट के फुटपाथ और सीढ़ीदार उद्यान होंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**लाल ग्रेनाइट** पत्थर लगे 1.10 लाख वर्ग मीटर में फैले फुटपाथ और उसके चारों तरफ हरियाली, राजपथ को रोशनी से नहाने के लिए 133 प्रकाश स्तम्भ, 4,087 पेड़, 114 आधुनिक साइन बोर्ड और सीढ़ीदार उद्यान राष्ट्रीय राजधानी में पुनर्विकसित हो रहे सेंट्रल विस्टा का हिस्सा होंगे, जो इसकी छटा में चार चांद लगाएंगे। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के अनुसार, सेंट्रल विस्टा को चौबीस घंटे पैदल यात्रियों के लिए अनुकूल बनाने के लिए राष्ट्रपति भवन और इंडिया गेट के बीच उद्यानों में और राजपथ के किनारे कुल 915



प्रकाश स्तम्भ होंगे। इस वर्ष राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखने वाले लोगों को सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत राजपथ का नया रूप देखने को मिलेगा। सेंट्रल विस्टा स्थल का दौरा करने वाले केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि राजपथ पर रविवार को फुल ड्रेस रिहर्सल परेड होगा। पुरी ने संवाददाताओं से कहा, (हालिया) वर्षा के बावजूद सभी कार्य पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 25 पेड़ों को अपने स्थान से हटाया गया है, जिनमें से 22 पेड़ों को दूसरी जगह ले जाया गया है और तीन को यहां लगाया गया है। हालांकि, गणतंत्र दिवस परेड की व्यवस्था के तहत राजपथ पर जलाशयों पर अस्थाई पुल बनाए गए हैं, लेकिन कुल 16 स्थाई पुल बनाए जाएंगे। एक आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, आठ सुविधा ब्लॉकों का निर्माण किया जा रहा है, जबकि चार पैदल यात्री अंडरपास पूरे खंड में बनाए जाएंगे। राजपथ के साथ, ।,10,457 वर्गमीटर में लाल ग्रेनाइट पत्थरों से फुटपाथ (पैदल मार्ग) बनाए गए हैं, जो पहले बजरी रेत से बने थे। राजपथ पर 987 कंक्रीट के बोल्डर लगाए गए हैं।



भारतीय सेना के जवानों ने गणतंत्र दिवस परेड के लिए रिहर्सल के दौरान शिमला के रिज पर मार्च पास्ट किया

# भारतीय व्यवसाय प्रौद्योगिकी पर कर रहे अधिक खर्च, मेक इन इंडिया का लाभ मिला: रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली




**भारत** में 74 फीसदी व्यवसाय वर्ष 2022 में प्रौद्योगिकी पर अधिक खर्च कर सकते हैं वहीं 72 फीसदी से ज्यादा व्यवसाय अधिक पूंजीगत निवेश कर सकते हैं। अमेरिकन एक्सप्रेस तथा इन्वेस्ट इंडिया की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

भारत कारोबार खर्च सूचकांक (आईबीएसआई) रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2021 में अन्य देशों के व्यवसायों की तुलना में भारतीय व्यवसायों का खर्च तीन गुना अधिक रहा जो उनकी वृद्धि का संकेत है। इसमें कहा गया कि आने वाले समय में व्यवसायों की स्थिति और भी मजबूत होगी। इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में बी2बी (व्यवसाय-से-व्यवसाय) खर्च 2021 की तीसरी तिमाही में एक साल पहले के मुकाबले 9.4 फीसदी बढ़ा और 2022 में इसमें 10.3 फीसदी वृद्धि होने का अनुमान है। इसमें कहा गया कि 2022 में 74 फीसदी व्यवसायों को प्रौद्योगिकी पर अधिक खर्च करने की उम्मीद है वहीं 72 फीसदी से अधिक व्यवसाय ज्यादा पूंजीगत निवेश कर सकते हैं। अमेरिकन एक्सप्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज अदलखा ने कहा, छह बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले भारत में बी2बी खर्च में सबसे ज्यादा वृद्धि हुई। यह दिखाता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी के संकट से उत्पन्न मुश्किलों से उबर रही है। सर्वेक्षण में शामिल 83 फीसदी कारोबारियों ने कहा कि भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान से उनके व्यवसायों को लाभ मिला। इन्वेस्ट इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक बागला ने कहा, यह रिपोर्ट सरकार की प्रमुख नीतियों के प्रति व्यवसायों की सकारात्मक प्रतिक्रिया को दिखाती है।

## ओवीएल ब्राजील में बुडियाओ गैस खोज के विकास चरण में पहुंची

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) की विदेश शाखा ओएनजीसी विदेश लिमिटेड ने ब्राजील में 2019 में हुई गैस खोज को वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य करार देते हुए कहा है कि गहरे समुद्र में स्थित यह ब्लॉक अब विकास के चरण में प्रवेश कर गया है। ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) ने अपने एक बयान में कहा कि इस ब्लॉक से गैस का उत्पादन जल्द ही शुरू हो जाएगा। उसने कहा कि विस्तृत मूल्यांकन में इस ब्लॉक को वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य पाए जाने के बाद ब्लॉक के विकास की तरफ कदम बढ़ाया जा रहा है। कंपनी ने वर्ष 2019 में ब्राजील के सर्गिप अलागोस बेसिन में गहरे समुद्र में स्थित ब्लॉक बीएम-सील-4 में एक बड़ी गैस भंडार की खोज की थी। ब्राजील की पेट्रोब्रास इस गैस ब्लॉक की परिचालक कंपनी है। उसके पास 75 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि ओवीएल के पास शेष 25 प्रतिशत हिस्सा है। इस फील्ड में कुछ मात्रा में तेल भंडार भी मौजूद है।

# देश के एक हजार शहरों में 5जी नेटवर्क लाने की तैयारी में जुटी रिलायंस जियो




**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा कंपनी जियो ने देश के 1,000 छोटे-बड़े शहरों में 5जी नेटवर्क कवरेज का ढांचा खड़ा करने की योजना बनाई है और इसके लिए अपनी फाइबर क्षमता के विस्तार के साथ पायलट योजना भी संचालित कर रही है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष किरण थॉमस ने एक बयान में भारत में 5जी सेवाएं मुहैया कराने से जुड़ी अपनी तैयारियों का ब्योरा देते हुए कहा कि इसके सफल संचालन के लिए कंपनी ने कई समर्पित टीमों का गठन किया हुआ है। थॉमस ने कहा, "देश भर के करीब 1,000 शहरों में 5जी कवरेज की योजना तैयार कर ली गई है। जियो अपने 5जी नेटवर्क पर स्वास्थ्य देखभाल एवं औद्योगिक स्वचालन जैसे उन्नत क्षेत्रों में परीक्षण भी करती रही है"।

उन्होंने कहा कि जियो देश के कई शहरों में 5जी नेटवर्क की पायलट परियोजना भी चला रही है। इसके साथ ही त्रिआयामी मानचित्रों की मदद से 5जी सेवा की शुरुआत के लिए नेटवर्क का खाका भी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, "हम अत्र्2 399।ाधुनिक तकनीक की मदद से नेटवर्क का खाका बना रहे हैं। इसकी वजह यह है कि 5जी बेहद अनूठी प्रौद्योगिकी है जिसे बेहद उन्नत नेटवर्क नियोजन तकनीकों की जरूरत है। इस तरह 5जी नेटवर्क लाने की मंजूरी मिलते ही हम अपनी शुरुआत को प्राथमिकता के हिसाब से तय कर पाएंगे"। 5जी स्पेक्ट्रम के लिए नीलामी अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ही शुरू होने की संभावना है।

# सार्वजनिक वाईफाई हॉटस्पॉट लगने से तीन करोड़ रोजगार पैदा होंगे: दूरसंचार सचिव

**भाषा।** नई दिल्ली




**दूरसंचार** नीति के अनुरूप इस साल के अंत तक देश भर में एक करोड़ सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित किए जाने पर दो-तीन करोड़ रोजगार अवसर पैदा होने की संभावना है। दूरसंचार सचिव के राजारमण ने शनिवार को बॉडबैंड इंडिया फोरम (बीआईएफ) के एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने वाई-फाई उपकरण निर्माताओं से कहा कि प्रधानमंत्री की वाई-फाई एक्सिस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम-वाणी) योजना के विस्तार के लिए वाईफाई उपकरणों की कीमतें कम करने पर ध्यान दें। राजारमण ने कहा, प्रत्एक हॉटस्पॉट से रोजगार के 2-3 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने के अनुमान को ध्यान में रखें तो 2022 तक राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति के लक्ष्य के अनुरूप एक करोड़ हॉटस्पॉट के सृजन से सूक्ष्म एवं मझोले क्षेत्रों में नौकरियों के दो से तीन करोड़ अवसर उत्पन्न होंगे। सार्वजनिक वाईफाई हॉटस्पॉट योजना में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की भरपूर संभावना है। यह छोटे स्थानीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के लाखों उद्यमियों को रोजगार के अवसर देने का भी माध्यम बन सकता है। पीएम-वाणी योजना के तहत देश भर में अब तक 56,000 से अधिक वाईफाई हॉटस्पॉट लगाए जा चुके हैं। राजारमण ने कहा कि विनिर्माताओं को अधिक संख्या में पीएम-वाणी कार्यक्रम से जुड़ना चाहिए। इस मौके पर बीआईएफ ने मेटा (पूर्व में फेसबुक) के साथ साझेदारी में बीआईएफ कनेक्टिविटी एक्सिलेटर प्रोग्राम की शुरुआत की घोषणा की। इसके तहत उद्यमी और स्टार्टअप नए किस्म के कनेक्टिविटी समाधान तैयार करेंगे और सार्वजनिक वाईफाई परिवेश को समर्थन देंगे।

## ट्रैवल एजेंट के संगठन ने बजट में एक भारत एक पयर्टन रुख अपनाने की मांग की

**मुंबई।** महामारी से बुरी तरह प्रभावित यात्रा, पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र के घरेलू उद्योग के पुनरुद्धार की खातिर भारतीय ट्रैवल एजेंट संघ (टीएएआई) ने आगामी आम बजट में एक कर ढांचे पर आधारित एक भारत एक पर्यटन रूख अपनाने की मांग की है। इसके अलावा टीएएआई ने विमानों के ईंधन (एटीएफ) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने की भी मांग की है ताकि हवाई यात्रा को सभी हितधारकों के लिए सुगम बनाया जा सके। इसके साथ ही संगठन ने आपात ऋण गारंटी योजना के विस्तार का भी सरकार से अनुरोध किया है। टीएएआई की प्रमुख ज्योति मयाल ने शनिवार को जारी एक वक्तव्य में कहा कि एक फरवरी को पेश किए जाने वाले बजट में समूचे यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को समर्थन देने वाले कई पहलुओं पर ध्यान दिए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि संकट से गुजर रहे इस क्षेत्र को मुश्किलों से उबारने के लिए एक भारत एक पर्यटन की सोच की जरूरत है जिसमें एक कर ढांचा हो।

# यस बैंक का तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 77 प्रतिशत बढ़कर 266 करोड़ रुपए पर पहुंचा

**भाषा।** नई दिल्ली



**निजी** क्षेत्र के ऋणदाता यस बैंक ने दिसंबर 2021 में खत्म तिमाही में 77 फीसदी वृद्धि के साथ 266.43 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया है जबकि वर्ष 2020 की समान तिमाही में उसका मुनाफा 150.77 करोड़ रुपए रहा था। यस बैंक की तरफ से शेयर बाजारों को दी गई सूचना के मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर 2021 तिमाही में उसकी कुल आय 5,632.03 करोड़ रुपए रही जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 6,408.53 करोड़ रुपए थी। तीसरी तिमाही में बैंक की ब्याज से अर्जित शुद्ध आय भी 31 फीसदी घटकर 1,764 करोड़ रुपए रह गई जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 2,560 करोड़ रुपए थी। दूसरी तरफ, बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 5.29 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो एक साल पहले की इसी तिमाही में 4.04 प्रतिशत थी।

बैंक ने अपने बयान में कहा, बैंक अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी इकाइयों यस एसेट मैनेजमेंट (इंडिया) लिमिटेड और यस ट्रस्टी लिमिटेड की समूची हिस्सेदारी को सीपीएल फाइनेंस ऐंड इन्वेस्मेंट्स के हाथों बिक्री की प्रक्रिया एक नवंबर 2021 तक पूरी कर चुका था। इस सौदे के बाद वित्तीय नतीजों पर 14.94 करोड़ रुपए का सकारात्मक प्रभाव देखा गया।

## आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 19 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक ने शनिवार को बताया कि ब्याज आय में वृद्धि और प्रावधानों में कमी के बल पर दिसंबर 2021 में समाप्त तिमाही में उसका संचई शुद्ध लाभ 18.8 प्रतिशत बढ़कर 6536.55 करोड़ रुपए हो गया। बैंक ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के आंकड़े दिए हैं। इसके मुताबिक, एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर 2020 की अवधि में उसने 5,498.15 करोड़ रुपए का संचई शुद्ध लाभ दर्ज किया था।बैंक ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी कुल आय 39,865.80 करोड़ रुपए रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 40,419.08 करोड़ रुपए थी। आईसीआईसीआई बैंक के मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर 2021 तिमाही के दौरान एकल आधार पर उसका कर-पश्चात लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 6,194 करोड़ रुपए हो गया। यह अक्टूबर-दिसंबर 2020 में 4,939.59 करोड़ रुपए रहा था। इस दौरान उसकी एकल आधार पर कुल आय बढ़कर 27,069.67 करोड़ रुपए हो गई, जो इससे पिछले साल की समान अवधि में 24,416 करोड़ रुपए थी। बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) सालाना आधार पर 23 फीसदी बढ़कर 12,236 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 9,912 करोड़ रुपए थी। बैंक ने फंसे हुए कर्ज या एनपीए अनुपात में 4.13 प्रतिशत सुधार दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत में 4.38 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध एनपीए 0.85 प्रतिशत था, जो वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में 0.63 प्रतिशत था। एनपीए में गिरावट आने से बैंक का वित्तीय प्रावधान भी एक साल पहले की अवधि के 2,741 करोड़ रुपए से घटकर 2,007.30 करोड़ रुपए रहा।

## मंदिर के फूलों के अपशिष्ट से बनेगी अगरबत्ती

**नई दिल्ली।** भारत में फूल दिव्य धार्मिक संस्कारों का एक महत्वपूर्ण भाग होते हैं। लेकिन बाद में फूलों को कूड़े या नदियों में अपशिष्ट के तौर पर फेंक दिया जाता है। इसलिए नदियों को स्वच्छ रखने और धार्मिक संस्कारों में उपयोग हुए फूलों को नया जीवनदान देने की आवश्यकता है। मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) ने अपने प्रमुख ब्रांड और अगरबत्ती निर्माताओं के शीर्ष 3 ब्रांड्स में से एक ज़ेड ब्लैक के साथ फूलों को पुनर्चक्रित कर बनाई गई सुगंधित अगरबत्ती नेचर फ्लॉवरको लॉन्च करने के लिए फूल पुनर्चक्रण टेक्नोलॉजी के प्रवर्तक हेल्पअसग्रीन के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। फूल अपशिष्ट से लेकर सुगंधित अगरबत्ती तकए संपूर्ण देश में ज़ेड ब्लैक नेचर फ्लॉवर अगरबत्ती को चंदनए मोगराए कस्तूरी और गुलाब इन चार प्राकृतिक सुगंधों में लॉन्च किया गया है। इस संयुक्त परियोजना का लक्ष्य 1000 से अधिक स्वदेशी महिला कार्यबल को प्रभावित करना है। अंकित अग्रवाल मैनेजिंग पार्टनर मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (ज़ेड ब्लैक) ने कहा कि हेल्प ग्रीन के सहयोग से नेचर फ्लॉवरश् अगरबत्ती ब्रांड का निर्माण देश में पवित्र स्थलों से फूलों के अपशिष्ट को कम करने में हमारा छोटा योगदान है। इससे पर्यटकों और स्थानीय निवासियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण का भी निर्माण हो रहा है। मंदिरों के अलावाए रोज़ाना फूलों के अपशिष्ट और मुरझाए फूलों को संकलित करने हेतु हमारी विभिन्न नगर निगमों से चर्चा चल रही है ताकि हम एमडीपीएच समूह के श्नेचर फ्लॉवर ब्रांड के अंतर्गत उन्हें सुगंधित अगरबत्तियों में परिवर्तित कर नया जीवन दे सकें।

## वान इलेक्ट्रिक मोटो ने भारत में ई-बाइक बाजार में उतारी

**कोच्चि।** इलेक्ट्रिक वाहन संबंधी स्टार्टअप वान इलेक्ट्रिक मोटो प्राइवेट लिमिटेड ने अर्बनस्पोर्ट नाम की इलेक्ट्रिक बाइसिकल बाजार में उतारी है। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कोच्चि में शुक्रवार को डिजिटल तरीके से आयोजित कार्यक्रम के जरिए देश में वान इलेक्ट्रिक मोटो ब्रांड लांच किया था। कंपनी की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, यह ई-बाइक दो संस्करणों में पेश की गई है। इनमें अर्बनस्पोर्ट की कीमत 59,999 रुपए और अर्बनस्पोर्ट प्रो की कीमत 69,999 रुपए रखी गई है। शुरुआत में इनकी बिक्री कोच्चि में की जाएगी और उसके बाद गोवा, बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद में भी बिक्री की जाएगी।

# प्रमुख तेल कंपनी शेल ने अपने नाम से जुड़ा रॉयल डच हटाया

**भाषा।** ह्यूस्टन




**हाल** ही में घोषित एक बड़े पुनर्गठन की योजना के बाद ऊर्जा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी शेल ने अपने नाम से जुड़े रॉयल डच शब्द को हटा दिया है, जिसे उसने 130 साल तक चलाया था। यह अनुमान लगाया गया है कि यूरोनेक्स्ट एम्स्टर्डम और लंदन स्टॉक एक्सचेंज 25 जनवरी को नाम में बदलाव को दर्शाना शुरु करेंगे। न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज 31 जनवरी को बदला हुआ नाम दिखाएगा। शुक्रवार को दिए एक बयान के अनुसार, 20 दिसंबर, 2021 को अपना नाम शेल पीएलसी में बदलने का बोर्ड का निर्णय अब प्रभावी हो गया है। इस प्रमुख तेल कंपनी के पुनर्गठन के काम में इसकी दोहरी-शेयर संरचना को शेयरों की एक पंक्ति में एकीकृत करना और अपने मुख्यालय को लंदन ले जाना शामिल है। इन परिवर्तनों में केवल लगभग एक दर्जन अधिकारी शामिल होंगे, जिनमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी बेन वैन बर्डन और मुख्य वित्तीय अधिकारी जेसिका उहल शामिल हैं, जो लंदन जा रहे हैं। कंपनी ने कहा कि नीदरलैंड में महत्वपूर्ण उपस्थिति बनाए रखने के बावजूद, उसे उम्मीद है कि वह मानद रॉयल पदनाम का उपयोग करने के लिए शर्तों को पूरा नहीं कर पाएगी।

## श्रीलंका में खाद्य पदार्थों की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर, आसमान छू रही महंगाई

**भाषा।** कोलंबो




**गंभीर** मौद्रिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका में राष्ट्रीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मानक मुद्रास्फीति दर दिसंबर 2021 में 14 फीसदी हो गई। नवंबर में यह 11.1 फीसदी रही थी। श्रीलंका के सांख्यिकीय कार्यालय ने शनिवार को मुद्रास्फीति बढ़ने की जानकारी दी।

नवंबर में मुद्रास्फीति पहली बार दहाई के आंकड़े में पहुंची थी। यह लगातार दूसरा महीना है जब मुद्रास्फीति दो अंकों में बनी हुई है। राष्ट्रीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के हिसाब से दिसंबर में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 6.3 फीसदी की वृद्धि हुई जबकि गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतें 1.3 फीसदी बढ़ीं। श्रीलंका इस समय विदेशी मुद्रा संकट से जूझ रहा है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार लगातार घट रहा है। इससे श्रीलंका की मुद्रा का मूल्य घट रहा है और आयात भी महंगा हो रहा है।

## दिल्ली के व्यापारी बाजार को कोविड प्रतिबंधों से मुक्त करने के पक्ष में

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों के संगठन कैट के एक सर्वेक्षण में दिल्ली के अधिकांश व्यापारियों ने बाजारों को कोविड प्रतिबंधों से मुक्त करने और सप्ताह के सभी दिन बाजार खोलने के पक्ष में राय दी है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने शनिवार को इस सर्वेक्षण के नतीजे जारी करते हुए कहा कि उसने दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल को एक पत्र भेजकर राष्ट्रीय राजधानी में कोविड संक्रमण की रोकथाम के लिए लगाए गए प्रतिबंधों में ढील देने की मांग की है।

# पेज एक का शेष

## आईटी क्षेत्र...

आए हैं। आने वाले समय में 22 लाख से ज्यादा नौकरियां सृजित हो सकेंगी। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने चुनाव में पहला संकल्प लिया हैं कि 300 यूनिट घरेलू बिजली फ्री दी जाएगी, किसानों की सिंचाई मुफ्त होगी। इससे उन्हें आगे की पढ़ाई और रोजगार में मदद मिली है। छात्रों नौजवानों को पहले की तरह लैपटॉप दिया जाएगा। समाजवादी पेंशन 18 हजार रुपए हर साल दी जाएगी। यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता खुशहाली और विकास चाहती है। जनता समाजवादी पार्टी की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि नौकरियों को लेकर अभी हमने सिर्फ आईटी सेक्टर की बात कही है। सरकारी और अन्य क्षेत्रों की नौकरियों के बारे में अपने घोषणा पत्र में शामिल करेंगे। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने तमाम विकास योजनाओं को रोक दिया है। भाजपा ने जनता को झूठे विज्ञापन दिखाए। किसानों, नौजवानों, मजदूरों को धोखा दिया। यादव ने कहा कि भाजपा राज में गोशालाओं में गाय भूखों मर रही हैं। समाजवादी सरकार में कामधेनु योजना शुरू की गई थी जो रोक दी गई। समाजवादी सरकार में गोशालाओं में सुधार होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि जो अधिकारी भाजपा कार्यकर्ता बनकर काम कर रहे हैं उनको हटाए बिना स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कैसे होंगे। उन्होंने कहा भाजपा को चुनाव की पहले से कैसे जानकारी हो गई कि उन्होंने एलईडी वाहन ले लिए।

## शिवपाल यादव...

वोट बैंक का बिखराव रुकने की उम्मीद है। कुल मिलाकर चाचा के सामने भतीजे को मुख्यमंत्री की कुर्सी तक ले जाने की बड़ी चुनौती है। पिछले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ही सपा में बिखराव हुआ था। शिवपाल यादव ने अलग पार्टी बना ली थी। इसका खामियाजा चाचा-भतीजा दोनों को उठाना पड़ा था। लोकसभा चुनाव में भी दोनों पार्टियों को झटका लगा था। जसवंतनगर विधान सभा सीट से शिवपाल सिंह यादव सपा के सिंबल पर लगातार पांच बार से जीत रहे हैं। पहले इस सीट पर मुलायम सिंह यादव चुनाव लड़ते थे। इस बार शिवपाल ने सपा से गठबंधन किया है। चूंकि उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न स्टूल नया है, इसलिए उन्होंने सपा के चुनाव चिह्न साइकिल पर ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

## अब पलायन...

तारीखों की घोषणा के बाद उत्तर प्रदेश में शाह का यह पहला राजनीतिक कार्यक्रम है। कैराना का चुनाव महत्वपूर्ण है, क्योंकि भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया था कि समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार के कार्यकाल के दौरान खतरों के कारण बड़ी संख्या में हिंदू क्षेत्र से पलायन करने के लिए मजबूर हुए थे। भाजपा ने इसे 2017 में एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया था। भाजपा के शीर्ष नेता हाल की चुनावी रैलियों में योगी सरकार के तहत राज्य में बेहतर कानून व्यवस्था की स्थिति का दावा करते हुए फिर से इस मुद्दे को उठा रहे हैं। शाह उन परिवारों से मिले, जिनके सदस्यों को सपा के शासन के दौरान कथित तौर पर पलायन के लिए मजबूर किया गया था। शाह ने यहां पत्रकारों से कहा, किसी भी राज्य के विकास के लिए पहली शर्त यह होती है कि उसकी कानून-व्यवस्था सही हो। यही कैराना है, जहां से पहले लोग भागते थे और आज जब मैं इधर-उधर गया तो लोगों ने मुझसे कहा कि मोदीजी की कृपा हो गई। उन्होंने कहा, योगी जी ने कानून व्यवस्था में सुधार किया है। पलायन को मजबूर करने वालों को पलायन करना पड़ा है। हम राज्य के लोगों में ऐसा आत्मविश्वास देख रहे हैं। मुझे लगता है कि आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश भारत का सबसे विकसित राज्य बनेगा। शाह ने कहा कि 2014 के बाद वह पहली बार कैराना आए हैं। उन्होंने कोविड के कारण घर-घर जाकर संपर्क किया। शाह के मुताबिक, इस दौरान पलायन पीड़ित परिवार ने उनसे कहा, अब हमें कोई डर नहीं हैं, हम शांति के साथ व्यापार कर रहे हैं, हमें पलायन कराने वाले पलायन कर गए हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री योगी ने विकास की गति को तेज किया है। पूरे देश में विकास की लहर दिखाई देती है। हर गरीब को सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बनने और 2017 में प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने पर समग्र विकास हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, आज मैं कैराना में पलायन पीड़ित मित्तल परिवार के साथ बैठा, परिवार के 11 लोग मौजूद थे। वे सभी पहले पलायन कर गए थे और अब यहां दोबारा आकर सुरक्षित माहौल में अपना व्यापार कर रहे हैं। शाह ने मतदाताओं से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि अगर उत्तर प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति को बरकरार रखना है, तुष्टिकरण को खत्म करना है, एक जाति के लिए काम करने वाली सरकारों के चलन को खत्म करना है और मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का विकास करना है तो फिर से इस प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार प्रचंड बहुमत से बनानी है। उन्होंने कहा, अगर कोविड दिशा-निर्देशों के कारण हमारे कार्यकर्ता आप तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, तो आप भाजपा की पांच साल की कड़ी मेहनत और मोदी जी के साढ़े सात साल की उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए सुबह जल्दी मतदान करें। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा 403 सदस्ईय उत्तर प्रदेश विधानसभा में 300 सीटें जीतेगी। उन्होंने सड़कों, हवाई अड्डों और चिकित्सा कॉलेजों के निर्माण और गरीबों के लिए रसोई गैस का प्रावधान, शौचालय, कोविड के दौरान मुफ्त टीके और मुफ्त राशन सहित सरकार की विभिन्न उपलब्धियों को गिनाया। शाह ने कहा, इन सभी योजनाओं को मोदी जी ने भेजा और योगी जी ने जमीनी स्तर पर लागू किया। भाजपा ने कैराना से रालोद-समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार इकरा हसन के खिलाफ कई बार सीट जीतने वाले दिवंगत नेता हुकूम सिंह की सबसे बड़ी बेटी मृगांका सिंह को मैदान में उतारा है। सपा द्वारा दागी विधायक नाहिद हसन को टिकट देने को लेकर राजनीतिक विरोधियों द्वारा उस पर निशाना साधे जाने के बाद पार्टी ने इकरा हसन को मैदान में उतारा है। नाहिद हसन को 15 जनवरी को नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद गैंगस्टर अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। कैराना पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शामली जिले में एक नगर और नगरपालिका बोर्ड है। शाह को फिर से आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के प्रचार अभियान की देखरेख का काम सौंपा गया है, क्योंकि ऐसा समझा जाता है कि उन्हें राज्य में जाति समीकरण की अच्छी समझ है और व्यक्तिगत रूप से सभी निर्वाचन क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय है। वह 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों और राज्य में 2017 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत के मुख्य सूत्रधार थे। उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए सात चरणों में मतदान 10 फरवरी से शुरू होगा।

## सबका विकास...

डबल इंजन की सरकार का लाभ सबको दिखाई दे रहा है। हमने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से प्रधानमंत्री मोदी के मूलमंत्र को अंगीकार करते हुए गांवों के विकास, गरीबों के उत्थान, किसानों की खुशहाली, युवाओं के रोजगार और मातृशक्ति की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने विकास सबका किया लेकिन तुष्टिकरण के लिए को जगह नहीं है। इस संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। एक फिर जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए हम प्रचार में निकल रहे हैं तो इंद्रदेव भी वर्षा के रूप में अपना आशीर्वाद दे रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में किसी दुकान या दुकानदार से कोई गुण्डा न गुण्डई कर सकता है और न वसूली कर सकता है। भाजपा सरकार ने गुण्डागर्दी समाप्त करने का काम किया है। भ्रष्ट, बेईमान, गुण्डा व अपराधियों की सम्पत्ति पर योगी सरकार का बुलडोजर चलता रहेगा। आज हम जनता के बीच मोदी-योगी के नेतृत्व को लेकर हम जनसमर्थन प्राप्त करने जा रहे हैं। भाजपा ने जो कहा है वो किया है। एक बार फिर हम जनता के आशीर्वाद से 300 प्लस सीटें जीतेगें और गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं, वंचितों के कल्याण के लिए काम करते रहेंगे।

## आकांक्षी जिले...

गए इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया गया। आज आकांक्षी जिले देश के आगे बढ़ने के अवरोध समाप्त कर रहे हैं। आप सब के प्रयासों से आकांक्षी जिले गतिरोध की बजाए गतिवर्धक बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो जिले पहले कभी तेज प्रगति करने वाले माने जाते थे, आज कई मानकों में आकांक्षी जिलों ने भी उनसे अच्छा काम करके दिखाया है। उन्होंने कहा, आकांक्षी जिलों ने विकास के अभियान में हमारी जिम्मेदारियों को विस्तार दिया है। उसे नया स्वरूप दिया है। संविधान की जो भावना है उसे मूर्त स्वरूप देता है। इसका आधार है केंद्र राज्य और स्थानीय प्रशासन का टीम वर्क। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई जिलों ने कुपोषण पर बहुत अच्छा काम किया है तो कुछ जिलों ने पशुओं के टीकाकरण पर बहुत बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि बिहार जैसे राज्य में जहां 30 प्रतिशत पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध था आज वहां 90 प्रतिशत तक नल से शुद्ध पानी पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, जब दूसरों की आकांक्षाएं, अपनी आकांक्षा बन जाएं और जब दूसरों के सपनों को पूरा करना अपनी सफलता का पैमाना बन जाए तो वो कर्तव्य पथ इतिहास रचता है। आज हम देश के आकांक्षी जिलों में यही इतिहास बनते हुए देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों और अलग-अलग विभागों ने ऐसे 142 जिलों की एक सूची तैयार की है जो अलग-अलग मानकों पर अभी पीछे हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों से आह्वान किया, अब वहां पर भी हमें उसी सामूहिक प्रयास के साथ आगे बढ़ना है और साथ काम करना है, जैसे हम आकांक्षी जिलों में करते हैं। उन्होंने इसे केंद्र, सभी राज्य सरकारों, जिला प्रशासन और सरकारी तंत्र को एक नई चुनौती करार दिया और कहा कि इसे सभी को मिलकर पूरा करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आकांक्षी जिलों में विकास के लिए प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद और भावुक जुड़ाव बहुत जरूरी है और इस अभियान में प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष महत्वपूर्ण पहलू हैं। आकांक्षी जिलों में मिली सफलता को बहुत बड़ा कारण अभसारिता (कनवर्जेंस) करार देते हुए उन्होंने कहा सारे संसाधन वही हैं, सरकारी मशीनरी और अधिकारी वही हैं लेकिन परिणाम अलग हैं। उन्होंने कहा, पिछले चार सालों में देश के लगभग हर आकांक्षी जिले में जन-धन खातों में चार से पांच गुना की वृद्धि हुई है। लगभग हर परिवार को शौचालय मिला है, हर गांव तक बिजली पहुंची है और बिजली सिर्फ गरीब के घर में नहीं पहुंची है बल्कि लोगों के जीवन में ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिलों ने यह साबित किया है कि क्रियान्यवन में उदासीनता खत्म होने से संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग होता है और इस परिस्थिति में एक और एक मिलकर दो नहीं बल्कि 11 बनाते हैं। उन्होंने कहा, यही सामर्थ्य, यही सामूहिक शक्ति आज हमें आजआकांक्षी जिलों में नजर आती है। आज आजादी के 75वें साल में देश का लक्ष्य सेवाओं और सुविधाओं के शत प्रतिशत परिणाम आए। यानी, हमने अभी तक जो उपलब्धियां हासिल की हैं, उसके आगे हमें एक लंबी दूरी तय करनी है और बड़े स्तर पर काम करना है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के रूप में देश एक मौन क्रांति का साक्षी बन रहा है और ऐसे में कोई भी जिला इसमें पीछे नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल अवसंरचना हर गांव तक पहुंचे, सेवाओं और वह सुविधाओं की घर-घर आपूर्ति का जरिया बने, यह बहुत जरूरी है।

## तीसरी लहर...

38 मौत दर्ज की गईं, जबकि संक्रमण दर घटकर 18.04 प्रतिशत हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में तीसरी लहर के दौरान 13 जनवरी को 28,867 मामले सामने आए थे जो महामारी की शुरुआत के बाद से अब तक एक दिन में आए सर्वाधिक मामले हैं। महामारी के मामलों की संख्या में अब गिरावट आनी शुरू हो गई है।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 23 जनवरी, 2022



# शीत युद्ध की तुलना में दुनिया इस समय अधिक अप्रत्याशित है: एंतोनियो

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त राष्ट्र** के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि दुनिया पूर्ववर्ती सोवियत संघ और अमेरिका के बीच हुए शीत युद्ध की तुलना में इस समय कहीं अधिक अराजक और अप्रत्याशित है और यह स्थिति खतरनाक है, क्योंकि संकटों से निपटने के लिए कोई साधन नहीं हैं। गुतारेस ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शीत युद्ध उन दो विरोधी धड़ों के बीच था, जहां संघर्ष को रोकने के लिए स्पष्ट नियम एवं तंत्र थे। उन्होंने कहा, यह कभी उतना भीषण नहीं हुआ, क्योंकि कुछ हद तक इसमें स्थितियों का अनुमान लगाया जा सकता था।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के रूप में दूसरा कार्यकाल आरंभ करने वाले गुतारेस ने द एसोसिएटेड प्रेस के साथ बृहस्पतिवार को साक्षात्कार के दौरान कहा था कि दुनिया कई मायनों में पांच साल पहले की तुलना में बदतर है, क्योंकि कोविड-19 वैश्विक महामारी, जलवायु संकट और भू-राजनीतिक तनाव ने हर जगह संघर्ष को जन्म दिया है, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के विपरीत उन्हें नहीं लगता कि रूस यूक्रेन पर हमला करेगा। गुतारेस ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए उनका संदेश है कि यूक्रेन में कोई सैन्य हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ऐसा नहीं होगा और मैं उम्मीद करता हूं कि यही बात सही साबित हो। गुतारेस का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और रूस ने यूक्रेन को लेकर जारी संकट के बीच शुक्रवार को महत्वपूर्ण वार्ता कर तनाव कम करने की कोशिश की। बहरहाल, दोनों देशों के नेताओं ने कहा कि अभी वार्ता के जरिए कोई समाधान नहीं निकला है। गुतारेस ने कहा, मेरे लिए यह जरूरी है कि इस वार्ता से स्थिति अच्छी हो और अच्छी स्थिति यह है कि तनाव कम हो और संकट समाप्त हो। यही हमारा उद्देश्य है। महासचिव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दुनिया को अमेरिका और चीन के बीच दो भागों में बांटने से प्रतिद्वंद्वी आर्थिक प्रणालियां एवं नियम विकसित होंगे, जिनकी अपनी प्रमुख मुद्रा होगी, जिनकी अपनी इंटरनेट एवं प्रौद्योगिकी प्रणाली और कृत्रिम मेधा होगी तथा ऐसा स्थिति से हर हाल में बचा जाना चाहिए। गुतारेस ने महासभा में संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों के राजनयिकों के समक्ष 2022 के लिए अपनी प्राथमिकताएं और वैश्विक परिदृश्य का आकलन पेश करने के बाद संवाददाताओं से बात की। उन्होंने कोविड-19 से निपटने में असमानता एवं अन्याय, गरीब विरोधी वैश्विक आर्थिक प्रणाली और मौजूदा जलवायु खतरों पर पर्याप्त कदमों का अभाव जैसी स्थितियों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से खतरनाक बताया।

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कश्मीर मुद्दे का भारत और पाक के बीच शांतिपूर्ण समाधान की उम्मीद जताई

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने उम्मीद जताई है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर मुद्दे का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान हो सकता है। गुतारेस ने शुक्रवार को कहा, संयुक्त राष्ट्र का रुख और (उक्त विषय पर) लिए गए संकल्प एक समान हैं। जैसा कि आप जानते हैं, हमारा वहां एक शांति रक्षक अभियान है। हम, बेशक प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, मैंने कई बार अपनी ओर से सहयोग की पेशकश की है और हमें उम्मीद है कि यह कुछ ऐसी चीज है, जिसका शांतिपूर्ण तरीके से समाधान किया जा सकता है और कश्मीर में ऐसी स्थिति है, जिसमें मानवाधिकारों का सम्मान किया जाता है तथा जिसमें लोग शांति एवं सुरक्षा के साथ रह सकते हैं। गुतारेस यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान कश्मीर मुद्दे पर एक पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल का जवाब दे रहे थे।

उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली ने कश्मीर मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के बीच किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि दशकों से भारत का रुख स्पष्ट रहा है और दोनों देश मुद्दे पर द्विपक्षीय तरीके से चर्चा कर सकते हैं। गुतारेस ने अगस्त 2019 में एक बयान में, भारत और पाकिस्तान के बीच 1972 के द्विपक्षीय समझौते को याद किया था, जिसे शिमला समझौता के तौर पर जाना जाता है। इस समझौते पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने 1972 में हस्ताक्षर किया था तथा यह कश्मीर मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को खारिज करता है। नई दिल्ली ने इस्लामाबाद से बार-बार कहा है कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और सदा रहेगा। भारत ने पाकिस्तान से यह भी कहा है कि वह आतंक, शत्रुता और हिंसा मुक्त माहौल में उसके साथ सामान्य पड़ोसी संबंध की आकांक्षा रखता है।



बीजिंग के एक मॉल में रात भर बर्फ गिरने के बाद सफाई करता एक कार्यकर्ता

# व्हाइट हाउस सैन्य कार्यालय के भारतीय मूल के प्रमुख वर्गीज ने निजी कारणों से पद छोड़ा

**भाषा।** वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** सैन्य कार्यालय (डब्ल्यूएचएमओ) के निदेशक के रूप में कार्यरत भारतीय मूल के माजू वर्गीज ने निजी कारणों से पद छोड़ दिया है। वर्गीज ने शनिवार को सिलसिलेवार ट्वीट के जरिए यह साफ किया कि डब्ल्यूएचएमओ का नेतृत्व करना उनके लिए जीवन में सम्मान की बात थी।

उन्होंने कहा, मैं इस विचारधारा का पालन करता हूं कि किसी भी हत्या को उचित नहीं ठहराया जा सकता। आप हत्या को सही नहीं ठहरा सकते और मेरी विचारधारा भी यही है। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि यह (गांधी की हत्या) भारतीय इतिहास की सबसे दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में से एक है और किसी की हत्या को कभी उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस बीच, कोल्हे की पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा, फिल्म में अभिनय करने के डॉ. अमोल कोल्हे के फैसले को एक कलाकार की पसंद के रूप में देखा जाना चाहिए। अगर उन्होंने वह भूमिका निभाई है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह गोडसे की विचारधारा या विचारों का समर्थन करते हैं।

# क्लीन स्वीप से बचने का होगा भारत पर दबाव

● भिन्न विकल्प आजमा सक्ती है टीम इंडिया

● दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा और अंतिम वनडे आज

**भाषा।** केपटाउन

**पहले दो** मैचों में हार के बाद अब क्लीन स्वीप से बचने की कवायद में लगी भारतीय टीम रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कुछ बदलावों के साथ मैदान पर उतर सकती है। पहले दोनों मैच में भारतीय टीम की रणनीति पूरी तरह विफल रही।

बल्लेबाज बीच के ओवरों में बड़ी साझेदारियां निभाने में नाकाम रहे जबकि जसप्रीम बुमराह को छोड़कर बाकी भारतीय गेंदबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा उनकी गेंदबाजी क्लब स्तर की लगी। इन दोनों मैच भारतीय गेंदबाज केवल सात विकेट ले पाए। उन्होंने पहले मैच में चार और दूसरे मैच में तीन विकेट हासिल किए। रविचंद्रन अश्विन और विशेषकर भुवनेश्वर कुमार जैसे अनुभवी गेंदबाज किसी भी समय रासी वान डर डुसेन, जानेमन मलान और क्विंटन डिकॉक जैसे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश नहीं कर पाए। पहले दो मैचों की असफलता के बाद सभी रणनीतिक चालों को चलने के लिए



बेताब मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगले मैच में आक्रमण को नयापन देने के लिए जयंत यादव और दीपक चाहर को आजमा सकते हैं। पहले दो मैच बोलैंड पार्क पर खेले गए जहां कम तेजी और उछाल मिलती है तथा कप्तान केएल राहुल तक ने स्वीकार किया कि यहां की परिस्थितियां काफी हद तक स्वदेश जैसी हैं।

इसके बावजूद भारतीय खिलाड़ियों की नाकामी चिंता का विषय है। न्यूलैंड्स में हालांकि अधिक तेजी और उछाल होने की संभावना है लेकिन भारत टीम 0-3 से श्रृंखला गंवाने से बचने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। कप्तान राहुल के लिए पहले टेस्ट में शतक को छोड़कर यह दौरा अब तक यादगार नहीं रहा है। उन्हें भले ही भविष्य का कप्तान माना जा रहा है लेकिन अभी तक उन्होंने अपने नेतृत्वकौशल से प्रभावित नहीं किया है। पहले दो मैचों में कप्तानी के अलावा बल्लेबाजी में भी राहुल ने निराश किया। वह स्ट्राइक रोटेट करने में असफल रहे जो कि वनडे में जरूरी माना जाता है। इससे बाद के बल्लेबाजों पर भी दबाव बढ़ा। रोहित शर्मा की वापसी पर राहुल को शीर्ष क्रम में अपना स्थान गंवाना पड़ सकता है क्योंकि शिखर धवन ने वापसी पर अच्छी फॉर्म दिखाई है। विराट कोहली ने पहले मैच में 51 रन बनाए लेकिन उन्हें वनडे कप्तानी से हटाया गया था और मैदान पर उनकी पहले जैसी ऊर्जा नजर नहीं आई। इसके अलावा दोनों अय्यर श्रेयस और वेंकटेश भी अब तक प्रभावित नहीं कर पाए हैं जो कि भारत के लिए चिंता का विषय है।

## हार्दिक को कप्तान तौर पर अपनी क्षमता दिखाने के लिए प्रेरित किया जाएगा: कर्स्टन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कोच और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अहमदाबाद फ्रेंचाइजी टीम के मेंटोर (मार्गदर्शक) गैरी कर्स्टन का मानना कि हार्दिक पांड्या बड़े मंच पर अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाने के लिए तैयार हैं और एक युवा तथा नए कप्तान का होना, टीम के लिए फायदे की बात है। भारत के इस हरफनमौला खिलाड़ी को सीवीसी के स्वामित्व वाली अहमदाबाद की फ्रेंचाइजी ने 15 करोड़ रुपए में खरीदा है। उन्हें टीम का कप्तान बनाया गया है। कर्स्टन ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम आईपीएल: सलेक्शन डे में कह, एक युवा और नए कप्तान के तौर पर मैं हार्दिक पंड्या के साथ काम करने का इंतजार कर रहा हूं। मुझे लगता है कि उन्हें योजना बनाने और एक कप्तान के तौर पर यह दिखाने के लिए प्रेरित किया जाएगा कि वह इस स्तर पर क्या करने में सक्षम है। वह शानदार खिलाड़ी है। मैंने जो सुना है वह यह है कि वह वास्तव में टीम की योजना बनाने वाले समूह में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं। मुझे लगता है कि वह इस टूर्नामेंट के महत्व को समझते हैं।

## भारत के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए दक्षिण अफ्रीका पर लगा जुर्माना

**पार्ल ( दक्षिण अफ्रीका )।** दक्षिण अफ्रीका पर भारत के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने शनिवार को बताया कि तेम्बा बावुमा की टीम ने निर्धारित समय में एक ओवर कम गेंदबाजी की थी। इसे ध्यान में रखते हुए मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने यह जुर्माना तय किया। आईसीसी से जारी बयान के मुताबिक,' खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी सदस्यों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (न्यूनतम ओवर-गति के जुर्माने से संबंधित) के अनुसार प्रत्एक ओवर की देरी के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। बावुमा ने इस आरोप को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं हुई। मैदानी अंपायर मरैस इरास्मस और एड्रियन होल्डस्टॉक के अलावा तीसरे अंपायर बोंगानी जेले और चौथे अंपायर अलाउद्दीन पालेकर ने शुक्रवार को मैच के बाद यह आरोप लगाए थे। दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को इस मैच को सात विकेट से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त कायम कर ली है।

# सिंधु फाइनल में, मालविका से मुकाबला

● सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप

● पुरुष एकल के सेमीफाइनल में हारे भारत के मिथुन

**पायनियर समचार सेवा।** लखनऊ



**रियो ओलंपिक** की रजत पदक सहित दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 के फाइनल में जगह बना ली। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में खेले जा रही चैंपियनशिप में आज सेमीफाइनल मुकाबले थे जिसमें शीर्ष वरीय पीवी सिंधु के खिलाफ दूसरे गेम में पांचवी सीड रूस की एवगेनिया कोसत्सकाया ने चोटिल होने के चलते मैच छोड़ दिया। सिंधु ने 13 मिनट चला पहला गेम 21-11 से जीत लिया। इस गेम में सिंधु ने शुरू में तेज शुरुआत करते हुए तेजी से अंक जुटाए। वहीं 4-0 के स्कोर पर प्रतिद्वंद्वी ने भी अंक हासिल किया। पीवी सिंधु ने झन्नाटेदार स्मैश के सहारे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 9-4 की बढ़त बनाई। इसके बाद सिंधु ने 19-10 के स्कोर से लगातार अंक जुटाते हुए 21-11 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में एवगेनिया ने मैच के दौरान चोटिल हो जाने के बाद रिटायर्ड हर्ट होकर मैच छोड़ दिया जिसके चलते पीवी सिंधु ने अपने दूसरे सैयद मोदी बैडमिंटन चैंपियनशिप के खिताब की ओर कदम बढ़ा दिए है। इससे पहले सिंधु ने 2017 में सैयद मोदी बैडमिंटन का खिताब जीता था। विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2019 में सिंधु महिला एकल विजेता रही थी। सिंधु ने टोक्यो ओलंपिक-2020 में कांस्य पदक जीता था। सिंधु की अब फाइनल में हमवतन मालविका भनसोड से टक्कर होगी जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में भारत की ही अनुपमा उपाध्याय को एक घंटा 6 मिनट चले मैराथन मैच में 19-21, 21-19, 21-7 से हराया। यह मैच भी काफी रोमांचक रहा जिसमें मालविका पहला गेम गंवा बैठी। दूसरे गेम में भी एक.एक अंक के लिए चले रोमांचक मुकाबले में 21-9 से जीत दर्ज की। इसके बाद इंडिया ओपन में साइना नेहवाल को मात देने वाली मालविका ने तीसरे गेम में एकतरफा खेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बना लिए और मनचाहे अंक जुटाते हुए 21-7 से जीत दर्ज की।

वहीं मिक्स डबल्स के फाइनल में भारतीय जोड़ी आमने.सामने होगी। इस वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में सातवीं वरीय भारत की ईशान भटनागर व तनीषा क्रेस्टो ने हमवतन एमआर अर्जुन व त्रिशा जॉली को 60 मिनट चले तीन गेम तक खिंचे मुकाबले में 18-21, 21-18, 21-11 से और टी हेम नागेंद्र बाबू व श्रीवेदा ने अक्षन शेट्टी व सिमरन सिंघी को एक घंटा चले मैच में 15-21, 22-20, 21-9 से हराया।

पुरुष एकल के पहले सेमीफाइनल में फ्रांस के अर्नाड मर्केल ने भारत के मिथुन मंजूनाथ को एक घंटा 24 मिनट चले मैच में 21-19, 17-21, 21-9 से हराया। निर्णायक व तीसरे गेम में अर्नाड ने 21-9 से जीत के साथ मैच भी जीतते हुए फाइनल में जगह बनाई। पुरुष एकल के फाइनल में अर्नाड की टक्कर फ्रांस के ही लुकास क्लेयरबाउट से होगी जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में आयरलैंड के नेत नेग्यून को एक घंटा 24 मिनट चले मैच में 15-21, 21-18, 21-15 से हराया।

## क्विक न्यूज

### चीनी ताइपे के खिलाफ मुकाबले में भारत की निगाहें गोल करने पर

**नवी मुंबई।** जबान भारत को एएफसी महिला एशियाई कप के करो या मरो के ग्रुप मैच में चीनी ताइपे की टीम के खिलाफ रविवार को यहां अपनी फिनिशिंग में और अधिक प्रभावी होने की जरूरत होगी। भारतीय महिला टीम को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में निचली रैंकिंग की ईरान की टीम ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था जबकि चीनी ताइपे को आठ बार की चैम्पियन चीन ने 4-0 से रौंदा था। फीफा विश्व कप प्लेऑफ स्थान दांव पर लगा है और भारतीय टीम अपने मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के वास्तविक लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रही है जिसके लिए उन्हे हर हाल मे अगला मैच जीतना होगा क्योंकि घरेलू टीम को ग्रुप ए का अंतिम लीग मुकाबला मजबूत चीन के खिलाफ खेलना है।

### एशिया महिला हॉकी : जापान के खिलाफ लय जारी रखना चाहेगा भारत

**मस्कट।** जीत से शानदार तरीकेसे अभियान शुरू करने वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम रविवार को महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेट के पूल ए के दूसरे मैच मे निचली रैंकिंग की जापान के खिलाफ इसी लय को जारी रखना चाहेगी। फॉर्म और विश्व रैंकिंग को देखते हुए जापान के खिलाफ जीत की पूरी उम्मीद है जो दुनिया की नौवी रैंकिंग वाली भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल स्थान सुनिश्चित कर देगी। भारतीय टीम ने मलेशिया को 9-0 से रौंदकर एशिया कप अभियान शानदार तरीके से शुरू किया और वह बचे हुए टूर्नामेट मे भी इसी प्रदर्शन को जारी रखना चाहेगी जिसमे विश्व कप के चार स्थान दाव पर लगे है।

### वीर सिंगापुर ओपन में संयुक्त 10वें स्थान पर, कपूर 18वें स्थान पर

**सेंटोसा (सिंगापुर)।** भारत के वीर अहलावत ने पहले तीन होल मे बोगी करने के बाद शनिवार को यहां अच्छी वापसी की जिससे वह सिंगापुर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 10वें स्थान पर पहुंच गए है। अहलावत ने तीसरे दौर मे अंतिम चार होल में तीन बर्डी बनाई और उनका स्कोर एक अंडर 70 रहा। उन्होंने लगातार तीसरे दौर मे पार स्कोर बनाया। तीन दौर के बाद उनका स्कोर पांच अंडर पार है। शिव कपूर (70) कुल चार अंडर के साथ संयुक्त 18वे स्थान पर है जबकि विराज मदप्पा ने 75 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 47वे स्थान पर है।

### रीयाल बेटिस की बड़ी जीत से स्थिति मजबूत की

**मैड्रिड।** रीयाल बेटिस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा मे तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर दी। इस जीत से बेटिस चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से सात अंक आगे हो गया है।

# श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका सुपर लीग क्वार्टर फाइनल में

**भाषा।** बासेटेरे (सेंट कीट्स)

**श्रीलंका ने** वेस्टइंडीज पर तीन विकेट से रोमांचक जीत और दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को 153 रन से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सुपर लीग क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

ग्रुप डी के मैच में दुनिथ वेलालागे ने तीन विकेट लिए जिससे श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 250 रन ही बनाने दिए। इसके बाद सदिशा राजपक्षे (76), अंजला बंडोरा के 40 और रानुदा सोमरत्ना के नाबाद 40 रन की मदद से श्रीलंका ने 48.2 ओवर में सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। वेस्टइंडीज ने सलामी बल्लेबाजों के विकेट जल्दी गंवा दिए जिसके बाद टैडी बिशप ने 45, केविन विकहैम ने 56, जोर्डन जॉनसन ने 47 और रिवाल्डो क्लार्क ने 45 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। टारूबा में खेले गए ग्रुप बी के मैच में कप्तान जार्ज वान हीर्डेन के शतक तथा डेवाल्ड ब्रेविस की एक और उपयोगी पारी से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड पर डकवर्थ लुईस पद्वति से आसान जीत दर्ज की। वान हीर्डेन ने 93 गेंदों पर तीन चौकों और आठ छक्कों की मदद से 111 रन बनाए जबकि ब्रेविस ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 122 गेंदों पर 96 रन की पारी खेली जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल हैं। इन दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी से दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 315 रन बनाए।

### अंगकुष और बावा के शतक, भारत का विशाल स्कोर

**टारूबा।** फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी (144 रन) और राज बावा (नाबाद 162 रन) की शानदार शतकीय पारियो तथा दोनो के बीच तीसरे विकेट के लिए 206 रन की साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप बी मे अपने अंतिम मैच में युगांडा के खिलाफ पांच विकेट पर 405 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पहले ही क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर चुकी भारतीय टीम के लिए सलामी बल्लेबाज अंगकृष ने 120 गेंद में 22 चौके और चार छक्के से शानदार शतकीय पारी खेली। हरनूर सिंह (15) और निशांत सिंधू (15) के विकेट गंवाने के बाद राज बावा ने अंगकृष का अच्छा साथ निभाया और अंत तक डटे रहे।

# मेदवेदेव चौथे दौर में, हालेप भी आगे बढ़ी

● आस्ट्रेलियाई ओपन

**भाषा।** मेलबर्न



**नोवाक जोकोविच** को निर्वासित किए जाने के बाद खिताब के प्रबल दावेदार बने दानिल मेदवेदेव ने शनिवार को यहां आसान जीत के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया जबकि महिला एकल में दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सिमोना हालेप और दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका आगे बढ़ने में सफल रहे।

यूएस ओपन चैंपियन और यहां दूसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने तीसरे दौर में बोटिच वान डि जैंडस्कल्प के खिलाफ 6-4, 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। इससे दो दिन पहले उन्हें दूसरे दौर में निक किर्गियोस के खिलाफ जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा था। आस्ट्रेलियाई किर्गियोस के खिलाफ मेदवेदेव को दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा था लेकिन नीदरलैंड के खिलाड़ी वान डि जैंडस्कल्प के खिलाफ मैच में उन्हें ऐसी परिस्थितियों से नहीं जूझना पड़ा। मेदेवेदव अगले दौर में अमेरिका के मैक्सिम क्रेसी से भिड़ेंगे जिन्होंने स्थानीय खिलाड़ी क्रिस्टोफ ओकोनेल को 2-6, 7-6, 6-3, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में ही यूनान के चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफनोस सिटसिपास ने फ्रांस के बेनोइट पियरे को चार सेट में 6-3, 7-5, 6-7, 6-4 से पराजित किया। सिटसिपास को अब अमेरिका के 20वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज की चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिन्होंने स्पेन के 15वें वरीय राबर्टो बातिस्ता आगुट को पांच सेट तक चले मैच में 6-0, 3-6, 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। एक अन्य मैच में कनाडा के नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स आगुर अलीसामी ने ब्रिटेन के डेनियल इवान्स को 6-4, 6-1, 6-1 से हराया। महिला वर्ग में पिछले साल विंबलडन और यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबालेंका ने 31वीं वरीय मर्डेका वोंड्रोसोवा से पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके 4-6, 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की।

### बोपन्ना मिश्रित युगल मैच में पहले दौर में हारे

**मेलबर्न।** भारत के रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया की उनकी जोड़ीदार दरिजा जुराक श्राइबर शनिवार को यहां कजाकिस्तान के एंड्री गोलूबेव और यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक से हारकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल टेनिस स्पर्धा के पहले दौर से बाहर हो गए। बोपन्ना और श्रेइबर की जोड़ी को एक घंटे तीन मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 4-6, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना और श्राइबर ने मजबूत इरादा दिखाते हुए शुरुआती सेट में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने तीन में से दो ब्रेकप्वाइंट को भुनाने हुए पहला सेट 6-1 से जीत लिया। गोलूबेव और किचेनोक की जोड़ी ने हालांकि दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और 4-2 की बढ़त बना ली।

# मार्च के आखिरी सप्ताह में होगा आईपीएल

● टीम मालिक भारत में आयोजन के पक्ष में हैं : जय शाह

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट** बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने शनिवार को कहा कि बोर्ड मार्च के अंतिम सप्ताह से मई के अंत तक आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के 2022 सत्र को आयोजित करने के लिए तैयार है और टीम के मालिकों की इच्छा के अनुसार इसके आयोजन को भारत में करने की कोशिश की जाएगी। सूत्रों की मानें तो लीग की संभावित शुरुआत की तारीख 27 मार्च है। बीसीसीआई की ओर से जारी प्रेस नोट में शाह के हवाले से कहा गया, मुझे यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि आईपीएल के 15वें सत्र का आगाज मार्च के अंतिम सप्ताह में होगा और मई के अंत तक चलेगा। टीम के अधिकांश मालिकों ने अपनी इच्छा व्यक्त की कि टूर्नामेंट भारत में आयोजित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बोर्ड की पहली प्राथमिकता इस आयोजन को भारत में कराने की है। बीसीसीआई दो नई टीमों अहमदाबाद और लखनऊ के साथ 2022 सत्र का आयोजन भारत में करने को लेकर उत्सुक है। मैं आपको बता सकता हूं कि हम यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे कि आईपीएल का आयोजन भारत में हो। बैठक में भाग लेने वाले सूत्रों के अनुसार यूएई और दक्षिण अफ्रीका भी इसके विकल्प हैं। शाह ने जोर देकर कहा कि खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों सहित सभी हितधारकों की स्वास्थ्य सुरक्षा बोर्ड के लिए सर्वोपरि है। बीसीसीआई ने अतीत में अपने हितधारकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया है और साथ ही साथ प्लान बी (वैकल्पिक योजना) पर काम करेगा क्योंकि कोविड-19 के नए स्वरूपों के साथ परिस्थितियां लगातार बदल रही हैं। आईपीएल के लिए खिलाड़ियों की बड़ी नीलामी 12 और 13 फरवरी को होगी और हम उससे पहले स्थलों पर फैसला कर लेंगे। इससे पहले बीसीसीआई आईपीएल आयोजन के लिए दो तारीखों पर विचार कर रहा था। इसमें बोर्ड के कुछ अधिकारी और कुछ फ्रेंचाइजी मालिक लीग 27 मार्च से शुरू करना चाहते हैं तो वहीं कुछ अन्य प्रभावशाली लोग चाहते हैं कि यह बड़ी स्पर्धा दो अप्रैल से शुरू हो।

## नीलामी में श्रेयस, चहल और वार्नर को शीर्ष ड्रॉ में रखे जाने की संभावना



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और स्पिनर युजवेंद्र चहल के अलावा आस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज डेविड वार्नर को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अगले महीने होने वाली नीलामी में शीर्ष ड्रॉ रखे जाने की संभावना है। इस नीलामी के लिए 1,200 से अधिक खिलाडियों ने पंजीकरण कराया है। श्रेयस और चहल के अलावा 10 टीमें सीनियर सलामी बल्लेबाज शिखर धवन, बल्लेबाज ईशान किशन, तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर, पिछली बार सर्वाधिक विकेट लेने वाले हर्षल पटेल और अवेश खान तथा स्पिनर राहुल चाहर और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर जैसे भारतीय खिलाडि़यों पर बोली लगाएंगे। इन भारतीय खिलाड़ियों के लिए सात से 15 करोड़ रुपए तक की बोली लगाई जा सकती है जबकि विदेशी खिलाड़ियों में वार्नर और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा, इंग्लैंड के मार्क वुड, आस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श और पैट कमिन्स तथा न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट पर मोटी बोली लग सकती है। फाफ डुप्लेसिस और ड्वेन ब्रावो जैसे खिलाड़ियों में उनकी फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स फिर से दिलचस्पी दिखा सकती है। आईपीएल ने शनिवार को जारी बयान में कहा, कुल 1214 खिलाड़ियों (896 भारतीय और 318 विदेशी) ने आईपीएल 2022 की नीलामी के लिए पंजीकरण करवाया है। नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरू में होगी। खिलाड़ियों की नीलामी से पहले विभिन्न टीम ने कुल 33 खिलाड़ियों को रिटेन किया है या चुना हे। मौजूदा आठ आईपीएल फ्रेंचाइजी ने कुल 27 खिलाड़ियों को रिटेन किया है, जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स में महेंद्र सिंह धोनी, मुंबई इंडियन्स में रोहित शर्मा और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में विराट कोहली शामिल हैं। दो नई टीमों ने छह खिलाड़ियों को चुना है ।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 की मेजबानी अहमदाबाद और कोलकता को: बीसीसीआई

**भाषा।** नई दिल्ली

**वेस्टइंडीज** के खिलाफ आगामी तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी क्रमश: अहमदाबाद और कोलकाता करेंगे। बीसीसीआई ने शनिवार को यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर यात्रा को कम करने के लिए स्थानों की संख्या को कम किया गया है। मूल कार्यक्रम के अनुसार, मेहमान वेस्टइंडीज को छह फरवरी से शुरू होने वाले दौरे पर अहमदाबाद, जयपुर और कोलकाता में तीन एकदिवसीय और कटक, विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में तीन टी20 मैच खेलने थे। देश की मौजूदा स्थिति ने बीसीसीआई को आयोजन स्थलों की संख्या छह से घटाकर दो करने के लिए मजबूर कर दिया है। बीसीसीआई से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, तीन वनडे अब अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएंगे और तीन टी20 मैच कोलकाता के ईडन गार्डन में खेले जाएंगे। मूल रूप से घोषित की गई छह स्थलों के बजाय श्रृंखला को दो स्थानों तक सीमित करने का निर्णय टीमों, मैच अधिकारियों, प्रसारकों और अन्य हितधारकों की यात्रा में कटौती करके जैव सुरक्षा (बायो-बबल) जोखिमों को कम करने के लिए किया गया है। बीसीसीआई ने आज आगामी वेस्टइंडीज के भारत दौरे के लिए स्थानों में बदलाव की घोषणा की।

### पूर्व फुटबॉलर सुभाष भौमिक का निधन



**कोलकाता।** भारत के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर और मशहूर कोच सुभाष भौमिक का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को शहर के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। पूर्व भारतीय मिडफील्डर भौमिक 1970 में एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के सदस्य थे। उनके पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वह लंबे समय से गुर्दे के रोग और मधुमेह से पीडि़त थे और उन्होंने सुबह तीन बजकर 30 मिनट पर अंतिम सांस ली। उनके परिवार में पत्नी, पुत्र और पुत्री है।उन्होंने कहा, वह पिछले लगभग साढ़े तीन महीने से नियमित रूप से डायलिसिस से गुजर रहे थे। करीब 23 साल पहले उनकी बाईपास सर्जरी भी हुई थी। हाल में उन्हें छाती में संक्रमण के कारण इकबालपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### लाहिड़ी दूसरे दौर के बाद संयुक्त 32वें स्थान पर

**ला क्विंटा ( अमेरिका )।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने दूसरे दौर में बोगी किए बिना पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह अमेरिकन एक्सप्रेस गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त 32वें स्थान पर पहुंच गए। लाहिड़ी ने पहले दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेला था। इस तरह से दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर आठ अंडर पर है। इस भारतीय गोल्फर ने हवादार परिस्थितियां होने के बावजूद पांचवें, सातवें, नौवें, 11वें और 13वें होल में बर्डी बनाई। इससे वह 20 स्थान आगे बढ़ने में सफल रहे। भारतीय मूल के अमेरिकी साहित्य थीगला ने दूसरे दौर में 10 अंडर 62 का स्कोर बनाया। पहले दिन उन्होंने इवन पार का स्कोर बनाया था।

### विदित गुजराती शीर्ष पर बरकरार



**विज्क आन जी ( नीदरलैंड )।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित संतोष गुजराती और आर प्रगाननंदा ने यहां प्रतिष्ठित टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में अपनी बाजियां ड्रा खेली। गुजराती ने पोलैंड के यान क्रिज्सटॉफ डूडा के साथ बाजी ड्रा खेली। उनके छह दौर के बाद चार अंक हो गए हैं। प्रगाननंदा ने अमेरिका के सैम शैंकलैंड के साथ अंक बांटे। उनके 2.5 अंक हैं। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन ने अपनी दूसरी जीत दर्ज की। उन्होंने रिचर्ड रैपोर्ट को हराया तथा वह गुजराती और शखरियार मामेदयारोव के साथ संयुक्त बढ़त पर पहुंच गए हैं। गुजराती के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए डूडा ने सेमी टैरेस डिफेन्स अपनाया। पोलैंड के ग्रैंडमास्टर ने इसके बाद रणनीतिक चालें चली और भारतीय खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया।

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 95
लखनऊ, रविवार, 23 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



दानिल मेदवेदेव ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में

स्पोर्ट्स-12

# रोड शो, पदयात्रा, रैली और जुलूस पर 31 तक प्रतिबंध

● घर-घर प्रचार के तहत अब दस व्यक्तियों को अनुमति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वास्थ्य सचिव के साथ आज वर्चुअल मीटिंग की गई। आयोग द्वारा कोविड महामारी की वर्तमान एवं अनुमानित स्थिति, वैक्सिनेशन आदि बिन्दुओं पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया है कि रोड शो, पदयात्रा, साइकिल, बाइक, वाहन रैली तथा जुलूस 31 जनवरी तक प्रतिबन्धित रहेंगे। शुक्ला ने बताया कि प्रथम चरण में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची 27 जनवरी को अन्तिम हो जाएगी।

28 जनवरी से 8 फरवरी तक राजनैतिक दलों एवं निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को अधिकतम 500 व्यक्तियों अथवा मैदान की क्षमता के 50 प्रतिशत अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा नियत सीमा,




जो कम हो, तक भौतिक रूप से मीटिंग की अनुमति प्रदान की गई है। द्वितीय चरण में निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची 31 जनवरी को अन्तिम हो जायेगी। 1 फरवरी से 12 फरवरी तक राजनैतिक दलों एवं चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को अधिकतम 500 व्यक्तियों अथवा मैदान की क्षमता के 50 प्रतिशत अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा नियत सीमा, जो कम हो तक भौतिक रूप से मीटिंग की अनुमति प्रदान की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा डोर-टु-डोर कैंपेन की सीमा में वृद्धि कर दी गई है। अब डोर-टु-डोर के पेन के तहत 5 व्यक्तियों के स्थान पर 10 व्यक्तियों के साथ सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर प्रचार किया जा सकता है। वीडियो वैन के साथ खुली जगह में कोविड मानकों का अनुसरण करते हुए, जगह की क्षमता का 50 प्रतिशत अथवा 500 व्यक्ति अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा नियत सीमा, जो कम हो, प्रचार-प्रसार किया जा सकता है बशर्ते जन साधारण को और ट्रैफिक के आवागमन के संबन्ध में कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा राजनैतिक दलों के लिए अधिकतम 300 व्यक्तियों अथवा हाल की क्षमता के 50 प्रतिशत अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य सीमा के अन्तर्गत इन्डोर मीटिंग की अनुमति पूर्व में ही प्रदान की जा चुकी है जो जारी रहेगी।

## चुनाव आयोग ने तीन डीएम व दो एसपी हटाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

चुनाव आयोग ने शनिवार को यूपी के तीन जिलों के डीएम और दो जिलों के एसपी को हटा दिया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार दो जनपदों फिरोजाबाद एवं कौशांबी के पुलिस अधीक्षकों को भी बदल दिया गया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि हटाये गये अधिकारियों के स्थान पर अब फिरोजाबाद जनपद के नये जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, बरेली के जिला निर्वाचन अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी तथा कानपुर नगर के जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में नेहा

● फिरोजाबाद के डीएम व एसपी दोनों का तबादला

शर्मा को नियुक्त किया गया है। अब फिरोजाबाद के पुलिस अधीक्षक आशीष त्रिपाठी एवं कौशांबी के पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा होंगे। फिरोजाबाद एसपी रहे अशोक कुमार और कौशांबी एसपी रहे राधेश्याम को पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से अटैच किया गया है।

## सभी शैक्षिक संस्थान 30 जनवरी तक बंद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राज्य सरकार ने कोविड-19 के चलते यूपी के सभी शैक्षिक संस्थान 30 जनवरी तक बंद रखने का फैसला किया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्कूलों को बंदी 30 जनवरी तक बढ़ा दी गई है और ऑनलाइन कक्षाएं चलती रहेंगी। इससे पहले सरकार ने 30 दिसंबर से 15 जनवरी तक पहली से 8 वीं तक के स्कूलों को बंद रखने का ऐलान किया था। फिर 15 जनवरी को यूपी सरकार ने मौजूदा हालात को देखते हुए 23 जनवरी तक सभी स्कूल, कॉलेज बंद रखने का फैसला किया था।

# आईटी क्षेत्र में 22 लाख नौजवानों को देंगे नौकरी : अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने घोषणा की है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर 'नौकरी-रोजगार संकल्प श्रृंखला' में आईटी सेक्टर में 22 लाख नौजवानों को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार लखनऊ से आगे कानपुर, आगरा, बरेली, झांसी, वाराणसी और पूर्वांचल में भी आईटी का हब बनाएगी और 22 लाख से अधिक नौजवानों को आईटी सेक्टर में नौकरी दिलाने का वायदा पूरा करेगी। समाजवादी पार्टी मुख्यालय में शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि यह 22 लाख नौकरियां पुलिस, शिक्षक एवं अन्य सरकारी विभागों में भर्ती के अलावा होंगी।

उन्होंने कहा कि पहले आईटी सेक्टर नोएडा और गाजियाबाद के आस पास ही था लेकिन समाजवादी सरकार ने पहली बार लखनऊ में आईटी सिटी का निर्माण कराया। एचसीएल जैसी कंपनी यहां आई जिसमें आईटी सेक्टर के 5 हजार इंजीनियरों को नौकरी मिली। समाजवादी सरकार इसे और आगे बढ़ाना चाहती थी लेकिन भाजपा सरकार ने इस पर कोई काम नहीं किया। विकास कार्यों को रोका है। यादव ने कहा कि लखनऊ आईटी सिटी में युवाओं को क्वालिटी जॉब मिलाए कई बड़ी-बड़ी कंपनियों को छोड़कर इंजीनियर लखनऊ आए। 12वीं पास युवाओं को प्रशिक्षण देकर ट्रेनिंग देंगे। साढ़े तीन हजार बी-टेक करके आए हैं। आने वाले समय में 22 लाख से ज्यादा नौकरियां सृजित हो सकेंगी।



लखनऊ में शनिवार को पत्रकार वार्ता में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव के साथ पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव

## बरेली कैंट से कांग्रेस प्रत्याशी सुप्रिया ऐरन व उनके पति प्रवीण सपा में आए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी की नीतियों व नेतृत्व पर आस्था जताते हुए शनिवार को बरेली के पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, बरेली की पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन और हरदोई सण्डीला से पूर्व विधायक स्व. महावीर सिंह की पत्नी रीता सिंह ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। सुप्रिया ऐरन को कांग्रेस ने इस बार बरेली कैंट से विधानसभा का टिकट दिया था। समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं ने कहा कि 2022 में समाजवादी पार्टी ऐतिहासिक मतों से जीत हासिल करेगी। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं अखिलेश यादव के नेतृत्व पर आस्था जताते हुए प्रतापगढ़ के धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने धर्मेन्द्र प्रताप सिंह को पार्टी में शामिल करते हुए उम्मीद जताई कि इनके आने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी। धर्मेन्द्र प्रताप सिंह (46 वर्ष) भारत के सबसे लम्बे कद (8 फुट दो इंच) के व्यक्ति हैं।

# अब पलायन कराने वाले खुद पलायन कर गए: अमित शाह

● केंद्रीय गृह मंत्री ने पश्चिमी उप्र में घर-घर प्रचार शुरू किया, कैराना में पलायन प्रभावित परिवारों से की मुलाकात

भाषा। कैराना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कैराना से 2017 से पहले हिंदुओं के कथित पलायन के मुद्दे का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि यही कैराना है, जहां पलायन होता था, लेकिन अब पलायन कराने वाले खुद पलायन कर गए हैं। शाह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना घर-घर चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया और इसके तहत उन परिवारों के घर पहुंचे, जो कथित पलायन के बाद यहां लौट आए हैं।

उन्होंने कहा कि कैराना के लोग अब डर में नहीं रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की संतोषजनक स्थिति विकास की प्राथमिक शर्त है और योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश में इसे सुनिश्चित किया है।



कैराना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का माला पहना कर स्वागत करती एक बच्ची

कड़ाके की ठंड के बीच बारिश से भीगी गलियों में शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ घर-घर प्रचार किया। इस दौरान उनके साथ कैराना से भाजपा प्रत्याशी मृगांका सिंह, गन्ना मंत्री सुरेश राणा व सांसद प्रदीप चौधरी भी मौजूद थे। शाह के साथ जो भाजपा कार्यकर्ता थे उन्होंने भगवा टोपी पहन रखी थी और भाजपा का चुनाव चिन्ह लिया हुआ था।

भाजपा कार्यकर्ता जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। शाह ने इस दौरान लोगों को भाजपा सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए पर्चे बांटे। शाह ने घर-घर जाकर लोगों से आगामी दस फरवरी को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# सबका विकास किया, तुष्टीकरण किसी का नहीं: मुख्यमंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भाजपा मुख्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश के सह चुनाव प्रभारी अनुराग ठाकुर ने भाजपा का झंडा दिखाकर चुनाव प्रचार के लिए एलईडी रथों को रवाना किया। पार्टी सभी 403 विधानसभाओं में चुनाव वैन के जरिये चुनाव प्रचार का शुभारंभ कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जो कहाकि उसे पूरा किया। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से प्रदेश की जनता

● भाजपा के चुनाव रथ का योगी ने पार्टी ध्वज दिखाकर किया शुभारंभ

का विकास कर रही है। 25 करोड़ जनता ने देखा कि 2017 से पहले व्यापारी और संभ्रांत नागरिक पलायन करते थे, इससे प्रदेश की प्रगति अवरुद्ध हो गयी थी। 2017 के बाद अपराधी पलायन कर रहे हैं और प्रदेश आज प्रगति के नये-नये प्रतिमान स्थापित कर देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। इससे पहले उन्होंने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार का लाभ सबको दिखाई दे रहा है।

# आकांक्षी जिले अब गतिवर्धक बन रहे हैं: मोदी

भाषा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकास के मामले में पिछड़े जिले पहले देश की प्रगति के आंकड़ों को भी नीचे कर देते थे लेकिन पिछले सात साल में जब से उन पर विशेष ध्यान दिया गया और उन्हें आकांक्षी जिलों के रूप में पेश किया गया, तो यही जिले आज गतिरोध की बजाए गतिवर्धक बन रहे हैं। विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न मानकों पर पिछड़े देश के 142 जिलों का उल्लेख किया और वहां भी अब सामूहिक जिम्मेदारी से आकांक्षी जिलों की तर्ज पर विकास करने का जिलाधिकारियों से आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने जिलों में केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति और जिलों के प्रदर्शन की समीक्षा की और उनके सामने पेश आ रही चुनौतियों पर भी विचार विमर्श किया। असम, छत्तीसगढ़, गुजरात और कर्नाटक सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भी इस संवाद कार्यक्रम में मौजूद थे।



अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, आजादी के 75 साल की लंबी यात्रा के बाद भी देश में कई जिले पीछे ही रह गए। समय के साथ इन जिलों पर पिछड़े जिलों का तमगा लगा दिया गया। एक तरफ देश के सैकड़ों जिले प्रगति करते रहे तो दूसरी तरफ ए पिछड़े जिले और पीछे होते चले गए। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के आंकड़ों को भी ए जिले नीचे कर देते थे और इसकी वजह से जो जिले अच्छा भी कर रहे होते थे, उनमें भी निराश आती है। उन्होंने कहा, देश में पीछे रह गए इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया गया। आज आकांक्षी जिले देश के आगे बढ़ने के अवरोध समाप्त कर रहे हैं। आप सब के प्रयासों से आकांक्षी जिले गतिरोध की बजाए गतिवर्धक बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो जिले पहले कभी तेज प्रगति करने वाले माने जाते थे, आज कई मानकों में आकांक्षी जिलों ने भी उनसे अच्छा काम करके दिखाया है। उन्होंने कहा, आकांक्षी जिलों ने विकास के अभियान में हमारी जिम्मेदारियों को विस्तार दिया है। उसे नया स्वरूप दिया है। संविधान की जो भावना है उसे मूर्त स्वरूप देता है। इसका आधार है केंद्र राज्य और स्थानीय प्रशासन का टीम वर्क। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई जिलों ने कुपोषण पर बहुत अच्छा काम किया है तो कुछ जिलों ने पशुओं के टीकाकरण पर बहुत बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि बिहार जैसे राज्य में जहां 30 प्रतिशत पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध था आज वहां 90 प्रतिशत तक नल से शुद्ध पानी पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, जब दूसरों की आकांक्षाएं, अपनी आकांक्षा बन जाएं और जब दूसरों के सपनों को पूरा करना अपनी सफलता का पैमाना बन जाए, तो वो कर्तव्य पथ इतिहास रचता है। आज हम देश के आकांक्षी जिलों में यही इतिहास बनते हुए देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों और अलग-अलग विभागों ने ऐसे 142 जिलों की एक सूची तैयार की है जो अलग-अलग मानकों पर अभी पीछे हैं।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,037 | |
| निफ्टी | 17,617 | |
| सोना | 48,340 | /10g |
| चांदी | 65,112 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जम्मू कश्मीर में दो आतंकवादी मारे गए

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा के दो आतंकी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जिले के चित्राबल इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर कर तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के जवान जब इलाके में तलाशी अभियान चला रहे थे, उसी दौरान छिपे आतंकवादियों ने उनपर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई और दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारी ने बताया कि जो लोग मारे गए हैं वो द रेजिस्टेंस फ्रंट के स्थानीय लोग थे।

# मुंबई में बहुमंजिला इमारत में भीषण आग, छह लोगों की मौत, 23 झुलसे

भाषा। मुंबई

मध्य मुंबई के ताड़देव इलाके में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत की 19वीं मंजिल पर शनिवार सुबह भीषण आग लगने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि गोवालिया टैंक में भाटिया अस्पताल के सामने स्थित सचिनम हाइट्स इमारत में सुबह लगभग सात बजे आग लगी। उस समय इसमें रहने वाले कई लोग सो रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त किया और ट्विटर पर घोषणा की कि प्रत्येक मृतक के परिवार के सदस्यों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि



प्रत्येक घायल को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। घटनास्थल का दौरा करने वाले महाराष्ट्र के पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे ने कहा कि सरकार प्रत्येक मृतक के परिवार के सदस्यों को पांच लाख रुपए का मुआवजा देगी।

उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया लगता है कि शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लगी। इमारत के कुछ निवासियों ने आरोप लगाया कि आसपास के तीन निजी अस्पतालों ने घायल व्यक्तियों को भर्ती करने से इनकार कर दिया और पैसे जमा कराने तथा कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं होने का प्रमाण पत्र लाने को कहा।

# तीसरी लहर में अधिकांश मौतें टीके न लगवाने वालों की

भाषा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी की मौजूदा लहर के दौरान मरने वालों में 60 प्रतिशत लोग ऐसे थे जिन्होंने या तो बिलकुल टीकाकरण नहीं कराया था या फिर आंशिक टीकाकरण ही कराया था। यह बात एक निजी अस्पताल के एक अध्ययन में कही गई है। मैक्स हेल्थकेयर द्वारा किए गए अध्ययन में कहा गया है कि दर्ज की गई मौतों के मामले में ज्यादातर लोग 70 वर्ष से अधिक उम्र के थे या वे गुर्दे की बीमारियों, हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर जैसी कई अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे।

इसने एक बयान में कहा, हमारे अस्पतालों में अब तक हुई 82 लोगों की मौत के मामले में 60 प्रतिशत ऐसे लोग थे जिन्होंने या तो आंशिक टीकाकरण कराया था या फिर बिलकुल भी टीकाकरण नहीं कराया था। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन भी इस बात पर जोर देते रहे हैं कि

● मरने वालों में 60% लोग ऐसे थे जिन्होंने या तो बिलकुल टीकाकरण नहीं कराया था या फिर एक ही बार टीकाकरण कराया था

मृत्यु उन रोगियों की हो रही है जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है और जिन्हें अन्य बीमारियां भी हैं। महामारी की तीन लहरों के तुलनात्मक अध्ययन में यह भी कहा गया है कि महामारी की तीसरी लहर के दौरान केवल 23.4 प्रतिशत रोगियों को ऑक्सीजन देने की आवश्यकता पड़ी है, जबकि दूसरी लहर के दौरान 74 प्रतिशत और पहली लहर के दौरान 63 प्रतिशत रोगियों को ऑक्सीजन देने की आवश्यकता पड़ी थी। अध्ययन में कहा गया है कि मैक्स नेटवर्क के सभी



महाराष्ट्र के ठाणे में कोरोना रोधी टीकाकरण करवाती युवतियां

अस्पतालों में कोविड-19 के चलते 41 बच्चे भर्ती हुए। इसने कहा, हालांकि, इस आयु वर्ग में कोई मौत नहीं हुई है। सात को बाल गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती करने की आवश्यकता पड़ी जबकि दो को वेंटिलेटर पर रखने की। अस्पताल ने कहा कि जब दिल्ली में अप्रैल में दूसरी लहर के दौरान 28,000 मामले आए थे तो अस्पतालों में आईसीयू बिस्तर उपलब्धता शून्य थी, जबकि मौजूदा लहर के दौरान जब पिछले सप्ताह अधिक संख्या में मामले सामने आए थे तो बिस्तर उपलब्धता का कोई संकट नहीं था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पहली, दूसरी और तीसरी लहर के दौरान अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या क्रमशः 20,883, 12,444 और 1378 रही। पहली लहर में समग्र मृत्यु दर 7.2 प्रतिशत थी जो दूसरी लहर के दौरान बढ़कर 10.5 प्रतिशत हो गई। मैक्स अस्पतालों में मौजूदा लहर के दौरान छह प्रतिशत मृत्यु दर दर्ज की गई है। अध्ययन में कहा गया है, यद्यपि भर्ती होने वाले रोगियों की संख्या पिछले 10 दिनों में तेजी से बढ़ी है और रोजाना अधिक से अधिक मौतों की सूचना आ रही है, अच्छी खबर यह है कि ओमीक्रोन स्वरूप से मामूली बीमारी हो रही है। इसने कहा कि अस्पतालों में भर्ती होने वालों की संख्या कम रहने का कारण कोविड रोधी टीकाकरण है और इसी की वजह से बड़े पैमाने पर ऑक्सीजन देने की जरूरत नहीं पड़ रही है। अस्पताल श्रृंखला ने कोविड-19 की तीसरी लहर की शुरुआत से लेकर 20 जनवरी 2022 तक अध्ययन किया। यह अध्ययन मैक्स हेल्थकेयर के समूह चिकित्सा निदेशक डॉक्टर संदीप बुद्धिराजा के निर्देशन में किया गया। दिल्ली में शुक्रवार को संक्रमण के 10,756 नए मामले और 38 मौत दर्ज की गईं।

## भूल सुधार



मन-मन भावे मुंडी हिलावे। पीढ़ी-दर पीढ़ी से चली आ रही यह कहावत भाजपा के एक सफेद दाढ़ी वाले विधायक जी पर एकदम सटीक बैठती है। जोश में आकर विधायकी का चुनाव न लड़ने की बात कहने वाले राजधानी लखनऊ से भाजपा के इस पुराने विधायक की सीट पर कई दिग्गजों ने अपनी गिद्ध दृष्टि लगा दी है। हाल में भाजपा के कारवे में शामिल हुई मुलायम सिंह यादव की बहू से लेकर योगी सरकार के कई मंत्रियों की विधायक जी की सीट पर नजर है। सारे के सारे इस सीट से चुनाव लडना चाहते हैं। अपनी सीट पर दिग्गजों की लगी होड़ को देखकर विधायक जी को अपनी गल्ती का अहसास हुआ है और अब उन्होंने सबके सामने आकर ताजा बयान देकर अपनी गल्ती को सुधारने की कोशिश की है। पार्टी को अपना संदेश देने के लिये भाजपा के इस विधायक ने कहा है कि हमारी कई पीढ़ियां भाजपा की सेवा करती आ रही हैं और मै भी पार्टी का सिपाही हूं। उन्होंने आगे यह भी कहा कि मरते दम तक भाजपा का सिपाही रहूंगा। पार्टी अगर उन्हें टिकट देगी तो चुनाव से पीछे नहीं हटेंगे और अगर किसी अन्य को मिलता है तो पार्टी को जिताने की मुहिम में लगे रहेंगे। बहरहाल विधायक जी को अपनी गल्ती का अहसास हुआ और उन्होंने उसे सुधारने की कोशिश जरूर की है लेकिन अब देखना होगा कि उनकी सीट बचती है या नहीं।

## घालमेल की सूची

सूबे में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद सभी दलों ने पहले व दूसरे चरण को लेकर अपने पत्ते खोल दिये हैं। गठबंधन के तहत लड़ रही समाजवादी पार्टी रालोद की तरफ से जो सूची जारी की जा रही है उसमें बड़ा घालमेल नजर आ रहा है। पता नहीं चल रहा है कि किस दल का प्रत्याशी अमुक सीट पर लड़ रहा है। कुछ सीटों पर बहुत ही असमंजस की स्थिति है। जैसे लग रहा प्रत्याशी किसी और दल का और सीट किसी और के खाते में नजर आ रही है। फिलहाल अभी इसको लेकर पार्टी के नेता भी स्थिति साफ नहीं कर पा रहे हैं कि उनके कितने प्रत्याशी मैदान में हैं। हैण्डपम्प वाली पार्टी के एक नेता जी ने बताया कि अभी 33 सीटें मिली हैं। उनका अपना अनुमान है कि 45 सीटें मिलेंगी। फिलहाल उनका कहना था कि यह तो सिर्फ दो लोगों के बीच की बात है। इसलिए हम भी केवल अनुमान ही लगा रहे।




## हम नहीं सुधरेंगे

जिन्दगी की हॉफ सेंचुरी लगा चुकने के बाद भी अपने को युवा कहलवाने वाले देश की सबसे पुरानी पार्टी के एक शीर्ष नेता बे- सिर-पैर के बयानों को लेकर अक्सर उपहास का पात्र बनते हैं। सोशल मीडिया पर तो लोग अब उनके नाम पर चुटकले बनाने लगे हैं मगर उन पर शायद इसका कोई असर नहीं पड़ता तभी तो वह अपनी बयानबाजी से बाज नहीं आते। यूपी के विधानसभा चुनाव में युवाओं के लिए अपनी पार्टी का घोषणा पत्र जारी करने के मौके पर एक बार फिर उन्होंने ऐसा ही एक बयान दे दिया जिसके बाद से लोग खूब चटकारे ले रहे हैं। हुआ यह कि मीडिया के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि केंद्र की भगवा सरकार की नोटबंदी, गलत जीएसटी और कोरोना के दौरान लिए गलत फैसलों से पांच साल में 16 लाख युवाओं ने अपना रोजगार खोया है। पांच मिनट बाद ही एक दूसरे सवाल के जवाब में कहा कि पांच साल के दौरान 14 करोड़ युवाओं ने अपना रोजगार खोया है। उनकी इस आंकड़ेबाजी को लेकर अब विरोधी दलों के नेता खूब उनकी खिल्ली उड़ा रहे हैं।

## बाहर आए मुसीबत लाए



समाजवाद के लिए साहबजादे सिर दर्द बन गए हैं। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि साहबजादे इस समय समाजवाद के गले की हड्डी बन गए हैं। न तो उन्हें निगला जा रहा है और न ही उन्हें उगला जा रहा है। जब साहबजादे जेल से छूट कर आए थे तो लगा था अब कुछ नया आंदोलन होगा। पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी लेकिन हुआ उसका उल्टा। साहबजादे आए तो आए साथ में एक लिस्ट भी लेते आए। साहबजादे ने आते ही समाजवाद के मुखिया से कहा कि एक लिस्ट लाया हूं जो कि अब्बा जान ने दी है। लिस्ट देखते ही समाजवाद के मुखिया के होश उड़ गए। जेल में बैठे अब्बा जान रूपी आका ने उस लिस्ट में निर्देश दिया था कि जिनके नाम भेज रहा हूं सभी को निर्धारित सीट दे दी जाए। जब से समाजवाद के मुखिया ने यह लिस्ट देखी है तब से वह डिस्टर्ब हो गए हैं। अब समझ नहीं पा रहे हैं कि साहबजादे का स्वागत करें या फिर उनका तिरस्कार।

## सस्पेंस कायम

भगवा दल ने विधान सभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को प्रत्याशियों की सूची जारी की लेकिन प्रदेश की राजधानी का सस्पेंस अभी बरकारार है। लखनऊ की सीटों पर कई उलटफर की बात सामने आ रही है तो कई बाहरी जो अब भगवाधारी हो गए हैं उनकी इंट्री से कई लोगों के समीकरण बिगड़ गए हैं। कुछ हैं जो कि पुत्र मोह में राजनीति से सन्यास लेने की बात कर रहे हैं तो कुछ हैं जो पहले कह रहे थे कि यह मेरा अंतिम चुनाव है लेकिन चुनावी संग्राम में फिर से कुर्ता झाड़कर टिकट के लिए पैरवी में जुट गए हैं। संगठन ने भी सभी बड़े चेहरों को मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। दो बड़े चेहरों का चुनाव मैदान तो घोषित हो गया है लेकिन अभी कुछ बड़े चेहरे ऐसे हैं जिनका नाम घोषित होना बाकी है। यह बड़े चेहरे लखनऊ की सुरक्षित सीट को तलाश रहे हैं जिसकी तलाश तो पूरी हो गई है लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने अभी उन सीटों पर सस्पेंस बनाए रखा है।

# अखिलेश यादव की आईटी का मतलब है इनकम फ्रॉम टेररः अनुराग ठाकुर

● केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री ने शुरू किया भाजपा का प्लेकार्ड प्रचार अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण मंत्री व भाजपा के प्रदेश चुनाव सहप्रभारी अनुराग ठाकुर ने शनिवार को हजरतगंज चौराहे पर प्लेकार्ड प्रचार अभियान शुरू किया। हजरतगंज चौराहे पर अलग-अलग स्थानों पर हुए कार्यक्रम में 5-5 कार्यकर्ता भाजपा सरकार के काम के बारे में जानकारी देती हुई तख्तियां लेकर खड़े थे। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि अखिलेश यादव के आईटी का मतलब इनकम फ्रॉम टेरर आतंक से कमाई है और मुख्तार अंसारी, यूनुस अंसारी, अतीक अहमद और नाहिद हसन जैसे माफिया इसके ब्रांड एंबेसेडर थे। इनका आतंक ही था कि सपा शासनकाल में असली आईटी यानी इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सेक्टर की कंपनियां यूपी नहीं आती थीं। यह योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार है कि बीते 5 साल में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी क्षेत्र में लाखों युवाओं को बिना भेदभाव नौकरी मिली है और यूपी आईटी हब के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधियों, माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हुई और अखिलेश के इनकम फ्रॉम टेरर वाली आईटी को बाहर भगा दिया। हमने पिछले पांच वर्ष में मोदी-योगी की सरकार में बिना भेदभाव, बगैर भ्रष्टाचार के लाखों युवाओं को रोज़गार दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की टीम व यहां के फ्रंट लाइन वर्कर्स ने जो काम किया आज पूरी दुनिया उसकी सराहना कर रही है। कई देशों की जितनी आबादी नहीं, उससे ज्यादा कोविड टीके उत्तर प्रदेश में लगे हैं। वास्तव में यूपी की जनता बधाई की पात्र है। भाजपा कार्यकर्ता कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अपनी बात जनता तक पहुंचाएंगे। शनिवार शाम को हजरतगंज स्थित अटल चौक पर प्लेकार्ड अभियान की शुरुआत हुई। अभियान की शुरुआत करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि यूपी की जनता एक बार फिर भाजपा सरकार लाने के लिए तैयार है।

# 10 मार्च के बाद भी जारी रहेगा गुंडों, माफियाओं-दंगाइयों का पलायन

● चुनाव लड़ने से घबराने वाले अखिलेश अब सूची जारी करने में घबरा रहे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डिप्टी** सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी को पहले चरण के चुनावों में ही अपनी हार नजर आने लगी हौ। यही कारण है कि अखिलश यादव पहले चुनाव लड़ने से घबरा रहे थे और अब सूची जारी करने में भी घबरा रहे है। उन्होंने कहा कि 10 मार्च के बाद भी प्रदेश से दंगाइयों, माफियाओं, गुंडों, भ्रष्टाचारियों का पलायन जारी रहेगा। क्योंकि उत्तर प्रदेश को तरक्की पसंद है जो भाजपा की सरकार ही दे सकती है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को पहले चरण के चुनावों में ही अपनी हार नजर आने लगी है। समय का तक़ाज़ा है कि उनको अपने घर की चौखट के अंदर ही रहना चाहिए। अखिलश यादव पहले चुनाव लड़ने से मैदान से भाग रहे थे लेकिन अब उम्मीदवारों की सूची जारी करने में भी घबरा रहे हैं। भाजपा सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव को समझ आ जाना चाहिये कि अब यूपी में उनकी दाल नहीं गलने वाली है। डिप्टी सीएम ने कहा कि जन-जन की है यही पुकार, यूपी फिर मांगे भाजपा सरकार। राज्य में भाजपा की बयार चल रही है। इसलिए ठगने व छलावे की राजनीति करने वाले राजनैतिक दलों को अभी से अपना बोरिया-बिस्तर बांधने की तैयारी कर लेनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कि समाजवादी पार्टी की पूंजी ही गुंडा, अपराधी, माफिया, भ्रष्टाचारी और दंगाई रहे हैं। अपने कार्यकाल में सरकार न चलाकर उन्होंने संगठित अपराध की पाठशाला चलाई। इसलिए अब वह अपने उम्मीदवारों की सूची जारी से घबरा रहे हैं। अपनी सरकार में उन्होंने यूपी की जनता को केवल ठगने और भ्रष्टाचार को संरक्षण दिया। किसानों को अन्न देने के बजाय उनकी जमीनों पर अपने तंबू और खूंटे गाड़े। लगातार लूट व अपराध को संरक्षण दिया। सरकारी कर्मियों की पेंशन और पीएफ घोटाला का शुमार उनकी उपलब्धियों में होता था। उनका कार्यकाल जनता क़तई भूल नहीं सकती। उन्होंने कहा कि सपा शासन में यूपी में पलायन हुआ था जिसे भाजपा ने रोक दिया है। अब पलायन बीते दिनों की बात है। डिप्टी सीएम ने कहा कि 2017 से पहले यूपी में किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे। लेकिन उसके बाद भाजपा सरकार उनके साथ खड़ी रही है। अब यूपी गेहूए आलूए सब्जीए फ्ल और तिलहन उत्पादन में नंबर.वन है। आजादी के बाद किसानों को भाजपा सरकार में ही पहली बार किसान सम्मान निधि को तोहफा मिला है। उन्नत खेती करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। तोहफे में उनके ट्रैक्टर दिए गए। सरकार ने धान और गेहूं की सीधी ख़रीद की जिसका भुगतान सीधे उनके खातों में किया गया। पिछली सरकारों की तुलना में उनको दोगुना लाभ दिया गया। ऐसे मामलों में पूरी तरह पारदर्शिता बरती गई। यह बताने के लिए काफ़ी है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव को समझ जाना चाहिये कि यूपी में उनके दिन अब लद चुके हैं और घर की चौखट के अंदर ही अपनी समाजवादी धूनी रमानी चाहिए।

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

सूच्य हो कि मेरे वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मेरा नाम हुमैरा खातून दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरा सही नाम हुमैरा सुब्हानी है जो कि मेरे आधार कार्ड में भी दर्ज है। अतः अब से समस्त अभिलेखों में मेरा नाम हुमैरा सुब्हानी ही पढ़ा व समझा जाये। हुमैरा सुब्हानी पत्नी मो0 इम्तियाज पता-19/1, थाना तहसील बिसवां, जनपद-सीतापुर

### सूचना

सूच्य हो कि मेरे एनटीपीसी सेवा अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम रेखा और उनकी जन्मतिथि 29/01/ 1972 दर्ज है जो अपूर्ण व असत्य है । जबकि अन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम रेखा सिंह व उनकी जन्मतिथि 29/01/1971 दर्ज है। जो सत्य व पूर्ण है। अतः मेरी पत्नी को रेखा सिंह व उनकी जन्मतिथि 29/01/1971 के रूप में जाना, पहचाना व समझा जाए। महिपाल सिंह राठौर पुत्र स्व रामसिंह राठौर निवासी - टाईप तृतीय -203 एनटीपीसी कालोनी ऊंचाहार - रायबरेली

### NOTICE

NOTICE

We Imtiyaz Ahmad And Parvin R/o Aakmol, Galib Saheed, Sultanpur-228118, have booked a plot no. B-187 in DLF Garden City, these receipts are misplaced GDN/CRB/00210/0213, GDN/CRB/00186/0413, GDN/ CRB/00220/0613, GDN/ CRB/00020/0214 issued by DLF LTD. 9415077435

### सूचना

सूचना

- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लखनऊ इन्फ्रास्ट्रक्चर्स का पुराना पता 106 /12, नजरबाग, लखनऊ बदल कर नया पता एल-1/191, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 हो गया है।
- अनुप्रिया सिंह, 4/540, विभव खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 को तृतीय पार्टनर के रूप में लखनऊ इन्फ्रास्ट्रक्चर्स में शामिल किया गया है।
- संतोष द्विवेदी, 2/189, विराट खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 द्वारा अपनी स्वेच्छा से लखनऊ इन्फ्रास्ट्रक्चर्स में द्वितीय पार्टनर के पद से हक त्याग-पत्र दिया गया है जिनका कार्यकाल 31 मार्च 2022 तक रहेगा।

(अरविन्द द्विवेदी)
लखनऊ इन्फ्रास्ट्रक्चर्स
पता :-एल-1/191,
विनीत खण्ड, गोमती नगर,
लखनऊ-226010

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बेरोजगार युवाओं से रोजगार फॉर्म भरवाएगी कांग्रेस




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** द्वारा जारी किए गए भर्ती विधान को आधार बनाते हुए कांग्रेस पार्टी 'स्पीक अप' अभियान शुरू करने जा रही हैं। रविवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस का सोशल मीडिया विभाग प्रदेशव्यापी 'स्पीक अपष् अभियान चलाएगा। जिसमें सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश के बेरोज़गार युवा फेसबुक और ट्विटर पर युवा विधान पर उनके विश्वास और पिछली सरकारों के साथ अपने ठगे हुए अनुभव साझा करेंगे। साथ ही कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदेश में जगह जगह स्टाल लगाकर बेरोज़गार युवाओं से फार्म

● योगी सरकार के शासनकाल में 12 परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं: नसीमुद्दीन सिद्दीकी

भरवाएंगे और उन्हें रोज़गार पंजीयन क्रमांक भी आवंटित करेंगे।

भर्ती विधान में लिखे वादों और कार्ययोजनाओं पर आज कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेसवार्ता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भर्ती विधान के बारे में विधिवत जानकारी दी। कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ में प्रेसवार्ता करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया एंड कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस का भर्ती विधान उत्तर प्रदेश के 7 करोड़ युवाओं की आशाओं, आकांक्षाओं का दस्तावेज है। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर 20 लाख सरकारी नौकरियों की गारंटी होगी, जिनमें 8 लाख सरकारी पद महिलाओं के लिए होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, मेरठ और झांसी जैसे शहरों में रहकर युवा मेहनत से तैयारी करते हैं, परीक्षा देते हैं लेकिन इसके बाद पता चलता है कि पर्चा आउट हो गया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के शासनकाल में 12 परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। किसी तरह परीक्षा हो भी जाती है, तो परीक्षार्थी रिजल्ट, नियुक्ति के लिए संघर्ष करते हैं।

# अमर जवान ज्योति को हटाना अक्षम्य अपराधः प्रमोद तिवारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वरिष्ठ** कांग्रेस नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस तरह 'अमर जवान ज्योति' को उस स्थल पर जहां उसकी 'लौ ' प्रज्ज्वलित थी उसे वहां से हटाना अत्यंत अक्षम्य अपराध है और अमर शहीदों की शहादत का अपमान है।

उन्होंने कहा कि यह वही सरकार कर सकती है जिसके नेताओं ने आजादी के आन्दोलन में महात्मा गांधी के 'अंग्रेजों भारत छोंड़ों आन्दोलन' का साथ देने की जगह अंग्रेजों की सेना में भर्ती होने के लिए पत्र लिखकर आह्वान किया था। आज इस मर्मान्तक पीड़ा को वे परिजन झेल रहे होंगे जिनके पिता, पुत्र, पति या भाई ने अपने प्राणों की आहुति देकर वर्ष 1971 की 'विजय गाथा' अपने खून से लिखी थी । मेरे सहित देश के कई करोड़ देशवासियों की समझ में यह नहीं आ रहा होगा कि जिस पार्टी के प्रधानमंत्री अपने लिए 17 हजार करोड़ रुपये के विमान खरीद सकते हैं, जो अपने लिए कई करोड़ रुपये की कार खरीद सकते हैं, और जो लगभग 20 हजार करोड़ रुपए लगाकर नया संसद भवन (सेण्ट्रल विस्टा))के नाम पर अपना आवास और कार्यालय बनवा रहे हैं क्या वह दो जगह शहीदों के सम्मान में दीप प्रज्ज्वलित नहीं कर सकते, जो मात्र कुछ हजार या एक लाख में हो सकता है। तिवारी ने कहा है कि यदि 2 जगह दीप प्रज्ज्वलित होता तो वर्ष 1971 या उसके पहले जिन भारतीय जॉबॉजों ने अपने शौर्य को प्रदर्शित किया था उनके सम्मान में जलने वाली यह अमर जवान ज्योति क्या करोड़ों भारतीयों को अनुप्रेरित नहीं करती। यह भारत माता के अमर शहीदों की शहादत के सम्मान के विरुद्ध अक्षम्य अपराध है। अमर शहीदों के शहादत के सम्मान में चीजें जोड़ी जानी चाहिए. मिटाना नहीं चाहिए।

# योगी सरकार में अपराधी खेल रहे हैं क्रिकेटः लल्लू

● अपराधियों को बढ़ावा देकर इस सरकार ने कई मौकों पर पुलिस का मनोबल तोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी दावा करते हैं कि पुलिस के डर से माफिया भाग रहा हैं लेकिन हकीकत यह है कि इस सरकार में अपराधी पुलिस पर भारी पड़ते हैं और पुलिस को भागना पड़ता है। अपराधियों को बढ़ावा देकर इस सरकार ने कई मौकों पर पुलिस का मनोबल तोड़ा है।

उन्होंने कहा इसी सरकार में उत्तर प्रदेश के मोस्ट वॉन्टेड और हत्यारोपी निलंबित आईपीएस अधिकारी मणिलाल पाटीदार अभी तक फरार हैं। कुछ ही महीने पहले जौनपुर में पुलिस टीम पर दबंगों ने हमला किया। मुख्यमंत्री के गृहक्षेत्र गोरखपुर में ही कानपुर के कारोबारी की हत्या पुलिस वालों ने कर दी। यह कुछ घटनाएं सामने हैं, मुख्यमंत्री सिर्फ कागजी दावे करते हैं लेकिन जमीनी सच यही है कि इस सरकार में दबंग और माफिया से लोग परेशान रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पांच साल में प्रदेश में हुए क्राइम को देखें तो पता चलता है कि देश में आज भी सबसे ज्यादा हत्याएं यूपी में ही हो रहीं हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक 2016 से 2020 तक उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा हत्याएं हुईं। इस दौरान अलग-अलग शहरों में वारदातों में 20 हजार से अधिक लोगों का कत्ल हुआ। जबकि 2017 से 2019 तक यहां अपहरण के 58 हजार से अधिक मामले दर्ज हुए हैं।

# गुड्डू राजा बुंदेला ने दिया समाजवादी पार्टी से इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बुंदेलखंड** में समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। बुंदेलखंड के चर्चित समाजवादी युवा नेता चंद्र भूषण सिंह बुंदेला उर्फ गुड्डू राजा ने समाजवादी पार्टी से अपना त्यागपत्र दे दिया है। गुड्डू राजा बुंदेला के मुताबिक वह समाजवादी पार्टी छोड़ कर बसपा में शामिल हो रहे हैं और ललितपुर विधानसभा क्षेत्र से बसपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। गुड्डू राजा बुंदेला के पिता सुजान सिंह बुंदेला कांग्रेस से दो बार सांसद रह चुके हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव को दिए त्यागपत्र में गुड्डू राजा ने कहा कि समाजवादी पार्टी में उन्हें व उनके कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं मिल रहा है जिससे व्यथित होकर वह समाजवादी पार्टी को छोड़ रहे हैं। बता दें कि गुड्डू राजा बुंदेला अखिलेश यादव के काफी करीबी रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया में दोनों ने साथ पढ़ाई की है। गुड्डू राजा बुंदेला का बुंदेलखंड में काफ ी प्रभाव माना जाता है। सपा से त्यागपत्र देने के संबंध में जब गुड्डू राजा बुंदेला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में सामान्य जाति के साथ ही साथ दलितों व पिछड़ों काफी जबरदस्त अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सिर्फ एक विशेष वर्ग व जाति की पार्टी बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी गुड्डू राजा बुंदेला के समाजवादी पार्टी के छोड़े जाने पर सपा मुखिया अखिलेश यादव से प्रश्न किया गया तो उन्होंने कहा कि यह चुनाव का समय है लोगों को कहीं भी जाने-आने की स्वतंत्रता है।

# इस बार फिर यूपी में बनाएंगे पूर्ण बहुमत की सरकारः मायावती

## नए नारे के साथ बसपा ने जारी की 51 प्रत्याशियों की दूसरी सूची

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**बसपा** अध्यक्ष मायवती ने 'हर पोलिंग बूथ को जिताना है बीएसपी को सत्ता में लाना है' के नए नारे के साथ यूपी विधानसभा आमचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि 9 जनवरी को पार्टी के यूपी स्टेट के सभी छोट- बड़े पदाधिकारियों की लखनऊ बैठक में उन्हें दिए गये सभी ज़रूरी दिशा . निर्देशों पर वे अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से अमल करते हुए इस बार सन् 2007 की तरह ही फिर से यूपी में अपनी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार जरूर बनाएंगे। यूपी के साथ ही साथ उत्तराखण्ड स्टेट में भी बीएसपी तथा पंजाब स्टेट में शिरोमणि अकाली दल के साथ हमारा बना गठबन्धन जरूर अच्छा रिजल्ट दिखाएगा। लखनऊ में शनिवार को प्रेस कांफ्रेस के दौरान मायावती ने कहा कि बीएसपी उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड स्टेट में विधानसभा का आमचुनाव बिना किसी पार्टी व संगठन आदि से गठबन्धन किए हुए अकेले ही अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है लेकिन पंजाब स्टेट में हमारी पार्टी शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबन्धन करके यह चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड स्टेट में यहां हमारी पार्टी तथा पंजाब स्टेट में भी हमारा बना यह गठबन्धन जरूर अच्छा रिजल्ट दिखाएगा । हालांकि इस बार यह चुनाव कोरोना प्रकोप के चलते ही हो रहे हैं, ऐसे में पार्टी के लोगों से मेरी यही अपील है कि वे चुनाव आयोग द्वारा जारी किये गये कोरोना नियमों का पालन करते हुये अपनी पार्टी के सभी चरणों के उम्मीदवारों को जरूर जितायें तभी फिर खासकर यूपी में बीएसपी की अपनी सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की 15 जनवरी को सरकार बन सकती है और तभी फिर यहां बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं कांशीराम आदि का भी सपना जरूर सही मायने में साकार हो सकता है।

मायावती ने पहले चरण की सूची अपने जन्मदिन के मौके पर जारी की थी। इसके बाद दूसरे चरण के तहत 55 विधानसभा की सीटों पर चुनाव होंगे। जिसमें आज उन्होंने 51 विधानसभा की सीटों पर बीएसपी के उम्मीदवारों की सूची जारी की।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# मतदानकर्मियों को दी गई ट्रेनिंग

● वीडियो निगरानी और स्थायी निगरानी टीम निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने की तिथि से रहें क्रियाशील, प्रत्याशियों की अधिकतम व्यय सीमा 40 लाख, व्यय की समस्त धनराशि का पेमेंट चेक के माध्यम से किया जाए



संवाददाता। मीरजापुर

**जिला निर्वाचन** अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के निर्देशन में विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 को स पन्न कराने के लिये आज कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो निगरानी टीमए वीडियो अवलोकन टीमए उड़नदस्ता टीम, स्थायी निगरानी टीम एवं मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के सदस्योंध्पदाधिकारियों को उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री शिव प्रताप शुक्ल एवं मुख्य कोषाधिकारी श्री राज कुमार गुप्ता के द्वारा विभिन्न टीमो के कार्यो के बारे में जानकारी देते हुये प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी देते हुये मुख्य कोषाधिकारी श्री राज कुमार गुप्ता नें बताया कि प्रत्याशी की अधिकतम निर्वाचन व्यय सीमा आयोग द्वारा 40 लाख रूपया निर्धारित किया गया हैं। पूरे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान यदि किसी मद में कुल व्यय रूपया 10 हजार तक है तो उसमें नगद भुगतान किया जा सकता है शेष समस्त भुगतान चेक के माध्यम से किये जायेंगे। उन्होने कहा कि सभी अ यर्थियों को निर्वाचन व्यय रजिस्टर बनाना होगा जिसमें दैनिक लेखा का तिथिवार उल्लेख करना होगा। उन्होने बताया कि किसी भी अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन हेतु वाहन की अनुमति स बन्धित आरओ से लेनी होगी तथा उसकी प्रति गाड़ी के अगले शीशे पर चस्पा करना होंगा। रैली, जुलुस, सार्वजनिक की अनुमति भी स बन्धित आरओ से अभ्यर्थियों को लेनी होगी तथा आरओ द्वारा उस रैली की अनुमति की प्रति संबन्धित वीडियो अवलोकन टीम को दिया जायेगा। अ यर्थियों द्वारा निर्वाचन के प्रचार में प्रयोग में होने वाले पोस्ट, हैण्डबिल, बैनर आदि के मुद्रण के स बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी को सूचना देना होगा तथा प्रकाशक एवं मुद्रक द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली आवश्यक घोषणा पत्र उपलब्ध कराना होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिव प्रताप शुक्ल ने सभी को स बोधित करते हुये कहा कि सभी टीमें अपने निर्धारित समयानुसार सक्रिय रहे तथा अपने से संबन्धित प्रपत्र व रजिस्टर को सुव्यवस्थित बनाये रखे पूरी पारदर्शिता, निष्पक्ष ढंग से कार्य करे ताकि निर्वाचन कार्य को शान्तिपूर्ण स पन्न कराया जा सकें।

## ईश्वरदेव मिश्र एकादश ने जीता कनिष्कदेव गोरावाला मीडिया क्रिकेट का उद्घाटन मैच



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मैन ऑफ** द मैच अमित मिश्रा (86) के शानदार अर्द्धशतक के दम पर गत उपजेता ईश्वरदेव मिश्र एकादश ने विधाभास्कर एकादश को 73 रन से पराजित कर यहां सिगरा स्टेडियम में शनिवार से शुरू 34वीं कनिष्कदेव गोरावाला मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में आसान जीत दर्ज की। काशी विश्वनाथ धाम यूथ फेस्टिवल के तहत काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मुकाबले में टॉस जीत कर पहले खेलते हुए ईश्वरदेव मिश्र एकादश ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 183 रन बनाये। अमित के अलावा सोनू ने 24 रन की पारी खेली। सुभाष राय ने दो विकेट लिया। जवाब में विद्याभास्कर एकादश की टीम 18.5 ओवर में 110 रन पर सिमट गयी। विनय सिंह ने 41 और सुनील शुक्ला ने 12 रन बनाये। विकाश गौड़ ने तीन विकेट चटकाये। मैच में अ पायरिंग आर पी गुप्त, राजेश पटेल ने तथा स्कोरिंग नन्द कुमार यादव ने की। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन वाराणसी के जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने कनिष्क के चित्र पर माल्यार्पण एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। स्वागत काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र सिंह ने किया जबकि धन्यवाद वाराणसी प्रेस क्लब के अध्यक्ष चंदन रूपानी ने ज्ञापित किया। संचालन मंत्री पंकज त्रिपाठी ने किया।

## बाइक चोरी कर एमपी में बेचने वाले छह गिरफ्तार

**मिर्जापुर।** शहर कोतवाली पुलिस ने बाइक और कार चोरी करने वाले अंतरप्रांतीय गिरोह के छह सदस्यों को गिरधर चौराहे के पास से गिरफ्तार कियाद्य उनके पास से चोरी की 10 बाइक 2 कार और चोरी में प्रयुक्त पिकअप भी बरामद की गई। मामले का खुलासा अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने शुक्रवार को शहर कोतवाली में पत्रकार वार्ता कर कियाद्य नगर में बीते दिनों बाइकए कारए आदि चोरियां लगातार हो रही थीद्य इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश में एएसपी सिटी संजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में सीओ सिटी प्रभात राय ने चोरों को पकड़ने के लिए टीम बनाईद्य शहर कोतवाल अरविंद कुमार मिश्रा और स्वाट प्रभारी राजेश चौबे ने छानबीन शुरू की। नगर के कई सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कराई गईद्य हेड कांस्टेबल विनोद यादव और श्रीनिवास यादव को चोरों के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस छानबीन में जुट गई।

## बीएचयू में मतदाता एक्सप्रेस बस का जोरदार स्वागत किया

**वाराणसी।** मतदाता जागरूकता और चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूकता के उद्देश्य से राज्य चुनाव निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा मतदाता एक्सप्रेस बस का संचालन प्रदेश भर में किया जा रहा है। मतदाता एक्सप्रेस का काशी हिंदू विश्वविद्यालय परिसर पहुंचने पर राष्ट्रीय सेवा योजना बीएचयू के स्वयंसेवकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।बीएचयू परिसर स्थित विश्वनाथ मंदिर पर मतदाता एक्सप्रेस का स्वागत कार्यक्रम समन्वयक डॉ बाला लखेंद्र, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक सोनकर, डॉ एस पी सिंह आदि के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने किया । इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कार्यक्रम समन्वयक डॉ बाला लखेंद्र ने कहा कि मतदान जैसे महापर्व में भाग लेना प्रत्येक नागरिक जो मतदान के लिए अर्हता रखते हैं का नैतिक और मौलिक कर्तव्य है। लोकतंत्र में एक-एक मत से ही जनाधार तैयार होता है और लोकतंत्र समृद्ध होता है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक सोनकर, डॉ एस पी सिंह, छात्र प्रतिनिधि अंशु राज, सुश्री प्रियांशु कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**सपाइयों ने मनाई जनेश्वर मिश्र की 12वीं पूण्यतिथि:** मीरजापुर। समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्र की 12वीं पूण्यतिथि पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर मनाई गई। इस दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजली दी। और उनके बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री मुन्नी यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र की सोच थी कि दबे कुचले गरीब पायदान तक विकास की किरण पहुँचाई जाय।

## हिंदी ने बखूबी किया है पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का काम: रामाश्रय पाण्डेय

● मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**मंडल रेल** प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजभाषा विभाग द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पर मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की आभासी बैठक का आयोजन हुआ । मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की आयोजित इस बैठक में सभी का स्वागत करते हुए मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने कहा कि हिंदी भारत संघ की राजभाषा है। प्राचीन काल से ही हिंदी देशभर में संपर्क भाषा के रूप में कार्य करती रही हैं। हिंदी ने पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का काम बखूबी किया है। यह हर्ष का विषय है कि राजभाषा विभाग, गृहमंत्रालय द्वारा दिनांक 13-14 नवंबर, 2021 को स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ (आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रथम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन वाराणसी स्थित दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला शंकुल ( माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित इस बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा ज्ञानेश त्रिपाठी,वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी समीर पॉल, राजभाषा अधिकारी एवं सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी रमेश उपाध्याय समेत सभी शाखाधिकारी एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य जुड़े थे । इसके पूर्व सभी का स्वागत करते हुए राजभाषा अधिकारी एवं सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी रमेश उपाध्याय ने राजभाषा पर सुझावों पर विस्तृत चर्चा की और सुधार के बारे में बताया । माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित इस बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) ज्ञानेश त्रिपाठी,वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी समीर पॉल, राजभाषा अधिकारी एवं सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी रमेश उपाध्याय समेत सभी शाखाधिकारी एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य जुड़े थे ।

## एनटीपीसी सिंगरौली में संचार कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में शनिवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत ऑनलाइन संचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भावी चुनौतियों के मध्य प्रभावी संचार के महत्व एवं उपयोगिता विषय पर शिशिर सिन्हा संकाय सदस्य भारतीय जन संचार संस्थान नई दिल्ली द्वारा विस्तृत परिचर्चा की गई। इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए बसुराज गोस्वामी परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली ने वर्तमान परिदृश्य में सार्थक संवाद की महती आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि हमें अपनी भाषाई एवं सांस्कृतिक महत्ता के अनुरूप कार्य व्यवहार में स्पष्ट मर्यादित तथ्य परक सहज सरल संवाद स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि गुणवत्तापूर्ण संवाद संस्कृति के माध्यम से समाज में यथोचित एवं प्रभावी परिवर्तन लाया जा सके साथ ही समाज के अंतिम पैदान पर खड़े व्यक्ति के विचारों को महत्ता प्रदान कर उसका समुचित निराकरण किया जा सके। कार्यशाला में शिशिर सिन्हा ने जन संचार के महत्व वैश्विक स्तर पर संवाद के महत्व मीडिया में जन संचार संबंधी नव तकनीक के प्रयोग उपयोगी एवं पारदर्शी संवाद देश की दशा दिशा में जन संचार की भूमिका विषय पर अपने प्रभावी एवं सारगर्भित व्यक्तव्य प्रदान किया। कार्यशाला में एनटीपीसी सिंगरौली के सी एस श्रीनिवास महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण सभी महाप्रबंधक गण सभी वरिष्ठ अधिकारीगण स मलित हुए एवं विशिष्ट अतिथि शिशिर सिन्हा से परस्पर संवाद स्थापित कर कार्यशाला की विषय वस्तु से लाभान्वित हुए।

## 24 से 26 जनवरी तक मनेगा उत्तर प्रदेश दिवस



संवाददाता। सोनभद्र

**जिलाधिकारी टीके** शिबु की अध्यक्षता में 24 से 26 जनवरी 2022 तक उत्तर प्रदेश दिवस मनाये जाने के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट परिसर में स पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से आधुनिक उत्तर प्रदेश की संस्कृति के साथ आर्थिक विकास को केन्द्र में रखकर आमजन तक जानकारी देने के उद्देश्य से विभिन्न सेमिनार, प्रदर्शनी, गोष्ठियां आदि आयोजित किये जायेगें। जनपद में उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक आयोजित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 24 से 26 जनवरी, 2022 तक मनाये जाने वाले उत्तर प्रदेश दिवस से संबंधित समस्त तैयारियां पूरी कर लिए जाय। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर बंदे मातरम् गीत का आयन एवं आजादी से जुड़ें लोक गीतों का गायन, आजादी के गाथाओं पर आधारित नाटक या नृत्य नाटिकाओं का आयोजन कराया जायेगा तथा शहीद उद्यान परासी दूबे में फेटोग्राफ पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किशोर एवं युवा वर्ग की भागीदारी से कराया जायेगा। इस दौरान नृत्य, कठपुतली नृत्य व गीत आदि का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर अनिवार्य रूप से कोविड-19 के परिस्थितियों के दृष्टिगत कोविड हेल्थ डेस्क स्थापित किया जायेगा। शहीद उद्यान परासी दूबे में सायंकाल 05.00 बजे पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन कराया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह के अलावा जिला विकास अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी, जिला स्तरीय अधिकारीगण सहित अन्य स बन्धितगण उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी के निर्देशन में मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी टीके शिबु के निर्देशन में आज घोरावल विधानसभा के मतदान केंद्रों छोटकापुर बरवां शाहगंज खजुरी उसरी खुर्द ठुथेर बनौरा दुरावल कला ओड़ौली,लसडी कला सलैया देवरी ऊँचडीह महुरेसर खचार खतौली परासी पांडेय का निरीक्षण किया गया। इन मतदान केंद्रों पर मतदान की तैयारी के दृष्टिगत आवश्यक भौतिक सुविधाओं की स्थिति वेबकास्टिंग हेतु आवश्यक सुविधाएं वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए कृत कार्यवाही क्रिटिकल और वनरेबल बूथों पर की गई कार्यवाही समीक्षा रूट और क युनिकेशन प्लान की समीक्षा पोस्टल बैलट के लिए फार्म 12 कोविड-19 वैक्सीनेशन की समीक्षा संबंधित बीएलओ की उपस्थिति में समीक्षा की गई।

## अभेद्य सुरक्षा के बीच 73 केंद्रों पर होगी टीईटी परीक्षा

● परीक्षा पर एसटीएफ व खुफिया की रहेगी पैनी नजर, डीएम ने बैठक करके जारी किए सख्त दिशा-निर्देश



संवाददाता। मऊ

**जिले के** 73 केन्द्रों पर रविवार को दो पालियों में यूपी टीईटी की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा। परीक्षा को नकल विहीन सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस लिया है। शनिवार की देर शाम तक उच्चाधिकारी परीक्षा की तैयारियों में जुटे रहे। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने सख्ती के साथ चेताया है कि यूपी टीईटी की परीक्षा पूरी तरह से नियमों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से कराया जाएगा। नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परीक्षा की सुचिता को लेकर एसटीएफ व खुफिया विभाग पैनी नजर रखे रहेगा।

जिले के 73 केन्द्रों पर रविवार को होने वाली यूपी टीईटी की परीक्षा को लेकर शनिवार को देर शाम तक उच्चाधिकारी मंथन करते रहे। परीक्षा में परीक्षा में 51377 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा कोविडगाइडलाइन के अनरूप होगी। परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापकए नामित पर्यवेक्षक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को भी कैमरा युक्त मोबाइलए स्मार्ट फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसमें पहली पाली 73 परीक्षा केंद्रों में 30886 अभ्यर्थी तथा दूसरी पाली 46 परीक्षा केंद्रों पर 20491 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दो पर्यवेक्षक, एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दिया गया है। परीक्षा केंद्रों पर नजर रखने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक, डायट प्राचार्य तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में तीन सचल दस्ता का गठन किया गया है। पहली पाली में पूर्वाह्न 10 बजे से 12ण्30 बजे तक प्राथमिक स्तर की परीक्षा होगी। जबकि दूसरी पाली अपराह्न 2ण्30 बजे से पांच बजे तक उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा होगी। परीक्षा केंद्र पर प्रत्येक पैकेट परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पूर्व ही केंद्र व्यवस्थापक द्वारा दो कक्ष निरीक्षक तथा पर्यवेक्षक की उपस्थिति में खोला जाएगा तथा प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर किया जाएगा। पूरी परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर एसटीएफ व खुफिया विभाग अपनी पैनी नजर रखेगा। एसटीएफ व खुफिया विभाग केन्द्र पर आने.जाने वाले प्रत्येक लोगों पर अपनी पैनी नजर रखेंगे।

**जाम से निजात के लिए किया गया रुट डायवर्जन:** परीक्षा के मद्देनजर और परीक्षार्थियों को जाम की समस्या से बचाने के लिए सीओ सिटी धनंजय मिश्र ने रविवार की सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक के लिए शहर के प्रत्येक रास्ते पर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्र ने बताया कि रविवार की सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक अदरी मोड़ए डांड़ी मोड़, मतलूपुर, सलाहाबाद, बढुआगोदाम एवं मुसरदह मोड़ से किसी प्रकार के हैबी मालवाहक वाहन को शहर की तरफ नहीं आने दिया जाएगा। इन्हें वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा, अथवा वहीं रोक कर रखा जाएगा। इसके लिए कोपागंज, दक्षिणटोला, मुहम्मदाबाद गोहना, हलधरपुर आदि थानों के प्रभारियों को अलर्ट कर दिया गया है।

## ओलंपिक एकेडमी से युवाओं की प्रतिभा में निखार आएगा: अंजनी



**धानापुर/चंदौली।** समाजवादी चिंतक जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंह ने जिगना गाँव में आर के तीरंदाजी ओलंपिक एकेडमी का उद्घाटन किया।

बताते चलें जनपद चंदौली के धानापुर जिगना में जिले का पहला ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र खोला गया है जहाँ युवाओं को रायफल शूटिंग तीरंदाजी दौड़ सहित हैमर जबलिंग डिस्कस थ्रो जैसे खेलों का कोचिंग दिया जाएगा । इस अवसर पर अंजनी सिंह ने प्रबंधक ऋषिकेश श्रीवास्तव प्रधान कोच एवं संयोजक प्रीतम सिंह दादा सहित सभी कोच ट्रेनरों एवं कोचिंग के सभी सहयोगियों की सराहना करते हुये कहा कि निश्चित तौर पर यह आप सभी के बहुत ही बेहतरीन सोच का परिणाम है कि हमारे जनपद व धानापुर में इस प्रकार की एकेडमी खोलने का काम किया है । देश के पिछड़े जनपद चंदौली के ग्रामीण अंचल में इस प्रकार की व्यवस्थाओं के होने से युवाओं की प्रतिभा में निखार आएगा। हमारे धानापुर सैयदराजा सहित जनपद के युवाओं को ओलंपिक खेलने की तैयारी में काफी सहूलियत मिलेगी । गाँव के युवा निखर कर अपने भारत का प्रतिनिधित्व कर सकेंगे उद्घाटन अवसर पर एयरगन प्रतिस्पर्धा तीरंदाजी एवं दो सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें से अवनीश यादव नन्हें जिगना प्रियंका यादव नई बाजार हिमांशु सिंह नन्हें डबरिया ने प्रथम स्थान हासिल किया। मुख्यअतिथि अंजनी सिंह ने सभी युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुये युवाओं को अपना नारा बताया बस एक भगवान हैं बाकी सब इंसान हैं। इस मौके पर मृत्युंजय सिंह भरथ लाल यादव भोलेनाथ सिंह विजय पासवान अंगद यादव राकेश मौर्या काजू मिश्रा विशाल गोंड़ रजत तिवारी सुंदर बिंद सहित अन्य युवा क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे ।

## क्विक न्यूज

### पंडित बिरजू महाराज द्वद्ध अस्थि कलश काशी पहुंचा पूर्व मंत्री अजय राय ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**वाराणसी।** वरिष्ट कांग्रेस नेता,पूर्व मंत्री उप्र सरकार अजय राय ने कहा कि पंडित बिरजू महाराज का निधन भारतीय नृत्य कला में अपूरणीय क्षति वह स्वम् में नटराज थे। वह जहां खड़े हो जाते हैं वहां स्वयं नटराज खड़े हो जाते थे।उन्होंने भारतीय नृत्य कला को एक नया आयाम दिया व विश्व भर में भारतीय कला नृत्य को स्थापित किये।बढ़ती उम्र में भी महाराज विविध भावों और हाथों की अनूठी मुद्राओं में प्रस्तुतियाँ करते थे।उनकी यही कला सदैव जीवंत रहेगी।उनका जाना भारतीय नृत्य कला क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है काशी घराना से उनका लगाव था उनका जाना स पूर्ण संगीत प्रेमियी,हम बनारसियों के लिए क्षति है।शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। अस्थि कलश काशी आने पर श्रद्धांजलि देने वालो में पूर्व मंत्री अजय राय, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, महानगर कोषाध्यक्ष मनीष मोरोलिया, चंचल शर्मा,रोहित दुबे,विनय राय आदि लोग उपस्थिति रहे।

### ग्रामीण विधानसभा चुनाव की चर्चाओं में हैं मशगूल

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं के चट्टी चौराहों पर ग्रामीण सुबह से लेकर शाम तक विधान सभा 2022 के चर्चाओं में मशगूल देखे जा रहे हैं। कही विभिन्न पार्टी के प्रत्यशियों को लेकर गांव के युवा व बुजुर्ग द्वारा तरह तरह के अटकलों का बाजार गर्म देखा जा रहा है तो कहीं भाजपा, सपा, बसपा व कांग्रेस दल के पार्टी समर्थक अभी से अपने पार्टी का बखान करते हुए उसे ही जिताने का दावा करते हुए ताल ठोक रहे है। गांव के कुछ अनुभवी बुजुर्गो का कहना है कि अभी तालाब खोदा नहीं गया कि घड़ियाल उसमें डेरा डालने की जुगत में लग गए। एक तरफजहां गांव के निर्धन आदिवासी लोग कोरोना कार्यकाल में भाजपा कार्यकाल में योगी व केंद्र सरकार द्वारा प्राप्त किए गए लाभों का बखान करने में नहीं चूक रहे हैं वहीं दूसरी तरफसपा, बसपा व कांग्रेस पार्टी के समर्थक कार्यकर्ता ग्रामीणों को तरह-तरह का सब्जबाग दिखाते हुए अपने-अपने पार्टी द्वारा पूर्व में किए गए कार्यो को अच्छा बताते हुए अभी से ही अपने अपने पार्टी की ओर ग्रामीणों का रुख मोड़ने के कवायद में जुटे हुए हैं। कहीं जातिवाद तो कहीं क्षेत्रवाद तो कहीं हिंदुत्व के नाम पर लोगों को अपने पाले में खींचने का प्रयास पार्टी समर्थकों द्वारा किया जा रहा है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि ऊँट किस करवट बैठेगा यह कहना अभी से न्याय संगत नहीं होगा। यह तो मार्च 2022 के 10 तारीख को ही पूरी तरह खुलकर जनता के सामने आएगा।

### 'पन्ना प्रमुखों का हो प्रयास मतदाताओं को जागृत कर डलवाएं वोट'

**प्रयागराज।** कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने प्रियंका वाड्रा पर तंज कसते हुए कहा प्रियंका कहती हैं मैं लड़की हूँ लड़ सकती हूँ हर मंच से चिल्लाए। कल जब उन्होंने कहा कि मैं ही कांग्रेस से मु यमंत्री का चेहरा हूँ तो उन्हें आज पलटने की क्या आवश्यकता थी। उनके कांग्रेस के नेता न ही उनकी मां न ही उनके भाई विश्वास करते हैं जो आप का नारा है। कहीं आपका नारा आपको नारा सही लगता है तो पहले राजस्थान छत्तीसगढ़ में सार्थक करके दिखलाइए कि आप ही मुख्यमंत्री के चेहरे हैं। लेकिन ऐसा आप करेंगे नहीं क्योंकि आप अपनी दादी की तरह नारा देती हैं। इंदिरा कहती थी लोग कहते हैं इंदिरा हटाओ मैं कहती हूँ गरीबी हटाओ। मगर कांग्रेस ने गरीबी कभी हटाई नहीं। यही परिवारवाद का सिलसिला चला रहा है। जिसमें सभी नारे खोखले हैं पहले आप अपनी कांग्रेस पार्टी में अपनी बात मनवा ले तब यूपी की जनता के बीच में आए। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी पन्ना प्रमुखों के माध्यम से हर मतदाता से सीधा संपर्क कर रहा है। बूथ अध्यक्षों के माध्यम से पन्ना प्रमुखों का प्रयास जारी है कि ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागृत कर वोट डलवायें। जिससे लोकतंत्र की जीत हो। राष्ट्रवाद की जीत हो। पन्ना प्रमुखों की संकल्पना हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा क्रियान्वित करा रहे हैं। इस बार ऐतिहसिक जीत होगी और तीन से अधिक सीटें यूपी में जीतकर योगी पुनः मुख्यमंत्री बनेंगे।

### पर्यावरण के अनुकूल समाधान की जरूरत

**प्रयागराज।** लोगों की बेहतरी को ध्यान में रखते हुए एएमए हर्बल ने में हर्बल जैविक और पर्यावरण के अनुकूल समाधान लाने और इनोवेशन करने के अपने मिशन को कायम रखते हुए वेजिटल वेलनेस ब्रांड ह्यूमैरी को लॉन्च किया है। ह्यूमैरी दुनिया की पहली व्यापक हर्बल प्राकृतिक फ्रूड वॉश रेंज है। जिसका उद्देश्य लोगों और उनके प्रियजनों को उन संभावित हानिकारक प्रभावों से बचाना है। कीटनाशकों कीटाणुओं बैक्टीरिया कृत्रिम कोटिंग आदि को हटाने में मदद करने वाले सौ प्रतिशत हर्बल प्राकृतिक समाधान खोजने की हमारी खोज के साथ एएमए हर्बल के नए ब्रांड ह्यूमैरी को आज लांच किया है। विभिन्न कीटनाशकों कीटाणुओं बैक्टीरिया कृत्रिम कोटिंग आदि से होने की संभावना है। एएमए हर्बल के सह संस्थापक और सीईओ यावर अली शाह ने कहा एक समूह के रूप में लोगों के लिए अधिक उद्देश्यपूर्ण और टिकाऊ तरीके से प्रकृतिक गुणों के लिए वचनबद्ध हैं।

### तीन भाषाओं को लेकर प्रदर्शन की तैयारी

**प्रयागराज।** पोकेमॉन कंपनी ने अपने यूट्यूब के दर्शक और सब्स्क्राइबर की संख्या बढ़ाने के लिए भारत केंद्रित कटेंट स्ट्रैटजी की घोषणा की है। अपने हिन्दी यूट्यूब चैनल की बड़ी सफलता के बाद कंपनी अपनी नई पोकेमॉन ऐनिम सीरीज पोकेमोन कंपनी तेलुगू तमिल और बंगाली इन तीन भाषाओं में भी लांच करने वाली है। सब्स्क्राइबर के पोकेमॉन एशिया ऑफिस हिंदी यूट्यूब चैनल पर पोकेमॉन जनवरी की सीरीज़ प्रदर्शित हो रही है। कंपनी के हिन्दी कटेंट चैनल को तीन दिन में एक लाख से ज़्यादा सब्सक्राइबर प्राप्त हुए हैं। जिससे इसकी लोकप्रियता दिखाई देती है। पोकेमॉन कंपनी बहुभाषी इंडिया स्ट्रैटजी के बारे में सूसूमु फुकूनागा कार्यकारी अधिकारी दि पोकेमॉन कंपनी हैं। देखा है कि अक्टूबर दो हजार इक्कीस से पोकेमॉन एशिया हिंदी चैनल पर दिखाई देने वाले हमारे पोकेमॉन ऐनिमे के हिन्दी में डब किए गए एपिसोड बहुत सारे लोगोंने देखे हैं। मुझे इस बात की भी बहुत खुशी है कि भारत में और कई लोग पोकेमॉन ऐनिमे का आनंद ले सकेंगे क्योंकि पहली बार हम तमिल तेलुगू और बंगाली में डब किए गए एपिसोड प्रदर्शित करने वाले हैं।

### महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी पहुंचे माघमेला, हुआ स्वागत

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी शुक्रवार को माघमेला स्थित ओल्ड जीटी रोड संगम लोवर मार्ग स्थित शिविर पर पहुंचे। जहां उनका संत महात्माओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने शिविर का शुभार भ फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि तीर्थराज प्रयाग विश्व का कल्याण करें। क्योंकि जिस तरह से विश्व में कोविड तेजी से फैल रहा है। इससे बच्चे महिलाएं और लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कोविड को लेकर गंभीर है और सभी को वैक्सीन लगवायी जा रही है। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा कि सबसे जरुरी है कि सभी लोग स्वयं और परिवार को सुरक्षित रखें। जिससे कि वह वैश्विक बीमारी से सुरक्षित रहें। क्योंकि बचाव ही सुरक्षित रहने का उपाय है। उन्होंने माघमेले में आने वाले कल्पवासियों संत महात्माओं की सराहना किया। कहा कि कोविड जैसी महामारी में भी सनातन संस्कृति और परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। इसके पूर्व महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि ने आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के शिविर में पहुंचने पर भव्य पुष्प वर्षा और पांव पखारकर करके स्वागत किया। इस दौरान किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष किन्नर वेलफेयर बोर्ड की सदस्य महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि पीठाधीश्वर स्वामी मतंगीनंद गिरि महंत वैष्णवीनंद गिरि राहुल विकास सहित अन्य शिष्य शामिल रहे। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने माघमेला क्षेत्र के खाक चौक के महामंडलेश्वर स्वामी संतोष दास सतुआ बाबा स्वामी गोपाल महराज और स्वामी हिटलर बाबा सहित अन्य संत महात्माओं से मिलकर कुशलक्षेम पूछा और कई पहलुओं पर चर्चा की।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का मिला शव

**मुग़लसराय/चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-16 जीटी रोड पर एक पेट्रोल पंप के शौचालय में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर युवक की मौत होने से आक्रोशित लोगों ने मुगलसराय पचफेड़वा जीटी रोड जाम कर दिया। अलीनगर मुगलचक वार्ड नंबर 9 निवासी मटुकधारी उर्फ ढिल्लू चौहान 35 शुक्रवार की देर शाम घर से निकला। शनिवार की सुबह 4:00 बजे अपनी माता शांति देवी से फोन कर बताया कि मैं इलाहाबाद जा रहा हूं 2 दिन में आ जाऊंगा। लेकिन लगभग सात बजे अलीनगर लवे जीटी रोड पर एक पेट्रोल पंप के शौचालय मैं संदिग्ध परिस्थितियों में गमछे के फंदे लटकता शव उस समय मिला जब एक मुन्ना नामक मिस्त्री शौचालय में शौच के लिए गया। यह दृश्य देख इसकी सूचना पेट्रोल पंप मालिक के साथ पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मामले की जांच पड़ताल में छूट गई। लेकिन इससे आक्रोशित लोगों ने पेट्रोल पंप पर तोड़फोड़ के साथ मुगलसराय पचफेड़वा मार्ग जाम कर दिया। घटना की जानकारी होते ही मटुकधारी के पिता गिरजा शंकर दादी चमेली देवी माता शांति देवी पत्नी बेबी के साथ परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। दो मासूम बच्चों की आंखों में पिता का खोने का गम साफ झलक रहा था। वहीं इस स बंध में सीओ रघुराज ने बताया की अलीनगर थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप के शौचालय में एक युवक का शव मिलने की सूचना पर अलीनगर पुलिस मौके पर पहुँचीं। जहाँ परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों के साथ मिलकर जीटी रोड जाम कर दिया था। परिजनों को समझाकर चक्का जाम समाप्त कर दिया गया।

# गणतंत्र, राष्ट्रीय मतदाता व उप्र दिवस पर हुआ मंथन

संवाददाता। अमेठी

**आगामी** 24 जनवरी को उ0प्र0 दिवसए 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं 26 जनवरी 2022 को गणतंत्र दिवस मनाये जाने की तैयारियों के स बन्ध में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार 24 जनवरी 2022 को उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाना हैए उन्होंने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी समारोह की थीम पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर कराए जाने वाले कार्यक्रमों में वंदे मातरम का गायन एवं पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन आदि को भी स मिलित किया जाएए कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश व जनपद के गौरवशाली इतिहास चौरी चौरा की घटना तथा स्वतंत्रता संग्राम में जनपद के योगदानए शहीद स्मारकों एवं स्थलों पर आधारित अभिलेख एवं चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएए कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश एवं जनपद के शहीद स्मारकोंध्पर्यटन स्थलों पर आधारित ऑनलाइन फोटोग्राफी तथा पेंटिंग प्रतियोगिताएं किशोर एवं युवा वर्ग की भागीदारी से आयोजित कराई जाएए एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत अनेक शिल्पीध्कर्मकार कार्य करते हैं ऐसे शिल्पियों की कला का प्रदर्शन स्वयं सहायता समूह के माध्यम से तथा यूपी के स्टार्टअप आधारित प्रदर्शनियों का आयोजन प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर किया जाएए उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम में कलाकार शिल्पकार किसान मजदूर महिलाएं युवा तथा सभी क्षेत्रों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कहा कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाना है जिसको लेकर विभाग अभी से तैयारियां पूरी कर ले मतदाता दिवस पर मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए गोष्ठी प्रतियोगितायेंए वाद विवाद प्रतियोगिताए पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाए साथ ही शैक्षणिक संस्थानों में भी ऑनलाइनध्वर्चुवल प्रतियोगिता का आयोजन हो जिससे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके उन्होने कहा कि अधिकारी अपने विभागोंध्कार्यालयों में मतदाता जागरूकता स बन्धी शपथ ग्रहण एवं जागरूकता से स बन्धित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन कराते हुए वीडियोध्फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करें। उन्होने कहा कि कार्यक्रमो को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता तथा कोविड के दिशा निर्देशो का पालन करते हुये आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुये कार्यक्रम आयोजित किये जाये। जिलाधिकारी ने 26 जनवरी 2022 को गणतंत्र दिवस मनायें जाने के स बन्ध में कहा कि कोविड.19 के दृष्टिगत भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशो तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुये गतवर्ष की भाति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह को सुव्यवस्थित एवं सादगी के साथ मनाया जाय। उन्होने कहा कि 26 जनवरी 2022 को प्रात: 8:30 बजे सरकारी भवनो पर झण्डा फहराया जायेगा। तथा संविधान में उल्लिखित संकल्प के सम्प्रण राष्ट्रगान के गायन की व्यवस्था अपने.अपने कार्यालयों में किया जायेगा। शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्रध्वज प्रात: 10 बजे फहराया जायेगा तथा राष्ट्रीय अखण्डता धर्मनिरपेक्षता और सा प्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत बनाने पर बल दिया जाय। समस्त शिक्षण संस्थाओं में कोविड.19 के बचाव हेतु जारी दिशा निर्देशो का अनुपालन करते हुये ऐसे कार्यक्रमो का आयोजन किया जाय जिसमें राष्ट्रगान का सामूहिक गायन भी स मिलित हो। ध्वजारोहण कार्यक्रम बाद पुलिस पेरड तथा परेड की सलामी का आयोजन किया जायेगा। परेड में जिले के स्वंतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा सैन्य बल के कर्मियो की विधवाओंध्अभिभावको को सस मान आमंत्रित किया जाय। दिन में शिक्षण संस्थाओं में खेलकूद खुले स्थान पर कोविड.19 के दिशा निर्देशो का पालन कराते हुये सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन के समय निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विषय सफाई अभियान चलाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों को दियाए इसके साथ उन्होंने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या को समस्त सरकारी भवनों की सजावट एवं प्रकाशमान करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक आरके दिवेदीए अपर पुलिस अधीक्षक वीके पांडेयए जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंहए समस्त उपजिलाधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## टाण्डा में 15 केन्द्रों पर होगी टीईटी परीक्षा

**टाण्डा, अंबेडकरनगर।** टी ई टी की परीक्षा टाण्डा तहसील क्षेत्र के 15 केंद्रों पर रविवार 23 जनवरी को स पन्न होगी जिसकी तैयारी में प्रशासन जुटा हुआ है।बीते दिनों परीक्षा का पर्चा लीक होने के कारण निरस्त की गई परीक्षा पुन: कराई जा रही है।इस मामले में टाण्डा क्षेत्र काफी सं वेदनशील माना जा रहा है टाण्डा क्षेत्र में बीते 7 अगस्त 21 को टी ई टी की परीक्षा में पर्चा लीक की अफवाह को लेकर क्षेत्र के किसान इंटर कालेज पकड़ी भोजपुर में काफी विवाद हुआ था और प्रशासन को परीक्षा निरस्त करनी पड़ी थी।जिसमें कई अधिकारी निलंबित भी हुए थे। किसान इंटर कालेज की घटना में जिला विद्यालय निरीक्षक, केंद्राध्यक्ष, स्टेटिक मजिस्ट्रेट निलंबित किये गए थे। इस बार प्रशासन काफी सतर्क दिखाई पड़ रहा है। और पूरे तहसील टाण्डा क्षेत्र में इस बार 15 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित है। उक्त घटना में गोरखपुर की एसटीफने आधा दर्जन सॉल्वर गैंग के सदस्यों को भी गिर तार किया था।

## डीएम ने दिया रैनबसेरों की सुविधा दुरूस्त रखने का आदेश

संवाददाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** नितीश कुमार ने बढ़ते हुये शीतलहर व ठंड तथा बारिश को देखते हुये जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदार तथा क्षेत्रीय अधिकारी राजस्व एवं विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने.अपने तहसील क्षेत्र व नगर निगमध्नगर निकायों में ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरो में सभी व्यवस्थायें जैसे रजाईए गद्देए अलाव आदि की व्यवस्था दुरूस्त रखना सुनिश्चित करेंए साथ ही अपने.अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर यह भी देखे कि इस मौसम में कोई भी व्यक्ति बाहर खुले में न सोयेए यदि सोया पाया जाता है तो उसे नजदीकी रैन बसेरे में संरक्षित करें। इसकी व्यवस्था के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियोंध्कर्मचारियों यथा तहसीलदारए नायब तहसीलदारए कानूनगोए लेखपालए पंचायत सचिव आदि को भी क्षेत्र में भ्रमण शील रहते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे बस स्टैण्डए रेलवे स्टेशनए धार्मिक स्थल आदि पर अलाव जलाते रहे तथा जरूरतमंदों को क बल वितरण कराते रहे। जिलाधिकारी ने आम लोगों की सुरक्षा के साथ.साथ गौवंशों की सुरक्षा के लिए गौ.आश्रय स्थलों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं यथा तिरपालए टीन शेडए अलावए हरा चारा आदि की व्यवस्था करने के निर्देश पशु चिकित्सा अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को स त हिदायत दी है कि इस कड़ाके की ठंड में किसी भी व्यक्ति व गौवंश की ठंड के कारण मृत्यु न हो। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे बस स्टैण्डए रेलवे स्टेशनए धार्मिक स्थल आदि पर अलाव जलाते रहे तथा जरूरतमंदों को कंबल वितरण कराते रहे।

## कैंपस से लेकर कर्मियों पर रहेगी कैमरे की नजर: बीएसए

संवाददाता। अंबेडकरनगर।

**जहां** बेसिक शिक्षा कार्यालय में मनमानी तरीके से काम कर रहे कर्मचारी और कार्यालय में अनावश्यक लोगों की भीड़ लगी रहती थी जिससे अब नए बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सीसी कैमरा लगवा कर ऐसे लोगों पर मनमानी तरीके से काम करने वाले पटल के कर्मचारी और कार्यालय में अनावश्यक लोगों द्वारा भीड़ लगाने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी भोले प्रताप सिंह द्वारा सीसी कैमरे लगाकर ऐसे लोगों के ऊपर विराम लगा दिया अब कार्यालय में बैठकर बेसिक शिक्षा अधिकारी सीसी कैमरे के द्वारा कार्यालय के अंदर कौन से पटल पर कौन-कौन कर्मचारी काम कर रहा है या नहीं या पटल छोड़कर कहीं बाहर गए अब उनकी निगरानी सीसी कैमरे से देखते रहते हैं ऐसे में पटल के संबंधित कर्मचारी भी अब जि मेदारियां पूरी तरह निर्वाह करने लगे हैं जिससे उनको भी या भय है कि अगर





कार्यालय में अपने पटल पर बैठकर बिभागीय संबंधित कार्य को अगर नहीं करेंगे तो सीसी कैमरे की नजर में बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा देखा जा रहा है की किस पटल पर हमारे कर्मचारी काम कर रहे हैं या नहीं वहीं दूसरी तरफ कार्याल कार्यालय के अंदर अनावश्यक लोगों की जो भीड़ दिखाई देती थी अब उनकी भी हरकतें सीसी कैमरे की नजर में दिखने लगेगी इसके साथ साथ कार्यालय के अंदर काफी गंदगी रहती थी और कैंपस भी झाड़ियों में तब्दील रहा जिससे कार्यालय की साफ सुथरा के साथ-साथ कैंपस सफाई करा कर अच्छे अच्छे फूल और फलदार पेड़ लगाकर सुंदरीकरण कराया बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जब से भवन का निर्माण हुआ है उसके बाद इस कार्यालय की पुताई नहीं की गई थी जिससे हम स्वच्छता के प्रति बहुत ही जागरूक रहते हैं और हमने भवन की साफसफाई और पुताई का कार्य शुरू करा दिए हैं उसके साथ साथ कैंपस को भी स्वच्छ और साफ कराया गया।

## उत्तर प्रदेश दिवस का होगा आयोजन: डीएम

संवाददाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** नितीश कुमार ने बताया कि दिनांक 24 जनवरी 2022 को उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया जा रहा है। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन आदर्श निर्वाचन आचार संहिता एवं कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये मनाया जायेगा। उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन आजादी का अमृत महोत्सव एवं चैरा चैरी शताब्दी समारोह की थीम पर किया जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर जनपद के गौरवशाली इतिहासए चैरा चैरी की घटना तथा स्वतंत्रता संग्राम के योगदानए शहीद स्मारकों एवं स्थलों पर आधारित अभिलेख एवं चित्र प्रदर्शनी का आयोजनए वन्दे मातरम का गायन तथा पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्र धुन का वादन आदि स मिलित किया जायें। इसके साथ ही स्थानीय बोली भाषा में आजादी से जुड़े लोक गीतों का गायन आजादी की गाथाओं पर आधारित नाटक या नृत्य नाटिकाओं को प्रदर्शित करने वाले संस्कृति कार्यक्रमोंए आनलाइन फोटोग्राफी तथा पेंटिंग प्रतियोगिताएंए किशोर एवं युवा वर्ग की भागेदारी से आयोजन किया जाय। इस स बंध में जिलाधिकारी ने संस्कृति विभाग के अधिकारियों को शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में कार्यवाही करते हुये उत्तर प्रदेश दिवस मनाये जाने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही स्थानीय बोली भाषा में आजादी से जुड़े लोक गीतों का गायन आजादी की गाथाओं पर आधारित नाटक या नृत्य नाटिकाओं को प्रदर्शित करने वाले संस्कृति कार्यक्रमोंए आनलाइन फोटोग्राफी तथा पेंटिंग प्रतियोगिताएंए किशोर एवं युवा वर्ग की भागेदारी से आयोजन किया जाय।

**उत्तर प्रदेश पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई–निविदा सूचना** निम्नलिखित ई–निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई–निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है :– **ई–निविदा संख्या– T-87**/ETC-II(K)/2021-22, विद्युत पारेषण खण्ड–इटावा के अन्तर्गत 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र जसवन्तनगर पर वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0 1180 /–(रू0 एक हजार एक सौ अस्सी मात्र)। धरोहर राशि रू0 15000 /– (रू0 पन्द्रह हजार मात्र)। **ई–निविदा संख्या–T-88**/ETC-II(K) /2021-22, विद्युत पारेषण खण्ड–इटावा के अन्तर्गत 220 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र भरथना पर वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0 1534 /–(रू0 एक हजार पाँच सौ चौंतीस मात्र)। धरोहर राशि रू0 20000 /–(रू0 बीस हजार मात्र)। **ई–निविदा संख्या– T-89**/ETC-II(K)/2021-22, विद्युत पारेषण खण्ड–इटावा के अन्तर्गत 132 के0वी0 विभिन्न पारेषण लाइनों के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0 2360 /–(रू0 दो हजार तीन सौ साठ मात्र)। धरोहर राशि रू0 25000/– (रू0 पच्चीस हजार मात्र)। **ई–निविदा संख्या– T-90**/ETC-II(K)/2021-22, विद्युत पारेषण खण्ड–इटावा के अन्तर्गत 400के0वी0 द्विपरिपथ उरई–मैनपुरी पारेषण लाइन के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रू0 3068 /– (रू0 तीन हजार अड़सठ मात्र)। धरोहर राशि रू0 30000 /–(रू0 तीस हजार मात्र) **उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध हैं सभी सक्षम आपूर्ति/ कार्यदायी संस्थाएं तद्नुसार निविदा में भाग ले सकती हैं। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल द्वितीय, पनकी, कानपुर** पत्रांक– 1132/वि0प्रे०मं0 द्वि0प0(का0)/टी0–1 दिनांक– 22.01.2022''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

## मतदान जागरूकता के लिए बाइक रैली-नुक्कड़ सभाएं

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र व मु य विकास अधिकारी डाण् अंकुर लाठर के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद अमेठी में मतदाता शिक्षाए मतदाता जागरूकता का प्रचार.प्रसार करनेए मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए समस्त मतदाताओं को जागरूक व प्रेरित करने हेतु सतत रूप से प्रयासरत प्रमुख कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज जनपद मु यालय अमेठी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डाण् अरविंद पाठक के नेतृत्व में मोटरसाइकिल रैली एवं नुक्कड़ सभाओं का आयोजन करके मतदाताओं को शत.प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक करने का कार्य किया गया। उक्त मोटरसाइकिल रैली एवं नुक्कड़ सभाओं में शिक्षकों एवं आम नागरिकों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग



किया एवं सहयोग प्रदान किया। उक्त अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने समस्त शिक्षकों अधिकारियोंध्कर्मचारियों एवं नागरिकों से शत.प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूर्ण करने मे सहयोग करने हेतु अपील किया। समस्त साथियों से विनम्र निवेदन है कि कृपया सतत मतदान जागरूकता हेतु आप समस्त स्वीप अमेठी के फेसबुक व ट्विटर लिंक से जुड़े साथ ही साथ समस्त साथियों तक अधिक से अधिक शेयर करें।

## पचास केंद्रों पर आयोजित होगी टीईटी की परीक्षा

संवाददाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** श्री नितीश कुमार ने बताया कि कल दिनांक 23 जनवरी 2022 को पूर्वान्हन 10 से 12:30 बजे तक ;प्राथमिक स्तरद्ध तथा अपरान्ह 2:30 बजे से 5:30 बजे तक ;उच्च प्राथमिक स्तरद्ध दो पालियों में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा ;यूपी टीईटीद्ध का आयोजन जनपद के निर्धारित 50 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की जायेगीए जिसमें प्रथम पाली में 27205 व द्वितीय पाली में 19441 कुल 46646 अ यर्थी स मलित होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रवेश के समय परीक्षार्थियों की अच्छी से चेकिंग हो तथा परीक्षार्थियों के पास फोटोयुक्त प्रवेश पत्रए फोटोयुक्त पहचान पत्र की मूल प्रति व प्रशिक्षण प्रमाण पत्रध्अंक तथा काले बाल प्वाइंट पेन के साथ प्रवेश की अनुमति प्रदान की जायेगी तथा कोई भी अवांछनीय सामाग्री किसी भी दशा में कोई भी परीक्षा केन्द्र के अंदर न ले जाने पाये। परीक्षा केन्द्रों पर सभी अ यर्थी समय से पहुंचकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करें और परीक्षा व कोविड स बंधी समस्त निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्यित करायें। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर बच्चों के मोबाइल आदि जमा करने की समुचित व्यवस्था परीक्षा केन्द्र संस्थापक सुनिश्चित करें। परीक्षा को पूर्ण रूप से पारदर्शी ढंग से परीक्षा को स पन्न कराये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि परीक्षा में किसी प्रकार का लापरवाही न होने पायेए निर्देशों का अक्षरश: से पालन हों। पुलिस बल एवं कर्मचारी चेकिंगए टेस्टिंग अच्छे से करें।

## अब प्ले कार्ड के जरिए चुनाव प्रचार में उतरे भाजपा नेता

संवाददाता। अंबेडकरनगर।

**प्रदेश** नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को सभी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ नेता जनों द्वारा भाजपा मिशन 2022 में जिन नारों के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है। उसका प्ले कार्ड के माध्यम से लोकार्पण किया गया। अकबरपुर विधानसभा में निवर्तमान सांसद हरिओम पांडे कटेहरी बाजार में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी भीटी में पूर्व जिला पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू जी टांडा विधानसभा में टांडा बाजार में विधायक संजू देवी, मेडिकल चौराहा पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा और आलापुर विधान सभा के रामनगर बाजार में विधायक अनीता कमल जी, राजेसुलतानपुर में जिला महामंत्री सुरेश कनोजिया,जलालपुर विधानसभा में विधानसभा के प्रभारी गोकर्ण द्विवेदी,नेवादा में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकिशोर राजभर,कर्बला कासिमपुर चौराहे पर पूर्व जिला मंत्री विकास तिवारी बसखारी में विकास मोदनवाल,शुकुल बाजार में रूद्र प्रसाद उपाध्याय,हंसवर में मनोज मिश्रा आदि के द्वारा लोकार्पण किया गया इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा भारतीय जनता पार्टी अपनी कथनी और करनी में विश्वास करती है जो कहा सो किया भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प पत्र में किए गए उत्तर प्रदेश यूपी मांगे फिर भाजपा सरकार को लेकर आम जनमानस में सकारात्मक चर्चा है आज उत्तर प्रदेश में गुंडाराज भ्रष्टाचार समाप्त हो गया है उत्तर प्रदेश राम राज्य की ओर बढ़ रहा है आम जन का विश्वास भाजपा के प्रति बड़ा है गरीबों को आवास करुणा के संकट में गरीब परिवारों को निशुल्क राशन निशुल्क वैक्सीन लगाकर सरकार ने आम जनमानस को स मान के साथ जीने का अवसर दिया है इन सब मुद्दों के साथ भारतीय जनता पार्टी मिशन 2022 में फिर से एक बार भाजपा सरकार बनाने का संकल्प आम जनमानस के आशीर्वाद से पूरा करेगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि जनपद के विभिन्न बाजारों में जारी किए गए प्ले कार्ड कार्यक्रम में मु य रूप से जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव,चंद्रिका प्रसाद,डाक्टर संतोष सिंह,संजय सिंह,पंकज वर्मा,जावेद मालिक, शिव पूजन राजभर, रमेश यादव, शिव पूजन वर्मा,शिवम गुप्ता,अनुराग जायसवाल,भूपेश तिवारी,पिंटू शुक्ला,गौतम उपाध्याय, प्रबाल देव आदि मौजूद रहे।

## नामांकन प्रक्रिया के नामांकन कक्षों का किया गया निर्धारण

संवाददाता। अमेठी

**जिला** निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि जनपद के समस्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियोंए निर्वाचन लड़ने वाले उ मीदवारों हेतु जनपद की 04 विधानसभा क्षेत्रों 178 तिलोईए 184 जगदीशपुर ;अ0जा0द्धए 185 गौरीगंज एवं 186 अमेठी में पांचवें चरण में मतदान कराए जाने हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की अधिसूचना एवं नामांकन की तिथि 01 फरवरी 2022ए नाम निर्देशन हेतु अंतिम 08 फरवरी 2022ए नाम निर्देशन पत्रों की जांच 09 फरवरी 2022ए नाम वापसी हेतु अंतिम 11 फरवरी 2022ए मतदान का 27 फरवरी 2022ए मतगणना का 10 मार्च 2022 तथा निर्वाचन संबंधी समस्त प्रक्रियाएं 12 मार्च 2022 से पूर्व पूर्ण कर ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि घोषित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन कक्षों का निर्धारण कर लिया गया है जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 178 तिलोई हेतु न्यायालय कक्ष अपर जिलाधिकारी ;न्यायिकद्ध अमेठी कक्ष सं या 7ए विधानसभा क्षेत्र 184 जगदीशपुर हेतु न्यायालय कक्ष तहसीलदार गौरीगंज कक्ष सं या 8ए विधान सभा क्षेत्र 185 गौरीगंज हेतु न्यायालय कक्ष जिलाधिकारी अमेठी कक्ष सं या 11 तथा विधानसभा 186 अमेठी हेतु न्यायालय कक्ष उपजिलाधिकारी गौरीगंज कक्ष सं या 12 को नामांकन स्थल बनाए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आवंटित कक्ष में पांचवें चरण के लिए 01 फरवरी से 11 फरवरी 2022 तक पूर्वाहन 11रू00 बजे से अपराह्व 3रू00 बजे के मध्य रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगेए निर्धारित कक्ष में 9 फरवरी 2022 को नाम निर्देशन पत्रों की जांचए 11 फरवरी 2022 को नाम वापसी तथा 11 फरवरी 2022 को चुनाव चिन्ह रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आवंटित किया जाएगा।

## गौशाला की साफ-सफाई में लापरवाही हुई तो सफाईकर्मियों पर होगी कार्रवाई: सीडीओ

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**कड़ाके** की ठंड एवं शीतलहर के चलते जनपद के सभी गौशालाओं में पशुओं को सही ढंग से देख भाल करने के लिए तैनात किए गए सफाई कर्मचारी द्वारा अगर किसी तरह से गौशालाओं में पशुओं की देखभाल में कहीं से शिथिलता अगर नजर आई तो गौशाला में तैनात संबंधित सफाई कर्मचारी के ऊपर की जाएगी कार्रवाई। मु य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा ने वार्ता में बताया कि शासन द्वारा चलाए जा रहे है गौशालाओं में संरक्षित किए गए पशुओं की उनको ठंड से बचने के लिए और चारा पानी व इलाज सही ढंग से देखभाल करने के लिए गौशालाओं में तैनात सफाई कर्मचारी द्वारा की जा रही है अगर गौशालाओं में सफाई कर्मचारियों द्वारा पशुओं की किसी तरह अगर लापरवाही बरती जाएगी तो उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



### एसडीएम चेम्बर से तीन पर्दे चोरी

**टाण्डा, अंबेडकरनगर।** उपजिलाधिकारी टाण्डा के चे बर में जंगलों व दरवाजों पर लगे तीन पर्दे तहसील से दिन दहाड़े चोरी हो गया जिसको लेकर हड़क प मच गया। चोर ने बीते शुक्रवार को सांय लगभग 5 बजे उपजिलाधिकारी के चे बर में घुस कर कपड़े के लगे खूबसूरत पर्दे को निकाल कर उनके चे बर को बेपर्दा कर दिया जबकि चोर तहसील में लगे सी सी टी वी कैमरे की जद में आ गया है। एस डी एम का चे बर हमेशा देर शाम को बन्द होता है सांय 5 बजे उनके चे बर के दरवाजे की सिटकनी मात्र बाहर से बन्द थी कि इसी बीच चोर ने सिटकनी खोलकर चे बर में घुसा और टँगे पर्दे को खोल कर लेकर चला गया। एस डी एम बाबूराम ने आज कोतवाली पुलिस को तलब किया था। लेकिन कोई रिपोर्ट नही दर्ज कराई।वहीं तहसील परिसर से चोरियों के रुकने का सिलसिला थम नही रह है बीते दिनों दो अदद बैटरी चोरी चली गयी थी। और बीते 30/31अक्टूबर 21 की रात्रि में कोतवाली गेट के ठीक सामने मौजूद तहसील के भवन में रक्खा दैविक आपदा से स बंधित सामान को चोरों ने पीछे का जंगला उखाड़ कर चुरा ले गए थे। जिसके स बन्ध में तहसील के रजिस्ट्रार कानूनगो राम अनुज ने कोतवाली में तहरीर दिया था लेकिन कोतवाली टाण्डा पुलिस ने रिपोर्ट आज तक नही दर्ज किया। जिसमें तीन अदद हैंड लाउडस्पीकर, कई स्ट्रेचर तथा पानी के डिब्बे आदि चोरी चले गए थे।लेकिन आज तक उक्त सामानों का मिलान तहसील प्रशासन नही कर सका कि वास्तविक रूप से कितने सामान चोर उठा कर ले गए हैं।वहीं बैटरी चोरी को भी तहसील प्रशासन ने छुपा लिया लेकिन जब एस डी एम साहब को ही चोरों ने बेपर्दा कर दिया तो हड़क प मच गया।

## पांच दिवसीय मानस महोत्सव आज से

**तिलोई अमेठी।** स्थानीय विकास खण्ड अंतर्गत लीही गांव में हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय 21वां मानस महोत्सव आज से शुरू हो रहा है जो 27 जनवरी 2022 तक अनवरत चलेगा। महोत्सव श्री श्री स्वामी कृष्णानंद जी महाराज श्रीमद् परमहंस आश्रम टीकरमाफी अमेठी की आयोजकता में संपन्न होगा ।मानस मंगल महोत्सव कार्यक्रम के ब्यवस्थापक उपरोक्त गांव सभा के निवासी राजकुमार द्विवेदी ने बताया कि ईश्वर की असीम अनुकंपा से 20वर्षों से यह कार्यक्रम चल रहा है इस 21वें स मेलन में मानस कथावाचक के रूप में कूरेभार. सुल्तानपुर से शैलेंद्राचार्य जीए मानस प्रवक्ता अशोक कुमार सरस हरदोईए राजेश निर्मोही जामो .अमेठीए आदित्य चंचल सीतापुर वअवधी सम्राट हरिनारायण तिवारी बाराबंकी से पधार रहे हैं । श्री द्विवेदी बताया कि महोत्सव में दिन में दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक व रात्रि सात से ग्यारह बजे तक होगा । कार्यक्रम के व्यवस्थापक श्री द्विवेदी ने क्षेत्र के श्री राम की मंगल कथा का रसपान करने वाले सभी भक्तों उक्त कथा मैं ज्यादा से ज्यादा लोगों के पहुंचने की अपील किया है ।गौरतलब रहे कि प्रतिवर्ष होने वाले उक्त महोत्सव के कथा कार्यक्रम में आसपास ही नहीं काफी दूरदराज से भारी सं या में श्रोता कथा का रसपान करने के लिए लीही गांव पहुंचते हैं।

# दो दशक हाथी की मस्त चाल पर फिदा रहे मतदाता

संवाददाता। फतेहपुर

- वर्ष 1993 में किशनपुर सीट पर पहली बार कब्जा कर बसपा प्रत्याशी ने दर्ज की जीत
- वर्ष 1996 में 6 विधानसभा क्षेत्रों में से 5 व 2007 में 4 सीटों पर किया कब्जा

**विधानसभा** चुनाव के फुंके बिगुल के बाद राजनीतिक दलों की चहल कदमी तेज हो गई है। कुछ दलों ने प्रत्याशी घोषित करने शुरु कर दिए हैं तो कुछ का इंतजार है लेकिन यहां पिछले दो दशक में जिस तरह से हांथी की मतवाली चाल रही है उसने सभी को हैरान किया। प्रदेश की सत्ता पर कब्जा किसी का भी रहा हो लेकिन बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी यहां दूसरे प्रत्याशियों की बेचैनी का कारण रहे हैं। बसपा का प्रदर्शन ऐसा रहा कि वर्ष 1996 के चुनाव में 06 विधानसभाओं में 05 सीटों पर कब्जा कर सबको हैरानी में डाल दिया। उसके बाद से यह इतिहास तो बसपा नहीं दोहरा सकी लेकिन पिछले 2017 के चुनाव को छोड दिया जाए तो जिले की सीटों में बसपा की मजबूत भागीदारी रही है।

बहुजन समाज पार्टी ने प्रदेश की सत्ता पर कब्जा के लिए चुनाव मैदान में लंबे समय से हाथ पैर मारती रही लेकिन जीत का स्वाद उसे किशुनपुर विधानसभा में 1993 में तब मिला जब बसपा प्रत्याशी मुरलीधर गौतम ने जीत दर्ज की। यह वह समय रहा जब बसपा ने दूसरे राजनीतिक दलों को अपनी ताकत का एहसास कराना शुरू कर दिया था। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अन्य 05 विधानसभाओं में जीत तो नहीं सके लेकिन बसपा के खाते में गए मतों ने राजनीतिक दलों के दिलों की धडकनें बढ़ा दी। इसके बाद चुनाव-दर-चुनाव बहुजन समाज पार्टी अपनी ताकत का एहसास कराती रही। वर्ष 1996 का चुनाव जिले में बसपा के लिए इतिहास रच गया। यहां 06 विधानसभाओं में से हंसवा से अयोध्या प्रसाद पाल, खागा से मुन्नालाल मौर्या, किशुनपुर सुरक्षित से मुरलीधर गौतम, जहानाबाद से सै0 कासिम हसन, बिंदकी विधानसभा से राजेंद्र पटेल ने जीत दर्ज की। सदर विधानसभा में अकेले भारतीय जनता पार्टी को जीत हासिल हुई जिसमें राधेश्याम गुप्त ने कमल खिलाया। बसपा के शानदार प्रदर्शन के बाद दूसरे दलों में मची खलबली ने गुणा-भाग लगाने के लिए मजबूर किया। वहीं बसपा और अधिक मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरती रही। अगर वर्ष 2002 के चुनाव की बात की जाए तो हसवां से एक बार फिर बसपा प्रत्याशी अयोध्या प्रसाद पाल, सदर विधानसभा से आनंद लोधी व खागा से मो0 सफीर ने जीत दर्ज की। विधानसभा के 2007 के चुनाव में हंसवा से अयोध्या प्रसाद पाल तीसरी बार बसपा से विधायक बनें। जहानाबाद विधानसभा से आदित्य पांडेय, बिंदकी विधानसभा से सुखदेव प्रसाद वर्मा व किशनपुर सुरक्षित से मुरलीधर गौतम तीसरी बार विधायक चुने गए। 2012 के चुनाव में हुए परिसीमन में सीटों का बदलाव हो गया। जिसमें हसवां की जगह हुई अयाह-शाह विधानसभा में अयोध्या प्रसाद पाल चौथी बार विधायक बनें। हुसैनगंज विधानसभा से मो0 आसिफ को पहली बार जीत मिली जबकि बिंदकी विधानसभा से पुनः सुखदेव प्रसाद वर्मा विधानसभा से प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे और उन्होंने जीत दर्ज कर बसपा की झोली में डाल दी। कुल मिलाकर प्रदेश की सत्ता पर काबिज कोई भी रहा हो लेकिन बसपा ने यहां प्रदर्शन दो दशक में कुछ इस तरह किया कि आधी सीटों पर कब्जा उसका रहा। बांकी में अन्य दलों की हिस्सेदारी रही है। वह बात दीगर है कि वर्ष 1996 के इतिहास को दोहराने के लिए बसपा बेताब दिख रही है लेकिन जो जिले में हालात पैदा हुए हैं उसमें अब उस मुकाम को पाना बसपा के लिए कठिन साबित होने वाला है। जिस तरह से बसपा ने जिले में दो दशक तक अपना दबदबा कायम रखा उसका नतीजा रहा कि 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी विशंभर प्रसाद निषाद तथा 2004 के लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद निषाद लोकसभा की सीट पर कब्जा जमाने में सफल रहे। यह करिश्मा बसपा ने तब कर दिखाया जब दोनों प्रत्याशी जिले के रहने वाले ही नहीं थे। समाजवादी पार्टी की सरकार के बाद 2017 के हुए विधानसभा चुनाव में विकास, भ्रष्टाचार, गुंडाराज के मुद्दे एवं मोदी की लहर में विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ हो गया और जिले की सभी 06 की 06 सीटों में भाजपा व उसके समर्थक दल ने कब्जा जमा लिया। भाजपा ने जो कारनामा कर दिखाया उसमें मोदी की आंधी के आगे बसपा भी अपना वजूद अन्य दलों की तरह नहीं बचा पायी। अब देखना यह है कि 18वीं विधानसभा के लिए चुनावी बिसात में बहुजन समाज पार्टी दो दशक के इतिहास को दोहरा पाती है या नहीं।

# टिकट घोषित होने के बाद धुन्नी सिंह ने साध्वी से लिया आशीर्वाद



संवाददाता। फतेहपुर

**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा हुसैनगंज विधान सभा सीट से प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री रणवेंद्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह को लगातार चौथी बार प्रत्याशी बनाया है। टिकट मिलने के बाद वे अपने समर्थको के साथ शहर के ताम्बेश्वर नगर स्थित जनपद की सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री (महामंडलेश्वर) साध्वी निरंजन ज्योति के आवास पहुंचकर उनसे आशीर्वाद लिया। साध्वी ने धुन्नी सिंह का माल्यार्पण करते हुए उन्हें विजई भव का आशीर्वाद दिया। साथ ही जहां भी जरूरत होंगी उपलब्ध होने का आश्वासन दिया। खबर है कि इस मुलाकात के दौरान श्री सिंह व सांसद साध्वी के बीच काफी देर तक गुफ्तगू हुई और इस दौरान कई बिंदुओ पर मंथन भी होने की खबर है। राजनैतिक गलियारे में इस मुलाकात की जोर शोर से चर्चा भी रही। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी, ट्रक यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 अतुल त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष बबलू सिंह, संतोष नेता, भाजपा के जिला मंत्री शिव प्रताप, महेश द्विवेदी, आशुतोष तिवारी, नीरज शुक्ला, भोला सिंह, रुपेश तिवारी, सुनील अवस्थी आदि मौजूद रहें। इसके पूर्व समर्थको ने टिकट मिलने पर रणवेंद्र प्रताप सिंह का माल्यार्पण व मुंह मीठा करके स्वागत किया।

## क्विक न्यूज

### दुष्कर्म पीड़िता बालिका की हालत नाजुक, सैफई रिफर

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली फतेहगढ़ के जिला जेल के निकट एक मोहल्ला निवासी एक आठ वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।। पुलिस नें आरोपी के खिलाफमुकदमा पंजीकृत कर लिया। लेकिन बालिका की हालत नाजुक होनें पर उसे सैफई रिफर कर दिया गया। आठ वर्षीय पीड़िता के पिता नें कोतवाली फतेहगढ़ में रिपोर्ट दर्ज करायी। जिसमे कहा कि उसकी आठ वर्षीय बेटी बीते दिन मोहल्ले के ही मन्दिर के पास खेल रही थी। उसी दौरान रामनिवास राजपूत का 15 वर्षीय नाबालिक पुत्र उसकी पुत्री को बहला-फुसला के ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे बालिका की हालत नाजुक हो गयी। पुलिस नें पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया। जिसके बाद उसका लोहिया में मेडिकल परीक्षण कराया लेकिन हालत नाजुक होनें पर उसे उपचार के लिए सैफई रिफर कर दिया गया। पुलिस छानबीन कर रही है। सीओ सिटी प्रदीप सिंह नें बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### सेन्ट्रल जेल में 35 बंदी संक्रमित, जिले में निकले 177 नये केस

**फर्रुखाबाद।** शनिवार को एक बार फिर सेन्ट्रल जेल की सलाखों के पीछे कोरोना बम फूटा। जिसके चलते कुल 35 लोग संक्रमित निकले है। जबकि पूरे जनपद में कुल 177 मरीज संक्रमित पाये गये है। जाँच रिपोर्ट में विकास खंड शमसाबाद में 20 मरीज संक्रमित निकले है। विकास खंड राजेपुर में 16 कोरोना पॉजिटिव, नवाबगंज में केबल एक ही पॉजिटिव मिला है। वहीं मोहम्मदाबाद में 9 मरीज संक्रमित मिले है। कमालगंज में एक दर्जन मरीज मिले, आधा दर्जन कायमगंज में संक्रमित मिले है। विकास खंड बढपुर में कुल 89 कोरोना संक्रमित मिले है। जिसमे सेन्ट्रल जेल के 35 बंदी संक्रमित मिले है।

### मतदान ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने की चाबी

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व एसपी अशोक कुमार मीणा नें ग्रामीणों से कहा है कि मतदान एवं मतदान से पूर्व कोई भी व्यक्ति भड़काऊ भाषण, गलत ढंग से मतदान करने को किसी पर दबाव बनाता है अथवा मतदाताओं को लोभ-लालच देता है तो जानकारी होने पर संबंधित के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत एफआइआर दर्ज कराते हुए कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। वैक्सीनेशन टीम को डोर टू डोर जाकर टीकाकरण करने के निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने विकास खंड कमालगंज के ग्राम शेखपुर रूसतमपुर, जरारी एवं भाऊ नगला का भ्रमण किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह आप लोग आज यहां पर एकत्रित हुए हैं उसी प्रकार मतदान के दिन शत-प्रतिशत उपस्थित होकर मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना अहम योगदान दें। उन्होंने कहा कि मतदान ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने की चाबी है इसका सभी लोग इस्तेमाल कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। खासकर उन्होंने महिला एवं युवा मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग शत-प्रतिशत करने का आवाहन किया। डीएम नें कहा कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन में निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर बिना किसी दबाव, भय एवं प्रलोभवन के शांतिपूर्ण ढ़ग से कोविड प्रोटोकॉल नियमो का पालन करते मतदान करें। कोई उपद्रवी तत्व अशांति फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही होगी । यदि कोई व्यक्ति शराब और पेट्रोल पर्ची का निरूशुल्क वितरण करके अपने पक्ष में मतदान के लिए जनसामान्य को प्रेरित करता है, टोल फ्री नम्बरकृ1950, 112 एवं सीविजिल एप शिकायत कर सकते है, आपकी सूचना गोपनीय रखकर त्वरित कार्यवाही की जायेगी।

### लखनऊ-दिल्ली परिक्रमा में लगे दावेदार

**फर्रुखाबाद।** विधान सभा चुनाव टिकट के दावेदार दिल्ली और लखनऊ में डेरा डाले है। उन्होंने बड़े नेताओं की परिक्रमा शुरू कर दी है और हर हाल में टिकट पाने के लिए जुगत लगा रहे हैं। देखें किसका प्रयास सफल होता है।भाजपा नें अपनी तीन सीटों पर प्रत्याशी उतार दिये है। लेकिन कायमगंज की सीट पर वीरेंद्र कठेरिया के साथ डॉ0 सुरभि के नामों को लेकर माथा पच्ची चल रही है। सपा के भी प्रत्याशी घोषित नही किये है। बसपा के भी प्रत्याशियों का अभी पता नही है। विधानसभा चुनाव में टिकट को लेकर विभिन्न दलों से टिकिट की दावेदारी कर रहे नेताओं की सक्रियता अब और बढ़ गयी है। भले ही जिले में चुनाव 20 फरवरी को है, लेकिन टिकट की गोटी फिट करने प्रमुख दलों के दावेदार टिकट के लिए लखनऊ और दिल्ली समर्थकों के साथ कूच कर गए जो कई दिनों से वहीं डेरा डाले है। वैसे तो टिकट के दावेदार पहले से ही बड़े नेताओं के संपर्क में थे। किसी न किसी बड़े नेता के आशीर्वाद से ही टिकट के लिए दावेदारी की थी। अब लखनऊ दिल्ली पहुंच यह दावेदार अपने आकाओं की परिक्रमा कर रहे हैं और हर हाल में टिकट के लिए जुगत लगा रहे हैं।

### अवैध असलहा फैक्ट्री का पुलिस ने किया भण्डाफोड़

**फतेहपुर।** प्रदेश में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में अपराध व अपराधियो की धरपकड़ में चलाए गए अभियान में जिले के मलवा थाना क्षेत्र की पुलिस व स्वाट टीम ने पनई गाँव मे दबिश देकर अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री का खुलासा करते हुए बड़ी तादाद में निर्मित व अर्धनिर्मित असलहे व उपकरण के साथ दो अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया है। दबिश के समय वहां राहुल पटेल 26 वर्षीय व अवनीश पाल 24 वर्षीय निवासी पनई थाना मलवा को मौके पर गिरफ्तार कर उनके पास से 09 तमंचा 12 बोर, 16 तमंचे 315 बोर, 01 तमंचा 32 बोर, 04 तमंचा 315 बोर अर्धनिर्मित, 01 अर्धनिर्मित बड़ी, 05 12 बोर कारतूस, 315 बोर के 01 कारतूस के साथ साथ ढेर सारे अवैध असलहा बनाने के उपकरण भी बरामद करने में पुलिस को सफलता हाथ लगी। वही पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया मलवा थाने की पुलिस द्वारा एक अच्छा गुडवर्क किया गया है। एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा किया गया है। दो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया हैं।

## यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश रजा का लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आजम खान, अमित सिंह मौर्य, राजू कुर्मी आदि कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी समीक्षा करते हुए कहा कि 01 महीने का समय बचा है। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर जाकर के मजबूती से प्रचार प्रसार करें। 55 की टोली बनाकर के डोर टू डोर जाकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चुनावी एजेंडे के बारे में जन जन तक बात पहुंचाएं और 300 यूनिट बिजली फ्री देने की बात व पर्चा भरवाए। पार्टी की नीतियों को गांव-गांव जाकर के आम जनमानस को पार्टी से जोड़ने के लिए पार्टी की जीत के लिए सभी कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर लग जाएं।

# आचार संहिता-कोविड प्रोटोकाल के तहत आयोजित किए जाएं 'उत्तर प्रदेश दिवस' के सामारोहः डीएम

संवाददाता। कानपुर देहात

**शासन** के निर्देशों की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि 24 जनवरी 2022 को ''उत्तर प्रदेश दिवस'' आयोजित करने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना दिवस के रूप में उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया जा रहा है। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आगामी 24 जनवरी 2022 को उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन प्रदेश के समस्त जनपदों में वर्तमान समय में लागू आदर्श आचार संहिता एवं कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए किया जाना है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, जिला सूचना अधिकारी आदि को निर्देश देते हुए कहा है कि इस अवसर उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन ' आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी समारोह की थीम पर किया जायेगा। जनपद स्तरीय कार्यक्रमों का निर्धारण करते हुए कराये जाने वाले कार्यक्रमों में वन्दे मात्रम का गायन एवं पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन आदि को भी सम्मिलित किया जाये। एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद का अपना एक पारम्परिक विशिष्ट उत्पाद है, जिसके अनेक शिल्पी / कर्मकार कार्य करते हैं ऐसे शिल्पियों की कला का प्रदर्शन स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तथा यू0पी0 के स्टार्टअप पर आधारित प्रदर्शनियों का आयोजन प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर किये जाने का प्रयास किया जाये। प्रदेश दिवस कार्यक्रम में कलाकार, शिल्पकार, किसान, मजदूर, महिलाएं, युवा तथा सभी क्षेत्रों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाये। प्रदेश के जिन निवासियों द्वारा प्रदेश, देश अथवा विदेश में कोई विशिष्ट कार्य किया गया हो उन्हें भी आमंत्रित किया जाये, जिससे प्रदेश के गौरव समृद्धशाली इतिहास व विकास का परिचय प्राप्त हो, 24 जनवरी को लखनऊ में आयोजित किये जाने वाले राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन का समस्त जनपदों के आयोजन स्थल पर सजीव प्रसारण की व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कर ली जाये। कोविड-19 की परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रत्येक आयोजन स्थल पर अनिवार्य रूप से कोविड हेल्प डेस्क मुख्य चिकित्साधिकारी के पर्यवेक्षण में स्थापित की जाये।

### जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन के प्रथम डोज के सौ प्रतिशत होने पर दी बधाई

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन और प्रभावशाली नेतृत्व के परिणामस्वरूप जिले में वैक्सीनेशन के प्रथम डोज 100 प्रतिशत लोगों को लग चुका है, इस प्रकार जनपद उत्तर प्रदेश में 18वें स्थान पर है, जिन्होंने इस तरह की उपलब्धि हासिल की है, जिलाधिकारी ने इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके लगन, निष्ठा और समर्पण की भूरि-भूरि प्रसंसा की है।

## कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई न किये जाने पर जताया रोष

**फतेहपुर।** शहर के सिविल लाइन खलील नगर पर स्थित पटेल सेवा संस्थान में सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 आरएस पटेल व संस्थान के अध्यक्ष लाल देवेंद्र पटेल, उपाध्यक्ष सत्येंद्र पटेल व संस्थान के अन्य पदाधिकारियों रवि पटेल, दीपक पटेल, डॉ0 जगदीश्वर पटेल, एड0 सिद्धार्थ पटेल, पुनीत पटेल, हरिशंकर उमराव, अभिषेक चौधरी, सुरेश वर्मा एवं पीड़ितों की उपस्थिति में बताया कि श्रीमती कांति वर्मा जो पेशे से शिक्षिका और वर्तमान समय में उमरी प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य हैं। उनके व उनके परिवार के साथ 03 नवंबर 20 अगस्त को पड़ोसियों के द्वारा जबरन घर में घुसकर घटना के संबंध में जिसकी एफआईआर 10 नवंबर को कोतवाली में दर्ज की गई और अदालत में बयान होने के बाद भी अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी ना होना आश्चर्यजनक है।

# घाटमपुर ने एसेंट टीम को 117 रनों से हराया



संवाददाता। घाटमपुर

**स्व0 गौरी** विश्वकर्मा क्रिकेट टूर्नामेंन्ट में घाटमपुर की टीम ने एसेंन्ट क्रिकेट टीम को 117 रनों से हराया, टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निधार्रित 20 ओवर में 6 बिकेट खोकर 227 रन बनाये, जिसमें जीतू तिवारी ने नाबाद रहते रहते हुए 123 रन बनाये। रितिक सोनकर ने भी 21 व शेखर ने 18 रनों का योगदान किया। एसेंन्ट की ओर से गेंन्दबाजी करते हुए साहिल कश्यप ने 26 रन देकर तीन बिकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसेंट टीम ने सभी विकेट खोकर 18 ओवर में मात्र 110 रन ही बना सकी।घाटमपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए जीतू तिवारी ने 17 रन देकर 4 विकेट लिये,जबकि भैभव बर्मा ने 34 रन दकर तीन विकेट लिये, मैन आफदी मैत्र जीतू को दिया गया। इस मौके पर क्रिकेट टूर्नामेंन्ट के आयोजक भूप किशोर विश्वकर्मा व संचालक बिकास तिवारी भी मौजूद रहें।

## रिटर्निंग ऑफिसर ने ली ईवीएम व वीवीपैट की जानकारी

**फतेहपुर।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 की तैयारियों के क्रम में वेयरहाउस/जिला निर्वाचन कार्यालय में ईवीएम मशीनों व वीवी पैट मशीन का निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे ने किया। विधान सभावार रिटर्निंग ऑफिसर को दी जा रही ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों को विधान सभावार आवंटन के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात् मशीनों के रखे जाने हेतु विधानसभावार बने रूम का निरीक्षण किया और सम्बंधितो को निर्वाचन के सम्बंध में आवश्यक दिश-निर्देश दिया। इस मौके पर उपजिलानिर्वचन अधिकारी विनय कुमार पाठक, रिटरिंग ऑफिसर नन्द कुमार मौर्य, सहायक निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# आप ने दो राज्यमंत्रियों के सामने उतारे प्रत्याशी

संवाददाता। फतेहपुर

**जहानाबाद** विधानसभा से कारागार राज्यमंत्री के सामने विनीत कुमार पटेल, हुसैनगज विधानसभा क्षेत्र से खाद्य रसद राज्यमंत्री रानवेंद्र प्रताप सिंह के सामने फौजी राजिक को प्रत्याशी बना कर यूपी में सियासत की नींव मजबूत कर रही आम आदमी पार्टी ने प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर जिले में बीजेपी के खिलाफ दो विधानसभा क्षेत्र से अपने प्रत्याशी घोषित किया। दोनों ही मौजूदा सरकार के राज्यमंत्री भी चुनाव मैदान में है।

बतातें चलें कि हुसैनगज विधानसभा से वर्तमान समय में बीजेपी के विधायक व यूपी सरकार में खाद्य रसद राज्यमंत्री रानवेंद्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह पर बीजेपी ने भरोसा करते हुए टिकट फाइनल किया। वही आम आदमी पार्टी ने इसी विधानसभा से राज्यमंत्री के खिलाफ मुस्लिम प्रत्याशी फौजी राजिक को प्रत्याशी घोषित किया है। वही जिले के 238 जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र जो बीजेपी से गठबंधन अपना दल से विधायक व वर्तमान समय में कारागार राज्यमंत्री जय कुमार जैकी जो कुर्मी बिरादरी के हैं, के खिलाफ कुर्मी समाज से विनीत कुमार पटेल को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। जिलाध्यक्ष श्रीराम पटेल ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने पहले उन जगह से प्रत्याशी घोषित किया है। जिन जगह से बीजेपी के मंत्री है क्यों कि इन लोगों ने क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नही किया। जिले के चार विधानसभा क्षेत्र में जल्द ही प्रत्याशी घोषित कर दिया जायेगा।

## कांग्रेसियों ने जारी भर्ती विधान पर जताई प्रतिबद्धता

**फतेहपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी एवं प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी ने भर्ती विधान शीर्षक से युवाओं के लिये घोषणा पत्र जारी किया। इस घोषणा पत्र में युवाओं के लिये महत्वपूर्ण वादे किए गए हैं। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बताया कि इस भर्ती विधान घोषणापत्र में सरकार बनने पर 20 लाख रोजगार देने से लेकर छात्रसंघ बहाली तक के वादे शामिल हैं। बताया कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में छात्रसंघ की बहाली की जाएगी। साथ ही भर्ती प्रक्रिया में नौजवानों का जो भरोसा टूटा उसे बहाल करने के लिए एक जॉब कैलेंडर बनाया जाएगा। जिसमें भर्ती विज्ञापन, परीक्षा, नियुक्ति की तारीखें दर्ज होंगी। इसका उल्लंघन होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि घोषणा पत्र में सरकार बनने पर 20 लाख सरकारी नौकरियों की गारंटी जिनमें आठ लाख सरकारी पद महिलाओं के लिए होंगे। प्राथमिक विद्यालयों के रिक्त 1050 पद, 01 लाख प्रधानाध्यापकों, माध्यमिक विद्यालयों के 38 हजार रिक्त शिक्षक पद, उच्चशिक्षा व महाविद्यालयों में 8 हजार खाली पद भरे जायेंगे। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के 19300 पद, सहायिकाओं के रिक्त 27100 पदों को भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि युवाओं के रोजगार के लिए नए अवसर प्रदान किए जाएंगे। मल्लाह और निषादों के लिए विश्वस्तरीय संस्थान बनाया जाएगा। जिसमें उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। अति पिछड़े समुदाय के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए 01 फ़ीसदी ब्याज की दर से कर्ज दिया जाएगा। इस दौरान शहर अध्यक्ष मोहसिन खान, यूथ जिलाध्यक्ष आकाश शुक्ला, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिषेक कश्यप, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा, सेवादल जिलाध्यक्ष अनुराग नारायण मिश्र, शिवाकांत तिवारी, बीरेंद्र सिंह चौहान, वीरेंद्र गुप्ता, निखिल द्विवेदी, अभय शुक्ला, अशोक दुबे, एमएल श्रीवास,रेहान, वलय दत्त बाजपेई, इकबाल नफीस, विनय द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा को सकुशल व शान्तिपूर्ण ढंग से करा कराएं संपन्न

संवाददाता। कानपुर देहात



**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी0ई0टी0) दिनांक 23.01.2022 के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने परीक्षा सुचारू रूप से नकल विहीन, शान्तिपूर्ण एवं शुचिता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा प्रथम पाली प्रात: 10:00 बजे से 12:30 तक तथा द्वितीय पाली में मध्याहन 02:30 बजे से 05:00 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षाऐं अकबरपुर इण्टर कालेज, अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर, राजकीय महाविद्यालय, क्षेत्रीय इण्टर कालेज, फतेहपुर रोशनाई, श्री कृष्ण औद्योगिक इण्टर कालेज मोहम्मदपुर, श्री रामस्वरूप ग्रामोउद्योग महाविद्यालय पुखरायां, श्री रामस्वरूप ग्रामोउद्योग इण्टर कालेज पुखरायाँ, विवेकानन्द राष्ट्रीय इण्टर कालेज पुखरायां, नेहरू इण्टर कालेज रसधान, श्री मालवीय इण्टर कालेज, मुंगीसापुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज पुखरायॉ, आदर्श किसान इण्टर कालेज हासेमऊ, दयानन्द इण्टर कालेज बाढ़ापुर, नेहरू इण्टर कालेज शाहजहाँपुर, भारतीय विद्यापीठ इण्टर कालेज राजपुर, ग्राम विकास इण्टर कालेज बुधौली, श्री देवी सहाय ओंकार इण्टर कालेज डेरापुर, पटेल विद्यापीठ इण्टर कालेज बरौर में होना है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रो के आस-पास 100 मीटर की परिधि के अन्तर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों हेतु आस-पास ध्वनि विस्तारण यन्त्रों का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबंधित होगा। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ अथवा अन्य संचार संबंधी उपकरण एवं आईटी0 गैजेट्स ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित होगा। कोई भी व्यक्ति कोविड-19 प्रोटोकाल एवं सोशल डिस्टेसिंग नियम का न तो उल्लंघन करेगा और न ही किसी को उल्लंघन करने हेतु दुष्प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा हेतु परीक्षार्थिओं को उनके परीक्षा केन्द्र तक आने-जाने में किसी प्रकार की रुकावट नहीं डालेगा और न ही ऐसा कृत्य करने के लिए किसी को प्रेरित करेगा। पुलिस अधीक्षक स्वप्रिल ममगई ने कहा कि परीक्षा हेतु सुरक्षा व्यवस्था तैनात रहेगी, किसी को कोई समस्या नही होगी, परीक्षा सकुशल तरीके से सम्पन्न करायी जायेगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कांग्रेस के दावों में है दम: कुशल

संवाददाता। चित्रकूट




**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता राहुल गांधी व प्रदेश प्रभारी/महासचिव प्रियंका गांधी ने यूपी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर युवाओं का घोषणा पत्र जारी किया। कांग्रेस के प्रभारी अखिलेश शुक्ला व जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में नौजवानों के टूटे भरोसे को बहाल करने को कांग्रेस ने जाब कैलेंडर बनाने का दावा किया है। भर्ती विज्ञापन, परीक्षा, नियुक्ति की तारीखों में उल्लंघन होने पर कडी कार्यवाही की जायेगी।

शनिवार को पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के जिला प्रभारी अखिलेश शुक्ला व जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि यूपी के युवाओं के भविष्य को कांग्रेस के पास सिर्फ खोखले शब्द नहीं, बल्कि पूरी योजना है। नौजवानों को किस तरह से रोजगार दिलायेंगे। नौजवानों की आकांक्षाओं को घोषणा पत्र में शामिल किया है। राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर साल दो करोड रोजगार देने का वायदा किया था। हकीकत में लाखों नौजवानों ने मोदी की नीतियों से अपने रोजगार गवां दिये। युवाओं ने भारी तादाद में रोजगार खोया है। नोटबन्दी, गलत जीएसटी, कोरोना लॉकडाउन जैसे कार्य कांग्रेस कभी नहीं कर सकती।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने 40 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी पैदा की है। प्रियंका गांधी ने कहा है कि भर्ती विधान बनाने को कांग्रेस ने प्रदेश के युवाओं से बडे पैमाने पर चर्चा की है। लाखों युवाओं का भरोसा बहाल कर युवाओं को रोजगार देने में कांग्रेस मदद करेगी। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर बीस लाख सरकारी नौकरियों की गारंटी होगी। आठ लाख सरकारी पद महिलाओं के लिए होंगे। शिक्षकों के खाली 38 हजार पद भरे जायेंगे। पांच हजार करोड का सीडस्टार्टअप फंड बनाया जायेगा। जिसमें तीस साल से कम उम्र के उद्यमियों को प्राथमिकता दी जायेगी। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस की मानिकपुर प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय, सलमान सिद्दीकी, विजयमणि त्रिपाठी, नीरु गुप्ता, दिव्यांश पाण्डेय, अजय केशरवानी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी मूलचंद ने देव मंदिरों में माथा टेक लिया विजयश्री का आशीर्वाद

**जगम्मनपुर ( जालौन )।** विधानसभा निर्वाचन के लिए माधौगढ़ क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के घोषित प्रत्याशी मूलचंद्र निरंजन ने धर्म स्थलों में पहुंच कर देवी देवताओं साधु संतो का आशीर्वाद लिया। माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी का बहुप्रतीक्षित टिकट घोषित होते ही क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई। भाजपा की ओर से घोषित प्रत्याशी मूलचंद निरंजन ने आज देव तीर्थ स्थलों पर पहुंच कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर अपना माथा टेका एवं साधु-संतों से विजय श्री का आशीर्वाद लिया। आज प्रथम दिन विधायक मूलचंद निरंजन ने जनपद के प्रसिद्ध शक्तिपीठ जयंती माता जालौन देवी मंदिर , पंचनद के तीर्थ क्षेत्र के श्री बाबा साहब मंदिर एवं करण देवी मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना की । इस अवसर पर उनके साथ अजीत सिंह सेंगर ब्लाक प्रमुख रामपुरा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा , विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह राजावत, मंडल अध्यक्ष रामपुरा प्रमोद कठेरिया, मंडल अध्यक्ष ईटों गजेंद्र राजपूत, विजय द्विवेदी मंडल महामंत्री, शिव कुमार सिंह गौर मंडल महामंत्री, नीतू सिंह सेंगर मंडल महामंत्री ईंटो ,गजेंद्र वर्मा मंडल उपाध्यक्ष, संतोष प्रजापत मंडल उपाध्यक्ष रामपुरा, हरेंद्र सिंह चंदेल शक्ति केंद्र संयोजक ,गुरमीत सिंह सेंगर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, योगेश त्रिपाठी ईंटो, शिवबालक मिश्रा मंडल महामंत्री युवा मोर्चा, राहुल सेंगर मंडल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, प्रशांत कश्यप, बृजेश निषाद, राम खिलावन , देवेंद्र प्रजापत, रामअवतार तिवारी मुनीम, जितेन्द्र तिवारी पृथ्वीपुरा जगदीश सिंह सेंगर, सचेद्र सिंह सेंगर गुढा, जीत बहादुर सिंह पतराही, जयवीर सिंह सेंगर कंझारी, देवेंद्र सिंह सल्लू, बटेश्वर पाल जिला उपाध्यक्ष, प्रशांत कश्यप नरेंद्र सिंह सेंगर टिप्पे, बृजेश निषाद नरेंद्र प्रजापत धूता, अरविंद कुशवाहा मंडल अध्यक्ष पिछला मोर्चा, देवेंद्र प्रजापत कुरौली, अमित मिश्रा नरौल, अनूप कुमार झा मिंटू पूर्व प्रधान, बॉबी सोनी, अनुज सिंह सेंगर, मगन कोरी, विपिन सहित लगभग 2 सैकड़ा भाजपा पदाधिकाकार्ता मौजूद थे।

# पंचमुखी शिव के दर्शन मात्र से मिलती है पुनर्जन्म से मुक्ति

संवाददाता। चित्रकूट

**भगवान श्रीराम** की तपोभूमि चित्रकूट अपनी धार्मिक, आध्यात्मिक और पौराणिक महत्ता के लिए समूचे विश्व में विख्यात है। धर्म नगरी के भरतकूप क्षेत्र में घने जंगलो के बीच करीब ढ़ाई सौ मीटर ऊंची पहाड़ी पर मड़फा किले के रूप में विख्यात आदि ऋषि मांडव्य का आश्रम है। इस प्राचीन मड़फा आश्रम में नृत्यमुद्रा में विराजमान पंचमुखी भगवान शिव की महिमा का बखान वेदो और पुराणों में भी मिलता है।

इस दिव्य धाम की ऐसी महिमा है कि यहां स्थित कुंड के जल में आस्था की डुबकी लगाकर भगवान शिव का पूजन करने से कुष्ठ रोग से निजात मिलने के साथ-साथ पुनर्जन्म से मुक्ति मिल जाती है। पंचमुखी शिव के दर्शन मात्र से ही सारे कष्टों से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा इसी प्राचीन आश्रम में महाराजा दुष्यंत की पत्नी शकुंतला ने पुत्र भरत को जन्म

## ● मडफा की ऊंची पहाड़ी पर स्थित है ऐतिहासिक मंदिर

दिया था। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट विश्व के अनादि, अचल और ऐतिहासिक पावन तीर्थो में से एक है। इस प्राचीन धर्म स्थली में स्वयं सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रम्हा समेत अगस्त, अत्रि, बाल्मीकि आदि प्रख्यात ऋषि-मुनियों ने तपस्या की है।

इसी वजह से ब्रम्हांड के सबसे श्रेष्ठ स्थल चित्रकूट की तुलना स्वर्गलोक से की जा सकती है। लगभग 84 कोस में फैले चित्रकूट में विविध प्रकार के शिखर (कूट) स्थित है। इस प्राचीन आश्रम में भगवान शंकर अपने पंचमुखी रूप में सशरीर विद्यमान हैं। नृत्यमुद्रा में विराजमान पंचमुखी भगवान शिव की महिमा का बखान वेदो और पुराणों में भी मिलता है।मानपुर गांव से सटे



मडफा का ऐतिहासिक मंदिर



मड़फा पहाड़ पर स्थित इस पावन शिव धाम पर करीब दो सौ मीटर की ऊंची चढ़ाई चढ़कर पहुंचा जा सकता है। घनघोर जंगल में स्थित इस शिवालय में उपासना करने से जहां लोगों के मन की मुरादें पूरी होती हैं। वही न्यग्रोध कुंड (तालाब) में स्नान करने से कुष्ठ रोग (चर्म रोग) से मुक्ति मिलने का उल्लेख है।इस दिव्य स्नान को लेकर ऐसी मान्यता है कि यहां पर ऋषि मांडव्य ने तपस्या की थी। इसी तपोस्थली पर महाराज दुष्यंत की पत्नी शकुंतला ने पुत्र भरत को जन्म दिया था। इसी तालाब के पास चंदेलकालीन वैभवशाली नगर के ध्वंशावशेष भी देखे जा सकते हैं। जैन धर्म के प्रर्वतक आदिनाथ के भी यहां पर आने की बात कही जाती है।

महाशिवरात्रि व सोमवार को यहां सदियों से मेला लगता रहा है। इस धार्मिक, ऐतिहासिक और पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण प्राचीन धरोहर को केंद्रीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित किया गया है।

चित्रकूट के सुप्रसिद्ध संत दिव्य जीवन दास महाराज,राम हृदयदास महाराज एवं डॉ रामनारायण त्रिपाठी मडफा किले की महिमा बताते है कि देवराज इंद्र ने वेदवती नामकी अपूर्व सुंदरी अप्सरा को कोढ़ (कुष्ठ) होने का शाप दिया था। शापग्रस्त अप्सरा के अनुनय विनय करने पर इंद्र ने माण्डव ऋषि के आश्रम में स्थित न्यग्रोध कुंड में स्नान करके वहां विराजमान पंचमुखी भगवान शिव की उपासना से शापमुक्त होने का मार्ग बताया था। आज भी देश भर से लोग कुष्ठ निवारण के लिए यहाँ आते है। इसके अलावा यहाँ स्थापित पंच मुखी शिव के दर्शन और उपासना करने से पुनर्जन्म से मुक्ति मिलने की मान्यता है।?इसके अलावा मंदिर के विकास के लिए चिंतित समाजसेवी दिनेश कुमार सिंह ने शासन से मडफा धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोपवे बनवाने एवं विद्युत व पेयजल का इंतजाम करने की मांग की है।

वहीं जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल पांडेय का कहना है कि पर्यटन विभाग के माध्यम से मडफा मंदिर को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का काम किया जा रहा है।

# नवनिर्मित पंचायत भवन का एसडीएम ने किया लोकार्पण

**कोंच( जालौन )।** कोंच विकास खंड की ग्राम पंचायत अंडा में नवनिर्मित पंचायत भवन का एसडीएम राजेश सिंह ने शनिवार को लोकार्पण किया। आधुनिक सुविधाओं युक्त इस पंचायत भवन की सराहना करते हुए एसडीएम ने कहा कि गांवों की छोटी सरकारों के लिए यह किसी मॉडल से कम नहीं है। एसडीएम ने कहा कि विकासखंड में शायद ऐसा कोई पंचायत भवन हो जो सीसीटीवी और वाईफाई जैसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो।वहीं एसडीएम ने कोरोना वायरस को लेकर शत प्रतिशत टीकाकरण पर ग्रामीणों को जागरूक किया, साथ ही उन्होंने शांति सुरक्षा के बीच निष्पक्ष रूप से मतदान हेतु ग्रामीणों को जागरूक करते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होने का आह्वान किया। ग्राम प्रधान ने इस अवसर पर आधा सैकड़ा जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरित किए।

# डाकघर में धूमधाम से मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की जयंती

संवाददाता। कोंच( जालौन)

**भारत देश** की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर देश भर में मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मुख्य डाकघर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जन्म जयंती पूर्व संध्या पर पराक्रम दिवस के रुप में मनाई गई।डाक घर निरीक्षक शशिकांत जैन के आतिथ्य में मनाई गई जयंती में उपस्थित डाक घर कर्मियों ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पहार चढ़ाकर उनको नमन किया,तदुपरांत सामूहिक रूप से राष्ट्र गान गाया।वहीं अपने सम्बोधन में जैन ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस की जयंती पखवाड़े के तहत सभी डाक घरों में साफसफाई अभियान से लेकर अन्य विविध कार्यक्रम 22 जनवरी से लेकर 27 जनवरी तक आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में सुभाष चंद्र बोस ने अपना सर्वस्व जीवन न्यौछावर कर



दिया।उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर विवश कर दिया।जैन ने कहा कि हम सभी लोगों को आगे आकर देश के उत्थान में सहयोग करना चाहिए तभी महापुरुषों की जयंती मनाना सार्थक होगा।इस दौरान डाक घर निरीक्षक जैन ने डाक घर की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि डाकघर द्वारा आम जनमानस को ध्यान में रखकर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसमें बेटियों के लिए सुकन्या योजना, सामान्य बचत खाता, आरडी, टीडी, पीपीएफ योजना सहित कोविड-19 को देखते हुए डाक घर कर्मचारियों द्वारा डोर टू डोर पैसे के लेन-देन की सुविधा भी दी जा रही है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के खाते से आप घर बैठे पैसों का ट्रांसफर्ध्जमा भी कर सकते हैं। पोस्ट मास्टर हेमेंद्र सचान ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि हमारे ग्राहकों को कोई भी असुविधा का सामना न करना पड़े और उन्हें डाकघर की चल रही योजनाओं का विधिवत लाभ मिल सके।पीए अर्पित पाठक व ब्रांच पोस्ट मास्टर नरेंद्र द्विवेदी ने कहा कि हम सब मिलकर डाकघर की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं ताकि प्रत्येक ग्रामीण को उन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। इस मौके पर ओवरसियर मथुराप्रसाद, कमल वर्मा,बीपीएम जयप्रकाश शर्मा, अनिल तिवारी, विनोद कुमार सेन, नदीम अख्तर, रामशंकर, पायल, भावना, ऋषि त्रिपाठी आदि डाक घर कर्मी मौजूद रहे।

# सहाबनाका, ओझा में विद्युत पोल न होने से मोहल्लेवासी परेशान

**जालौन ( उरई )।** नगर में वार्ड संख्या 6 एवं वार्ड 17 में कुछ गलियों में बिजली के खंभे एवं लाइन न होने से मोहल्ले के लोग परेशान हैं। गलियों में बिजली के खंभे एवं लाइन लगवाए जाने के लिए सभासदों ने डीएम से मांग की है। नगर के वार्ड नंबर 6 मोहल्ला सहावनाका, ओझा से सभासद मोहम्मद नईम खान एवं वार्ड संख्या 17 मोहल्ला भवानीराम एवं नया खंडेराव आंशिक से सभासद महनूर खातून ने बताया कि उनके वार्ड में कुछ गलियों में बिजली के खंभे एवं बिजली की लाइन नहीं है। जिससे इन गलियों में रहने वाले लोग बिजली के लिए परेशान हैं। कई घरों में लोग दूर दूर से लकड़ी के खंभों पर केबिल डालकर बिजली की लाइन ला रहे हैं। कभी कभी इन लाइनों फाल्ट होने से गंभीर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बिजली की लाइन न होने से मोहल्ले के लोग परेशान हैं। ऐसे में मोहल्ले में बिजली के खंभे एवं लाईन डलवाए जाने की मांग सभासदों ने डीएम से की है।

# पंचायत भवन पर अवैध कब्जा देख भड़के डीएम



मिर्जाहकीमपुर में पंचायत भवन का जायजा लेते डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने पहाडी ब्लाक के मिर्जाहकीमपुर गांव का औचक मुआयना कर वैक्सीनेशन का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मौके पर देखा कि ग्राम पंचायत की भूमि पर अमरदीप अपने पशुओं को बांधता व चारा खिलाता है। बरामदे में अपनी कार खडी करता है। वहां बैठने की व्यवस्था न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी मान सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि दी।

शनिवार को जिलाधिकारी ने पहाडी ब्लाक के मिर्जाहकीमपुर गांव का औचक निरीक्षण कर ग्राम पंचायत की भूमि पर साफ-सफाई व इंटरलॉकिंग कराने के निर्देश दिये। प्रधान से कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों का वैक्सीनेशन करायें। 60 वर्ष से ज्यादा के लोगों का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन करायें। जिनके घरों में 15 से 18 वर्ष के बच्चे-बच्चियां हों उनका भी वैक्सीनेशन करायें। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन से कोई व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए। एसडीएम व प्रधान को निर्देश दिये कि लेखपाल के साथ सचिव को लगाकर घर-घर जाकर अपने क्षेत्रों में वैक्सीनेशन का कार्य करायें। इस मौके पर एसडीएम प्रमोद कुमार झां, नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह व संजय सिंह, लेखपाल व सचिव आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक पुत्र के नाम फर्म बना खेल सामान आपूर्ति का सप्लायर हो गया

**जालौन ( उरई )।** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राइमरी व जूनियर हाई स्कूल में बच्चों को खेल के लिए खेल सामग्री खरीदी जा रही है। इसके लिए स्कूलों में सरकार द्वारा बजट उपलब्ध कराया गया है। मौके का फायदा उठाकर एक शिक्षक खेल किट की बिक्री स्कूलों में कर रहा है।

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में खेल प्रोत्साहन के सरकार प्रयास कर रही है। बच्चों के खेल सामग्री खरीदने के लिए बजट उपलब्ध कराया गया है। विकास खंड के 86 प्राथमिक स्कूलों तथा 56 उच्च प्राथमिक स्कूलों को खेल सामग्री खरीदने के लिए धन उपलब्ध कराया जा चुका है। प्राथमिक स्कूल में खेल सामग्री खरीदने के लिए 5 हजार तथा उच्च प्राथमिक स्कूलों में 10 हजार रूपए का बजट आया है। ठंड को देखते हुए शीतकालीन अवकाश चल रहा है। 25 दिसंबर से चल रहे शीतकालीन अवकाश के दौरान नगर

## ● 86 प्राथमिक, 56 उच्च प्राथमिक विद्यालयों को मिला बजट

में संचालित एक उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक जब्बार अपने पुत्र के नाम बनी फर्म पर सरकारी स्कूलों में खेल किट बेच रहे हैं। सरकारी सेवा में रहकर शिक्षक खुले आम व्यापार कर रहा है। इसके पहले वह स्कूलों में जूता, मोजा व ड्रेस की बिक्री करते थे। शिक्षा विभाग में अपनी पकड़ के चलते बेरोकटोक वह अपना व्यापार कर रहे हैं तथा विभाग के अधिकारियों को उनका कमीशन दे रहे हैं। कमीशन देने के कारण शिक्षक पर विभागीय सहानुभूति बनी हुई है। बीईओ अमर सिंह ने बताया कि वह पूर्व में निलम्बित हुए थे निलंबन के बाद बहाली के साथ उनका स्थानांतरण कुठौंद कर दिया गया है। मामले की जांच करायी जायेगी।

# किशोरवय के टीकाकरण में आ रही दिक्कतें

**कोंच( जालौन )।** जिले में भी रफ्तार पकड़ चुके कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान में स्वास्थ्य विभाग को सबसे ज्यादा मुश्किल किशोर वय को टीके लगाने में आ रही है। शहरी क्षेत्र में तो स्थिति बहुत ही विकट बनी हुई है और मामला लक्ष्य प्राप्ति से कोसों दूर है। इसका सबसे बड़ा कारण वार्ड सभासदों और सामाजिक संगठनों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाना है। वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण अंचलों में स्थिति कमोवेश संतोषजनक है और मामला संतृप्ति की ओर जाता दिखाई दे रहा है। अधिकारी भी वैक्सीनेशन की स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं और बनाए गए टीकाकरण केंद्रों पर जाकर मॉनिटरिंग करने में लगे हैं।

शत प्रतिशत वैक्सीनेशन को लेकर एसडीएम एवं सीओ ने शनिवार को विकास खंड के ग्राम वसीठ, जरा, कन्हरी एवं चंदपुरा का निरीक्षण कर वहां के लोगों से बात की और अधिक से अधिक वैक्सीन लगवाने को कहा। गौरतलब है कि जनवरी के अंत तक शत प्रतिशत



लोगों को टीके लगाने की मुहिम जारी है जिसे लेकर प्रशासन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लगातार गांवों में टीकाकरण शिविर आयोजित कर रहा है। अब यह अभियान डोर टु डोर में तब्दील हो चुका है। एसडीएम राजेश सिंह व सीओ शाहिदा नसरीन ने अब तक हुई वैक्सीनेशन की प्रगति जानने के लिए नदीगांव विकास खंड के ग्राम जरा, वसीठ, कन्हरी, चंदपुरा तथा कोंच विकास खंड के बिलायां, सतोह, पिंडारी आदि में पहुंच कर टीकाकरण की स्थिति देखी और ग्रामीणों से अधिकाधिक संख्या में टीके लगवाने के लिए कहा। एसडीएम ने बताया कि टीकाकरण जारी है, ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति ठीक है। 15 से 18 वर्ष के किशोर किशोरियों में लगभग संतृप्ति है लेकिन शहरी क्षेत्र में अब तक की स्थिति को ठीक नहीं माना जा सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने गांवों में बने बूथों को भी देखा जहां सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। सीओ शाहिदा नसरीन ने बूथों का निरीक्षण कर लोगों से कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव कराए जाएंगे, आचार संहिता का कतई उल्लंघन न करें और ज्यादा भीड़भाड़ गांव में न लगाएं। घर से निकलते समय सभी लोग मास्क का प्रयोग जरूर करें।

## बगैर टीका लगवाये खाद्यान्न प्राप्त करना होगा मुश्किल

कोंच। अंत्योदय और पात्र गृहस्थी वाले राशन कार्ड धारकों के लिए अब बिना टीके लगवाए खाद्यान्न प्राप्त करना मुश्किल होगा। शासन के निर्देश पर आपूर्ति विभाग ने सभी उचित दर के दुकानदारों को कड़े निर्देश जारी किए हैं कि परिवार के मुखिया सहित कार्ड में दर्ज सभी ऐसे सदस्यों जो पंद्रह वर्ष से ऊपर के हैं, के टीकाकरण प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां लेने के बाद ही उन्हें खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर देखा जाए। समझा जा रहा है कि इस आदेश से टीकाकरण कार्यक्रम को गति मिलेगी।

फोटो परिचय----

# क्विक न्यूज

## किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिन घर के दरवाजे पर खेल रही मासूम किशोरी घर पर बिना बताए कहीं चली गई। काफी समय तक घर नहीं आई तो परिजनों ने काफी खोजबीन के पश्चात कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर रतनपुर निवासी उमेश शर्मा पुत्र गंगाचरण द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते दिन की दोपहर उसकी दस वर्षीय पुत्री पुष्पा किसी अज्ञात के बहकावे में घर से चली गई। जब वह काफी समय बीत जाने पर भी घर वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी पास पडोस सहित रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की। लेकिन कोई जानकारी न मिलने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## जमीनी विवाद को लेकर मां-बेटे को पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** जमीनी विवाद को लेकर मां बेटे को गांव के ही एक ही परिवार के तीन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम किशवापुर निवासी सत्येंद्र कटियार पुत्र रामआसरे द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते दिन उसके घर के सामने खाली मैदान में कंडे पाथने के विवाद को लेकर उसकी मां के साथ गांव की ही मंजू देवी, कुलदीप, दुर्गेश कटियार ने अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आने पर उसे भी मारपीट कर घर कर दिया। इस दौरान उसके जेब में रखे पैसे गिर गए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## एसपी के आदेश पर पिता-पुत्री से मारपीट का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत पांच दिन पूर्व रंजिश के चलते पिता पुत्री को गांव के ही चार लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला कादर गढ़िया निवासी मोहम्मद अफसर पुत्र फतेह मोहम्मद द्वारा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि दिनांक 15 जनवरी की दोपहर अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी मोहल्ले के ही वसीम, मुकीम, लालू, नन्नू आए और गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर उक्त गणों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आई पुत्री सबीना को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने किया चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत



**चित्रकूट।** भाजपा नेतृत्व के आवाहन पर जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अगुवाई में चुनाव प्रचार अभियान का शहर के ट्राफिक चौराहे में शुभारम्भ हुआ। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि आज से भाजपा ने पूरे प्रदेश में चुनाव प्रचार का शुभारम्भ किया है। जन-जन के बीच अपनी बात पहुंचाने का प्रयास हो रहा है। भाजपा जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश भर के 1918 मंडलों के प्रमुख चौराहों पर भाजपा के कार्यकर्ता एक साथ प्रचार अभियान में जुटे हैं। जनता का अपार समर्थन भाजपा के साथ है। भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार फिर से बन रही है। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि जब से यूपी में भाजपा की सरकार बनी है, तब से कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। अपराधी भाजपा सरकार में जान की भीख मांग रहे हैं। जिले के सभी चौराहों में प्रचार अभियान की शुरुवात की गई है। इस मौके पर मुन्ना करवरिया, पंकज अग्रवाल, सुमित मिश्रा, अभेष मिश्रा, श्याम गुप्ता, अभिषेक ओझा, रवि गुप्ता, अनीता सिंह, गोलू गर्ग समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स नें रूट मार्च कर लिया शांति व सुरक्षा का जायजा



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस एवं पैरामिलिट्री फोर्स द्वारा नगर के मोहल्लों में रूट मार्च किया गया। इस दौरान उन्होनें शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुये निडर होकर मतदान करनें की अपील की।शुक्रवार को आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहम्मद तौकीर एवं कस्बा चौकी प्रभारी मनोज पांडे ने पुलिस बल ब पैरामिलिट्री फोर्स के साथ नगर के मोहल्ला किदवई नगर, गांधी नगर, सीमांत नगर, मुजाहिद नगर, तिर्वा रोड, जीटी, पीडब्ल्यूडी तिराहा पर रूट मार्च किया और शांतिपूर्ण ढंग से निर्भीक होकर कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान कांस्टेबल ओपी सिंह, अभय सिंह, आदित्य राठी, सनी तोमर सहित तमाम पुलिसकर्मी व पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान मौजूद रहे।

## अवैध असलहा समेत युवक गिरफ्तार

**कालपी(जालौन)।** आगामी विधानसभा चुनाव को शान्ति पूर्वक निपटाने के लिए गस्त करने में जुटी इलाकाई पुलिस ने नाजायज तमंचा कारतूस सहित एक युवक को पकड़ कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कालपी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह तथा प्रभारी चौकी ज्ञान भारती एस आई दिव्य प्रकाश तिवारी,कांस्टेबल अभिषेक त्रिवेदी, कांस्टेबल अजीत कुमार भदोरिया शांति व्यवस्था के लिए गस्त कर रहे थे। इसी दौरान जोल्हूपुर मोड़ पर संदिग्ध हालात में घूम रहे आरोपी अभियुक्त जितेंद्र यादव पुत्र जगराम सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम धमना थाना कालपी जनपद जालौन को पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी युवक की तलाशी लेने पर एक अदद तमंचा 315 बोर तथा एक अदद कारतूस 315 बोर को बरामद किया गया। आरोपी युवक जितेन्द्र सिंह के खिलाफमुकदमा जुर्म धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत थाना कालपी में पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

## वन विभाग की भूमि में नाजायज कब्जा करने पर सरकारी कर्मचारी समेत तीन लोगों की शिकायत

**कालपी(जालौन)।** कालपी नगर की बेशकीमती आरक्षित वनभूमि में अनाधिकृत तरीके से कब्जा करने के मामले को लेकर विभागीय कर्मचारी के द्वारा तीन नामजद लोगों के खिलाफ कोतवाली में शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। वन विभाग के बीट प्रभारी हरि ओम यादव ने कोतवाली कालपी में शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया है कि कालपी खास मौजे की वन आरक्षित भूमि में आरोपी प्रेम सिंह प्लंबर जल संस्थान कालपी, विजय सिंह तथा तकदीर सिंह निवासी कस्बा कालपी के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। जो कि भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 का स्पष्ट उल्लंघन है। एवं वन अपराध है। बीट प्रभारी ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र के माध्यम से मांग की है कि उक्त तीनों व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही करके आरक्षित वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस बल प्रदान करने का कष्ट करें ।ताकि वन आरक्षित भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा सके।

## सर्दी से ठिठुर रहे गरीबों को कोतवाल ने बांटे कंबल



**कोंच(जालौन)।** बीते एक पखवाड़े से अतिवृष्टि व ओलावृष्टि के बीच चल रहीं तेज सर्द हवाओं के चलते व्याप्त गलन भरी सर्दी से घरों में सभी सुख सुविधाओं से युक्त लोग भी ठिठुरने पर मजबूर हैं वहीं दूसरी ओर सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे अस्थायी रूप से आशियाना बनाकर रह रहे गरीब मजदूर वर्ग के लोगों को कड़ाके की सर्दी ने बेहाल कर दिया है।ऐसे मजबूर लोगों की सुध लेते हुए कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही लगातार क्षेत्र में घूम घूम कर कंबल बांट रहे हैं।शुक्रवार की देर रात उन्होंने मुख्य बस स्टैंड के समीप सर्दी से ठिठुर रहे तमाम जरूरतमंदों को कंबल बांटे। वहीं कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर सुकून का भाव देखा गया।

## पीएम की रैली में गई बसों के पारिश्रमिक भुगतान में घालमेल

# भड़के अनुबंधित बस संचालक

संवाददाता। सीतापुर

- संचालकों ने जड़ा कमीशनखोरी का आरोप
- 11 दिसंबर को यहां से बहराइच भेजी गई थी 59 बसें
- पारिश्रमिक पाने को भटक रहे डिपो के 20 बस संचालक

### एआरएम को ज्ञापन देकर संचालकों ने दी चक्का जाम की धमकी

**उत्तर प्रदेश** राज्य सड़क एवं परिवहन निगम सीतापुर डिपो के खेल ही निराले है। वीआईपी डयूटी में लगाई गई सीतापुर डिपो की 59 बसों से तय स्थल से रैली स्थल तक बकायदा भीड़ जुटाई गई, और वहां से उन्हें घर तक पहुंचाया भी गया, लेकिन अब जब इनको पारिश्रमिक देने की बारी आई तो जिम्मेदारों ने भुगतान वितरण में घालमेल कर डाला। डयूटी में गई 20 अनुबंधित बस संचालकों को पारिश्रमिक के तौर पर एक भी फूटी रकम नहीं मिली। इससे गुस्साएं अनुबंधित बस संचालकों ने इसकी शिकायत की, मगर उनकी सुनी नहीं गई, ऐसे में अब संचालकों ने शनिवार को एआरएम को मांगपत्र देकर 30 जनवरी के बाद बसों का चक्का जाम करने की धमकी दी। अब पूरा मामला समझ लीजिए, दरअसल, बीते 11 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली थी, इस रैली की सफलता के लिए पूरे प्रदेश से सरकारी बसों की डयूटी लगाई गई थी, निगम के फरमान पर सीतापुर डिपो से भी 59 अनुबंधित बसें भी यहां से बहराइच डिपो को भेजी गई थी, उस वक्त प्रत्येक बस संचालक को इसके एवज में पंद्रह-पंद्रह हजार रूपये पारिश्रमिक देने की बात भी कही गई थी, लेकिन जब इनके भुगतान की बारी आई, तो जिम्मेदारों ने भुगतान वितरण में भेदभाव रवैया अपना डाला, आरोप है कि जिन्होंने एक-एक हजार रूपये सुविधा शुल्क दे दिया, उन्हें तो भुगतान कर दिया, जिन्होंने सुविधा शुल्क नहीं दिया, उन्हें पारिश्रमिक से वंचित कर दिया गया, जानकारी करने पर पहले तो उन्हें यह कहकर टरका दिया, कि अभी तक बजट नहीं आया, लेकिन संचालकों ने बहराइच डिपो एआरएम से शिकायत की गई, तो पता चला कि वहां पर 8 लाख 85 हजार के सापेक्ष 5 लाख 85 हजार रूपये आहरित किया जा चुका है। आवंटित रकम संचालकों को वरीयता के आधार पर वितरित किया जाना था, लेकिन ऐसा किया नहीं गया। इस मामले लेकर बस संचालकों ने भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्वेतांशु बाजपेयी से मिलकर अपनी समस्याएं बताई, इस पर उन्होंने उच्चाधिकारियों से शिकायत कर जांच कराने की मांग की है।

## सीतापुर में फूटा कोरोना बम

# मिले 197 नए मरीज

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** आज कोरोना बम फूटा है। एक साथ 197 नए मरीज जिले में पाए गए हैं। शहर में भी कोरोना की रफ्तार तेज हुई है। पुलिस लाइन, जिला कारागार और डाकघर तक संक्रमण पंहुच गया है। यहां अब एक्टिव केसों की संख्या लगभग सात सैकड़ा पंहुच गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज जारी रिपोर्ट के मुताबिक पाए गए कोरोना संक्रमितों में 128 पुरुष और 69 महिलाएं शामिल हैं। कोरोना संक्रमितों में 0 से 10 साल तक के तीन मरीज हैं। 11 से 20 साल के 37 और 21 से 55 साल तक के 137 मरीज तथा 55 साल के ऊपर के 20 मरीज पाए गए हैं। पिछले तीन दिनों से कोरोना की रफ्तार फिर तेज हो गई है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में मरीज मिलने से स्वास्थ्य महकमा भी चिंतित हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कोविड गाइड लाइन का पालन करने और वैक्सीन लगवाने की अपील सभी से की है।

## यूपी टीईटी परीक्षा आज

संवाददाता। सीतापुर

**पेपर लीक** होने से रद्द की गई यूपी टीईटी परीक्षा अब 23 जनवरी को होनी है। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार आज रात से अभ्यर्थियों को रोडवेज बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थी को इंटरनेट से डाउनलोड किए गए एडमिट कार्ड की छायाप्रति बस परिचालक को देनी होगी। टीईटी परीक्षा को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश शासन ने सभी जिलाधिकारियों को दिए हैं।

## क्विक न्यूज

### कोविड से जान गंवाने वाले परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

**सीतापुर।** यूपी में कोविड से जान गंवाने वालों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के प्राप्त आवेदनों का निस्तारण कर 31 जनवरी तक भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश शासन की ओर से दिए गए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए आर्थिक सहायता के प्राप्त आवेदन व भुगतान की सूचना भी मांगी गई है।

### आईपीएस अखिलेश कुमार चौरसिया ने वितरित किए कंबल

**सीतापुर।** आईपीएस अखिलेश कुमार चौरसिया ने नैमिषारण्य स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचकर कंबल वितरित किए। 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर के सेनानायक अखिलेश कुमार ने अधिकारिक दायित्व का निर्वहन करने के साथ-साथ समाज हित के कार्यों के लिए समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। चाहे वह रक्तदान हो जरूरतमंद की मदद हो या कंबल व खाद्य सामग्री पहुंचाने का कार्य हो। इस दौरान पहल संस्थापक अध्यक्ष रचित निगम, जिला संरक्षक मेराज अहमद, वृद्धा आश्रम के संचालक देवेंद्र प्रताप, डीएसपी रोहित यादव, वीरेंद्र मौर्य, आलोक कुमार तिवारी, गीता आदि मौजूद थीं।

### लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी घर-घर दस्तक

**सीतापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत जमैयतपुर में बूथ संख्या 378 पर संपर्क किया फिर घर-घर दस्तक दी। योजनाओं के लाभार्थियों को रोली का तिलक लगाकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा जबसे भाजपा सरकार आई, तब से पूरे प्रदेश को भयमुक्त किया गया। गुंडे व माफिया जेलों में बंद हैं और लोग बेखौफहोकर रह रहे हैं। इस मौके पर युवा मोर्चा जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, सुनील तिवारी आदि मौजूद थे।

# जिला चिकित्सालय में मुकम्मल मूलभूत सुविधाओं को लेकर डीएम ने की बैठक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

- डीएम बोले: अस्पताल को करें सुविधाओं से लैस
- मरीजों को सुगमता से मिले स्वास्थ्य सुविधाएं

**डीएम महेंद्र बहादुर** सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जिला चिकित्सालय में मुकम्मलए मूलभूत सुविधाओ पर अफसरों संग जरूरी बैठक की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ मदन लाल को निर्देश दिए कि चिकित्सालय में उपलब्ध संसाधनों का ऑप्टिमम उपयोग करते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं। उन्होंने चिकित्सालय में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलताए ऑक्सीजन युक्त बेड की उपलब्धता जानी। चिकित्सालय में बेडो पर नियमित बेडशीट परिवर्तित की जाए।उन्होंने माना कि नवागत सीएमएस के आने से जिला चिकित्सालय में व्यवस्थाएं पहले से काफी बेहतर हुई। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय में औषधियों की उपलब्धता जानी।अनुपलब्ध दवाओं की मांग कॉरपोरेशन से कर ली जाए। कारपोरेशन से दवा प्राप्त होने तक लोकल परचेज की जाए।औषधियों के अभाव में किसी भी मरीज को स्वास्थ्य सेवाओं से कदापि वंचित न किया जाएए बल्कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सालय में आने वाले प्रत्येक मरीजए उनके तीमारदारों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। सभी वार्डों में साफसफाई का नियमित अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया जाए। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय में स्थापित सीटी स्कैन मशीनए अल्ट्रासाउंड मशीनए एक्स रे मशीन की क्रियाशीलता जानी। सीएमएस डॉ मदन लाल ने कहा कि उनके ऊपर जो विश्वास जताया गया हैए वह उस पर खरे उतरेंगे। वही आज की बैठक में जो भी निर्देश मिले हैंए उनका पूरी टीम के सहयोग से पूर्णतया पालन कराया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी ;वित्त एवं राजस्वद्ध संजय कुमार सिंहए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ मदनलाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए प्रत्याशी व समर्थक सोशल मीडिया का ले रहे सहारा

# भाजपा प्रत्याशी घोषित होने से सियासत हुई तेज

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा की ओर से प्रत्याशी घोषित कर दिए जाने के बाद से सियासत तेज हो गई है। चूंकि जनसभा और रैली पर निर्वाचन आयोग ने रोक लगा रखी है। लिहाजा, प्रचार और अपनी बात मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए प्रत्याशी व समर्थक सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। कई प्रत्याशी सोशल मीडिया के जरिए कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से जुड़कर उनके सामने अपना पक्ष रख रहे हैं। वहीं, समर्थकों में डिजिटल वॉर भी तेज होता नजर आ रहा है।

**नौ विधानसभा सीटों में से चार पर भाजपा ने नहीं खोले पत्ते**

सीतापुर की नौ विधानसभा सीटों में से चार पर भाजपा ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले है। सदर, बिसवां, महोली और सिधौली सीट से भाजपा किसे अपना उम्मीदवार बनाएगी यह सवाल हर किसी के जेहन में रह-रहकर कौंध रहा है। गली-नुक्कड़ और चाय की दुकानों पर बस चुनावी चर्चे ही सुनाई दे रहे हैं। खास टॉपिक यह रहता है कि बची चार सीटों पर भाजपा का प्रत्याशी कौन होगा। सभी के अपने-अपने तर्क होते हैं। कोई बिसवां और महोली के सिटिंग विधायक का टिकट कटने तो कोई इन्हीं पर भरोसा जताए जाने की हिमायत करता दिखाई दे रहा है।

### समाजवादी पार्टी पर टिकी निगाह

भाजपा की तीसरी सूची में सीतापुर की पांच विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशी घोषित कर दिए जाने के बाद अब हर किसी की निगाह समाजवादी पार्टी पर टिकी है। वर्ष 2017 से पहले सपा का गढ़ रहे सीतापुर जनपद में इस बार गंवा चुके किले को वापस हासिल करने के लिए सपा किस सीट पर किस योद्धा को मैदान में उतारती है यह जानने को हर कोई आतुर है। सपा की सूची कब आ रही है इसकी जानकारी लेने में लगातार लोग जुटे हुए हैं। बहरहाल, सीतापुर की कई सीटों पर सपा के प्रत्याशियों के नाम लगभग तय है। बस ऐलान होना बाकी है। सत्तारूढ़ भाजपा और समाजवादी पार्टी में दिखे रहे कड़े मुकबाले के आसार

चुनावी सीजन में सीतापुर की तकरीबन हर सीट पर मुकाबला सत्तारूढ़ भाजपा और समाजवादी पार्टी में होने के आसार दिखाई दे रहे हैं।

बसपा का शोर अबकी कम ही सुनाई पड़ रहा है। इसकी वजह सीतापुर की बसपा में कोई दिग्गज नेता न होना माना रहा है। कद्दावर बसपाई नेता अपना दल बदल कर दूसरी पार्टियों में जा चुके हैं।

पार्टी सूत्रों की मानें तो कभी जिस बसपा में दिग्गजों की फौज हुआ करती थी, आज उस पार्टी को नौ विधानसभा सीटों पर सशक्त उम्मीदवार की शिद्दत से तलाश है।

## सभी शैक्षिक संस्थान 30 जनवरी तक बंद

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश में कोविड के लगातार बढ़ रहे मामलों को देखते हुए सभी शैक्षिक संस्थानों को 30 जनवरी तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इसके पहले 23 जनवरी तक शैक्षिक संस्थानों को बंद रखने का आदेश था। आज अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने आदेश जारी करते हुए यह अवधि 30 जनवरी तक बढ़ा दी है। इस दौरान ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

बारिश ने बढ़ायी गलन: मौसम के आज तेवर बेहद तल्ख रहे। सुबह लोगों की नींद खुली तो शीतलहर के बीच बरसती फुहारों ने उनका स्वागत किया। बारिश ने गलन बढ़ा दी। ठंड का प्रकोप देख अधिकतर लोग अपने घरों में ही कैद रहे। बहुत जरूरी काम से ही लोग बाहर निकले। ठंड का आलम यह रहा कि शहर की सड़कों से आज रौनक गायब रही। बाजार में भी सामान्य दिनों के मुकाबले गहमा-गहमी बेहद कम दिखाई दी। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों तक भीषण ठंड होने का अनुमान जताया है। इसके मद्देनजर अलर्ट भी जारी किया गया है।

# प्रशासन ने न्यूनतम 80 फीसद मतदान का बनाया लक्ष्य




- मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

**लखीमपुर खीरी।** जिला खीरी अब न्यूनतम 80 फीसद मतदान प्रतिशत को ध्यान में रख कर बढ़चढ़ कर मताधिकार का प्रयोग करेगा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने इसके लिए लक्ष्य तय कर रणनीति बनाई है ताकि लोगों को उनके मताधिकार के लिए जागरूक किया जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारीए जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि खीरी ने ठाना है अबकी बार 80 प्रतिशत से अधिक मतदान कराना है। टैग लाइन को फोकस करना है। उन्होंने आगामी 23 फरवरी को मतदान के दिन 80 प्रतिशत से अधिक लोगों को मतदान कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कम मतदान वाले बूथों पर स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। सर्वाधिक महिलाए दिव्यांग व नए मतदाताओं वाले 20.20 बूथों का चयन किया जा रहा है। विभिन्न प्रकार के वेबिनार आयोजन के साथ स्लोगनए पोस्टरए पेटिंग जैसी ऑनलाइन प्रतियोगिता कर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया जाएगा। डीएम ने कहा कि प्रत्येक विस के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित किया गया है। ऐसे बूथों पर मतदान प्रतिशत ब ?ाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। वोट का महत्व और भारतीय नागरिक होने के नाते मताधिकार का प्रयोग के बारे में प्रोत्साहित किया जाएगा।

**युवा समझे अपने वोट की ताकत,**

**साथियों को भी करें जागरूक**

विधान सभा निर्वाचन में खीरी में ज्यादा से ज्यादा मतदान होए इसके लिए प्रशासन पूरे जिले में अवेयरनेस कैंपेन चला रहा है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने युवाओं से 23 फरवरी को होने वाले मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने व अपने साथियों को भी जागरूक करने की अपील की। जिले में युवा मतदाताओं की संख्या काफी है जिनका वोट इस बार ही बना हैए उन्हें अपने वोट की ताकत समझनी चाहिए। अपना मनपसंद उम्मीदवार चुने। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी ठान ले कि आज से 22 फरवरी तक जो भी परिवार का सदस्य मित्र एवं संबंधी तथा परिचित मिलेगा उसे बूथ पर जाकर मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के दौरान नोटा का बटन रखा है। अगर आप के हिसाब से कोई प्रत्याशी नहीं है तो आप नोटा का बटन भी दबा सकते हैं। आप लोगों के मतदान करने से ही सिस्टम बनता है। मतदान का प्रतिशत कम रहने से अच्छा उम्मीदवार चुनकर नहीं आ पाता है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर दो रोडवेज बसें सीज



**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्ष के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी यातायात के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत एवं शहर को जाम से निजात दिलाने के साथ रोडवेज के सामने रोडवेज बसों द्वारा अनेकों बार सड़क सुरक्षा मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अवगत कराने के बाद भी रोडवेज की बसें सड़क पर गलत तरीके से खड़ी कर देने से जाम लगते रहते हैं।

इसी क्रम में दो रोडवेज की बसों द्वारा गलत तरीके से खड़ी करने के कारण जाम लगा हुआ थाए जिसके संबंध में प्रभारी यातायातए निर्मल जीत यादव द्वारा कार्यवाही करते हुए दोनों बसों को सीज करते हुए पुलिस लाइन में खड़ी कराया गया। अन्य रोडवेज बस के चालकों को भविष्य में सड़क पर गलत तरीके से कोई भी बस खड़ी नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया।

# पुलिस ने एक जिला बदर को किया गिरफ्तार



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**पुलिस अधीक्षक** खीरी संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछितवारंटी जिला बदर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना धौरहरा पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट से संबंधित जिला बदर अभियुक्त सन्तोष कुमार पुत्र रमाकान्त गौतम निवासी ग्राम मेडकउवा मजरा डिहुआ कलां थाना धौरहरा जनपद खीरी को ग्राम टापरपुरवा से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त संतोष महिला संबंधी अपराध कारित करने वाला गुण्डा प्रवृत्ति का व्यक्ति है। अभियुक्त को जिलाधिकारी द्वारा 6 जनवरी 2022 को जिला बदर घोषित किया गया था। जिसके द्वारा जिले में मौजूद रहकर गुण्डा अधिनियम 1970 की धारा 3 की उपधारा 1 का उल्लंघन किया गया है जिसको लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई ।

## दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी पुलिस द्वाराए दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त मकसूद गौरी पुत्र मोबीन गौरी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछितध्वारंटीध्संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत खीरी पुलिस द्वारा वांछित मकसूद गौरी पुत्र मोबीन गौरी निवासी मोहल्ला अवधीटोला कस्बा व थाना खीरी जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया।

# कोविड के टीके से कोई छूटा समझो सुरक्षा चक्र टूटा:डीएम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

- शतप्रतिशत टीकाकरण कराकर गांव.गली.मोहल्ले को बनाएं सेफजोन
- कोविड टीके की पहली खुराक से 02 लाखए दूसरी से 10 लाख आबादी वंचित चिंताजनक

**कोविड टीकाकरण** का ग्राफबढ़ाने के लिए प्रशासन के प्रयास जारी हैं। इसके लिए स्कूलों में शिविर लगाएं जा रहे हैं तो वहीं युवाओं के बीच कोविड टीके के प्रति जागरूकता भी पैदा की जा रही। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने युवा वर्ग से नि:संकोच टीकाकरण के लिए आगे आने की अपील की हैं। आंक ?ों के मुताबिक जिले में 91 फीसदी लोगों को कोविड के पहले टीका व 62 फीसदी लोगो को दूसरे टीके से प्रतिरक्षित किया जा चुका है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिले की दो लाख आबादी अभी भी कोविड टीकाकरण की पहली खुराकए 10 लाख आबादी टीकाकरण की दूसरी खुराक से वंचित है। जो चिंताजनक है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वयं के साथ ही अपने आसपास नातेदारए रिश्तेदारए पड़ोसी एवं मित्र गणों को कोविड टीके की अनुमन्य खुराक अवश्य दिलवाकर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाए। पूरा प्रयास करें कि उनका गांवए गलीए मोहल्लाए ब्लॉकए तहसील एवं जिला में कोई भी टीकाकरण से वंचित ना रहे। शत प्रतिशत टीकाकरण कराकर उसे सेफ जोन बनाए। उन्होंने कहा कि फील्ड में स्वास्थ्य विभाग के सिपाही पूरी तन्मयता से बिना अपने जीवन की परवाह टीकाकरण अभियान में जुटे हैं। इसलिए सभी जनपद वासी अनुमन्य टीके की खुराक अवश्य ले।

# अभी तक मोहम्मदी सीट पर सपा ने नहीं खोला पत्ता

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**विधानसभा चुनाव** का बिगुल बज चुका है। धीरे.धीरे करके सभी दलों ने अपने.अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। वही अभी तक समाजवादी पार्टी की ओर से अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो सकी है। वहीं भाजपा की ओर से वर्तमान विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह का टिकट फाइनल हुआ है। वहीं भाजपा में अन्य टिकट मांगने वाले आवेदकों में मायूसी साफ दिखाई दे रही है। वही एक आवेदक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मैं निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा तथा यह बात सोशल मीडिया से लेकर फेसबुक पर बड़े जोर शोर से चल रही है। वहीं भाजपा के लोकेंद्र प्रताप सिंहए आम आदमी पार्टी से रवि तिवारीए बसपा से शकील आज़मी और कांग्रेसी ऋतु सिंह के नामों की घोषणा हो चुकी है। समाजवादी पार्टी में लगभग डेढ़ दर्जन आवेदक हैए जो लगातार लखनऊ से मोहम्मदी की दौड़ लगाए हुए हैं। हर आवेदक के समर्थक प्रतिदिन किसी न किसी का टिकट फाइनल होने की खबर सोशल मीडिया पपर बायरल कर अपने अपने आवेदक का हौसला बढाता है। सभी आवेदक अपना टिकट पक्का होने की बात करता है परंतु अभी तक समाजवादी पार्टी ने मोहम्मदी छोड़ जनपद मे किसी भी सीट पर प्रत्याशी घोषित नही किया है। जिससे आवेदकों से लेकर आम जनता की धड़कन तेज है। जिन राजनीति दलों ने अपने.अपने प्रत्याशी घोषित किए हैं वह चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए डोर टू डोर अपना प्रचार प्रारंभ करते दिखे जा रहे हैं। सबकी नजर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पर लगी हुई है ऊंट किस करवट बैठेगा यह समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी घोषित होने के बाद तय होगा। लोग तरह तरह के कयास लगा रहे है। कुल मिलाकर इस ठंड के मौसम में जैसे ही समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी घोषित होगा अचानक तापमान मे गर्मी अवश्य आएगी।

# 33 साल से दरी बिछाने वाले दयाशंकर भी कम दमदार नहीं!

संवाददाता। बस्ती

- 2014 में 'सांसद' को टिकट दिलाने और जिताने में अहम भूमिका रही 'दयाशंकर मिश्र' की
- एक बार बाहरी के सामने एसे खांटी कार्यकर्ता की बलि चढ़ाई जा चुकी है
- बावजूद इसके मिश्र सालों से विचारधारा के साथ पार्टी की सेवा कर रहे हैं

**33 साल** से पार्टी की दरी बिछाने, झंडा और पार्टी के विचारधारा के साथ चलने वाले वाले स्वच्छ छवि के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष 'दयाशंकर मिश्र' को भले ही इतने सालों बाद उनकी सेवाओं का फ्ल नहीं मिला, मगर पार्टी के प्रति इनकी निष्ठा और ईमानदारी देख क्षेत्र के लोग अवश्य यह कह रहे हैं, कि इस बार इन्हें पार्टी को मौका देना चाहिए। ताकि पार्टी की विचारधारा के साथ जीने और मरने वाले खांटी कार्यकर्त्ताओं का मनोबल न टूटे। क्षेत्र के लोगों का कहना है, वैसे ही इससे पहले इनकी बलि ऐसे व्यक्ति के सामने चढ़ा दी गई थी, जिसने छह माह भी पार्टी की सेवा नहीं की। इनके करीबियों का कहना है, इतनी उपेक्षा के बाद भी इन्हें इस बात का कभी मलाल नहीं रहा है कि इन्होंने 2014 में जिलाध्यक्ष रहते जिस व्यक्ति के नाम का प्रस्ताव सांसद प्रत्याशी के लिए किया और जिताने में अहम भूमिका निभाया उनकी उपेक्षा क्यों हो रही है। सांसद को हर्रैया में सबसे अधिक वोट मिलने का यह सबूत है, कि 'दयाशंकर मिश्र' की ईमानदारी में कोई कमी नहीं रही। इनकी शालीनता और ईमानदारी का पता इस बात से लगाया जा सकता है, कि आज भी इनके गांव या फ्रि आसपास के गांव में जब भी किसी बड़े मसले के लिए लगाई जाती है, तो इन्हें न्याय करने के लिए अवश्य बुलाया जाता है। क्षेत्र के लोग पार्टी के प्रति इनकी ईमानदारी और निष्ठा देख कहने पर मजबूर हो गए हैं, कि नेता हो तो दयाशंकर मिश्र जैसा हो। क्षेत्र के सभी वर्गो के अधिकांश मतदाता इन्हें हर्रैया क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव लड़ना और जीतना देखना चाहतें है। मगर यह सब कुछ पार्टी पर निर्भर करता है। देखा जाए इनके व्यक्तित्व जैसा कोई भी पूरे क्षेत्र में देखने को नही मिल रहा है।


दयाशंकर मिश्र

क्षेत्र की जनता तो इनका बहुत सम्मान करती है, और इन्हें क्षेत्र के विधायक के रुप में देखना भी चाहती हैं, मगर देखना है, कि पार्टी इनका कितना सम्मान करती है, यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। राजनाथ सिंह के करीबी माने जाने वाले पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष का राजनीति का कैरियर बेदाग रहा। इसी तरह के प्रत्याशी की उम्मीद भाजपा से क्षेत्र के लोग कर रहे है। जिस तरह इन्होंने अपनी छवि सभी जातियों में बनाई उससे इनकी पहचान एक शरीफनेता के रुप में बन गई है। इनके बारे में कहा भी जाता है, कि जो इन्होंने कहा वही किया। इनकी स्पष्टवादिता ही इन्हें अन्य नेताओं से अलग करती है। विकासवादी सोच के कारण यह विवादरविवाद रहित व्यक्ति रहे। इनका मधूर संबध पक्ष और विपक्ष दोनों लोगों से है। यही कारण है, कि इनके स्तर का हर्रैया क्षेत्र में कोई नेता नहीं दिखाई दे रहा है। पार्टी के प्रति इनकी निष्ठा और इमानदारी का पता इस बात से लगाया जा सकता है, कि इन्होंने कभी भी पार्टी नहीं बदली। इनके राजनैतिक कैरियर को देखे तो यह 1989 से अखिल भारतीय विधार्थी परिषद से जुडे, 1990 में अडवानी के नेतृत्व में रथ यात्रा में सक्रियता से जुड़े रहं, 1993 में अवध विश्वविधालय साकेत के छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे, 1994 से 2000 तक हर्रैया एवं जिले और युवाओं के कई मामलों में आंदोलन किया, 2001 से 2004 तक क्षेत्रीय प्रभारी गोरक्ष क्षेत्र भारतीय जनता युवा मोर्चा रहे, 2007 से 2010 तक भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रहे, 2013 से 2016 तक भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे। 2016 से 2018 तक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रहे और 2019 से 2020 तक आजमगढ़ के सहायक चुनाव अधिकारी के रुप में कार्य किया। क्षेत्र के लोग कहते भी हैं कि भाजपा जैसी पार्टी के जिलाध्यक्ष रहते अगर किसी व्यक्ति पर कोई आरोप नहीं लगता तो जाहिर सी बात हैं, उसे भीतर पार्टी को लेकर कितनी ईमानदारी छिपी हुई है। जिलाध्यक्ष रहते इन्होंने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से विवादरहित होकर निभाया, ऐसे व्यक्तित्व वाले इंसान को विधानसभा में अवश्य जाने का मौका मिलना चाहिए, ऐसा क्षेत्र के लोगों का मानना है।

## राजनेता ही नहीं समाजवादी चिंतक भी थे पंडित जनेश्वर मिश्रः इं. वीरेन्द्र यादव

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय पर समाजवादी चिंतक व पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र की 13वीं पुण्य तिथि मनायी गयी। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि पंडित जनेश्वर मिश्र एक राजनेता ही नहीं समाजवादी चिन्तक भी थे। जनेश्वर मिश्रा 1953 में इलाहाबाद विश्व विद्यालय में प्रवेश लिया और छात्र राजनीति से जुड़ गये। उन्हें आजाद भारत के विकास की राह समाजवादी सपनों के साथ आगे बढ़ने की दिखी। समाजवादी आन्दोलन में इतना आगे बढ़े कि लोग उन्हें छोटे लोहिया के नाम से जानने लगे। गोष्ठी का संचालन महामंत्री अरशद खान ने किया। गोष्ठी को कोषाध्यक्ष श्रवण चौधरी, व्यापार सभा अध्यक्ष मुकेश रस्तोगी, युवजन सभा अध्यक्ष विनोद यादव, अल्पसंख्यक सभा अयक्ष मो. एम.आई. जावेद, पूर्व प्रधान नरेन्द सिंह, मो. वसीम आदि लोगों ने जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एनटीपीसी में पार्क का लोकार्पण कर व्यक्त किए गए श्रद्धा-सुमन

संवाददात। ऊंचाहार

**एनटीपीसी** में आजादी के अमृत महोत्सव को एक नया आयाम देते हुए आजाद हिंद फौज के नायक महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जन्म जयंती को यादगार बनाने के लिए परियोजना के आवासीय परिसर में एक पार्क का नामकरण उनके नाम पर किया गया। नामकरण अवसर पर अपने भाव व्यक्त करते हुए परियोजना प्रमुख कमलेश सोनी ने कहा कि देश को आजाद करवाने में सुभाष चंद्र बोस का योगदान न केवल अविस्मरणीय है बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। आवासीय परिसर स्थित इस पार्क में नई पीढ़ी के लोग आएंगे तो उन्हें सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व से प्रेरणा मिलेगी और वे देश सेवा तथा सामाजिक सरोकारों के प्रति उन्मुख होंगे।स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति एनटीपीसी कितनी संवेदनशील है। यह आयोजन 125वीं जयंती के अवसर पर एनटीपीसी की तरफ से नेताजी के प्रति कृतज्ञ श्रद्धांजलि है।इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अरिंदम बनर्जी, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) एस के झा, (अपर महाप्रबंधक) चन्द्रशेखर बुरलावर, प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा अनु सोनी, विद्या झा, यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को और प्रांसगिक बनाने के उद्देश्य से परियोजना में फेन्सी ड्रेस, भाषण, पेंटिंग, निबंध व क्विज प्रतियोगिता आदि का भी आयोजन किया गया।




## समाजवाद की पाठशाला थे जनेश्वर मिश्रः मिश्र

संवाददाता। बस्ती

- सपा कार्यालय पर विचार गोष्ठी के जरिए याद किए गए जनेश्वर मिश्र
- जिलाध्यक्ष सहित सभी सपाइयों ने इन्हें महान समाजवादी बताया

**महान** समाजवादी विचारधारा के जनेश्वर मिश्र की पुण्य तिथि सपा कार्यालय पर विचार गोष्ठी के जरिए मनाई गई। सभी वक्ताओं ने इन्हें महान समाजवादी एवं बड़ा चिंतक बताया। कड़ाके की डंठ और बूंदाबांदी होने के बावजूद जितनी बड़ी संख्या में सपाई कार्यालय पहुंचे उससे पता चलता है, कि पार्टी में जनेश्वर मिश्र के प्रति कितनी श्रद्धा और प्रेम है। यह अलग बात है, कि चुनाव का माहौल होने के कारण भी कई टिकट के दावेदार पहुंचे हुए थे।

वरिष्ठ समाजवादी विचारधारा और सदर विधानसभा क्षेत्र से टिकट के दावेदार चंद्रभूषण मिश्र ने कहा कि जनेश्वर मिश्र चलते फ्रिते समाजवादी के पाठशाला रहे। इन्होंने अपने चिंतन संघर्ष के बल पर डा. लोहिया ने जिस चटटान से लड़कर दरार पैदा किया उसी इलाहाबाद लोकसभा सीट से चुनाव लडकर श्री मिश्र ने इंदिरागांधी के अधिवक्ता खरे, विश्वनाथ प्रताप सिंह, केशवदेव मालवीय, कमला बहुगुणा जैसे दिग्गज नेता को हरा कर अपनी राष्टीय पहचान बनाकर समाजवादी आंदोलन को गति देने का काम किया। कहा कि जनेश्वर मिश्र गरीबों, पिछड़ों, दलितों एवं अल्प संख्यकों के हितों की लड़ाई लड़ते रहे। महिलाओं को भी विशेष अवसर के सिद्वांत के बल पर इन्होंने अधिकार देकर हमेशा समाजवादी आंदोलन को मजबूत करने में लगे रहे। कहा कि चार बार लोकसभा और इतनी बार राज्यसभा सदस्य रहने के बावजूद उनका जो गरीबों के प्रति पीड़ा और संवेदना थी, वह किसी भी नेताओं में नहीं रहा। कहा कि जनेश्वर मिश्र अपने कार्यकाल का पूरा वेतन गरीबों की सेवा में लगा देते थे। जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने कहा कि डा. लोहिया के विचारों को आत्मसात किए जनेश्वर मिश्र ने तमाम युवाओं को समाजवादी विचारा धारा से जोड़ने का काम किया। इस अवसर पर दूधराम, राजेंद्र चौधरी, राजमणि पांडेय, धर्मात्मा उर्फ कोइल यादव, राजेंद्र यादव, सिद्धेश सिन्हा, यज्ञेश पाण्डेय, रन बहादुर यादव, मो. सलीम, निसार अहमद, फूलचन्द श्रीवास्तव, रणजीत यादव रिन्टू, रामशंकर निराला, वृजेश मिश्रा, अनिल निषाद, रामवृक्ष यादव, सुमन सिंह, गीता भारती, जुवेदा खातून, गुलाब सोनकर, श्याम सुन्दर यादव, सुशील यादव, घनश्याम यादव, तूफनी यादव, भोला पाण्डेय, प्रशान्त यादव, मो. हारिश, पिन्टू, जर्सी यादव, अमित यादव, इन्द्रजीत यादव, रजवन्त यादव, जोखूलाल यादव, गिरीश चन्द्र, युनूस आलम, मो. शाहिद, रजवन्त यादव, वृजेश जायसवाल, श्याम चन्द्र यादव, रजनीश यादव, चिन्ता यादव, विकास यादव, सुशील निषाद, मुबारक अली, पारस यादव सहित अन्य मौजूद रहे।


जनेश्वर मिश्र की पुण्य तिथि पर माल्यार्पण करते चंद्रभूषण मिश्र पायनियर

## सौ लीटर कच्ची शराब बरामद

- अवैध कारोबार में लिप्त पांच गिरफ्तार



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के निर्देशन में अपराध नियंत्रण अभियान के क्रम में बेलहर थाना प्रभारी संतोष मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के कई गांव में अवैध कच्ची शराब पर कार्यवाई करते हुये। 100 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। इस कारोबार में लिप्त 5 अभियुक्त पकड़े गये। एसओ सन्तोष मिश्रा ने बताया कि 10 भट्टियां तोड़ी गई व 8 कुंतल लहन नष्ट किया गया।

## क्विक न्यूज

### एक से आठ फरवरी के मध्य प्राप्त कर सकेंगे नामांकन पत्र

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने सूचित करते हुए बताया है कि जनपद श्रावस्ती में विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 के अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 289 भिनगा के लिये नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट श्रावस्ती भिनगा स्थित न्यायालय अपर जिलाधिकारी कक्ष संख्या 38 में तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 290 श्रावस्ती के लिये नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट श्रावस्ती ;भिनगाद्ध स्थित न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारीए चकबन्दी कक्ष संख्या 44 में 1से 8 फ्रवरी के मध्य प्रत्येक कार्य दिवस में सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर निर्वाचन आयोग द्वारा निश्चित समयावधि में सम्बन्धित रिटर्निंग आफ्सिरध्सहायक रिटर्निंग आफ्सिर द्वारा प्राप्त किये जा सकेंगे। उपरोक्त दोनों स्थलों पर नामांकन पत्रों की संवीक्षा 9 फ्रवरी को तथा नाम वापसी 11 फ्रवरी 2022 को निर्वाचन आयोग द्वारा निश्चित समयावधि में होगी।

### गणतंत्र दिवस पर बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**श्रावस्ती।** जिला मजिस्ट्रेट नेहा प्रकाश ने समस्त आबकारी अनुज्ञापी थोक एवं फुटकर को निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश आबकारी मैनुअल खण्ड 1ए भाग 2ए अनुभाग 5 के नियम 13 ;खद्ध ;3द्ध में प्राविधानुसार आबकारी दुकानों की बन्दी के क्रम में गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जनपद की समस्त देशी शराबए विदेशी मदिराए बीयर व भॉग की दुकानें तथा देशीध्विदेशी मदिरा व बीयर के थोक अनुज्ञापन बन्द रहेगें। बन्दी के फ्लस्वरूप अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफ्ल देय नही होगा। जिला मजिस्ट्रेट ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिया है कि जनपद में भ्रमणशील रहकर आबकारी निरीक्षकों के माध्यम से दुकानों की बन्दी सुनिश्चित करेगें।

### पीआरडी जवानों को 10 माह से नहीं मिला वेतन

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज डाकघर में तैनाती पाने वाले पीआरडी जवानों को बीते 10 माह से वेतन न मिलने के चलते उनके परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। पीआरडी जवानों से मिली जानकारी के अनुसार करीब एक दर्जन पीआरडी जवान डाकघर लालगंज में तीन पारियों में नौकरी करते हैं।पीआरडी जवानों का वेतन डाक विभाग से ही निर्गत होता है जिसके चलते अन्य स्थानों पर नियुक्ति पाए पीआरडी जवानों को तो वेतन मिल जाता हैए लेकिन लालगंज मुख्य डाकघर में तैनाती पाए राम सहारे यादवए संतोष मौर्या एदिलीप कुमार एमहेश मौर्या एरमेश यादव एवीरेंद्र यादवए रमेशर यादव एरमेश कुमारए रामनरेश आदि पीआरडी जवानों को अप्रैल माह से वेतन नहीं मिला है।पीआरडी जवानों ने बताया कि योगी सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद स्थानीय डाकघर के अधिकारी समय से वेतन नहीं देते हैं।पीआरडी जवानों ने शीघ्र से शीघ्र वेतन दिलाए जाने की मांग की है।पीआरडी जवानों ने यह भी बताया कि वेतन न मिलने से उन्हें दुकानदारों से राशन आदि भी उधार नहीं मिल पाता है। जिसके कारण उनके परिवारों के सामने भुखमरी का संकट खड़ा हो गया है।

### युवती की हुई संदिग्ध हालात में मौत

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के रिसालपुर लोटनहा मजरे दीपेमऊ गांव में एक 22 वर्षीय युवती रीना उर्फशिखा पुत्री शमशेर की संदिग्ध मौत हो गई।सूचना मिलने पर पहुंची लालगंज पुलिस ने युवती के शव का पंचायत नामा कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने देर शाम युवती का गंगा घाट पर दाह संस्कार कर दिया। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### ग्राम प्रधान ने सरकारी पेड़ों को कटवा लिया लेखपाल व वन विभाग ने दर्ज कराया मुकदमा

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज तहसील क्षेत्र के सिंघौरतारा ग्राम प्रधान शैलेंद्र यादव के द्वारा चोरी से गौशाला के लिए संरक्षित बंजर भूमि पर खड़े दो शीशम के पेड़ों को कटाना उस समय महंगा पड़ गया जब गांव वालों के द्वारा की गई शिकायत पर लेखपाल मनीष कुमार ने सरकारी संपत्ति के नुकसान के बाबत सरेनी थाने में मुकदमा दर्ज कराया तो वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने भी हरे पेड़ कटाने के संबंध में 4ध् 10 वन संरक्षण अधिनियम के तहत भी प्रधान शैलेंद्र यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।वहीं सिंघौरतारा के ग्रामीणों का कहना है कि शैलेंद्र यादव के खिलाफचोरी का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। बंजर भूमि पर खड़े हरे शीशम के पेड़ ग्राम प्रधान के द्वारा कटाने की घटना के बाबत जानकारी देते हुए एसडीएम विजय कुमार ने बताया कि बंजर भूमि पर खड़े शीशम के पेड़ों को कटाने के बाबत शिकायत मिलने पर उन्होंने नायब तहसीलदार और क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेजा था। जांच में यह पाया गया कि ग्राम प्रधान शैलेंद्र सिंह ने गुपचुप तरीके से लाभ लेने के बाबत शीशम के पेड़ कटवाए हैं। मौके पर शीशम के 12 बोटा पाए गए जिन्हें पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया और नियमानुसार लेखपाल के द्वारा 2द्ध3 लोक संपत्ति अधिनियम एवं वन कर्मी के द्वारा वन संरक्षण अधिनियम के तहत फ्लिहाल ग्राम प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।जांच में अगर और कोई तथ्य पाया जाएगा तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। वैसे भी ग्राम प्रधान शैलेंद्र यादव के खिलाफगौशाला में भी अनियमितताएं की शिकायत ग्रामीणों के द्वारा कई बार की गई है लेकिन इस बाबत कोई कार्यवाही ना होने से ग्राम प्रधान के हौसले बुलंद हैं।गौशाला में गाय आए दिन मर रही हैं जिनका कोई पुरुषाहाल नहीं है।ग्रामीणों ने गौशाला के रखरखाव की भी जांच कराए जाने की मांग की है।

### पेशेवर चोर को पुलिस ने पकड़ा, माल बरामद

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी सफ्लता पेशेवर चोर को पकड़ा और चोर की निशानदेही पर माल किया बरामद। बताते चलें अभियुक्त रामकुमार सिंह उर्फरजोल पुत्र रामनरेश सिंह निवासी पूरे राम सिंह मजरे मिर्जागढ थाना मोहनगंज जिला अमेठी को पुलिस द्वारा रिमांड लेकर उसककी निशानदेही पर अभियुक्त के पास से एक जोड़ी पीली धातु झुमका, एक पीली धातु की अंगूठी बरामद होने पर थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया पेशेवर चोर के फ्लस्वरूप धारा 411/413 की बढ़ोतरी की गई बरामद माल की शिनाख्त वादी द्वारा कि गई विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गली-गली घूम रही महिला टोली




**रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव श्रीवास्तव की दिशा निर्देश पर पूरे जनपद में स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विधानसभा सदर, ऊंचाहार, सलोन, बछरावां, सरेनी और हरचंदपुर में लगातार बीते 2 माह से स्कूल कॉलेज, प्रशिक्षण संस्थानों, मीना मंच टोली और महिला टोली के माध्यम से जबरदस्त मतदान प्रतिशत बढ़ाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। जनपद के विकास खंडों में स्वीप के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम बीते दिनों एवं वर्तमान समय में आम जनमानस को जागरूक बनाने के उद्देश्य से मेहंदी, रंगोली, जागरूकता रैली, निबंध, स्लोगन, खेलकूद एवं पपेट के माध्यम से विशेष रुप से ग्रामीण क्षेत्र में आम मतदाता को जनपद की 6 के मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जनपद की 5 विधानसभा बछरावां, हरचन्दपुर, रायबरेली, सरेनी ऊँचाहार में 23 फ्रवरी 2022 एवं 1 विधानसभा सलोन में 27 फ्रवरी 2022 को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किए गए सराहनीय प्रयास से गठित महिला टोलियों को सशक्त एवं जागरुक बनाने की उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर महिला टोली का उन्मुखीकरण कार्यशाला प्रभारी विधानसभा स्वीप कार्यक्रम उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। इस बार जनपद में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी का प्रयास प्रभावशाली साबित होगा और निश्चित रूप से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

## तीन भगोड़े गैंगस्टर अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



- दो गुंडा एक्ट अभियुक्त भी पकड़े गए

**संतकबीरनगर।** पुलिस कप्तान डॉ कौस्तुभ ने बताया कि अपराध नियंत्रण अभियान के क्रम में दुधारा एवं बेलहर पुलिस ने 3 वांछित गैंगस्टर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने पीआरओ सेल के माध्यम से बताया कि अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत वांछित अभियुक्तों ध् वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थानाध्यक्ष दुधारा सर्वेश राय के नेतृत्व में थाना दुधारा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 19ध्22 धारा 3;1द्ध यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वाँछित अभियुक्तगण सिराजए ए गुलाम हुसैन निवासीगण बढ़यामाफी थाना दुधारा को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। इसी क्रम में थाना बेलहरकला पुलिस ने 2 अभियुक्तों के विरुद्ध की गयी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त नाम पता अमरेन्द्र पी0 आनन्द पुत्र परसुराम यादव निवासी अगियौना 2. रजवन्त सिंह पुत्र रामानन्द सिंह निवासी पिपरा प्रथम थाना बेलहरकला को गिरफ्तार किया।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने युवा घोषणा पत्र किया लांच

**श्रावस्ती, भिनगा।** जिलाध्यक्ष नसीम चौधरी ने शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय भिनगा पर कॉन्ग्रेस पार्टी के द्वारा बनाए गए युवा घोषणा पत्र को लांच किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही सभी सरकारी खाली पदों को भरा जाएगा तथा सरकारी नौकरियों में आवेदन करने पर कोई शुल्क नहीं लगेगा और उत्तर प्रदेश में किसी भी परीक्षार्थी को किराया भी नहीं देना होगा तथा भर्ती कैलेंडर बनाया जाएगा और आवेदन की डेट मौखिक परीक्षा की डेट और नियुक्ति की डेट कैलेंडर में पहले से अंकित होगी भर्ती विधान घोषणा पत्र उत्तर प्रदेश के युवाओं की संपूर्ण ऊर्जा को नई शक्ति देते हुए उत्तर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाएगा।

## पीडब्लूडी में एक और तमाशा, फिर फर्जी टेंडर का हुआ खुलासा

संवाददाता। बस्ती

- एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के शिकायत पर बैठाई गई जांच
- प्रहरी एप बना टेंडर को मैनेज करने का अड्डा
- बस्ती और गोरखपुर के चीफइंजीनियर पर एमएलसी ने लगाया गुमराह करने का आरोप

### 20 फीसद बिलो टेंडर फेल, दो फीसद का पास

**पीडब्लूडी** बस्ती के बड़े ठेकेदार अशोक कुमार सिंह ने प्रहरी एप में हो रहे भ्रष्टाचार और टेंडर को मैनेज करने का खुलासा कमरते हुए प्रमुख सचिव पीडब्लूडी से जांच कराने की मांग की है। लिखा कि 17 दिसंबर 21 को लाट नंबर दो स्पेशल रिपेयर आफ' मुंडेरवा लालगंज से गौरा नेवारी मार्ग' का टेंडर निकला। लिखा विभाग ने उनके टेंडर को यह कहते हुए अपात्र कर दिया कि प्लांट का पेपर नहीं लगा, जबकि प्रमुख अभियंता शासन और अधीक्षण अभियंता पीडब्लूडी बस्ती का आदेश है, कि 75 लाख के नीचे के किसी भी टेंडर पर प्लांट या मशीनरी का कागजात न मांगा जाए। इसी के चलते उनका टेंडर निरस्त कर दिया, जबकि उन्होंने 20 फीसद बिलो का दर डाला था, मगर वहीं पर उस टेंडर को मैनेज करके रिस्पांसिव करने का प्रयास हो रहा है, जिसने दो फीसद बिलो कम दर डाला था। लिखा कि प्रहरी एप में भ्रष्टाचार चरम पर है। लखनफमें बैठे अधिकारी लाखों कमाने के चक्कर में सरकार का करोड़ों का नुकसान कर रहे है। इस पूरे मामले में निविदा लिपिक की भूमिका संदेह के घेरें में बताई गई है। टेंडर को निरस्त एवं दोषी अधिकारियों के विरुद्व कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

**बस्ती** और गोरखपुर मंडलों में पीडब्लूडी में भारी पैमाने पर फर्जी अनुभव प्रमाण-पत्र और टेंडर मैनेज करने का खेल हो रहा है। ऐसे ठेकेदारों के 30-30 करोड़ का टेंडर पास कर दिया, जिनके पास एक करोड़ के काम करने का अनुभव नहीं, मगर अधिकारियों ने कमीशन के लालच में न सिर्फकरोड़ों का टेंडर पास किया, बल्कि ठेकेदार को फर्जी अनुभव प्रमाण-पत्र बनाकर दे दिया। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह जो कि वित्तीय एवं प्रशासकीय बिलंब समिति के चेयरमैन भी हैं ने इसका खुलासा करते हुए चीफइंजीनियर पर ही गुमराह का आरोप जड़ दिया। हालांकि शासन ने एमएलसी की शिकायत पर जांच के आदेश दे दिएं हैं। मगर इससे प्रहरी एप का सच सामने आ गया। ठेकेदारों का कहना है, कि अगर इसे यही समाप्त नहीं किया गया तो पीडब्लूडी कंगाल हो जाएगा। यही वह प्रहरी एप हैं, जिसे समाप्त करने के लिए पूर्वांचल आदर्श ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह पिछले दो साल से लड़ाई लड़ रहे हैं। मगर उनकी सुनी ही नहीं जा रही, धरना प्रदर्शन तक कर डाला, बावजूद शासन में बैठे आलाअधिकारी खामोश है। प्रहरी एप का दुरुपयोग करने का आरोप इससे पहले भी कई सांसद और आधा दर्जन से अधिक विधायक लगा चुके हैं, इन माननीयों के लिखने के बाद भी प्रहरी एप को अभी तक समाप्त नहीं किया गया। ठेकेदारों का कहना है, प्रहरी एप ने प्रदेश के छोटे ठेकेदारों के रोजगार को छीन लिया हैं, संगठन के पदाधिकारी इसे बंद करने के लिए चिल्लाते आ रहे हैं, मगर उनकी आवाज ही नहीं सुनी जा रही है, यहां तक कि मुख्यमंत्री ने भी नहीं सुनी, जबकि पूर्वांचल के ठेकेदार इस मामले में कई बार मुख्यमंत्री से गोरखपुर में मुलाकात भी कर चुके है। यहां तक कि ठेकेदारों की ओर से स्पष्ट कहा गया कि अगर इस एप को समाप्त नहीं किया गया तो चुनाव में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। मगर सब कुछ जानते भी मुख्यमंत्री खामोश है, इसका सीधा अर्थ सूबे के मुखिया ही नहीं चाहते थे प्रहरी एप बंद हो। इसी प्रहरी एप के जरिए प्रदेश के बड़े ठेकेदार और अधिकारी सरकारी धन का दुरुपयोग करके मालामाल होते जा रहे हैं, और वहीं पर छोटे ठेकेदार मुफ्लिसी में जी रहे है। प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग को लिखे पत्र में एके इंजीयिरिगं वर्कस तिवारीपुर गोरखपुर के उस टेंडर को निरस्त करने कहा जिसमें इस फर्म के द्वारा फर्जी अनुभव प्रमाण-पत्र, फर्जी बैलेंस शीट व अधिक टर्न ओवर दिखा कर 30 करोड़ का टेंडर हासिल कर लिया गया। एमएलसी की ओर से स्पष्ट लिखा गया है, कि यह सब जिला और मंडल के अधिकारियों की मिली भगत से हुआ। कहा कि अधिकारियों की मिली भगत और आपराधिक दुर्भिसंध से रिस्पांसिव यानि पास कर दिया गया। बस्ती और गोरखपुर के चीफ इंजीनियरों के क्रियाकलापों पर अगुंली उठाते हुए कहा कि इन्होंने एक एमएलसी को गुमराह किया। कहा कि शिकायत वही ठेकेदार कर सकता है, जिसने टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया, वह भी शिकायत 72 घंटे के भीतर करना होगा। इसपर एमएलसी ने कहा कि कोई भी शिकायत कर सकता है, और इसकी जांच मुख्य अभियंता को अधीक्षण अभियंता और दो एक्सईएन से कराए जाने का प्राविधान है। मगर अधिकारी गुमराह करते हुए नान-रिस्पोसिव को शासन का हवाला देते हुए रिस्पांसिव कर दिया। पता चला कि उक्त फर्जी अनुभव प्रमाण-पत्र गोरखपुर के निर्माण खंड भवन के एक्सईएन ने जारी किया। एमएलसी ने लिखा है, कि निविदा की अग्रेसर कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोक दिया जाए और संलग्न प्रपत्रों एवं धांधली की निष्पक्ष जांच कराकर फर्म एवं दोषी अधिकारियों के विरुद्व कड़ी कार्रवाई की जाए। नियम यह भी है, कि अगर प्रहरी एप में कोई भी कागजात गलत पाया जाता है, तो ठेकेदार के फर्म को हमेशा के लिए डिबार करने और उसे ब्लैक लिस्ट की सूची में डाला जाए।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 23 जनवरी, 2022



# गोवा में बीते पांच साल में 60 प्रतिशत विधायकों ने किया दलबदल

**भाषा।** पणजी

## बना देशव्यापी रिकॉर्डः एडीआर रिपोर्ट

**गोवा** में बीते पांच साल में लगभग 24 विधायकों ने एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी का दामन थामा है, जो 40 सदस्ईय राज्य विधानसभा में विधायकों की कुल संख्या का 60 प्रतिशत है। एक संगठन की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस मामले में गोवा ने एक विचित्र रिकॉर्ड कायम किया है, जिसकी भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। गोवा में 14 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। रिपोर्ट में कहा गया है, मौजूदा विधानसभा (2017-2022) के पांच साल के कार्यकाल के दौरान लगभग 24 विधायकों ने दल बदला, जो सदन में विधायकों की कुल संख्या का 60 प्रतिशत हिस्सा है। भारत में इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ। इससे जनादेश के घोर अनादर की बात बिल्कुल साफ नजर आती है और अनियंत्रित लालच नैतिक दृष्टिकोण व अनुशासन पर भारी पड़ता दिखाई देता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 24 विधायकों की सूची में विश्वजीत राणे, सुभाष शिरोडकर और दयानंद सोपटे के नाम शामिल नहीं हैं, जिन्होंने 2017 में कांग्रेस विधायकों के रूप में विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। वे सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए थे और उसके टिकट पर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस के 10 विधायक 2019 में पार्टी का दामन छोड़ भाजपा में शामिल हो गए थे। इनमें नेता प्रतिपक्ष चंद्रकांत कावलेकर भी शामिल थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में जाने वाले कांग्रेस के अन्य विधायकों में जेनिफर मोनसेरेट (तालिगाओ), फ्रांसिस्को सिल्वरिया (सेंट आंद्रे), फिलिप नेरी रोड्रिग्स (वेलिम), विल्फ्रेड नाजरेथ मेनिनो डी सा (नुवेम), क्लैफसियो डायस (कनकोलिम), एंटोनियो कारानो फर्नांडीस (सेंट क्रूज़), नीलकंठ हलर्नकर (टिविम), इसिडोर फर्नांडीस (कैनकोना), अतानासियो मोनसेरेट (जिन्होंने मनोहर पर्रिकर के निधन के बाद 2019 में पणजी उपचुनाव जीता था) शामिल हैं। महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) के विधायक दीपक पौस्कर (संवोर्डेम) और मनोहर अजगांवकर (पेरनेम) भी इसी अवधि के दौरान भाजपा में शामिल हो गए थे। सालिगांव से गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) के विधायक जएश सालगांवकर भी भाजपा में शामिल हो गए थे। हाल में गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री तथा पोंडा से कांग्रेस विधायक रवि नाइक सत्तारूढ़ भगवा पार्टी में शामिल हुए। एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता लुइजिन्हो फलेरियो (नावेलिम) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का दामन थामा और वह 14 फरवरी के विधानसभा चुनावों में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। साल 2017 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के टिकट पर जीतने वाले पूर्व मुख्यमंत्री चर्चिल अलेमाओ ने भी हाल में टीएमसी का रुख किया। साल 2017 के चुनावों में, कांग्रेस 40 सदस्ईय सदन में 17 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी, लेकिन सरकार नहीं बना सकी, क्योंकि 13 सीटें जीतने वाली भाजपा ने कुछ निर्दलीय विधायकों और क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन कर सरकार बना ली थी।

## यदि भाजपा पणजी से अच्छा उम्मीदवार खड़ा करती है, तो चुनाव नहीं लड़ूंगाः उत्पल

**भाषा।** पणजी



**गोवा** के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़ना उनके लिए सबसे मुश्किल फैसला था और यदि भगवा दल पणजी से किसी अच्छे उम्मीदवार को खड़ा करता है, तो वह चुनाव नहीं लड़ेंगे।

उत्पल ने शुक्रवार को भाजपा छोड़ दी थी और घोषणा की कि वह राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव पणजी से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ेंगे। भाजपा ने उत्पल को टिकट न देकर मौजूदा विधायक अतानासियो मॉन्सरेट को पणजी सीट से मैदान में उतारा है, जिसका प्रतिनिधित्व लंबे समय तक मनोहर पर्रिकर ने किया था। मनोहर पर्रिकर के बड़े बेटे उत्पल पर्रिकर ने शनिवार को कहा कि भाजपा हमेशा उनके दिल में है। उन्होंने कहा कि पार्टी छोड़ने का फैसला आसान नहीं था। उत्पल ने कहा, यह सबसे मुश्किल फैसला था। इस दौरान मैं यही उम्मीद करता रहा कि मुझे यह फैसला नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा, मैं इस बात से नाखुश हूं कि मुझे यह फैसला (पार्टी छोड़ने और निर्दलीय चुनाव लड़ने का) करना पड़ा, लेकिन आपको कभी-कभी मुश्किल फैसले करने पड़ते हैं। यदि पार्टी पणजी से किसी अच्छे उम्मीदवार को खड़ा करती है तो मैं फैसला वापस लेने के लिए तैयार हूं। उत्पल ने अधिक विस्तार से बात किए बिना दावा किया कि उन्हें टिकट नहीं दिया जाना 1994 की उस स्थिति के समान है, जब उनके पिता को पार्टी से बाहर निकालने की कोशिश की गई थी। उन्होंने कहा, उस समय मनोहर पर्रिकर को बाहर इसलिए निकाला नहीं जा सका था, क्योंकि उनके पास लोगों का समर्थन था। उन्होंने कहा वे (उनके पिता के विरोधी) लोग अब भी पार्टी में ऊंचे पदों पर बैठे हैं, जबकि उनके जैसा व्यक्ति लोगों के साथ है। उत्पल ने 2019 पणजी उपचुनाव का जिक्र किया, जो उनके पिता के निधन के बाद हुआ था। उन्होंने कहा कि उन्हें उस समय भी टिकट नहीं दिया गया था, जबकि उनके पास समर्थ था। उत्पल ने कहा, जब (भाजपा प्रमुख जे पी नड्डा) नड्डा जी गोवा आए थे, तो पांच दंपत्तियों ने (अगले महीने होने वाले चुनाव के लिए) पार्टी का टिकट मांगा था। यदि मनोहर पर्रिकर जीवित होते, तो एक भी पुरुष नेता अपनी पत्नी के लिए टिकट मांगने की हिम्मत नहीं कर पाता।

## टिकट नहीं मिलने से नाराज गोवा के पूर्व सीएम लक्ष्मीकांत पारसेकर भाजपा छोड़ेंगे

**भाषा।** पणजी

**अगले** महीने के राज्य विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा टिकट नहीं देने से नाराज, गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीकांत पारसेकर ने शनिवार को कहा कि वह सत्तारूढ़ पार्टी से इस्तीफा दे देंगे।

पीटीआई-भाषा से बातचीत में, 65 वर्षीय नेता ने कहा कि वह पार्टी में नहीं रहना चाहते हैं और आज शाम तक अपना त्यागपत्र औपचारिक रूप से सौंप देंगे। पारसेकर फिलहाल आगामी गोवा चुनाव के लिए भाजपा की घोषणा-पत्र समिति के प्रमुख हैं और पार्टी को कोर समिति के भी सदस्य हैं। भाजपा ने मांद्रेम विधानसभा सीट के लिए मौजूदा विधायक दयानंद सोपते को नामांकित किया है। इस सीट का पारसेकर ने 2002 से 2017 के बीच प्रतिनिधित्व किया था। सोपते ने 2017 के राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर पारसेकर को हराया था लेकिन 2019 में नौ अन्य नेताओं के साथ सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए थे। पारसेकर ने कहा, फिलहाल, मैंने इस्तीफा देने का फैसला किया है। मैं आगे क्या करुंगा, इसका फैसला बाद में करुंगा।

उन्होंने कहा कि सोपते मांद्रेम में मूल भाजपा कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर रहे हैं जिससे उनके भीतर व्यापक असंतोष है। पारसेकर 2014 से 2017 के बीच गोवा के मुख्यमंत्री थे। उन्हें तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद राज्य का मुख्यमंत्री चुना गया था। भाजपा ने 14 फरवरी के गोवा विधानसभा चुनाव के लिए 34 प्रत्याशियों की पहली सूची की घोषणा कर दी है। राज्य में विधानसभा की 40 सीट हैं।

## लता मंगेशकर के स्वास्थ्य में आ रहा है सुधार, लेकिन अब भी आईसीयू में हैंः डॉक्टर

**मुंबई।** महान गायिका लता मंगेशकर अभी आईसीयू में ही हैं लेकिन उनके स्वास्थ्य में सुधार आ रहा है। उनका उपचार कर रहे डॉक्टरों ने शनिवार यह जानकारी दी। मंगेशकर (92) को कोरोना वायरस संक्रमण हो गया था और उन्हें हल्के संक्रमण के साथ आठ जनवरी दक्षिण मुम्बई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ब्रीच कैंडी अस्पताल की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रतित समदानी ने पीटीआई-भाषा से कहा, उनकी स्थिति में सुधार नजर आ रहा है। वह आईसीयू में हैं। यह कहना मुश्किल है कि वह कितने दिन अस्पताल में रहेंगी। परिवार की करीबी दोस्त अनुषा श्रीनिवासन अय्यर ने एक बयान में कहा , लता दीदी में पहले की तुलना में सुधार नजर आ रहा है और डॉ. प्रतित की अगुवाई में डॉक्टरों की शानदार टीम की निगरानी में आईसीयू में उनका उपचार चल रहा है। हम आशाभरी निगाहों से देख रहे हैं तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होकर घर वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैलने लगी थी कि मंगेशकर का स्वास्थ्य बिगड़ गया है। अय्यर ने अफवाहों का खंडन करते हुए कहा, दिल से अनुरोध है। किसी गलत खबर को हवा न दें ....परिवार एवं डॉक्टरों को निजता की जरूरत है। हम ईश्वर से दीदी के शीघ्र स्वस्थ होकर घर वापस आने की प्रार्थना करें।

# मुंबई में महिला से सामूहिक बलात्कार, तीन नाबालिग हिरासत में लिए गए

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई के** पूर्वी उपनगर गोवंडी में शनिवार सुबह एक युवती के साथ चार लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिवाजी नगर इलाके में हुई इस घटना में संलिप्त तीन नाबालिगों को हिरासत में ले लिया गया है और चौथे आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े चार बजे मैटी रोड स्थित एक झुग्गी बस्ती में हुई। उन्होंने कहा कि 19 वर्षीय महिला कुछ कैटरर्स के साथ कार्य करती है और काम पर से लौट रही थी, जिस दौरान यह घटना हुई। अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत इस सिलसिले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के कम से कम 10 दलों को वज्रेश्वरी, मुंब्रा, वाशी, बेलापुर, वडाला, सीएसएमटी, एलटी मार्ग, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशनों पर भेजा गया है।अधिकारी ने बताया कि तकनीकी जानकारी की मदद से दो नाबालिगों को उस समय हिरासत में ले लिया।

# टिकट नहीं मिलने पर उत्तराखंड के भाजपा नेताओं ने पार्टी छोड़ने की धमकी दी

**भाषा।** देहरादून

**टिकट** नहीं दिए जाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मजबूत दावेदारों में असंतोष की भावना पैदा हो गई और इनमें से कई ने या तो दूसरी पार्टियों में चले जाने या निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने 59 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची में कई सीटों पर समर्पित पार्टी कैडर पर कांग्रेस के दलबदलुओं को तरजीह दी है, जबकि टिकट से वंचित किए गए कई लोग अपनी आहत भावनाओं के साथ खुलकर सामने आ गए हैं।

इनमें से सबसे बड़े नाम थराली से मौजूदा विधायक मुन्नी देवी शाह और द्वाराहाट विधायक महेश नेगी के हैं। शाह ने कहा, पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को यह बताना चाहिए कि मुझे टिकट क्यों नहीं दिया गया। मैंने केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने के साथ ही अपने निर्वाचन क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें दुख नहीं होता अगर पार्टी ने सीट से समर्पित पार्टी कार्यकर्ता को उनकी जगह टिकट दिया होता लेकिन उसने कांग्रेस पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी को तवज्जो दी। इस सीट से मौजूदा विधायक एवं अपने पति मगन लाल शाह के निधन के बाद 2018 में उपचुनाव में जीतने वाली शाह ने कहा, इससे पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटा है। उन्होंने कहा कि उनके समर्थक उनपर दवाब बना रहे हैं कि वह सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़ें। यहां भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर पार्टी में आए भोपाल राम टमटा को उतारा है। सितंबर 2020 में बलात्कार के एक मामले के आरोपी, नेगी ने कहा कि उन्हें साजिश के तहत टिकट नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी संगठनात्मक सर्वेक्षणों में उनका नाम सबसे ऊपर था फिर भी उन्हें टिकट नहीं दिया गया। नरेंद्र नगर सीट से टिकट के मजबूत दावेदार माने जा रहे ओम गोपाल रावत कांग्रेस में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। भाजपा ने इस सीट से एक बार फिर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल को उतारा है। रावत ने कहा, भाजपा समर्पित पार्टी कार्यकर्ताओं की परवाह नहीं करती जो संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर मेहनत करते हैं।



नई दिल्ली में सीपीडब्ल्यूडी कार्यकर्ताओं ने गणतंत्र दिवस परेड से पहले कनॉट प्लेस इलाके में राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किया

## पश्चिम बंगालः दवा दुकान में पार्सल बम विस्फोट में चार लोग घायल

**हेमताबाद (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल में उत्तरी दिनाजपुर जिला स्थित एक दवा दुकान में पार्सल बम विस्फोट होने से कम से कम चार लोग घायल हो गए। पुलिसने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार दोपहर हेमताबाद के बहरैल में हुई। उन्होंने बताया कि दो घायलों की स्थिति नाजुक है और दो अन्य की हालत स्थिर है। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि घटना के सिलसिले में एक इलेक्ट्रिक रिक्शा चालक और एक महिला की पहचान की गई है। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रिक रिक्शा चालक ने यह पार्सल बम दवा दुकान पर पहुंचाया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि इसमें महिला भी संलिप्त थी। दोनों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया है। बम एवं पार्सल बॉक्स के अवशेष के नमूने फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं।

# शुरू से ही जन अधिकारों को खत्म करने की कोशिश करती आ रही है मोदी सरकारः राहुल

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार शुरू से ही जन अधिकारों को खत्म करने की कोशिश करती आ रही है। राहुल गांधी ने यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक हालिया बयान की पृष्ठभूमि में की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि आजादी के बाद के 75 वर्षों में हमारे समाज में, हमारे राष्ट्र में, एक बुराई सबके भीतर घर कर गई है। ए बुराई है, अपने कर्तव्यों से विमुख होना, अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि ना रखना... हमने सिर्फ अधिकारों की बात की, अधिकारों के लिए झगड़ते, जूझते, समय खपाते रहे।

प्रधानमंत्री ने 20 जनवरी को राजस्थान के माउंट आबू स्थित ब्रह्मकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर कार्यक्रम को डिजिटल



माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही थी। इसी की पृष्ठभूमि में राहुल गांधी ने शनिवार को ट्वीट किया, जन अधिकारों के बिना दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का क्या मतलब? मोदी सरकार शुरू से जन अधिकारों को ख़त्म करने की कोशिश करती आ रही है। मौलिक अधिकारों समेत क्या इन अधिकारों के बिना आप भारत की कल्पना तक कर सकते हैं? कांग्रेस नेता ने कहा, भोजन का अधिकार- ताकि किसी को भूख का सामना ना करना पड़े। शिक्षा का अधिकार- आज बच्चा-बच्चा स्कूल जाता है, एक बेहतर कल बनाता है अपने लिए और देश के लिए। रोज़गार का अधिकार- भाजपा के कट्टर विरोध के बावजूद संप्रग ने जनता को रोज़गार की सुरक्षा दी। कोविड के मुश्किल समय में भी इससे देशवासियों को सहारा मिला। राहुल गांधी के अनुसार, सूचना का अधिकार- लोकतंत्र का दूसरा नाम पारदर्शिता है। जनता को सवाल करने और जवाब पाने का अधिकार है। सूचना का अधिकार भी संप्रग ने दिया। उन्होंने सवाल किया, इनमें से किस अधिकार से प्रधानमंत्री को आपत्ति है? और क्यों? प्रधानमंत्री मोदी ने गत 20 जनवरी को कहा था, हमें ए भी मानना होगा कि आजादी के बाद के 75 वर्षों में, हमारे समाज में, हमारे राष्ट्र में, एक बुराई सबके भीतर घर कर गई है।

# पंजाबः कांग्रेस में कई नेता चन्नी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने के पक्ष में

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस की राज्य इकाई में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा किए जाने की मांग लगातार बढ़ रही है और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता अनुसूचित जाति समुदाय से संबंध रखने वाले राज्य के पहले मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को अपना समर्थन दे रहे हैं। कांग्रेस आला कमान का अभी तक यही कहना है कि पार्टी 117 सदस्ईय विधानसभा के लिए 20 फरवरी को होने वाला चुनाव सामूहिक नेतत्व में लड़ेगी, लेकिन इसकी राज्य इकाई के कई नेताओं की मांग है कि इस मामले पर स्थिति को शीघ्र अति शीघ्र स्पष्ट किया जाना चाहिए।

वरिष्ठ नेता एवं मंत्री ब्रह्म मोहिंद्रा ने कहा कि पार्टी ने 2012 और 2017 के चुनावों से पहले मुख्यमंत्री पद के अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी और चन्नी ने तीन महीनों में अपनी योग्यता साबित की है। उन्होंने कहा,



जब कोई एक व्यक्ति स्वयं को हरेक की उम्मीदों से पहले ही बेहतर साबित कर चुका है, तो ऐसे में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा को लेकर पार्टी में कोई दुविधा नहीं होनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद चन्नी पिछले साल मुख्यमंत्री बने थे। कांग्रेस की पंजाब इकाई में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा की मांग ऐसे में जोर पकड़ रही है, जब चुनाव में मजबूत दावेदार के रूप में उभर रही आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने सांसद और प्रदेश इकाई के प्रमुख भगवंत मान को मुख्यमंत्री पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। राज्य में कांग्रेस के मुख्य प्रतिद्वंद्वी शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने भले ही मुख्यमंत्री पद के लिए अपने उम्मीदवार की औपचारिक घोषणा अभी तक नहीं की है, लेकिन पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल इसके संभावित उम्मीदवार हैं। मोहिंद्रा ने भी कहा कि आप ने भगवंत मान को अपना उम्मीदवार नामित किया है, जबकि शिअद सुखबीर बादल को इस पद के लिए उम्मीदवार के तौर पर पेश कर रही है, ऐसे में कांग्रेस के लिए मुख्यमंत्री पद के अपने उम्मीदवार की घोषणा करना और महत्वपूर्ण हो गया है। कांग्रेस नेता राणा गुरजीत सिंह ने भी चन्नी का समर्थन करते हुए कहा कि पार्टी के सत्ता में लौटने के बाद मुख्यमंत्री के रूप में उनके बने रहने पर सवालिया निशान लगाना स्वयं को नुकसान पहुंचाने के समान होगा। उन्होंने कहा, चन्नी ने मात्र तीन महीनों में शानदार काम किया है। कैबिनेट मंत्री तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा और शाहकोट से विधायक हरदेव सिंह लाडी शेरोवालिया ने भी चन्नी को मुख्यमंत्री बनाए जाने का समर्थन किया है। बहरहाल, इस संबंध में प्रश्न पूछे जाने पर कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इस सप्ताह चंडीगढ़ में कहा था, सिद्धू जी कांग्रेस की पंजाब इकाई के सरदार हैं, चन्नी जी सरकार के सरदार (प्रमुख) हैं और हम सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सहयोगी निखिल अलवा ने ट्विटर के जरिए एक सर्वेक्षण किया, जिसमें सवाल किया गया था कि पंजाब में कांग्रेस का मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन होना चाहिए? इस सर्वेक्षण में शामिल कुल ।,283 लोगों में से 68.7 प्रतिशत ने चन्नी के समर्थन में मत दिया। इस सर्वेक्षण में 11.5 प्रतिशत ने सिद्धू और 9.3 प्रतिशत ने सुनील जाखड़ के समर्थन में मतदान किया, जबकि 10.4 प्रतिशत ने कहा कि मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की पूर्व में घोषणा करने की आवश्यकता नहीं है।



हैदराबाद में विजय खेल के मैदान में कोविड-19 होम आइसोलेशन किट पैक करते कार्यकर्ता

# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने गोपनीय सैनिक की हत्या की, वाहनों में लगाई आग

**भाषा।** बीजापुर

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक गोपनीय सैनिक की हत्या कर दी। वहीं, एक अन्य घटना में नक्सलियों ने तीन वाहनों में आग लगा दी। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के बीजापुर थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने शुक्रवार को गोपनीय सैनिक एंडो राम (45) की हत्या कर दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सलियों ने एंडो राम की हत्या कर शव को गंगालूर मार्ग पर फेंक दिया है, जिसके बाद पुलिस दल को रवाना किया गया और शव को बरामद कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावर नक्सलियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में नक्सलियों ने बीजापुर जिले के ही चेरकंटी पटेलपारा गांव के करीब एक ट्रक, एक हाइवा और एक जेसीबी मशीन में आग लगा दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि शुक्रवार को हथियारबंद नक्सली चेरकंटी गांव पहुंचे और वहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहे सड़क का काम रुकवा दिया, बाद में नक्सलियों ने वाहनों में आग लगा दी। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

## गिरिडीह में नक्सलियों ने दो मोबाइल टावर उड़ाए

**भाषा।** गिरिडीह (झारखंड)

**गिरिडीह** में नक्सलियों ने अपने शीर्ष कमांडर प्रशांत बोस की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित प्रतिरोध सप्ताह के पहले दिन जिले के खुखरा थाना और मधुवन थाना क्षेत्र के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुवन में दो मोबाइल फोन टावरों को जलाकर एवं बम से उड़ा कर नष्ट कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। डुमरी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ)मनोज कुमार ने बताया कि बीती रात करीब साढ़े दस बजे दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए भाकपा (माओवादी) के सदस्यों ने खुखरा स्थित एक मोबाइल टावर में आग लगा दी। उन्होंने बताया कि दूसरी घटना में नक्सलियों ने मधुवन में देर रात करीब एक बजे एक मोबाइल टावर को विस्फोटक से उड़ा दिया। पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद गिरिडीह जिले में नक्सलियों की धड़पकड़ के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अपने शीर्ष कमांडर प्रशांत बोस की गिरफ्तारी के विरोध में नक्सलियों ने पूरे राज्य में एक सप्ताह का प्रतिरोध सप्ताह मनाने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने 27 जनवरी को बिहार-झारखंड बन्द की भी घोषणा की है।

## नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे 11 ट्रैक्टरों एवं मशीनरी में आग लगाई

**नागपुर।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सलियों के एक समूह ने सड़क निर्माण के कार्य में लगे 11 ट्रैक्टरों एवं दो जेसीबी मशीनों में कथित रूप से आग लगा दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार दोपहर दो बजे भामरगढ़ तहसील के इरापनगर गांव में नकसलियों ने एक पोक्लेन (मिट्टी खुदाई) मशीन भी फूंक दी। उन्होंने कहा, करीब 40-50 नक्सली इस घटना में शामिल थे। वे दलम और मिलिशिया सदस्य थे। उन्होंने बताया कि जला दिए गए वाहन एवं मशीनरी सड़क निर्माण के काम में लगे ठेकेदारों के थे।

## ओमीक्रोन के प्रभावी उपचार में तेजी की आशा

टोरंटो। ब्रिटिश कोलंबिया विवि (यूबीसी) में भारतीय मूल के एक वैज्ञानिक सहित अनुसंधानकर्ताओं की टीम ने कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप के स्पाइक प्रोटीन के आणविक-स्तर का संरचनात्मक विश्लेषण किया है। साथ ही, यह दावा भी किया है कि ऐसा करने वाली वह दुनिया की पहली टीम बन गई है। इस विश्लेषण से ओमीक्रोन के खिलाफ अधिक प्रभावी उपचार ईजाद करने में तेजी लाने में मदद मिल सकती है। स्पाइक प्रोटीन वायरस को कोशिकाओं में प्रवेश करने और उसे संक्रमित करने में मदद करता है। यूबीसी में जैव रसायन और आणविक जीव विज्ञान विभाग में प्रोफेसर डॉ. श्रीराम सुब्रमण्यम ने कहा कि विश्लेषण से पता चलता है कि ओमीक्रोन किस तरह से मानव कोशिकाओं को संक्रमित करता है। सुब्रमण्यम ने कहा कि ओमीक्रोन खिलाफ टीकाकरण सबसे अच्छा बचाव है।

**DOC टॉक**



डॉ. सुश्रुत गणपुले
सलाहकार, पल्मोनोजिस्ट
जुपिटर अस्पताल, पुणे

# खतरनाक हो सकता है फेफड़ों में संक्रमण



फेफड़े हमारे शरीर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसलिए फेफड़ों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है। कई बार हम उन्हें हल्के में लेने की प्रवृत्ति रखते हैं, हालांकि, शरीर के अन्य हिस्सों की तरह, वे भी समय के साथ बूढ़े हो जाते हैं। वे अपनी ताकत खो देते हैं और कम लचीले हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सांस लेने में कठिनाई होती है।

हालांकि हमारा शरीर गंदगी व कीटाणुओं को दूर रखकर फेफड़ों की रक्षा करता है, मगर हम कुछ स्वस्थ आदतों को अपनाकर अपने फेफड़ों का स्वास्थ्य बनाए रख सकते हैं और इनकी बीमारी के जोखिम को कम कर सकते हैं।

**धूम्रपान से दूर रहें** – धूम्रपान न करें और धुम्रपान के धुएं से भी दूर रहें। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर और सीओपीडी जैसे फेफड़ों के रोगों का एक प्रमुख कारण माना जाता है। इसके अलावा, धूम्रपान छोड़ने में कभी देर नहीं होती क्योंकि व्यक्ति के सिगरेट का बट छोड़ने के बाद फेफड़े लगभग तुरंत ठीक होने लगते हैं। धूम्रपान छोड़ने के दस साल बाद, फेफड़ों के कैंसर होने का जोखिम वर्तमान धूम्रपान करने वालों की तुलना में लगभग आधा हो जाता है।

**प्रदूषकों के संपर्क में आने के जोखिम को नियंत्रित करें** – इनडोर और आउटडोर प्रदूषकों के संपर्क में आने से बचें क्योंकि यह आपके फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है और बुढ़ापे में तेजी ला सकता है। फेफड़े युवा और मजबूत होने पर विषाक्त पदार्थों के खिलाफ आसानी से मजबूत रह सकते हैं, हालांकि, उम्र के साथ, वे क्षति के लिए अधिक संवेदनशील होते हैं और बीमारी के प्रति अधिक संभावित हो जाते हैं। जितना संभव हो सके बाहरी प्रदूषकों के संपर्क को कम करना सबसे अच्छा है :

- ❖ वायु प्रदूषण के चरमोत्कर्ष काल में घर से बाहर निकलने से बचें।
- ❖ भारी ट्रैफिक के नजदीक व्यायाम करने से बचें।
- ❖ काम पर प्रदूषकों के संपर्क में आने पर संभावित सुरक्षा सावधानी बरतें।
- ❖ विषाक्त कणों को छानने के लिए जब भी और जहां भी संभव हो मास्क पहनें।

इनडोर वायु प्रदूषण को आऊटडोर से भी बदतर बताया गया है, इनडोर वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पर्याप्त कदम उठाएं जैसे :

- ❖ धूल, फफूंदी और अन्य प्रदूषकों को दूर रखने के लिए अपने घरों को यथासंभव स्वच्छ रखें।
- ❖ घर की सफाई के लिए प्राकृतिक उत्पादों का इस्तेमाल करें। सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क से बचने के लिए अपने घर को धूम्रपान मुक्त रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।
- ❖ बायोमास के संपर्क में आने से बचें जो आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाता है। इसकी जगह एलपीजी या प्राकृतिक गैस का प्रयोग करें। जहां भी एक्सपोजर अपरिहार्य हो वहां मास्क का प्रयोग करें।
- ❖ घरों के अंदर उचित वेंटिलेशन सुनिश्चित करें।
- ❖ सिंथेटिक एयर फ्रेशनर, परफ्यूम और जोस स्टिक (अगरबत्ती) में पाए जाने वाले बेंजीन और फॉर्मलाडेहाइड जैसे रसायनों के संपर्क में आने से बचें।

**नियमित व्यायाम**– व्यायाम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सक्रिय रहने से आपके फेफड़े स्वस्थ रहते हैं और यहां तक कि कुछ दीर्घकालिक फेफड़ों की स्थिति के लक्षणों में भी सुधार होता है।

मजबूत, स्वस्थ फेफड़े बनाने के लिए सप्ताह में पांच दिन कम से कम 30 मिनट के लिए जिम जाना, टहलना या दौड़ना जैसे किसी भी प्रकार का व्यायाम करें। हालांकि, अगर आपको पहले से ही सांस लेने में समस्या है, तो अपने संबंधित स्वास्थ्य देखभाल चिकित्सक से बात करना सुनिश्चित करें। इन मामलों में सांस की तकलीफ को दूर करने के लिए विशेष व्यायाम की आवश्यकता होती है।

**संक्रमण को रोकें**– जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, फेफड़ों का कोई भी संक्रमण खतरनाक हो सकता है। यह बुजुर्गों में मौत का एक आम कारण है। फेफड़ों के गंभीर संक्रमण से बचने के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं। अपने हाथों को नियमित रूप से साबुन से धोकर साफ रखें और अपने चेहरे को छूने से बचें। भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचें, सामाजिक समारोहों में उचित सावधानी बरतें और बीमार लोगों से दूर रहें। बीमार होने पर खूब पानी पीते रहने से आपके फेफड़ों को बेहतर तरीके से काम करने में मदद मिलती है। बुखार, सीने में दर्द और कफ होने की स्थिति में जितनी जल्दी हो सके स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर के पास जाना महत्वपूर्ण है।

**टीका लगवाएं**– 65 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्तियों को न्यूमोकोकल वैक्सीन लगवानी चाहिए, जिन लोगों को अन्य सहवर्ती रोग हैं, वे इसे पहले ले सकते हैं। पहले से मौजूद फेफड़ों की समस्या वाले या जटिल फ्लू विकसित होने का उच्च जोखिम वाले प्रत्येक व्यक्ति को हर साल फ्लू शॉट प्राप्त करना चाहिए।

## स्वास्थ्यवर्धक आहार



**मूली:** मूली में कैटेचिन, पाइरोगॉलोल, वैनिलिक एसिड और अन्य फेनोलिक कंपाऊंड्स सहित एंटीऑक्सिडेंट प्रचुर मात्रा में होते हैं। विटामिन सी, जो आपकी कोशिकाओं को नुकसान से बचाने के लिए एक एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करता है, इन जड़ वाली सब्जियों में ज्यादा होता है। मूली में पाए जाने वाले रासायनिक कंपाऊंड्स, जैसे कि ग्लूकोसाइनोलेट और आइसोथियोसाइनेट, रक्त शर्करा के स्तर को प्रबंधित करने में मदद कर सकते हैं। मूली में इंडोल-3-कार्बिनोल और 4-मिथाइलथियो-3-ब्यूटेनाइल-आइसोथियोसाइनेट शामिल हैं, अन्य रसायनों के बीच, जो लीवर को विषाक्तमुक्त और ठीक करने में सहायता करते हैं। यही अणु गुर्दे के माध्यम से विषाक्त पदार्थों को खत्म करने में सहायता करते हैं। मूली में कैल्शियम और पोटैशियम जैसे एंटीऑक्सीडेंट और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ये पोषक तत्व रक्तचाप को कम करने और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने के लिए मिलकर काम करते हैं।

# इन मिथकों को दें मात



**विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ग्लूकोमा दुनिया में अंधेपन का दूसरा प्रमुख कारण है। डॉ. शेफाली पारिख का कहना है कि इस बीमारी को लेकर कई तरह की भ्रांतियां हैं, जो मरीजों को गलत जानकारी दे सकती हैं**

भारत में, ग्लूकोमा स्थायी अंधेपन का प्रमुख कारण है, जिसमें लगभग 12 मिलियन लोग प्रभावित हैं और लगभग 1.2 मिलियन लोग इस बीमारी से अंधे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, ग्लूकोमा दुनिया में अंधेपन का दूसरा प्रमुख कारण है। ग्लूकोमा हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन उम्र के साथ इस बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। ग्लूकोमा ऐसी सामान्य आंख की स्थिति होती है जो आंखों की ऑप्टिक नसों को प्रभावित करती है। ये ऑप्टिक नसें आंख से मस्तिष्क तक सूचना को संसाधित करने हेतु ले जाने के लिए जिम्मेदार होती हैं। इस प्रकार, जब ऑप्टिक तंत्रिका क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो इससे दृष्टि हानि होती है, और गंभीर मामलों में, स्थायी दृष्टि हानि होती है। दुर्भाग्य से, इस बीमारी के बारे में बहुत सी भ्रांतियाँ हैं जो रोगियों को गलत जानकारी दे सकती हैं।

**ग्लूकोमा संबंधी पांच सबसे आम भ्रांतियां**

**ग्लूकोमा केवल बुजुर्गों को प्रभावित करता है**

हालांकि यह निश्चित रूप से सच है कि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में 40 वर्ष की आयु के लोगों की तुलना में ग्लूकोमा विकसित होने की संभावना अधिक होती है, मगर यह 20-50 आयु वर्ग के लोगों के साथ-साथ शिशुओं को भी प्रभावित कर सकता है। उदाहरण के लिए, कुछ शिशुओं को जन्म से ग्लूकोमा हो सकता है (जिसे जन्मजात ग्लूकोमा कहा जाता है), जबकि अन्य बच्चों को अन्य नेत्र रोग होते हैं जो द्वितीयक ग्लूकोमा का कारण बनते हैं।

वयस्कों के लिए भी यही सच है- किसी को आंख की समस्या हो सकती है, उदाहरण के लिए, यूवेइटिस, मधुमेह जिसके परिणामस्वरूप माध्यमिक ग्लूकोमा होता है। अन्य प्रकार के ग्लूकोमा अक्सर 20 से 50 वर्ष की आयु के रोगियों में प्रकट हो सकते हैं जैसे पिगमेंटरी ग्लूकोमा।

**ग्लूकोमा की शुरुआत के दौरान लक्षण नजर आते हैं**

ओपन-एंगल ग्लूकोमा, जो ग्लूकोमा का सबसे आम रूप है, बाद के चरणों तक कोई संकेत या लक्षण प्रदर्शित नहीं करता है जब दृष्टि हानि होती है। भले ही लोग सोच सकते हैं कि आंखों के बढ़ते दबाव में दर्द होता है, लेकिन ऐसा नहीं होता है। इसके अलावा, जैसा कि परिधीय दृष्टि आमतौर पर पहले बहुत धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है, कि व्यक्ति किसी भी दृष्टि हानि को तब तक नहीं पहचान सकता जब तक कि दृष्टि महत्वपूर्ण रूप से खराब न हो जाए। ग्लूकोमा का पता लगाने का एकमात्र तरीका है आंखों की व्यापक जांच कराई जाए।

**ग्लूकोमा को रोका नहीं जा सकता**

नियमित और दैनिक आंखों की जांच निश्चित रूप से ग्लूकोमा से संबंधित अंधेपन की रोकथाम में मदद कर सकती है। हालांकि यह सच है कि ग्लूकोमा के कारण हुई दृष्टि हानि को वापस अर्जित नहीं किया जा सकता है, मगर एक नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा नियमित रूप से आंखों की जांच कराने से आंखों के दबाव की माप निश्चित रूप से बीमारी के कारण होने वाले अंधेपन को रोकने में एक लंबा रास्ता तय कर सकती है। ग्लूकोमा विशेषज्ञों के अनुसार, यदि कोई ग्लूकोमा जोखिम संबंधी कारक नहीं हैं, और चालीस साल की शुरुआत होने पर हर दो वर्ष में आंखों की जांच करा लेनी चाहिए, लेकिन यदि कोई उच्च जोखिम है या 65 से अधिक की आयु है, प्रत्येक वर्ष आंखों की जांच कराना महत्वपूर्ण है।



**डॉ. शेफाली पारिख**
ग्लूकोमा विशेषज्ञ
श्रीजी आई क्लिनिक
अंधेरी, मुंबई

> ग्लूकोमा ऐसी सामान्य आंख की स्थिति होती है जो आंखों की ऑप्टिक नसों को प्रभावित करती है। ये ऑप्टिक नसें आंख से मस्तिष्क तक सूचना को संसाधित करने हेतु ले जाने के लिए जिम्मेदार होती हैं।

**ग्लूकोमा परीक्षण दर्दनाक हो सकता है**

ग्लूकोमा का परीक्षण बिल्कुल भी दर्दनाक नहीं होता है। ग्लूकोमा के लिए विभिन्न प्रकार के परीक्षण होते हैं। गोल्डमैन एप्लायनेशन टोनोमेट्री के रूप में जाना जाने वाला एक परीक्षण भी है जहां रोगियों की प्रत्येक आंख में दर्द रहित आखों की दवा डाली जाती है। नेत्र रोग विशेषज्ञ तब प्रत्येक आंख पर एक नीली रोशनी निर्देशित करता है और एक ऐसे उपकरण से देखता है जो अंत:स्रावी दबाव को सटीक रूप से मापता है। यह टेस्ट जल्दी और दर्द रहित भी होता है। भारतीय परिदृश्यों में प्रचलित दो सबसे आम ग्लूकोमा के बीच अंतर करने के लिए गोनियोलेंस नामक लेंस के साथ कोण का आकलन बहुत महत्वपूर्ण है। अन्य परीक्षणों में परिधि के साथ दृश्य क्षेत्र का परीक्षण और इमेजिंग तकनीक के साथ ऑप्टिक तंत्रिका की स्कैनिंग शामिल है।

**ग्लूकोमा अनुवांशिक होता है**

ग्लूकोमा के कुछ प्रकार वंशानुगत होते हैं, और ग्लूकोमा का पारिवारिक इतिहास एक जोखिम कारक है, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन ग्लूकोमा के कई मरीज ऐसे हैं जो अपने परिवार में अकेले होते हैं जिन्हें इस बीमारी का पता चलता है।

यह भी संभव है कि कोई प्रबल पारिवारिक इतिहास न हो क्योंकि परिवार के प्रत्येक सदस्य की उचित जांच नहीं की गई है। इस प्रकार, यह महत्वपूर्ण है कि ग्लूकोमा के रोगियों को अपने निदान को अपने परिवार के सदस्यों के साथ साझा करना चाहिए और उन्हें अपनी आंखों की जांच कराने के लिए कहना चाहिए।

ग्लूकोमा से जुड़े मिथकों पर विश्वास करना बंद करें और अपने नेत्र स्वास्थ्य को बनाए रखने और उसकी रक्षा करने के लिए अपने नेत्र चिकित्सक के साथ काम करें। ग्लूकोमा को ठीक नहीं किया जा सकता है लेकिन निश्चित रूप से ग्लूकोमा के कारण होने वाले अंधेपन को रोका जा सकता है यदि शीघ्र निदान किया जाए।

**लेखक डॉ. शेफाली पारिख, श्रीजी आई क्लिनिक, अंधेरी, मुंबई में ग्लूकोमा विशेषज्ञ हैं**

# इस बार जोड़ों के दर्द से पाएं छुटकारा

**डॉ. विवेक महाजन का कहना है कि कम तापमान जोड़ों का दर्द बढ़ा देता है। अब जब मौसम ठंडा हो रहा है, तो अपनी हड्डियों पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है**

सर्दी के मौसम में गठिया के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। गठिया को एक या एक से अधिक जोड़ों की सूजन के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसमें जोड़ों की परेशानी सबसे आम लक्षण है, जो अक्सर उम्र बढ़ने के साथ खराब हो जाते हैं। गठिया के दो सबसे आम प्रकार हैं - ऑस्टियोआर्थराइटिस और रुमेटाइड गठिया।

**घुटने का दर्द**– घुटने का पुराना दर्द घुटने की हड्डी में लिगामेंट की कमी और हड्डी के घिसाव के कारण होता है। 50 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों में घुटने की परेशानी ज्यादा आम है। अधिक वजन वाले लोगों में यह स्थिति विकसित होने का अधिक जोखिम होता है। यह एक ऐसी बीमारी है जो पीढ़ियों से चली आ रही है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में यह स्थिति होने की संभावना अधिक होती है।

**जोड़ों की जकड़न**– ठंड की स्थिति में, मांसपेशियों में ऐंठन होने की संभावना अधिक होती है, जिसके परिणामस्वरूप जोड़ों में अधिक परेशानी और जकड़न होती है। ठंड के मौसम में उंगलियों और पैर की उंगलियों में रक्त-परिसंचरण कम हो जाता है, जिससे गठिया की परेशानी बढ़ जाती है। कम तापमान जोड़ों के तरल पदार्थ को गाढ़ा कर सकता है, जिससे जोड़ कठोर हो जाते हैं और हिलना मुश्किल हो जाता है। पूरे सर्दियों में कम धूप के परिणामस्वरूप विटामिन डी का स्तर गिर जाता है, जिससे भंगुर हड्डियां और जोड़ हो सकते हैं।



**डॉ. विवेक महाजन**
हड्डी रोग और संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जन
इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर, नई दिल्ली

**गठिया के दर्द को रोकें**

**विटामिन डी :** सर्दियों में सूरज की रोशनी की कमी के कारण जोड़ों की परेशानी बढ़ सकती है, जिससे शरीर की विटामिन डी को संश्लेषित करने की क्षमता घट जाती है। इसलिए सर्दियों के दौरान भी पर्याप्त धूप लेना महत्वपूर्ण है। यदि आप विटामिन डी कैप्सूल लेने का इरादा रखते हैं, तो पहले अपने डॉक्टर से परामर्श करना सुनिश्चित करें।

**नियमित रूप से व्यायाम करें :** सर्दियों के दौरान, लोगों की फिटनेस दिनचर्या ठप हो जाते हैं। इससे न केवल आपका वजन बढ़ सकता है, बल्कि इससे अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। गठिया के दर्द को कम करने के लिए फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने से पहले अपने चिकित्सक से परामर्श लें। हर दिन कम से कम 30-40 मिनट व्यायाम करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा, प्रतिदिन लगभग 8 घंटे की अच्छी नींद लें।

**गर्म कपड़े पहनें :** स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए कपड़ों की अतिरिक्त परतों के साथ उचित रूप से ढंकें। डॉक्टर ठंडे फर्श पर बैठने की सलाह नहीं देते क्योंकि इससे दर्द बढ़ सकता है। सीढ़ियां चढ़ने से भी बचें, क्योंकि इससे आपके जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। अगर आप घर पर हैं तो भी बिना गर्म मोजे के न घूमें। पैरों की सुरक्षा के लिए हमेशा ऊनी मोजे ही पहनने चाहिए। गठिया के दर्द से राहत पाने के लिए गर्म पानी का प्रयोग करें।

**स्वस्थ आहार :** पूरे वर्ष सामान्य से अधिक फल और सब्जियां खाने की कोशिश करें। ताजे फल और सब्जियों का ही सेवन करें। अंडे, दही और कई प्रकार की मछलियों में पाया जाने वाला विटामिन बी12 होमोसिस्टीन के स्तर को कम करने में मदद करता है। रक्त में होमोसिस्टीन के स्तर को हृदय संबंधी जटिलताओं के विकास के बढ़ते खतरे से जोड़ा गया है।

इसी तरह, विटामिन बी6 जोड़ों की सूजन को कम करने में मदद कर सकता है। गाजर, पालक, शकरकंद और केला कुछ आम विटामिन बी6 से भरपूर खाद्य पदार्थ हैं। अगर आप विटामिन या सप्लीमेंट लेने के बारे में सोच रहे हैं, तो पहले डॉक्टर से बात करें

क्योंकि हर किसी की जरूरतें अलग-अलग होती हैं। स्वस्थ आहार का पालन करते हुए शराब और परिष्कृत शर्करा से बचना भी जरूरी है। अगर सर्दियों में इन चीजों का अधिक मात्रा में सेवन किया जाए तो यह दर्द को बढ़ा सकता है।

**हाइड्रेटेड रहें :** सर्दियों में पानी की खपत कम हो जाती है। इससे आर्थराइटिस के मरीजों को परेशानी हो सकती है। आपके शरीर के समुचित कार्य के लिए पर्याप्त पानी पीना महत्वपूर्ण है। पर्याप्त रूप से हाइड्रेटेड रहने से आपके शरीर के तापमान को नियंत्रित करने, पाचन में सहायता करने और अन्य चीजों के अलावा आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, अधिक पानी पीने के परिणामस्वरूप बाथरूम में अतिरिक्त पैदल चलना आपके दिन में थोड़ी अधिक गतिशीलता जोड़ने का एक आसान तरीका है।

**लेखक डॉ. विवेक महाजन, भारतीय स्पाइनल इंजरी सेंटर, नई दिल्ली में हड्डी रोग और जोड़ प्रतिरोपण सर्जन हैं**

# स्वस्थ संकल्प करें



छुट्टियों के मौसम के उत्साह के साथ, अब समय आ गया है कि हम एक स्वस्थ सौंदर्य आहार को प्राथमिकता दें। स्वस्थ बालों और त्वचा के लिए छह संकल्प साझा कर रहे हैं **डॉ. सचिन पवार**

### अच्छी नींद की आदत बनाएं

उचित नींद स्वच्छता विकसित करने के संकल्प के लिए नया साल सही समय है। यह न केवल आपको अच्छी तरह से आराम देता है, बल्कि रात की अच्छी नींद लेना आपके बालों और त्वचा दोनों के लिए फायदेमंद होता है। जैसे ही आप सोते हैं, आपका शरीर त्वचा में रक्त-प्रवाह को बढ़ाता है, इसे ढीली पड़ने से रोकता है और एक स्वस्थ चमक देता है। नींद की कमी भी बालों के झड़ने, टूटने, क्षति का कारण बन सकती है, जो बालों के विकास को प्रभावित कर सकती है। हर दिन 7 से 9 घंटे की नींद आपको एक चमकदार रंगत विकसित करने में मदद कर सकती है।

### विटामिन ई का सेवन है जरूरी

परंपरागत रूप से, त्योहारों का मौसम, विशेष रूप से नए साल की पूर्व-संध्या सभी को सजाने और दावत देने से संबंधित होती है। ठीक है, मेकअप आपको ग्लैमर लुक दे सकता है, लेकिन संभावना है कि अगर आपने संतुलित और स्वस्थ आहार नहीं बनाए रखा तो आपकी त्वचा सुस्त दिख सकती है। इसका एक समाधान, जोकि बाहर से आपके रूप को नवीनीकृत करने के लिए अंदर से काम करता है, वो यह कि अपने आहार में विटामिन ई की दैनिक खुराक शामिल करें। हालांकि विटामिन ई रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों में व्यापक रूप से उपलब्ध है, मगर आप विटामिन ई जोड़कर अपनी त्वचा और बालों के सेलुलर स्वास्थ्य को भी मजबूत कर सकती हैं। इसलिए इवियन आर फोर्ट जैसे सप्लीमेंट्स को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। प्राकृतिक एंटीऑक्सिडेंट आपकी कोशिकाओं की मरम्मत, पुनर्स्थापना और पुनर्जीवित करने के लिए सेलुलर स्तर पर काम करते हैं, इस प्रकार, आपकी त्वचा को नुकसान से बचाते हैं और खोपड़ी के माइक्रोसरकुलेशन और ऑक्सीजन का समर्थन करते हैं। इसके सूजन या जलनरोधक गुण आपकी त्वचा को सूरज के कठोर प्रभाव से बचा सकते हैं।

### सूर्य और ताप से सुरक्षा

बाहरी तनाव आपके शरीर के मुक्त कणों का उत्पादन करने का कारण बनता है जो कोलेजन पर हमला करते हैं, प्रोटीन जो आपकी त्वचा को युवा और सुंदर रहने का अवसर देती है। मुक्त कणों के कारण होने वाले इस असंतुलन को ऑक्सीडेटिव तनाव के रूप में जाना जाता है। यह आपकी त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है और कमजोर करता है, जिससे आपकी त्वचा थकी हुई और खराब दिखती है। इस दौरान त्वचा देखभाल दिनचर्या का होना और भी जरूरी हो जाता है। इसी तरह, बालों को नुकसान - पतले, भंगुर, सुस्त या सपाट बाल - कई कारकों के परिणामस्वरूप हो सकता है, जिनमें यूवी विकिरण और प्रदूषण जैसे पर्यावरणीय कारक शामिल होते हैं। सुनिश्चित करें कि आप अपने बालों को एक अच्छे हीट प्रोटेक्टेंट से तैयार करें। आपके नए साल के नवरूप के लिए एकदम सही, मजबूत और चमकदार बाल रखने की कुंजी स्वस्थ आदतों के साथ बालों की अच्छी देखभाल करना है।

### अपने शरीर को हाइड्रेट और पोषण दें

आप जितना अधिक हाइड्रेटेड रहेंगे, आपको उतनी ही कम झुर्रियां और बेहतर रंगत दिखाई देगी। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से आपको कई तरह की त्वचा-समस्याओं से निपटने में मदद मिल सकती है और आपको चमकदार त्वचा मिल सकती है। एक हाइड्रेटेड शरीर भी बालों के विकास में परिणाम देता है क्योंकि यह खोपड़ी में सूखापन कम करता है और जड़ों से बालों के विकास को बढ़ावा देता है। हम अपने शरीर के लिए पोषण के महत्व को न भूलें। एक स्वस्थ शरीर और दिमाग को विटामिन और खनिजों समेत पोषक तत्वों की दैनिक खुराक की आवश्यकता होती है। अपने आहार में विटामिन ई युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करना युवा त्वचा और बालों को फिर से जीवंत करने के सबसे आसान तरीकों में से एक है।

**-लेखक इंडिया क्लस्टर, प्रॉक्टर एंड गैंबल हेल्थ लिमिटेड -मेडिकल एंड टेक्निकल अफेयर्स में एमडी हेड हैं**

# सांपों को शत्रु न समझें

**अपने नए शो में, वन्यजीव कार्यकर्ता बेनहेल अंतो और लुईस रेमेडियोस प्रजातियों के संरक्षण के लिए एक खोज शुरू कर रहे हैं और साथ ही दर्शकों को शिक्षित करके उनके आस-पास के मिथकों का भंडाफोड़ करते हैं कि ये सरीसृप अंधेरे में दुबके हुए खतरे नहीं हैं। पेश है खुशबू कीर्ति की रिपोर्ट :**





वन्यजीव कार्यकर्ता बेनहेल अंताओ और लुईस रेमेडियोस ने अपने नए शो, स्नेक्स एसओएस- गोवाज वाइल्डेस्ट में, गोवा में जंगली सांपों की प्रजातियों और अन्य गैर-पालतू जानवरों को बचाते हुए देखा।

10-भाग की साहसिक श्रृंखला जंगली जानवरों के लिए रोमांच, रोमांच और आराधना की भावना ला रही है। पावर कपल सबसे असामान्य परिस्थितियों में कुछ जंगली सांप प्रजातियों का सामना करेंगे और उन्हें बचाएंगे। यह दोनों को एक्शन में दिखाता है और गोवा शहर के माध्यम से विभिन्न सांप प्रजातियों और अन्य गैर-पालतू जानवरों को बचाने में उनकी तकनीकों का एक करीबी और व्यक्तिगत अनुभव देता है। यह सांप मनोविज्ञान 101 को समझ रहा है, यदि आप कर सकते हैं।

एड्रेनालाईन के दीवाने और वन्यजीव बचावकर्ताओं के साथ उनकी नई श्रृंखला के अंदरूनी सूत्रों के बारे में एक स्पष्ट साक्षात्कार के अंश के लिए पढ़ें-

**❐ नेशनल ज्योग्राफिक ने शो का एक भारतीय अवतार, स्नेक इन द सिटी पेश किया है। यह कैसे अलग होगा या आप इसका भारतीयकरण कैसे कर रहे हैं?**

**बीए :** शहर में सांप, या, उस मामले के लिए, मगरमच्छ हंटर, बेहद अलग शो हैं। मुझे लगता है कि गोवाज वाइल्डेस्ट एक स्वतंत्र शो है और इसमें सब कुछ अनोखा है। सांपों से लेकर - वे भारतीय प्रजातियां हैं और अलग-अलग व्यवहार करते हैं - उन जगहों पर जहां से उन्हें बचाया गया है। यह इस कार्यक्रम में सांपों के बारे में और उन लोगों के बारे में अधिक है जो सांपों का सामना कर रहे हैं।

मेरा मतलब है, सांप हर जगह एक समस्या है। और जिस तरह से लोग प्रतिक्रिया करते हैं, दिखाया गया संस्कृति प्रतिकर्षण या घृणा को बढ़ावा देता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम जो संदेश देते हैं वह सूक्ष्म है - मैं चाहता हूं कि लोग इसे देखें और लाइनों के बीच खोजें। यह बहुत स्पष्ट है कि जब हम सांपों और शब्द, संरक्षण की बात करते हैं तो हम कहां खड़े होते हैं। तुम्हें पता है, सांप अब अंधेरे में दुबके रहने वाले खतरे में नहीं हैं।

अंधेरे में दुबके रहने वाले सांप कभी खतरे में नहीं थे। शो की विचारधारा काफी अलग है।

**❐ क्या है शो का मकसद?**

**एलआर:** तो, सबसे पहले, हम आपको गोवा में रहने वाले सांपों के प्रकार के बारे में शिक्षित करना चाहते हैं क्योंकि इस शो को विशेष रूप से वहां शूट किया गया है। और इनमें से बहुत सारे सांप भारत के विभिन्न हिस्सों में भी मौजूद हैं। लोग मानते हैं कि हम या तो एनाकोंडा या रैटलस्नेक या ब्लैक माम्बा से निपट रहे हैं। नहीं, आपको वे नहीं मिलते हैं। यह अच्छा है कि लोग इन कार्यक्रमों को देख रहे हैं, लेकिन वे यहां मौजूद कई प्रकार के विषैले, गैर विषैले और विभिन्न प्रकार के सांपों से अवगत नहीं हैं। हम जागरूकता पैदा करना चाहते हैं।

इसके अलावा, हम चाहते हैं कि लोग समझें कि सांप किसी भी अन्य जानवर की तरह हैं। आप उन्हें ऐसे नहीं देखते जैसे आप कुत्ते या बिल्ली को देखते हैं, है ना? बहुत सारे मिथक और रहस्य हैं। भारत में, पौराणिक कथाओं, जो एक सांप से जुड़ी हुई है, लोगों को उनके बारे में अधिक चिंतित और अधिक भयभीत करती है। लोग पौराणिक कथाओं और तथ्य के बीच अंतर नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए, हम इन मिथकों का भंडाफोड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। सांपों की बात करें तो हमारी पौराणिक कथाओं से और भी कई सवाल जुड़े हुए हैं, जिनका जवाब हम शो में देंगे। आपको वह संदेश हर एपिसोड में मिलेगा।

हम लोगों को सही प्रवृत्ति पर भी स्थापित करना चाहते हैं, जो शायद अब से 10 साल बाद भी होगा, जो बहुत नैतिक सांप-बचाव की एक संरक्षण तकनीक है, जो लोगों को सहानुभूति देने की कोशिश करती है। क्योंकि जब आप अपने आप को दूसरे जानवर के जूते में डाल सकते हैं, और समझ सकते हैं कि वे कहाँ से आते हैं, तब आप उनके प्रति सहानुभूति महसूस करेंगे, तब आप उन्हें समझ पाएंगे, और आप उनकी प्रशंसा करने लगेंगे।

हम चाहते हैं कि आप डर और खतरे के बीच के अंतर को समझें। हम पारिस्थितिकी तंत्र को भी संरक्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप किसी भी प्रकार के आवास को संरक्षित करना चाहते हैं, तो आपको उनमें मौजूद जानवरों की रक्षा करने की आवश्यकता है।

**❐ आपने उल्लेख किया है कि प्रजातियों के आसपास बहुत सारे मिथक हैं। मैं जानना चाहता था कि इससे जुड़े कुछ मिथक और गलतफहमियां क्या हैं?**

**बीए :** हां, यह बहुत दिलचस्प है। ज्यादातर लोग जो जानते हैं वह मिथक होते हैं, उदाहरण के लिए, एक बहुत ही सामान्य मिथक यह है कि एक सांप बदला लेता है। मेरे पास लोग हैं जो मुझे फोन करते हैं, जैसे, आप जानते हैं, सुबह तीन बजे और कहते हैं, मुझे मदद की ज़रूरत है। जब मैं पूछता हूं कि वे क्यों कहते हैं कि वे सो नहीं सकते क्योंकि वे दिन में एक सांप पर सवार हो जाते हैं और डरते हैं कि यह आकर बदला लेने वाला है। तो, यह अब कोई बचाव कॉल नहीं है, यह एक परामर्श कॉल है (हर कोई हंसता है)।

**एलआर :** तो, क्या होता है कि ये सांप, संभोग के मौसम के दौरान, कुछ प्रकार के फेरोमोन छोड़ते हैं और शायद आप जानते हैं, एक और सांप उसे ट्रैक करता है और मृत सांप की तलाश में आता है। ये प्रादेशिक जानवर हैं, अगर इन्हें खुला क्षेत्र दिखाई दे तो ये आ सकते हैं। इसके अलावा, अगर आपके टायर या ट्यूब पर महिलाओं के हार्मोन डाले जाते हैं, तो इस बात की बहुत कम संभावना है कि कोई पुरुष इसे समझेगा और उसका पालन करेगा। हालांकि, सांप निश्चित रूप से आप में दिलचस्पी नहीं ले रहा है (मुस्कुराते हुए)। यह संयोग भी हो सकता है।

**बीए :** अजीब बात है कि जब लोगों को एक विकल्प दिया जाता है, तो वे इसके लिए सबसे अलौकिक व्याख्या और सबसे महंगी व्याख्या को टाल देंगे। मैंने ऐसे लोगों के बारे में सुना है जो सांपों को पकड़ने और मोटी रकम वसूलने के लिए इधर-उधर जाते हैं। वे लोगों को इन सभी मिथकों के साथ खिलाते हैं, कि सांप उड़ते हैं और आपके गले में कुंडल करते हैं, या कि सांप संगीत पर नृत्य करते हैं।

**❐ रुको, सांप संगीत पर नहीं नाचते? मेरा मतलब है कि सपेरा (सपेरा) यही करता है, है ना?**

**एलआर :** हाहा, देखो! ठीक है, तो, सबसे पहले, सांप को संगीत का आनंद लेने की ज़रूरत है, है ना? इसलिए, जब हम इसका आनंद लेते हैं, तो हम इससे डरते नहीं हैं। सच तो यह है कि जब कोबरा अपना फन फैलाता है तो इसका मतलब होता है कि वह डरा हुआ है। हुड रक्षा का एक रूप है। तो, यह निश्चित रूप से आनंद नहीं ले रहा है और दूसरा, अधिकांश सांपों के बाहरी कान नहीं होते हैं और वे श्रव्य संगीत नहीं सुन सकते हैं! वे बहुत कम आवृत्ति वाले ध्वनि कंपन सुन सकते हैं।

अब, यह क्यों हिलता है या ऐसा आभास देता है कि यह नाच रहा है? ऐसा इसलिए है क्योंकि यह उस बांसुरी से डरता है। यह सपेरे के हाथ की गति का अनुसरण कर रहा है। ज्यादातर समय, सपेरे के पास सांप को प्रहार करने के लिए एक लंबी सुई होती है ताकि वे उनसे और उनके हाथों से डरें। ऐसा लगता है कि वे नाच रहे हैं, वे नहीं हैं।

**बीए :** और उनका दावा है कि सिर में हीरा है। मेरा मतलब है, यह संभव नहीं है। कोई पत्थर या कीमती पत्थर नहीं है। अगर ऐसा होता तो हम करोड़पति होते (हंसते हुए)।

वे कई बार इन सांपों के दांत निकाल लेते हैं। क्या होता है कि बहुत सारे जीवाणु संक्रमण हो सकते हैं और इससे सांप की मृत्यु हो सकती है। इसलिए जादूगर सांप के बहुत करीब आने पर ही दांत निकाल लेते हैं। वे कभी-कभी मुंह सिल लेते हैं। यह अत्यंत दुखद है।

**❐ मैं हमेशा सोचता था कि सांप अपनी रक्षा करना जानते हैं। अगर कोई ऐसा कुछ करता है, तो क्या वे काटते नहीं हैं?**

**बीए :** ओह, हां, वे काटते हैं। यहां तक कि सपेरों को भी बार-बार काटा जाता है। मेरा मतलब है, ऐसे सपेरे हैं जो सांप के काटने से मर जाते हैं और कभी-कभी वे सांप के नुकीले को बाहर निकालते हैं, लेकिन ध्यान नहीं देते कि एक और नुकीला है और वे इससे मर चुके हैं।

**एलआर :** लेकिन आमतौर पर एक सांप बहुत थक जाता है। यदि आप सांप को उकसाते हैं, तो शुरू में यह आपसे दूर रहने की कोशिश करेगा, आप इसे थोड़ा और भड़काएंगे, यह आपको चेतावनी देने वाला है, इसे और भी उत्तेजित करें यह आपको नकली काटने से काटने वाला है। यह आप पर अपना जहर बर्बाद नहीं करना चाहता। और फिर आप वास्तव में उत्तेजित करते हैं, यह आपको बुरी तरह से काटने वाला है। जब आप इसे बार-बार करते हैं, तो सांप डर जाता है, लगभग आघात और थक जाता है। उनमें अधिकतर समय प्रहार करने की भी शक्ति नहीं होती।

**बीए :** इसके अलावा, ऐसा नहीं है कि हर बार जब वे आप पर हमला करते हैं, तो जहर होने वाला होता है, वे नियंत्रित कर सकते हैं कि कितना जहर अंदर जाता है या नहीं जाता है। क्योंकि वह विष एक बहुत ही महत्वपूर्ण संसाधन है। और विष उत्पन्न करने में उस सांप को बहुत अधिक ऊर्जा लगती है और उसे वापस विष विकसित होने में समय लगता है।

देखिए, सांप आपको काटना नहीं चाहता क्योंकि यह जानता है कि अगर यह आपको जहर की पूरी खुराक के साथ काट भी लेता है, तब भी आप मरने से पहले उसे मार सकते हैं। सही? यह अभी भी आपको शायद एक नकली हड़ताल की तरह देगा, इसे अकेले छोड़ने की चेतावनी की तरह।

**❐ समझ में आता है। हमें बताएं कि आपने विशेष रूप से गोवा को स्थान के रूप में क्यों चुना?**

**बीए एंड एलआर :** हम गोवा में रहते हैं। हम गोवा से प्यार करते हैं (दोनों हंसते हैं)।

**❐ आप एक पावर कपल हैं जो दिन में शानदार वेडिंग प्लानर हैं और रात में घातक वन्यजीव बचावकर्ता हैं। यह गतिशील ट्रांसपायर कैसे हुआ?**

**बीए :** मैं अपने लिए बात कर सकता हूं। लेकिन हमें वन्यजीवों को बचाने और जागरूकता फैलाने का जुनून है। मैं पिछले 19 वर्षों से यह कर रहा हूं, संरक्षण का संदेश फैला रहा हूं।

समय के साथ, मैंने इंजीनियरिंग की, मैंने एक कंपनी में काम किया, हमने इवेंट मैनेजमेंट ज्वाइन किया, फिर हमने शादी कर ली और अपनी खुद की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी शुरू की। तो, ये सब रास्ते में हुआ। लेकिन सांप बचाव रीढ़ की हड्डी रहा है। मेरा मतलब है, यह हमेशा से रहा है। हमने कभी इसका मुद्रीकरण नहीं किया। लेकिन यह हमेशा एक जुनून रहा है।

**एलआर :** तो, जब मेरी मां ने मुझसे बेन के बारे में पूछा, जब हम डेटिंग कर रहे थे, और वह क्या करता है, तो मैंने उन्हें बताया। मेरे पिता जैसे थे, सच में? मेरी माँ ने मुझे चौंका दिया। उसने कहा, %तुम्हें पता है, बेबी, मैंने हमेशा सोचा था कि तुम इस तरह से किसी से शादी करोगी। आप हमेशा एक जंगली बच्चे रहे हैं। अब हम हैशटैग गोवाज वाइल्डेस्ट (कोर्टल्स) कर रहे हैं।

**❐ वह एक प्यारी सी कहानी है! कैसा लगता है जब आपका पूरा जुनून एक ऐसे शो में बदल गया जिसे पूरी दुनिया देख रही है?**

**एलआर :** मैं कहूंगा कि यह एक सपने से बेहतर है क्योंकि नेशनल ज्योग्राफिक से जुड़े होने जैसी चीजों का कोई भी सपना नहीं देखता है। मुझे याद है कि मेरे पड़ोसी ने लगभग 50 पत्रिकाएं उठाईं और मैं उन्हें हर एक दिन पढ़ता हूँ क्योंकि यह इतना बड़ा मंच है। इसलिए, जब ऐसा कुछ होता है, तो यह एक अविश्वसनीय एहसास होता है - कोई भी इन चीजों की योजना नहीं बनाता है। और अगर आप कड़ी मेहनत करते हैं, और इसके साथ आपके पास थोड़ा सा भाग्य भी जुड़ा है, और आप किसी चीज के लिए जुनूनी हैं। मेरा मतलब है, यह एक सपने के सच होने जैसा है।

**बीए :** यह जागरूकता कार्यक्रम जो मैं पिछले 15 वर्षों से स्कूलों, कॉलेजों, सभाओं में कर रहा हूं, और सबसे अधिक, मैंने 1,000 लोगों की तरह पढ़ाया है, लेकिन सबसे प्रभावी तब है जब मैं किसी के घर पर सांप को बचा रहा हूं . अगर हम इस तरह ज्ञान को पूरी दुनिया में फैला सकते हैं, तो मैं आभारी और संतुष्ट हूं।

**❐ बेन्हेल, आपने कहा था कि आप 19 साल से इसमें थे। पेशे में आने के लिए आपको क्या दिलचस्पी थी?**

**बीए :** उह... यह कभी पेशा नहीं था, हमेशा से मेरा जुनून रहा है। जिस बात ने मुझे आकर्षित किया, वह यह है कि मुझे हमेशा से वन्य जीवन पसंद रहा है। मैं उस पृष्ठभूमि से आता हूं जहां मेरे दादाजी, मेरे चाचा शिकारी थे। मेरा पालन-पोषण इस तरह से हुआ कि मेरे अंदर किसी भी वन्य जीव का भय न पैदा हो।

जब मैं आठ साल का था, मुझे याद है कि एक पड़ोसी ने एक सांप को मारने के लिए बुलाया था जो उसके बाथरूम में घुस गया था। तभी मुझे एहसास हुआ कि हत्या ही एकमात्र विकल्प नहीं है। मैं स्थिति को अलग तरह से संभाल सकता था। कोई इंटरनेट या किताबें नहीं थीं जो मुझे प्रक्रिया सिखा सके। मेरे पास इस तरह के काटने और सामान का मेरा उचित हिस्सा है। सांप इस बात की सराहना नहीं करते कि उन्हें बचाया जा रहा है क्योंकि वे नहीं जानते कि उन्हें बचाया जा रहा है। इसलिए, प्रयोग करना और हिंसा का सहारा न लेना मैंने सीखा और मैं दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक करना चाहता हूं।

**(देखें स्नेक एसओएस : गोवाज वाइल्डेस्ट ऑन नेशनल ज्योग्राफिक, सोमवार और मंगलवार को रात 8 बजे)**

# पावरहाउस महिलाएं

## यहां कुछ महिला निर्माता और निर्देशक हैं, जो इस साल सिनेमा जगत में कुछ नया लाने की उम्मीद कर रहे हैं।

चुनौतीपूर्ण दो वर्षों के बाद, फिल्म उद्योग एक बार फिर 2022 में संभावित तीसरी लहर की संभावना से निपट रहा है। हालांकि, अपने आंतरिक लचीलेपन को देखते हुए, उद्योग अपने कई कंटेंट क्रिएटर्स के साथ टिक कर दर्शकों को नए सिरे से आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार है। विषय. पेश हैं कुछ ऐसी महिला निर्माता और निर्देशक जिनकी खचाखच भरी उम्मीदें इस साल सिनेमा जगत में कुछ नया लाने का वादा करती हैं।

**जोया अख्तर और रीमा कागती :** इन दो पावरहाउस



निर्माताओं ने पहले ही अपने प्रोडक्शन हाउस टाइगर बेबी को एक अव्यवस्था-तोड़ने वाले के रूप में स्थापित कर लिया है और 2022 में, वे एक अद्वितीय लाइव-एक्शन संगीत अनुकूलन में द आर्चीज को एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 1960 के दशक के भारत में स्थापित, यह परियोजना जोया द्वारा निर्देशित है और आर्ची कॉमिक्स की पुरानी यादों और मासूमियत को याद करती है। यह टाइगर बेबी की पहली एकल परियोजना भी है, हालांकि यह जोड़ी भविष्य की परियोजनाओं जैसे मेड इन हेवन 2, जी ले जरा (कैटरीना कैफ, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट अभिनीत), खो गए हम कहां और दहाड़ जैसी अन्य परियोजनाओं पर एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करना जारी रखेगी।



**दीपशिखा देशमुख :** उद्योग में सबसे कम उम्र की महिला निर्माताओं में से, दीपशिखा ने समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म सरबजीत से अपने करियर की शुरुआत की और यहां तक कि बेलबॉटम जैसी बड़ी प्रस्तुतियों को भी निर्देशित किया, जिसे महामारी के दौरान शूट और रिलीज़ किया गया था। साल उनके लिए भी बड़ा होने का वादा करता है, जिसमें दो बड़ी फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। बहुप्रतीक्षित डायस्टोपियन थ्रिलर, गणपथ 23 दिसंबर को रिलीज़ होगी और अभी तक नामित प्रोडक्शन 41 भी इसी साल रिलीज़ होगी। इस डायस्टोपियन एक्शन बोनान्ज़ा को टाइगर श्रॉफ और कृति सनोन द्वारा शीर्षक दिया गया है, जबकि उनके अनटाइटल्ड प्रोडक्शन 41 में अक्षय कुमार हैं। दीपशिखा की इंडस्ट्री में मजबूत पकड़ है और पर्यावरण के प्रति उनके प्यार ने भारत में हरित फिल्म निर्माण में मदद की है। उन्होंने जवानी जानेमन, कुली नंबर 1 जैसी फिल्मों का भी निर्माण किया है।

**तापसी पन्नू :** हाल के दिनों में कुछ सबसे प्रशंसित फिल्मों में अभिनय करने वाले अभिनेता अब अजय बहल द्वारा निर्देशित एक हॉरर-थ्रिलर ब्लर का निर्माण कर रहे हैं। स्पैनिश फिल्म जूलियाज आईज का यह आधिकारिक हिंदी रीमेक पन्नू की आउटसाइडर फिल्म्स द्वारा ज़ी स्टूडियोज और इकोलोन प्रोडक्शंस के साथ संयुक्त रूप से निर्मित है। वह इस उद्यम में गुलशन देवैया के साथ भी अभिनय करती हैं, जो महिलाओं के नेतृत्व वाले विषयों के उत्पादन में निर्णायक रूप से अपने प्रवेश की घोषणा करने का वादा करता है।



**मेघना गुलज़ार :** अक्सर एक मनमौजी फिल्म निर्माता के रूप में वर्णित, मेघना गुलज़ार 2022 में एक और अविस्मरणीय कहानी के साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बार, बायोपिक सैम बहादुर के साथ, जो भारत के महान युद्ध नायकों में से एक फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है।, जिन्होंने 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान भारतीय सेना के प्रमुख के रूप में कार्य किया। वह इस कहानी के लिए निर्देशन की कमान संभालती हैं जिसमें विक्की कौशल फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा ?के साथ सैम बहादुर के रूप में दिखाई देंगे। राज़ी, छपाक और तलवार के बाद, यह निर्देशक के लिए पूरी तरह से नई शैली है, लेकिन उनसे इसके साथ पूरा न्याय करने की उम्मीद की जाती है।



**चार्ममे कौर :** महामारी के बाद की सीमाहीन मनोरंजन की दुनिया में, उद्योगों में प्रतिभाओं का परागण जारी है। नवीनतम उदाहरण लीगर, एक स्पोर्ट्स एक्शन फिल्म है, जो पुरी जगन्नाथ द्वारा लिखित और निर्देशित है और धर्मा प्रोडक्शंस और पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले करण जौहर,



चार्ममे कौर, अपूर्व मेहता, हीरू यश जौहर और जगन्नाध द्वारा निर्मित है। चार्ममे पहले से ही तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ सिनेमा में एक अभिनेता के रूप में अच्छी तरह से स्थापित है। तेलुगु और हिंदी में एक साथ शूट की जाने वाली इस फिल्म में विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे मुख्य भूमिकाओं में हैं और यह 25 अगस्त को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# खुद को चुनौती देने के लिए गोडसे की भूमिका निभाई: अमोल कोल्हे

**मुंबई।** एक आगामी हिंदी फिल्म में महात्मा गांधी के हत्यारे नाथुराम गोडसे की भूमिका निभाने के लिए विभिन्न वर्गों में आलोचना का सामना कर रहे अभिनेता व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सांसद अमोल कोल्हे ने जोर देकर कहा कि वह गांधीवादी विचारों में दृढ़ विश्वास रखते हैं। कोल्हे ने कहा कि उन्होंने एक अभिनेता के तौर पर खुद को चुनौती देने के लिए ही विवादित भूमिका निभाने का निर्णय लिया। गोडसे की भूमिका निभाने के लिए कोल्हे पार्टी के एक वरिष्ठ नेता जितेंद्र अव्हाड के साथ-साथ राजनीतिक विरोधियों की ओर से भी आलोचना का सामना कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह गोडसे की विचारधारा का समर्थन नहीं करते।

हालांकि राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने अभिनेता का समर्थन किया है। अशोक त्यागी द्वारा निर्देशित और कल्याणी सिंह द्वारा निर्मित फिल्म वाइ आई किल्ड गांधी में 41 वर्षीय अभिनेता-राजनीतिक नेता महात्मा गांधी के हत्यारे की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म की शूटिंग 2017 में हुई थी और 30 जनवरी को यह एक ओवर द टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है। साल 1948 में इसी दिन गांधी की हत्या की गई थी।

फिल्म का ट्रेलर ऑनलाइन जारी होने एक महीने बाद अभिनेता की भूमिका को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दो मिनट 20 सेकेंड के ट्रेलर में कोल्हे गोडसे की भूमिका में गांधी के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट करते हुए देखे जा सकते हैं। गोडसे का मानना था कि पाकिस्तान में हिंदुओं पर अत्याचार के लिए गांधी जिम्मेदार थे।

कोल्हे ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, यह एक अलग तरह की चुनौती थी। यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य था क्योंकि मैं उसकी विचारधारा में विश्वास नहीं करता और फिर भी मुझे उसकी भूमिका निभानी पड़ी। एक अभिनेता के तौर पर खुद को चुनौती देने के लिए ही विवादित भूमिका निभाने



का निर्णय लिया। हालांकि कोल्हे ने कहा कि वह एक व्यक्तिगत तौर पर गांधीवादी विचारधारा में दृढ़ विश्वास रखते हैं।

उन्होंने कहा, मैं इस विचारधारा का पालन करता हूं कि किसी भी हत्या को उचित नहीं ठहराया जा सकता। आप हत्या को सही नहीं ठहरा सकते और मेरी विचारधारा भी यही है। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि यह (गांधी की हत्या) भारतीय इतिहास की सबसे दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में से एक है और किसी की हत्या को कभी उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस बीच, कोल्हे की पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा, फिल्म में अभिनय करने के डॉ. अमोल कोल्हे के फैसले को एक कलाकार की पसंद के रूप में देखा जाना चाहिए। अगर उन्होंने वह भूमिका निभाई है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह गोडसे की विचारधारा या विचारों का समर्थन करते हैं।

# क्लीन स्वीप से बचने का होगा भारत पर दबाव

● भिन्न विकल्प आजमा सकती है टीम इंडिया

● दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा और अंतिम वनडे आज

**भाषा।** केपटाउन




**पहले दो** मैचों में हार के बाद अब क्लीन स्वीप से बचने की कवायद में लगी भारतीय टीम रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कुछ बदलावों के साथ मैदान पर उतर सकती है। पहले दोनों मैच में भारतीय टीम की रणनीति पूरी तरह विफल रही।

बल्लेबाज बीच के ओवरों में बड़ी साझेदारियां निभाने में नाकाम रहे जबकि जसप्रीम बुमराह को छोड़कर बाकी भारतीय गेंदबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा उनकी गेंदबाजी क्लब स्तर की लगी। इन दोनों मैच भारतीय गेंदबाज केवल सात विकेट ले पाए। उन्होंने पहले मैच में चार और दूसरे मैच में तीन विकेट हासिल किए। रविचंद्रन अश्विन और विशेषकर भुवनेश्वर कुमार जैसे अनुभवी गेंदबाज किसी भी समय रासी वान डर डुसेन, जानेमन मलान और क्विंटन डिकॉक जैसे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश नहीं कर पाए। पहले दो मैचों की असफलता के बाद सभी रणनीतिक चालों को चलने के लिए बेताब मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगले मैच में आक्रमण को नयापन देने के लिए जयंत यादव और दीपक चाहर को आजमा सकते हैं। पहले दो मैच बोलैंड पार्क पर खेले गए जहां कम तेजी और उछाल मिलती है तथा कप्तान केएल राहुल तक ने स्वीकार किया कि यहां की परिस्थितियां काफी हद तक स्वदेश जैसी हैं।

इसके बावजूद भारतीय खिलाड़ियों की नाकामी चिंता का विषय है। न्यूलैंड्स में हालांकि अधिक तेजी और उछाल होने की संभावना है लेकिन भारत टीम 0-3 से श्रृंखला गंवाने से बचने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। कप्तान राहुल के लिए पहले टेस्ट में शतक को छोड़कर यह दौरा अब तक यादगार नहीं रहा है। उन्हें भले ही भविष्य का कप्तान माना जा रहा है लेकिन अभी तक उन्होंने अपने नेतृत्वकौशल से प्रभावित नहीं किया है। पहले दो मैचों में कप्तानी के अलावा बल्लेबाजी में भी राहुल ने निराश किया। वह स्ट्राइक रोटेट करने में असफल रहे जो कि वनडे में जरूरी माना जाता है। इससे बाद के बल्लेबाजों पर भी दबाव बढ़ा। रोहित शर्मा की वापसी पर राहुल को शीर्ष क्रम में अपना स्थान गंवाना पड़ सकता है क्योंकि शिखर धवन ने वापसी पर अच्छी फॉर्म दिखाई है। विराट कोहली ने पहले मैच में 51 रन बनाए लेकिन उन्हें वनडे कप्तानी से हटाया गया था और मैदान पर उनकी पहले जैसी ऊर्जा नजर नहीं आई। इसके अलावा दोनों अय्यर श्रेयस और वेंकटेश भी अब तक प्रभावित नहीं कर पाए हैं जो कि भारत के लिए चिंता का विषय है।

## हार्दिक को कप्तान तौर पर अपनी क्षमता दिखाने के लिए प्रेरित किया जाएगा: कर्स्टर्न



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कोच और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अहमदाबाद फ्रेंचाइजी टीम के मेंटोर (मार्गदर्शक) गैरी कर्स्टन का मानना कि हार्दिक पांड्या बड़े मंच पर अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाने के लिए तैयार हैं और एक युवा तथा नए कप्तान का होना, टीम के लिए फायदे की बात है। भारत के इस हरफनमौला खिलाड़ी को सीवीसी के स्वामित्व वाली अहमदाबाद की फ्रेंचाइजी ने 15 करोड़ रुपए में खरीदा है। उन्हें टीम का कप्तान बनाया गया है। कर्स्टन ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम आईपीएल: सलेक्शन डे में कह, एक युवा और नए कप्तान के तौर पर मैं हार्दिक पंड्या के साथ काम करने का इंतजार कर रहा हूं। मुझे लगता है कि उन्हें योजना बनाने और एक कप्तान के तौर पर यह दिखाने के लिए प्रेरित किया जाएगा कि वह इस स्तर पर क्या करने में सक्षम है। वह शानदार खिलाड़ी है। मैंने जो सुना है वह यह है कि वह वास्तव में टीम की योजना बनाने वाले समूह में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं। मुझे लगता है कि वह इस टूर्नामेंट के महत्व को समझते हैं।

## भारत के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए दक्षिण अफ्रीका पर लगा जुर्माना

**पार्ल (दक्षिण अफ्रीका)।** दक्षिण अफ्रीका पर भारत के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने शनिवार को बताया कि तेम्बा बावुमा की टीम ने निर्धारित समय में एक ओवर कम गेंदबाजी की थी। इसे ध्यान में रखते हुए मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने यह जुर्माना तय किया। आईसीसी से जारी बयान के मुताबिक, "खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी सदस्यों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (न्यूनतम ओवर-गति के जुर्माने से संबंधित) के अनुसार प्रत्एक ओवर की देरी के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। बावुमा ने इस आरोप को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं हुई। मैदानी अंपायर मरैस इरास्मस और एड्रियन होल्डस्टॉक के अलावा तीसरे अंपायर बोंगानी जेले और चौथे अंपायर अलाउद्दीन पालेकर ने शुक्रवार को मैच के बाद यह आरोप लगाए थे। दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को इस मैच को सात विकेट से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त कायम कर ली है।

# सिंधु फाइनल में, मालविका से मुकाबला

● सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप

● पुरुष एकल के सेमीफाइनल में हारे भारत के मिथुन

**पायनियर समचार सेवा।** लखनऊ




**रियो ओलंपिक** की रजत पदक सहित दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 के फाइनल में जगह बना ली। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में खेले जा रही चैंपियनशिप में आज सेमीफाइनल मुकाबले थे जिसमें शीर्ष वरीय पीवी सिंधु के खिलाफ दूसरे गेम में पांचवी सीड रूस की एवगेनिया कोसत्सकाया ने चोटिल होने के चलते मैच छोड़ दिया। सिंधु ने 13 मिनट चला पहला गेम 21-11 से जीत लिया। इस गेम में सिंधु ने शुरू में तेज शुरुआत करते हुए तेजी से अंक जुटाए।

वहीं 4-0 के स्कोर पर प्रतिद्वंद्वी ने भी अंक हासिल किया। पीवी सिंधु ने झन्नाटेदार स्मैश के सहारे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 9-4 की बढ़त बनाई। इसके बाद सिंधु ने 19-10 के स्कोर से लगातार अंक जुटाते हुए 21-11 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में एवगेनिया ने मैच के दौरान चोटिल हो जाने के बाद रिटायर्ड हर्ट होकर मैच छोड़ दिया जिसके चलते पीवी सिंधु ने अपने दूसरे सैयद मोदी बैडमिंटन चैंपियनशिप के खिताब की ओर कदम बढ़ा दिए है। इससे पहले पीवी सिंधु ने 2017 में सैयद मोदी बैडमिंटन का खिताब जीता था। इसके अलावा विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2019 में सिंधु महिला एकल विजेता रही थी। पीवी सिंधु ने टोक्यो ओलंपिक-2020 में कांस्य पदक जीता था। पीवी सिंधु की अब फाइनल में हमवतन मालविका भनसोड से टक्कर होगी जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में भारत की ही अनुपमा उपाध्याय को एक घंटा 6 मिनट चले मैराथन मैच में 19-21, 21-19, 21-7 से हराया। यह मैच भी काफी रोमांचक रहा जिसमें मालविका भनसोड पहला गेम गंवा बैठी। दूसरे गेम में भी एक.एक अंक के लिए चले रोमांचक मुकाबले में 21-9 से जीत दर्ज की। इसके बाद इंडिया ओपन में साइना नेहवाल को मात देने वाली मालविका ने तीसरे गेम में एकतरफा खेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बना लिए और मनचाहे अंक जुटाते हुए 21-7 से जीत दर्ज की। वहीं मिक्स डबल्स के फाइनल में भारतीय जोड़ी आमने.सामने होगी। इस वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में सातवीं वरीय भारत की ईशान भटनागर व तनीषा क्रेस्टो ने हमवतन एमआर अर्जुन व त्रिशा जॉली को 60 मिनट चले तीन गेम तक खिंचे मुकाबले में 18-21, 21-18, 21-11 से और टी हेम नागेंद्र बाबू व श्रीवेदा ने अक्षन शेट्टी व सिमरन सिंघी को एक घंटा चले मैच में 15-21, 22-20, 21-9 से हराया।

पुरुष एकल के पहले सेमीफाइनल में फ्रांस के अर्नाड मर्केल ने भारत के मिथुन मंजूनाथ को एक घंटा 24 मिनट चले मैच में 21-19, 17-21, 21-9 से हराया। निर्णायक व तीसरे गेम में अर्नाड ने 21-9 से जीत के साथ मैच भी जीतते हुए फाइनल में जगह बनाई। पुरुष एकल के फाइनल में अर्नाड की टक्कर फ्रांस के ही लुकास क्लेयरबाउट से होगी जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में आयरलैंड के नेत नेग्यून को एक घंटा 24 मिनट चले मैच में 15-21, 21-18, 21-15 से हराया।

## क्विक न्यूज

### चीनी ताइपे के खिलाफ मुकाबले में भारत की निगाहें गोल करने पर

**नवी मुंबई।** जबान भारत को एएफसी महिला एशियाई कप के करो या मरो के ग्रुप मैच मे चीनी ताइपे की टीम के खिलाफ रविवार को यहां अपनी फिनिशिंग में और अधिक प्रभावी होने की जरूरत होगी। भारतीय महिला टीम को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में निचली रैंकिंग की ईरान की टीम ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था जबकि चीनी ताइपे को आठ बार की चैम्पियन चीन ने 4-0 से रौंदा था। फीफा विश्व कप प्लेऑफ स्थान दांव पर लगा है और भारतीय टीम अपने मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के वास्तविक लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रही है जिसके लिए उन्हें हर हाल मे अगला मैच जीतना होगा क्योंकि घरेलू टीम को ग्रुप ए का अंतिम लीग मुकाबला मजबूत चीन के खिलाफ खेलना है।

### एशिया महिला हॉकी : जापान के खिलाफ लय जारी रखना चाहेगा भारत

**मस्कट।** जीत से शानदार तरीकेसे अभियान शुरू करने वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम रविवार को महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल ए के दूसरे मैच मे निचली रैंकिंग की जापान के खिलाफ इसी लय को जारी रखना चाहेगी। फॉर्म और विश्व रैंकिंग को देखते हुए जापान के खिलाफ जीत की पूरी उम्मीद है जो दुनिया की नौवी रैंकिंग वाली भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल स्थान सुनिश्चित कर देगी। भारतीय टीम ने मलेशिया को 9-0 से रौंदकर एशिया कप अभियान शानदार तरीके से शुरू किया और वह बचे हुए टूर्नामेंट मे भी इसी प्रदर्शन को जारी रखना चाहेगी जिसमे विश्व कप के चार स्थान दाव पर लगे है।

### वीर सिंगापुर ओपन में संयुक्त 10वें स्थान पर, कपूर 18वें स्थान पर

**सेंटोसा (सिंगापुर)।** भारत के वीर अहलावत ने पहले तीन होल मे बोगी करने के बाद शनिवार को यहां अच्छी वापसी की जिससे वह सिंगापुर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त 10वें स्थान पर पहुंच गए है। अहलावत ने तीसरे दौर मे अंतिम चार होल मे तीन बर्डी बनाई और उनका स्कोर एक अंडर 70 रहा। उन्होंने लगातार तीसरे दौर मे पार स्कोर बनाया। तीन दौर के बाद उनका स्कोर पांच अंडर पार है। शिव कपूर (70) कुल चार अंडर के साथ संयुक्त 18वें स्थान पर है जबकि विराज मदप्पा ने 75 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 47वें स्थान पर है।

### रीयाल बेटिस की बड़ी जीत से स्थिति मजबूत की

**मैड्रिड।** रीयाल बेटिस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर दी। इस जीत से बेटिस चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से सात अंक आगे हो गया है।

# श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका सुपर लीग क्वार्टर फाइनल में

**भाषा।** बासेटेरे (सेंट कीट्स)




**श्रीलंका ने** वेस्टइंडीज पर तीन विकेट से रोमांचक जीत और दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को 153 रन से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सुपर लीग क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

ग्रुप डी के मैच में दुनिथ वेलालागे ने तीन विकेट लिए जिससे श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 250 रन ही बनाने दिए। इसके बाद सदिशा राजपक्षे (76), अंजला बंडोरा के 40 और रानुदा सोमरत्ना के नाबाद 40 रन की मदद से श्रीलंका ने 48.2 ओवर में सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। वेस्टइंडीज ने सलामी बल्लेबाजों के विकेट जल्दी गंवा दिए जिसके बाद टैडी बिशप ने 45, केविन विकहैम ने 56, जोर्डन जॉनसन ने 47 और रिवाल्डो क्लार्क ने 45 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। टारूबा में खेले गए ग्रुप बी के मैच में कप्तान जार्ज वान हीर्डेन के शतक तथा डेवाल्ड ब्रेविस की एक और उपयोगी पारी से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड पर डकवर्थ लुईस पद्वति से आसान जीत दर्ज की। वान हीर्डेन ने 93 गेंदों पर तीन चौकों और आठ छक्कों की मदद से 111 रन बनाए जबकि ब्रेविस ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 122 गेंदों पर 96 रन की पारी खेली जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल हैं। इन दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी से दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 315 रन बनाए।

### वासु वत्स संक्रमित के विकल्प के तौर पर भारतीय टीम में शामिल

**टारूबा (त्रिनिदाद)।** आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की अंडर-19 विश्व कप की तकनीकी समिति ने शनिवार को भारतीय हरफनमौला वासु वत्स को मानव पारेख की जगह टीम मे शामिल करने की अनुमति दे दी। वत्स अस्थाई विकल्प के तौर पर पारेख की जगह टीम मे शामिल हुए। पारेख कोरोना वायरस जांच मे पॉजिटिव आए थे और अभी पृथकवास मे है। आईसीसी से जारी बयान के मुताबिक, कोविड-19 के लिए अस्थाई वैकल्पिक खिलाड़ी मिल सकता है जिसमे बीमार खिलाड़ी के ठीक हो जाने के बाद फिर से टीम मे लौटने का योग्य होगा और उसका वैकल्पिक खिलाड़ी दल से बाहर हो जाएगा।

# मेदवेदेव चौथे दौर में, हालेप भी आगे बढ़ी

● आस्ट्रेलियाई ओपन

**भाषा।** मेलबर्न



**नोवाक जोकोविच** को निर्वासित किए जाने के बाद खिताब के प्रबल दावेदार बने दानिल मेदवेदेव ने शनिवार को यहां आसान जीत के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया जबकि महिला एकल में दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सिमोना हालेप और दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका आगे बढ़ने में सफल रहे। यूएस ओपन चैंपियन और यहां दूसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने तीसरे दौर में बोटिच वान डि जैंडस्कल्प के खिलाफ 6-4, 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। इससे दो दिन पहले उन्हें दूसरे दौर में निक किर्गियोस के खिलाफ जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा था। आस्ट्रेलियाई किर्गियोस के खिलाफ मेदवेदेव को दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा था लेकिन नीदरलैंड के खिलाड़ी वान डि जैंडस्कल्प के खिलाफ मैच में उन्हें ऐसी परिस्थितियों से नहीं जूझना पड़ा। मेदेवेदव अगले दौर में अमेरिका के मैक्सिम क्रेसी से भिड़ेंगे जिन्होंने स्थानीय खिलाड़ी क्रिस्टोफ ओकोनेल को 2-6, 7-6, 6-3, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में ही यूनान के चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफनोस सिटसिपास ने फ्रांस के बेनोइट पियरे को चार सेट में 6-3, 7-5, 6-7, 6-4 से पराजित किया। सिटसिपास को अब अमेरिका के 20वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज की चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिन्होंने स्पेन के 15वें वरीय राबर्टो बातिस्ता आगुट को पांच सेट तक चले मैच में 6-0, 3-6, 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। एक अन्य मैच में कनाडा के नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स आगुर अलीसामी ने ब्रिटेन के डेनियल इवान्स को 6-4, 6-1, 6-1 से हराया। महिला वर्ग में पिछले साल विंबलडन और यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबालेंका ने 31वीं वरीय मर्डेका वोंड्रोसोवा से पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके 4-6, 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की।हालेप ने डैंका कोविनिच को आसानी से 6-2, 6-1 से पराजित करके लगातार पांचवें साल आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई। कोविनिच ने पिछले दौर में यूएस ओपन चैंपियन एम्मा रादुकानू को हराया था। हालेप ने 2018 में फ्रेंच ओपन और 2019 में विंबलडन का खिताब जीता था और 2018 में वह आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पहुंची थी। इस 14वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का अगला मुकाबला एलाइज कॉर्नेट से होगा जिन्होंने 29वीं वरीय तमारा जिदानसेक को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर अपना 32वां जन्मदिन मनाया।पिछले दौर में तीसरी वरीय गरबाइन मुगुरुजा को हराने वाली कॉर्नेट पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में पहुंची है।अमेरिका की 27वीं वरीयता प्राप्त डेनिली कोलिन्स ने पहला सेट गंवाने के बाद 19 वर्षीय क्लारा टॉसन को 4-6, 6-4, 7-5 से हराया।

# मार्च के आखिरी सप्ताह में होगा आईपीएल




● टीम मालिक भारत में आयोजन के पक्ष में हैं : जय शाह

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट** बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने शनिवार को कहा कि बोर्ड मार्च के अंतिम सप्ताह से मई के अंत तक आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के 2022 सत्र को आयोजित करने के लिए तैयार है और टीम के मालिकों की इच्छा के अनुसार इसके आयोजन को भारत में करने की कोशिश की जाएगी। सूत्रों की मानें तो लीग की संभावित शुरुआत की तारीख 27 मार्च है। बीसीसीआई की ओर से जारी प्रेस नोट में शाह के हवाले से कहा गया, मुझे यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि आईपीएल के 15वें सत्र का आगाज मार्च के अंतिम सप्ताह में होगा और मई के अंत तक चलेगा। टीम के अधिकांश मालिकों ने अपनी इच्छा व्यक्त की कि टूर्नामेंट भारत में आयोजित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बोर्ड की पहली प्राथमिकता इस आयोजन को भारत में कराने की है। बीसीसीआई दो नई टीमों अहमदाबाद और लखनऊ के साथ 2022 सत्र का आयोजन भारत में करने को लेकर उत्सुक है। मैं आपको बता सकता हूं कि हम यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे कि आईपीएल का आयोजन भारत में हो। बैठक में भाग लेने वाले सूत्रों के अनुसार यूएई और दक्षिण अफ्रीका भी इसके विकल्प हैं। शाह ने जोर देकर कहा कि खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों सहित सभी हितधारकों की स्वास्थ्य सुरक्षा बोर्ड के लिए सर्वोपरि है। बीसीसीआई ने अतीत में अपने हितधारकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया है और साथ ही साथ प्लान बी (वैकल्पिक योजना) पर काम करेगा क्योंकि कोविड-19 के नए स्वरूपों के साथ परिस्थितियां लगातार बदल रही हैं। आईपीएल के लिए खिलाड़ियों की बड़ी नीलामी 12 और 13 फरवरी को होगी और हम उससे पहले स्थलों पर फैसला कर लेंगे। इससे पहले बीसीसीआई आईपीएल आयोजन के लिए दो तारीखों पर विचार कर रहा था। इसमें बोर्ड के कुछ अधिकारी और कुछ फ्रेंचाइजी मालिक लीग 27 मार्च से शुरू करना चाहते हैं तो वहीं कुछ अन्य प्रभावशाली लोग चाहते हैं कि यह बड़ी स्पर्धा दो अप्रैल से शुरू हो।

## नीलामी में श्रेयस, चहल और वार्नर को शीर्ष ड्रॉ में रखे जाने की संभावना



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और स्पिनर युजवेंद्र चहल के अलावा आस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज डेविड वार्नर को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अगले महीने होने वाली नीलामी में शीर्ष ड्रॉ रखे जाने की संभावना है। इस नीलामी के लिए 1,200 से अधिक खिलाडियों ने पंजीकरण कराया है। श्रेयस और चहल के अलावा 10 टीमें सीनियर सलामी बल्लेबाज शिखर धवन, बल्लेबाज ईशान किशन, तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर, पिछली बार सर्वाधिक विकेट लेने वाले हर्षल पटेल और अवेश खान तथा स्पिनर राहुल चाहर और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर जैसे भारतीय खिलाड़ियों पर बोली लगाएंगे। इन भारतीय खिलाड़ियों के लिए सात से 15 करोड़ रुपए तक की बोली लगाई जा सकती है जबकि विदेशी खिलाड़ियों में वार्नर और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा, इंग्लैंड के मार्क वुड, आस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श और पैट कमिन्स तथा न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट पर मोटी बोली लग सकती है। फाफ डुप्लेसिस और ड्वेन ब्रावो जैसे खिलाड़ियों में उनकी फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स फिर से दिलचस्पी दिखा सकती है। आईपीएल ने शनिवार को जारी बयान में कहा, कुल 1214 खिलाड़ियों (896 भारतीय और 318 विदेशी) ने आईपीएल 2022 की नीलामी के लिए पंजीकरण करवाया है। नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरू में होगी। खिलाड़ियों की नीलामी से पहले विभिन्न टीम ने कुल 33 खिलाड़ियों को रिटेन किया है या चुना हे। मौजूदा आठ आईपीएल फ्रेंचाइजी ने कुल 27 खिलाड़ियों को रिटेन किया है, जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स में महेंद्र सिंह धोनी, मुंबई इंडियन्स में रोहित शर्मा और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में विराट कोहली शामिल हैं। दो नई टीमों ने छह खिलाड़ियों को चुना है ।

## चर्चा हुई थी कि मुझे मैच परिस्थितियों के अनुसार कैसे शॉट खेलने हैं : पंत

**भाषा।** पार्ल

**ऋषभ पंत** अपने विकेट की कीमत जानते हैं और इसलिए टीम प्रबंधन उन्हें विभिन्न मैचों के अलग-अलग चरणों में शॉट के चयन में अपने विवेक का उपयोग करने की सलाह देता है। पंत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जोहानिसबर्ग में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान गैरजिम्मेदाराना शॉट खेलने के लिए कड़ी आलोचना हुई थी तथा पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा था कि टीम प्रबंधन ने बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के साथ इसको लेकर बात की है। केपटाउन में तीसरे टेस्ट में शतक और यहां दूसरे वनडे में अपने करियर का सर्वोच्च स्कोर 85 रन बनाने वाले पंत ने कहा, हमेशा सकारात्मक बातें होती हैं कि एक खिलाड़ी के तौर पर मैं क्या कर सकता हूं। मेरे पास सभी स्ट्रोक हैं लेकिन मैं धैर्य के साथ और परिस्थितियों के अनुसार उन्हें कैसे खेल सकता हूं। इसलिए काफी चर्चा होती है। और हम जो भी चर्चा करते हैं, उसके अनुसार अभ्यास करते हैं और फिर मैच में उसे लागू करने की कोशिश करते हैं। पंत को दूसरे वनडे में चौथे नंबर पर भेजा गया और वह टीम प्रबंधन की उम्मीदों पर खरे उतरे। उन्होंने कहा, चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने का कारण यह था कि यदि बाएं हाथ के बल्लेबाज को मध्यक्रम में मौका मिलता है तो फिर दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाज के संयोजन के साथ स्ट्राइक रोटेट करना आसान हो जाएगा।

## पूर्व फुटबॉलर सुभाष भौमिक का निधन



**कोलकाता।** भारत के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर और मशहूर कोच सुभाष भौमिक का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को शहर के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। पूर्व भारतीय मिडफील्डर भौमिक 1970 में एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के सदस्य थे। उनके पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वह लंबे समय से गुर्दे के रोग और मधुमेह से पीड़ित थे और उन्होंने सुबह तीन बजकर 30 मिनट पर अंतिम सांस ली। उनके परिवार में पत्नी, पुत्र और पुत्री है।उन्होंने कहा, वह पिछले लगभग साढ़े तीन महीने से नियमित रूप से डायलिसिस से गुजर रहे थे। करीब 23 साल पहले उनकी बाईपास सर्जरी भी हुई थी। हाल में उन्हें छाती में संक्रमण के कारण इकबालपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## लाहिड़ी दूसरे दौर के बाद संयुक्त 32वें स्थान पर

**ला क्विंटा (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने दूसरे दौर में बोगी किए बिना पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह अमेरिकन एक्सप्रेस गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त 32वें स्थान पर पहुंच गए। लाहिड़ी ने पहले दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेला था। इस तरह से दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर आठ अंडर पर है। इस भारतीय गोल्फर ने हवादार परिस्थितियां होने के बावजूद पांचवें, सातवें, नौवें, 11वें और 13वें होल में बर्डी बनाई। इससे वह 20 स्थान आगे बढ़ने में सफल रहे। भारतीय मूल के अमेरिकी साहित्य थीगला ने दूसरे दौर में 10 अंडर 62 का स्कोर बनाया। पहले दिन उन्होंने इवन पार का स्कोर बनाया था।

## विदित गुजराती शीर्ष पर बरकरार



**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित संतोष गुजराती और आर प्रगाननंदा ने यहां प्रतिष्ठित टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में अपनी बाजियां ड्रा खेली। गुजराती ने पोलैंड के यान क्रिज्स्टॉफ डूडा के साथ बाजी ड्रा खेली। उनके छह दौर के बाद चार अंक हो गए हैं। प्रगाननंदा ने अमेरिका के सैम शैंकलैंड के साथ अंक बांटे। उनके 2.5 अंक हैं। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन ने अपनी दूसरी जीत दर्ज की। उन्होंने रिचर्ड रैपोर्ट को हराया तथा वह गुजराती और शखरियार मामेदयारोव के साथ संयुक्त बढ़त पर पहुंच गए हैं। गुजराती के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए डूडा ने सेमी टैरस डिफेन्स अपनाया। पोलैंड के ग्रैंडमास्टर ने इसके बाद रणनीतिक चालें चली और भारतीय खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया।